www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

योग विशेषांक

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
वार्षिक शुल्क : ₹ 350

सत्यमेव जयते

# रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

खण्ड 40 अंक 12 पृष्ठ 56 | नई दिल्ली 20 - 26 जून 2015 | ₹ 8.00


## युवाओं के लिये योग : जीवनचर्या से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम के उपाय

डॉ. बिमल छज्जर

### परिचय:

पिछले तीन दशकों में जीवनचर्या से जुड़ी उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों की चपेट में आने की आयु में क़रीब बीस वर्ष की कमी आई है. इन बीमारियों के लक्षण 50 वर्ष की आयु के बाद सामने आते थे लेकिन अब 20-25 वर्ष की आयु में ही प्रकट होने लगे हैं. इन सभी बीमारियों का संबंध हमारी दोषपूर्ण जीवनचर्या से है – जिनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अत्यधिक परिश्रम अथवा तनाव की होती है. अत्यधिक आकांक्षाओं, जीवन में आगे बढ़ने की ललक, प्रतिस्पर्धा, समय अभाव, कामकाज का बोझ, सूचना और आवश्यकताओं के अत्यधिक बोझ के कारण तनाव होना एक आम बात हो गई है. तनाव के अलावा–मोटापा, भोजन में अत्यधिक नमक और वसा, अधिक मात्रा में मांसाहारी भोज्य पदार्थों का सेवन, शारीरिक गतिविधियों की कमी, धूम्रपान/तम्बाकू, शराब का सेवन, भोजन में फलों और सब्जियों को कम मात्रा में लेना आदि कुछेक कारण हैं, जो हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी घातक बीमारियों का कारण बनते हैं. 2011 में संचालित किया गया एक अध्ययन, जिसमें 46,000 शहरी भारतीयों पर नज़र रखी गई थी, दर्शाता है कि 30-34 वर्ष के बीच के 78 प्रतिशत पुरुष दिल के दौरे के जोखिम से ग्रसित हैं जिनमें से 54 प्रतिशत का आवश्यकता से अधिक वजन, 32 प्रतिशत का उच्च रक्तचाप है और 24 प्रतिशत धूम्रपान करते थे. हृदय रोगों से प्रति वर्ष 30-40 लाख से अधिक मौतों के साथ भारत अब इस पहलू को लेकर दुनिया में पहले स्थान पर है.

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में इन बीमारियों का कोई उत्तर नहीं है. इसके अलावा जीवनपर्यन्त इलाज चलता रहता है और इसमें भी समय बीतने के साथ-साथ बढ़ोतरी होती रहती है. ये न केवल महंगा इलाज होता है बल्कि इनके बहुत से विपरीत प्रभाव भी होते हैं. हृदय रोग में सर्जरी का विकल्प मौजूद है लेकिन इसकी लागत बहुत ऊंची है और इलाज अस्थाई है.



योग–जीवनचर्या पर आधारित भारत का प्राचीन ज्ञान इन बीमारियों का सबसे उपयुक्त जवाब है. यह क़िफायती है और इसके लिये किसी तरह के उपकरणों तथा बुनियादी ढांचे की आवश्यकता नहीं होती और सभी इसे अपना सकते हैं, भले ही वे किसी भी आयु, व्यवसाय, धर्म से हों और इसके बहुत फायदेमंद असर होते हैं. इसमें मानसिक तनाव को कम करने की जबर्दस्त क्षमता है और यह शरीर को लचीला और फिट रखता है.

### योग से क्या अभिप्राय है?

योग भारत में क़रीब 5000 वर्ष पहले नैतिक सिद्धांतों, मुद्राओं पर नियंत्रण, श्वास पर नियंत्रण और मस्तिष्क पर नियंत्रण पर आधारित विकसित किया गया दार्शनिक सिद्धांत है, जिसका उद्देश्य शरीर और मस्तिष्क के बीच सही संतुलन के विकास से शरीर को स्वस्थ रखना है. यद्यपि योग के तीन सबसे लोकप्रिय पहलू हैं-आसन (मुद्राओं का नियंत्रण), प्राणायाम (श्वास पर नियंत्रण) और ध्यान/चिंतन (मन पर नियंत्रण)- ''नैतिकता अथवा निर्देशक सिद्धांत'' का जबर्दस्त महत्व है और वे योग की रीढ़ होते हैं. योग के निर्देशक सिद्धांत यम और नियम हैं. योग-पूर्णता में-हमें मानव मशीन के निर्बाध संचालन के लिये सर्वाधिक आदर्श सॉफ्टवेयर प्रदान करता है. यह शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ बनाता है, बीमारियों को रोकता है और कई घातक बीमारियों का निदान करता है. मस्तिष्क में योग का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव होता है–यह मन को शांत करता है, तनाव कम करता है और मनोदैहिक बीमारियों के लिये राम-बाण है. दिल का दौरा, एनज़ाइना, डिप्रेशन, कमर का दर्द, गैस बनना, पेट का अल्सर, सिर दर्द (तनाव का दर्द), कंधे का दर्द, मधुमेह, ब्रोंकियल अस्थमा, एलर्जी, नींद नहीं आना, डर, स्ट्रोक पैरालिसिस, मोटापा, अतिसार (आई.बी.एस.), घबराहट, स्पॉन्डिलोसिस आदि कुछेक मनोदैहिक बीमारियां हैं.

योग के घटक क्या हैं?

### यम और नियम:

**ये मूलत:** एक उचित और तनावमुक्त जीवन जीने के दिशानिर्देश हैं. सरल शब्दों में इन्हें योग में क्या करें और क्या न करें कहा जा सकता है. नियम जीवन में ''क्या करें और यम ''क्या नहीं करें'' है. पांच नियम, जिनका पालन करना होता है, संतुष्टि (संतोष), निर्मलता और स्वच्छता (सोच), समर्पण (तपस), आत्म अध्ययन और सच्चाई का विश्लेषण (स्वाध्याय) और ईश्वर के प्रति समर्पण (ईश्वर प्राणिधन) हैं. यदि कोई इन पांच नियमों का पालन करने की कोशिश करता है–उसका जीवन तनावमुक्त और शांतिप्रद हो जायेगा, जो आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है.

दूसरी तरफ, यम ''न करें' नियमों को विनिर्दिष्ट करता है. ये हैं – हिंसा में शामिल न हों (अहिंसा), झूठ न बोलना, सत्य, धोखा न करना (असत्य), सेक्स का दास न बनना (ब्रह्मचर्य), लालची और अत्यधिक गुस्सा न करना (अपरिग्रह). आज के युवाओं के लिये ये नियम बहुत ही महत्वपूर्ण हो गये हैं. वे लालच, प्रतिस्पर्धा के कारण अत्यधिक तनाव में रहते हैं, वे बहुत अधिक झूठ बोलते हैं, हिंसा में लिप्त रहते हैं, वे बहुपत्नीक हो गये हैं जिससे तलाक और एड्स के मामलों में बढ़ोतरी हुई है.

यदि आज के युवा के जीवन में यम और नियम का पालन हो जाये तो संपूर्ण समाज सुधर जायेगा. योग की ये शिक्षायें युद्धरत, हिंसा और दूसरों की खुशहाली की ईर्ष्या से ग्रसित समूचे विश्व की जनसंख्या के लिये भी आवश्यक हैं.

(शेष पृष्ठ 55 पर)

## रोज़गार सारांश

### कर्मचारी चयन आयोग

कर्मचारी चयन आयोग, कोलकाता द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित.

अंतिम तिथि : 20.07.2015 (पृष्ठ 20-31)

### संलोसेआ

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी परीक्षा (II), 2015 की अधिसूचना जारी

रिक्तियां: 375

अंतिम तिथि : 17.07.2015 (पृष्ठ 32-40)

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 170 सहायक भविष्य निधि आयुक्त की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित.

अंतिम तिथि: 10.07.2015 (पृष्ठ 49)

बैंकों, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, सशस्त्र सेनाओं, रेलवे और अन्य सरकारी विभागों की अन्य रिक्तियों के लिए अंदर के पृष्ठ देखें.

### वेब विशेष

**www.rojgarsamachar.gov.in** पर वेब विशेष खण्ड के तहत निम्नलिखित आलेख उपलब्ध है:-

- निरंतर विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण

www.facebook.com/yojanaJournal
www.facebook.com/publicationsdivision

Follow us on: @Employ_News

Visit our facebook page
facebook.com/director.employmentnews

## कॅरिअर के रूप में योग

डॉ. आर. इलानगोवन

योग प्राचीन भारतीयों द्वारा विश्व को दी गई सबसे महत्वपूर्ण तथा प्रभावशाली भेंट है. यह एक कालातीत कार्यक्रमबद्ध तथा आध्यात्मिक विज्ञान है; यह सभी विज्ञानों में सबसे विशाल है; यह विज्ञानों का विज्ञान है. यह सभी विज्ञानों का जनक है.

योग मानव-विकास का विज्ञान है. यह आंतरिक ऊर्जा उत्प्रेरणा का बोध है. यह मानव अंतःशक्ति को उसकी पूर्णता में विकसित करने का वैज्ञानिक अध्ययन है. यह संतुलित बुद्धिवाद् का विज्ञान है. यह सम्पूर्ण सृजन का सार है. इस तरह योग सकारात्मक अनुभव (सत्य) को उसकी गहराई तथा आयामों में प्राप्त करने का वैज्ञानिक साधन है.

योग एक सफल स्वस्थ जीवन की कला है. यह एक सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम है. यह पूरे लौकिक दुखों का रामबाण उपचार है. यह सृजनता तथा व्यक्तित्व विकास का विज्ञान है, यह सत्य की खोज या यथार्थ को समझने का साधन है. यह एक उपयोगी माध्यम है. इस तरह योग उतना ही पुराना है जितनी सभ्यता, योग पूर्ण एवं मूल है. यह देवत्व का आभास करने की एक सक्रिय परम्परा तथा प्रमाणित प्रणाली है. ''ध्यान, सहभाजन तथा सशक्तिकरण'' योग के दर्शन हैं.

पूरे विश्व में 190 से भी अधिक देशों के नागरिक अब योग को जीवन के एक मार्ग के रूप में स्वीकार कर चुके हैं. इससे वैयक्तिक जीवन में एक नई सोच, नया स्वास्थ्य, नई रोग मुक्त संतुष्टि एक नया दर्शन आया है और व्यापक परिवर्तन लाया है. मानव के लिए योग एक महान संदेश संजोए हुए है.




शांति एवं सौहार्द के लिए योग

आज योग में पश्चिमी देशों की रुचि आश्चर्यजनक दर पर बढ़ रही है. अकेले अमेरिका में ही लगभग 2.4 करोड़ व्यक्ति योगाभ्यास कर रहे हैं. अमेरिकी **शक्ति** योग की कक्षाओं, उपकरणों, पहनावे आदि पर प्रति वर्ष लगभग 27 मिलियन डॉलर खर्च करते हैं. ब्रिटिश स्कूलों में योग उनके पाठ्यवृत्त का एक भाग बन चुका है. आठ जर्मन व्यक्तियों में से एक प्रतिदिन योगाभ्यास करता है. रूस और चीन में भी यौगिक अभ्यास की अनुमति है. यहां तक कि मध्यपूर्व तथा ईरान में भी योग प्रिय है. रिपोर्ट बताती हैं कि योग विश्व में 225 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बाजार बन चुका है. भारत में योग एक वर्ष में 2500 करोड़ रु. से भी अधिक का उद्योग है.

जीवन शैली में बदलाव लाकर तथा चेतना का सृजन कर के योग हमें जलवायु परिवर्तन को समझने में भी सहायता कर सकता है. इस तरह योग स्वास्थ्य के प्रति एक साकल्पवादी सोच देता है और इसका चिकित्सीय महत्व है. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने, प्रति वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव को स्वीकार भी कर लिया गया है.

योगाभ्यास के वैज्ञानिक लाभ भी हैं. योग में प्रार्थना मस्तिष्क के संकेतकों (ब्रेन सिग्नल्स) के माध्यम से छोटी आंतों में ब्लॉकिज को हटाती है और मस्तिष्क, विशेष रूप से हाइपोथालमस में वायब्रेशन हमें सक्रिय करता है. क्रियाएं सहज स्थान प्रणाली को सही करती हैं; तीन दोषों को संतुलित करती है; जीव-विष (टॉक्सिन) को समाप्त करती हैं; पवनचक्रासन संधि-द्रव को बढ़ाता है, लिगामेंट्स तथा टेन्डन्स को खींचता है, रोग प्रतिरक्षा शक्ति तथा मस्तिष्क कार्य को बढ़ाता है, फालतू फ्री रेडिकल्स, थिकनेस को साफ करता है तथा कार्टिलेज की गुणवत्ता में सुधार लाता है, फालतू कैल्शियम-ऑक्सलेट ठोसता को दूर करता है. सूर्य नमस्कार तथा आसन हार्मोन्स में अलग करने में संतुलन लाते हैं. मुद्राएं सेरेब्रो स्पाइनल द्रव को सही करती हैं. प्राणायाम सहनशीलता बढ़ाता है और जीव-विष को समाप्त करता है; सभी रोगों को ठीक करता है, पृथ्वी, जल, अग्नि एवं वायु घटकों में संतुलन लाता है. बंध मध्य स्नायु प्रणाली को सक्रिय करते हैं; आत्मा

(शेष पृष्ठ 55 पर)

भारत सरकार

# आयुष मंत्रालय

## आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ परिसर, आईएनए कॉलोनी, नई दिल्ली-110023

## रिक्ति अधिसूचना

नॉर्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ फोक मेडिसिन (एनईआईएफएम), पासीघाट (अरूणाचल प्रदेश), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक स्वायत्त संगठन में निदेशक के पद हेतु वेतन बैंड-4, रु.37400-67000/- के साथ ग्रेड वेतन रु.8700 + एनपीए और केंद्र सरकार नियमानुसार स्वीकार्य अन्य सामान्य भत्ते में 5 वर्ष की निश्चित अवधि या सेवानिवृत्ति की तिथि, जो भी पहले हो, हेतु प्रतिनियुक्ति/संविदा पर योग्य उम्मीदवार के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित हैं.

2. पद के लिए अपेक्षित आयु सीमा और शैक्षिक योग्यता और अनुभव का विवरण निम्नानुसार है:

**सीधे भर्ती की अधिकतम आयु**: 50 वर्ष, किसी भी आयुष संस्था के प्रधानाचार्य/निदेशक का पद धारण किए हुए व्यक्तियों के मामले में 55 वर्ष तक की छूट हो सकती है.

**प्रतिनियुक्ति/संविदा हेतु अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यता**: (i) किसी भी आयुष स्ट्रीम्स/सार्वजनिक स्वास्थ्य/स्वास्थ्य प्रबंधन या इथनोबॉटनी या सामाजिक मानव - विज्ञान/बायोलॉजिकल विज्ञान/वानिकी/पर्यावरण विज्ञान में मान्यताप्राप्त पीजी योग्यता. (ii) व्यवसाय में 15 वर्ष की स्थिरता, जिसमें से सह प्राचार्य/रीडर के ग्रेड में 3 (तीन) वर्ष की नियमित सेवा या स्नातकोत्तर पढ़ाने (सह प्राचार्य/रीडर/सहायक प्रोफेसर), या अनुसंधान और प्रशासन (आयुष शिक्षा) में 8 वर्ष का संयुक्त अनुभव, या प्रमुख अंतर अनुशासनीय टीम में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव. (iii) वेतनमान रु.15600-39100 + ग्रेड वेतन रु. 7600/- में 3 वर्ष की नियमित सेवा या वेतनमान रु.15600-39100 + ग्रेड वेतन रु.7600/- और रु.15600-39100 + ग्रेड वेतन रु. 6600/- में 5 वर्ष की संयुक्त नियमित सेवा धारक अधिकारी. **नोट**: अन्य रूप से योग्य पाए गए उम्मीदवारों के मामले में सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर अनुभव या आयु में से किसी एक में छूट है. **वांछनीय**: (i) प्रमुखतया उ.पू. क्षेत्र में जिम्मेदार क्षमता में प्रशासनिक/समुदाय आधारित 7 वर्ष से अधिक का अनुभव. (ii) संबंधित विज्ञान में पीएच.डी. (iii) अच्छा प्रकाशन रिकॉर्ड होना चाहिए.

**अधिकारी, जो प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती हेतु पात्र है** : उक्त निर्धारित अनुसार अनिवार्य योग्यता रखने वाले ए.आई.एस./केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/अनुसंधान परिषद/विश्वविद्यालय/एनजीओ के अधिकारी.

**सामान्य अनुदेश**:

1. पात्र उम्मीदवार पद हेतु उचित माध्यम से सभी संबंधित दस्तावेजों की फोटोप्रतियों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन करें.
2. आवेदन अग्रेषित करते समय, प्रायोजक प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि उम्मीदवार का विवरण सत्यापित है और वह पात्रता शर्तों को पूरा करता/करती है, इसके साथ यह प्रमाणपत्र कि आवेदक के खिलाफ कोई भी अनुशासनिक कार्यवाही लंबित अथवा अवेक्षित नहीं है.
3. आवेदक की पिछले पांच वर्षों की पूर्ण एसीआर डॉसियर/एपीएआर आवेदन के साथ संलग्न होनी चाहिए.
4. निर्धारित प्रारूप में आवेदन आयुष मंत्रालय के पास रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **45 दिन के अंदर पहुंच जाने चाहिएं**. देर से प्राप्त आवेदन या अपूर्ण या उचित माध्यम से नहीं भेजे गए आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा.
5. आयु, अनुभव इत्यादि संबंधित पात्रता निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी.
6. आवेदक उनके द्वारा प्रस्तुत जानकारी की सत्यता के लिए पूरी तरह जिम्मेदार होंगे. उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत कोई भी जानकारी यदि किसी भी स्तर पर गलत पाई जाती है तो इसे उम्मीदवारी की अयोग्यता मानी जाएगी और/या किसी भी स्तर पर सेवा से बर्खास्तगी.
7. नियुक्ति हेतु नियम व शर्तें मौजूद भर्ती नियमानुसार होंगे.
8. आयुष मंत्रालय भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर कोई भी कारण बताए बिना पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
9. आवेदन हेतु निर्धारित प्रारूप निम्नानुसार है:-

### निदेशक, नॉर्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ फोक मेडिसिन के पद हेतु आवेदन प्रारूप

### उचित माध्यम द्वारा

फोटो

1. नाम व पता (बड़े अक्षरों में): ..........
2. पिता का नाम : ..........
3. जन्मतिथि और आयु ईस्वी सन् में: ..........
4. वर्तमान पता : ..........
5. (क) वर्तमान विभाग में सेवानिवृत्ति की आयु: ..........
   (ख) सेवानिवृत्ति की तिथि:..........
6. शैक्षिक योग्यता:

| स्नातक | वर्ष | प्रयासों की सं. | स्नातक, जहां से की है, उस कॉलेज/विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| | | | |
| स्नातकोत्तर | वर्ष | प्रयासों की सं. | उस कॉलेज/विश्वविद्यालय का नाम, जहां से स्नातकोत्तर की है |
| | | | |
| पीएच.डी | वर्ष | | कॉलेज/विश्वविद्यालय का नाम, जहां से पीएच.डी की है |
| | | | |

**नोट**: कृपया डिस्टिंक्शन या विशेष गतिविधियां/मेडल इत्यादि अंकित करें.

7. क्या आप पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताओं को पूरा करते हैं (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित के समकक्ष माना गया है तो उस प्राधिकारी का नाम लिखें):

   **अपेक्षित योग्यताएं/अनुभव** **उम्मीदवार द्वारा धारित योग्यताएं/अनुभव**

   **अनिवार्य** (1)
   **वांछनीय** (1)
8. आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों में कृपया साफ-साफ बताएं कि क्या आप पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं: .........
9. कालक्रमानुसार रोजगार का ब्यौरा/यदि नीचे स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित अलग कागज लगाएं:

| कार्यालय/संस्था/संगठन | धारित पद | कब से | कब तक | वेतनमान और अंतिम मूल वेतन | कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

10. वर्तमान रोज़गार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या स्थायी:
11. कृपया बताएं क्या वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर धारित है:
    (क) आरंभिक नियुक्ति की तिथि (ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि (ग) मूल कार्यालय/संगठन, जिससे आप संबंधित हैं.
12. वर्तमान रोज़गार के बारे में अतिरिक्त जानकारी, कृपया बताएं किसके अधीन कार्यरत हैं:
    (क) केन्द्र सरकार (ख) राज्य सरकार (ग) स्वायत्त संगठन (घ) सरकारी उपक्रम (ङ) विश्वविद्यालय
13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, संशोधन, जब से हुआ वह तिथि बताएं और पूर्व संशोधितमान भी अंकित करें.
14. वर्तमान में आहरित कुल परिलब्धियां.
15. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई है, जो आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में देना चाहते हैं. यदि जगह अपर्याप्त है तो अलग कागज लगाएं.
16. क्या आप अजा/अजजा से संबंधित हैं.
17. अभ्युक्तियां (यदि कोई हैं)

**तिथि**:..........

..........
**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**
**नाम**:..........
**पता**:..........
**फोन**:..........
**ईमेल**:..........

डीएवीपी 17216/11/0007/1516 रो.स. 12/35

भारत सरकार

# रक्षा मंत्रालय

## रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
## अनुसंधान एवं विकास संस्थापना (इंजी.)
## अलांदी रोड, कलस, पुणे-411015
## (विज्ञापन सं. 01/2015)

निम्नलिखित योग्यताएं शर्तें पूरी करने वाले पात्र उम्मीदवारों से इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **21 दिनों के अंदर** आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं:-

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की सं. | विषय | योग्यताएं |
|---|---|---|---|---|
| 01. | अनुसंधान एसोशिएट (आरए) | 01 | यांत्रिक इंजी. | **अनिवार्य:**<br>पीएच.डी/एमएस या समकक्ष डिग्री **या** एमई/एमटेक के बाद 03 वर्ष का अनुसंधान एवं डिज़ाइन तथा विकास अनुभव और साइंस साइटेशन इंडेक्स्ड (एससीआई) पत्रिका में कम से कम एक अनुसंधान पेपर.<br>**वांछनीय:**<br>i) रेसिप्रोकेटिंग इलास्टोमेरिक सील्स के ट्रायबोलोजिकल कैरेक्टरिस्टिक का ज्ञान.<br>ii) हाइड्रॉलिक सिस्टम्स का ज्ञान.<br>iii) मल्टीबॉडी डॉयनामिक्स की मॉडलिंग तथा सिमुलेशन का ज्ञान.<br>iv) एन्सिस एबाकस मेटलैब का ज्ञान.<br>v) फाइनाइट एलीमेंट विश्लेषण का ज्ञान. |
| 02. | कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (कअअ) | 04 | i) यांत्रिक इंजी-01<br>ii) ई एवं टीसी/इलेक्ट्रॉनिकी इंजी-01<br>iii) कंप्यूटर इंजी/विज्ञान-01<br>iv) रसायन विज्ञान/रासायनिक/पॉलीमर विज्ञान/टेक 01 | **अनिवार्य:**<br>व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्नातक डिग्री (बीई/बीटेक) प्रथम श्रेणी सहित एवं नेट/गेट **या**<br>व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर डिग्री (एमई/एमटेक तथा बुनियादी विज्ञान) तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों स्तर पर प्रथम श्रेणी.<br>**वांछनीय:**<br>**02 (iv) के विषय के लिए**<br>पॉलीमर प्रोसेसिंग नेनो कम्पोजिट एवं सामग्री करेक्टराइजेशन में अनुभव. |

2. पदों की सं. में परिवर्तन किया जा सकता है.
3. **अवधि:**
   **क) आरए** : आरए का प्रारंभिक प्रस्ताव तथा कुल कार्यकाल केवल दो वर्ष होगा.
   **ख) कअअ** : प्रारंभिक प्रस्ताव दो वर्ष के लिए होगा, जो उम्मीदवार के कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के बाद बढ़ाया जा सकता है.
4. **वृत्तिका**

| पद | परिलब्धियां |
|---|---|
| अनुसंधान एसोसिएट (**आरए**) | रु. 40000/- तथा मकिभ |
| कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (**कअअ**) | रु. 25000/- तथा मकिभ |

5. **आयु सीमा**

| पद | आयु |
|---|---|
| अनुसंधान एसोसिएट (**आरए**) | 18 से 35 वर्ष |
| कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (**कअअ**) | 18 से 28 वर्ष |

i) उच्च आयु सीमा अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए 05 वर्ष तक तथा अपिव के उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

ii) आयु सीमा का निर्धारण आवेदन पत्र स्वीकार करने के लिए विज्ञापन में उल्लिखित अंतिम तारीख को आधार मानकर किया जाएगा.

6. **आवेदन कैसे करें:-**

i) उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र केवल निर्धारित प्रारूप (नीचे दिया गया है) में भर कर, प्रमाणपत्रों की सत्य प्रतियों निदेशक, आर एवं डीई (इंजी.) दिघि, पुणे, डाकघर दिघि, पुणे के पक्ष में देय रु. 10/- के रेखित भारतीय पोस्टल ऑर्डर के साथ निदेशक, आर एवं डीई (इंजी.), अलांदी रोड, कलस, पुणे-411015 को भेजें. लिफाफे पर '.........पद के लिए आवेदन पत्र' लिख दें. अजा/अजजा/अपिव के उम्मीदवार इस भुगतान से मुक्त हैं. **किसी अन्य प्रारूप में आवेदन पत्र/अधूरे आवेदनपत्र/अपेक्षित प्रमाणपत्रों के बिना प्राप्त आवेदनपत्र/अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनपत्र रद्द कर दिए जाएंगे और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा.**

ii) यदि उम्मीदवार सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वशासी निकाय में सेवारत हैं तो साक्षात्कार के समय नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करें.

iii) साक्षात्कार के लिए यात्रा भत्ता, जिस स्थान पर साक्षात्कार पत्र भेजा गया है उस स्थान से या जिस स्थान से यात्रा प्रारंभ की गई है उस स्थान से पुणे जंक्शन (दोनों स्थान में से जो भी छोटा मार्ग हो) आने तथा वापस जाने का स्लीपर श्रेणी रेल किराए तक सीमित लघुत्तम मार्ग का वास्तविक रेल किराया/बस किराया **केवल रेल/बस टिकट प्रस्तुत करने पर** दिया जाएगा.

**टिप्पणी (i) नियुक्ति का प्रस्ताव करने से उम्मीदवार को र. अ. वि. सं. में समाहित किए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाएगा.**

### आवेदन प्रारूप

फोटो

1. पद का नाम (साफ अक्षरों में) :
2. विषय :
3. पूरा नाम (कुल नाम/नाम) (साफ अक्षरों में) :
4. पिता/पति का नाम :
5. क) जन्मतिथि (ईस्वी सन् में)............ (ख) आयु...................
   ग) लिंग-पुरुष/महिला......................(घ) वैवाहिक स्थिति .........
6. राष्ट्रीयता :
7. क्या अजा/अजजा/अपिव से हैं
8. स्थायी पता :
9. डाक का पता :
10. संपर्क का फोन नं. :
11. शैक्षिक योग्यताएं :

| उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड विश्वविद्यालय/का नाम | उत्तीर्णता का वर्ष | कुल अंकों की प्रतिशतता | लिए गए विषय |
|---|---|---|---|---|

12. अनुभव, यदि कोई हो

| नियोक्ता का नाम | धारित पद | से | तक | वेतनमान | नियुक्ति की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|

13. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि आवेदनपत्र में दी गई सूचना मेरे समस्त ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही हैं. मैं जानता हूं कि किसी सूचना के किसी भी चरण पर गलत या असत्य पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी मुझे कोई सूचना दिए बिना या उसके बदले कोई क्षतिपूर्ति किए बिना रद्द/समाप्त कर दी जाएगी.

| **संलग्नकों की सूची** | **((✓) का निशान लगा कर पुष्टि करें )** |
|---|---|
| क) एसएससी/एचएससी/स्नातक/स्नातकोत्तर प्रमाणपत्रों एवं अंक-तालिकाओं की जिरोक्स प्रतियां | हां/नहीं |
| ख) अनुभव प्रमाणपत्र | हां/नहीं |
| ग) जाति प्रमाणपत्र, यदि लागू हो | हां/नहीं |

**स्थान :** **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**
**तिथि** नाम ..........

डीएवीपी 10301/11/0154/1516 रो.स. 12/59

# रक्षा मंत्रालय

## रक्षा उत्पादन विभाग

## आयुध निर्माणी चांदा (महाराष्ट्र), पिन-442501

निम्नलिखित पद के लिए नीचे उल्लेखितानुसार अपेक्षित योग्यतायें/विनिर्देश पूरा करने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

| क्र. सं. | पद का नाम | समूह | पदों की सं. | आरक्षण के विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजा | अजजा | अपिव | अना | भूपूसै |
| 01 | सिविलियन मोटर चालक (ओजी) | 'ग' | 06 | - | - | 02 | 04 | 01 |

(क) उपरोक्त रिक्तियां सुसंगत समय पर विद्यमान स्थिति के आधार पर वरि. महाप्रबंधक/ओएफसीएच के विवेकानुसार परिवर्तन के अधीन हैं.

(ख) भूतपूर्व सैनिक हेतु आरक्षण क्षैतिज आरक्षण के संवर्ग के अधीन आता है जो क्षैतिज आरक्षण अर्थात् अजा/अजजा/अपिव हेतु आरक्षण को आर-पार विच्छेदित करता है (जिसे अंतः पाशन आरक्षण कहा जाता है). भूतपूर्व सैनिक कोटा के समक्ष चयनित व्यक्ति को मामले के अनुसार सामान्य (अनारक्षित), अजा/अजजा/अपिव के समुचित संवर्ग के अंतर्गत रखा जायेगा.

उपरोक्त पद के लिए विनिर्देश तथा अपेक्षायें निम्नानुसार हैं:-

**सिविलियन मोटर चालक (साधारण ग्रेड [सीएमडी (ओजी)]**

1. **वेतन बैंड : वे. बैं. 1, रु. 5200-20200**
   **ग्रेड वेतन : रु. 1900/-**
2. **आयु : 32 वर्ष से अधिक नहीं**
   (सरकारी कर्मचारी के लिए भारत सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारीकृत अनुदेशों अथवा आदेशों के अनुसार शिथिलनीय)
3. **शैक्षिक योग्यता :**

(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिक.

(ii) हल्के एवं भारी वाहनों के चालन हेतु लाइसेंस धारक अवश्य हों, ऑटोमोबाइल मरम्मत के बुनियादी ज्ञान सहित.

**योजना तथा पाठ्यविवरण**

**परीक्षा योजना:-**

परीक्षा में 100 अंकों की एक लिखित परीक्षा तथा 100 अंकों की कौशल परीक्षा शामिल होगी.

**लिखित परीक्षा योजना:-**

लिखित परीक्षा में नीचे दर्शाये गये अनुसार **एक वस्तुनिष्ठ प्रकार विविध विकल्प प्रश्न** शामिल होंगे.

| भाग | विषय | अधिकतम अंक तथा प्रश्नों की संख्या | अवधि |
|---|---|---|---|
| I | सामान्य बुद्धिमत्ता (10वीं मानक) | 40 (40 प्रश्न) | 2 घंटे |
| II | सामान्य अंग्रेजी (10वीं मानक) | 10 (10 प्रश्न) | |
| III | सामान्य चालन जागरूकता | 50 (50 प्रश्न) | |

**टिप्पणी:** प्रश्नपत्र अंग्रेजी/हिंदी/राज्य की मुख्य क्षेत्रीय भाषा में तैयार किये जायेंगे जहां निर्माणी अवस्थित है सिवाय भाग-II के, जिसे केवल अंग्रेजी में तैयार किया जायेगा.

**लिखित परीक्षा का पाठ्यविवरण:-**

I. **सामान्य बुद्धिमत्ता**
   प्रश्नों में मौखिक तथा गैर-मौखिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे. परीक्षा में सादृश्यों, समानताओं, भिन्नताओं, अंतराल अनुमान, दृश्यिक स्मृति, विभेद आकलन संबंध अवधारणा तथा 10वीं कक्षा के गणित पर प्रश्न शामिल हो सकते हैं.

II. **सामान्य अंग्रेजी :**
   प्रश्नों में उम्मीदवार की अंग्रेजी भाषा की बुनियादी समझ, इसके शब्दकोष, व्याकरण, वाक्य संरचना, पर्याय, विलोम तथा इसके सही प्रयोग इत्यादि पर प्रश्न शामिल होंगे.

III. **सामान्य चालन जागरूकता**
   परीक्षा में सामान्य ज्ञान, यातायात नियमों, मोटर वाहनों के बारे में जानकारी, उनके अनुरक्षण एवं मरम्मत पर सामान्य प्रश्न शामिल होंगे.

**कौशल परीक्षा:-**

चालन पर कौशल परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए संचालित की जायेगी जो लिखित परीक्षा में न्यूनतम अर्हक मानक प्राप्त करेंगे. **कौशल परीक्षा के लिए बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या 1:5 अर्थात् रिक्तियों की संख्या की पांच गुणी होगी.**

चालन पर कौशल परीक्षा वैसी/उसी प्रकार की होगी जैसी परीक्षायें आरटीओ द्वारा चालन लाइसेंस प्रदान करने के लिए संचालित की जाती हैं.

**उम्मीदवारों का श्रेणीयन (लिखित परीक्षा में चयनित) चालन में उनके आकलित कौशल के आधार पर, लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों को गणना में लिये बगैर किया जायेगा.**

**समापन तिथि**

**आवेदन पत्र प्राप्ति की समापन तिथि रोज़गार समाचार में इसके प्रकाशन की तिथि से 21 दिन होगी. यदि समापन तिथि को रविवार अथवा अवकाश पड़ जाता है तो आगामी कार्यदिवस को आवेदन पत्र प्राप्ति की समापन तिथि के रूप में लिया जायेगा.**

### उम्मीदवारों/आवेदकों हेतु महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. ऊपरी आयु सीमा अपिव उम्मीदवारों के लिए एक विशेष संवर्ग हेतु आरक्षित पदों हेतु 3 वर्ष तक शिथिलनीय है. इस प्रकार की कोई रियायत अनारक्षित पद/रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों हेतु उपलब्ध नहीं होगी.
2. ऊपरी आयु सीमा भूतपूर्व सैनिकों के लिए वर्तमान सरकारी आदेशों के अनुरूप शिथिलनीय है.
3. यदि उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र में प्रारूप के समुचित कॉलम में 'बायें हाथ के अंगूठा निशान' एवं हस्ताक्षर अंकित नहीं करता है तो आवेदन पत्र अस्वीकृत हो जायेगा.
4. सरकारी सेवा के नव-प्रवेशी, 01-04-2004 के पश्चात प्रविष्ट होने वाले नवीन पेंशन योजना 'परिभाषित अंशदान पेंशन योजना' के रूप में नामित द्वारा शासित होंगे तथा सीसीएस (पेंशन नियमों), 1972 के वर्तमान प्रावधान लागू नहीं होंगे.
5. आवेदन पत्र के साथ **रु.50/-** का एक शुल्क वरि. महाप्रबंधक, आयुध निर्माणी चांदा के नाम में एसबीआई, भद्रावती, आयुध निर्माणी चांदा शाखा में देय बैंक ड्राफ्ट अथवा भारतीय डाक आदेश के माध्यम से संलग्न किया जाना चाहिए. अजा/अजजा तथा भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों से कोई शुल्क भुगतान अपेक्षित नहीं है.
6. आवेदनपत्र सादे कागज पर इसके साथ संलग्न प्रारूप में साफ-साफ टंकित/हस्तलिखित करके संबंधित प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ, उम्मीदवार द्वारा फोटो के सामने की तरफ विधिवत हस्ताक्षरित तीन नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो (तीन माह से अधिक पुरानी नहीं) सहित, एक फोटो आवेदन प्रपत्र पर उपलब्ध किये गये स्थान में चिपकाकर तथा 2 (दो) खुली फोटो सामने की तरफ विधिवत हस्ताक्षरित संलग्न करके आवेदनपत्र के साथ नत्थी करते हुए '**वरि. महाप्रबंधक, आयुध निर्माणी, चांदा, डाकघर चंद्रपुर आयुध निर्माणी, जिला चंद्रपुर, महाराष्ट्र राज्य पिन-442501 के पास** पहुंच जाने चाहिए. किसी भी रूप में ऊपरिलेखन अथवा अवरोधन अनुमत्य नहीं है. परिवर्तन को, यदि कोई, उम्मीदवार के पूर्ण हस्ताक्षर के साथ सत्यापित किया जाना चाहिए.
7. केंद्रीय/राज्य/सा.क्षे.उ. में कार्यरत व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से उचित माध्यम द्वारा अपने स्थापना के प्रमाणपत्र सहित आवेदन करना चाहिए कि उनके खिलाफ कोई अनुशासनिक कार्रवाई अवेक्षित/लंबित नहीं है तथा कि उसके चयन होने की स्थिति में उन्हें निर्मुक्त करने में कोई आपत्ति नहीं है.
8. संदिग्ध जाति प्रमाणपत्र अथवा कोई अन्य शैक्षिक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवार पद हेतु अयोग्य हो जायेंगे. नियुक्ति के पश्चात बर्खास्त कर दिये जायेंगे. इसके अतिरिक्त देश के कानून के अनुसार अन्य उपयुक्त कार्रवाई की जा सकती है. इसलिए उम्मीदवारों को सलाह है कि संदिग्ध /जाली प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करें.
9. विभाग लिखित परीक्षा के लिए बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. यदि उपरोक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदनपत्रों की संख्या बहुत अधिक होती है और इस निर्माणी के लिए लिखित परीक्षा हेतु सभी पात्र उम्मीदवारों को बुलाना सुविधाजनक अथवा संभव नहीं होता है तो वरि. महाप्रबंधक लिखित परीक्षा के लिए बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को वांछनीय योग्यता/उच्चतर योग्यता के आधार पर एक उचित सीमा तक प्रतिबंधित कर सकते हैं.
10. लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को अपने निजी व्यय पर यात्रा करनी होगी. यद्यपि, लिखित परीक्षा के लिए बुलाये गये अजा/अजजा उम्मीदवारों को लघुत्तम मार्ग द्वारा की जाने वाली दोनों तरफ की यात्रा हेतु नियमानुसार द्वितीय श्रेणी रेल/बस किराये का यात्रा भत्ता भुगतान किया जायेगा बशर्ते कि रेल/बस द्वारा प्रत्येक तरफ से की जाने वाली यात्रा की दूरी 80 कि.मी. से अधिक है तथा रेलवे रसीद/बस टिकटों के साथ-साथ यात्रा का विवरण प्रस्तुत किया जाए. रेलगाड़ी में **सीट/शायिका** आरक्षित करने के लिए उपगत किये गये किसी अतिरिक्त प्रभार, यदि कोई, की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी.
11. अपूर्ण अथवा आरक्षण का दावा करने हेतु शंसापत्रों/अनिवार्य योग्यता प्रमाणपत्रों/आयु प्रमाण की सत्यापित जीरोक्स प्रतियों/उम्मीदवार द्वारा फोटो के सामने की तरफ विधिवत हस्ताक्षरित तीन पासपोर्ट आकार की फोटो (तीन माह से अधिक पुरानी नहीं), आवेदन पत्र प्रपत्र में बायें हाथ अंगूठा निशान एवं हस्ताक्षर के बगैर आवेदनपत्र तथा अपेक्षित विनिर्देश के अनुरूप नहीं होने वाले आवेदनपत्र भी संक्षेपतः अस्वीकृत कर दिये जायेंगे तथा इस संबंध में कोई पत्रव्यवहार विचारित नहीं किया जायेगा.
12. नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनपत्र, भले ही इस तिथि से पूर्व प्रेषित किये गये हैं, स्वीकृत नहीं किये जायेंगे. आयुध निर्माणी चांदा प्रबंधन किसी डाकीय विलंब अथवा विफलता के लिए किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा.
13. आयु सीमा के निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी.
14. भूतपूर्व सैनिक प्रमाणपत्र सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये हों. सेवामुक्ति प्रमाणपत्र की एक प्रति भी संलग्न की जानी चाहिए.
15. भूतपूर्व सैनिक संवर्ग के अधीन पद हेतु आवेदन करने वाले भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार को **परिशिष्ट-I** के अनुरूप नीचे दिये गये आरूप में एक वचनबंध भी देना होगा.
16. केवल आवेदन प्रपत्र जमा करने मात्र से लिखित परीक्षा के लिए '**प्रवेश पत्र**' जारी होने की कोई गारंटी नहीं होती है.
17. केवल चयनित उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के पश्चात यथा समय उनके चयन हेतु सूचित किया जायेगा तथा इस विषय पर किसी अन्य पत्र व्यवहार पर विचार नहीं किया जायेगा.

**समस्त आवेदकों हेतु चेतावनी:** कुछ अनैतिक तत्व गैर कानूनी पारितोषण के माध्यम से आपको निर्माणी में नियुक्ति दिलाने के आश्वासन के साथ आपसे संपर्क कर सकते हैं. आपको शोषण के ऐसे झूठे आश्वासन का शिकार कदापि नहीं बनना चाहिए तथा ऐसे तत्वों को किसी भी प्रकार से तवज्जो अथवा प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए. यह जोर देकर पुनः आश्वस्त किया जाता है कि चयन परीक्षा तथा प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की जायेगी.

### आवेदन पत्र का आरूप

अपनी नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकायें (स्वयं हस्ताक्षरित)

**सेवा में**
**वरि. महाप्रबंधक**
**आयुध निर्माणी चांदा (म. रा.)**

**विषय:** पद हेतु आवेदनपत्रः सिविलियन मोटर चालक (ओजी)

**संदर्भः** विज्ञापन सं. ....................दिनांक ....................में प्रकाशित ..........................

1 पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) (एसएससी प्रमाणपत्र में लिखितानुसार)
☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

2. पिता /पति का नाम (स्पष्ट अक्षरों में)
☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

3. जन्मतिथि (विद्यालय प्रमाणपत्र के अनुसार)
☐☐☐☐☐☐☐☐

4. आयु, आवेदनपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार
   वर्ष ...............माह....................दिन ..........

5. अकादमिक/तकनीकी एवं व्यावसायिक योग्यताओं के विवरणः

| उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ परीक्षा बोर्ड का नाम | प्राप्तांकों का % | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

6. चालन लाइसेंस सं. .......................वैधता तिथि ..........................................
7. ऑटोमोबाइल मरम्मत का बुनियादी ज्ञान : ..............(हां/नहीं) (प्रमाणपत्र संलग्न करें, यदि कोई)
8. अनुभव/यदि कोई (कृपया प्रमाणपत्र संलग्न करें): .....................................................
9. क्या सरकारी कर्मचारी हैं, यदि हां, धारित पद, वेतनमान तथा सरकारी सेवा में प्रवेश की तिथि के विवरण प्रस्तुत करें:
10. स्थायी पता (पिन कोड सं. सहित) ..................................................................
11. वर्तमान/डाक पता (पिन कोड सं. सहित) (पत्रव्यवहार हेतु) ...................................
12. दूरभाष/मोबाइल नंबर : ....................................................................................
13. ईमेल पता : ...................................................................................................
14. बायें हाथ के अंगूठे का निशानः
15. कृपया संबंधित कोष्टक में निशान लगायें:-
    **अजा** ☐ **अजजा** ☐ **अपिव** ☐ **अना** ☐
    (**अपिव** उम्मीदवार के लिए आवेदनपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार गैर क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र संलग्न करें)
16. कृपया यह भी निदर्शित करें क्या आप हैं:- **भूतपूर्व सैनिक** ☐ **शावि** ☐
    (संबंधित प्रलेख संलग्न करें)
17. क्या अपेक्षित शुल्क रु. 50/- संलग्न किया गया है **हां/नहीं**
    यदि हां, **बैंक ड्राफ्ट/भा.डा. आदेश सं.** ............**दिनांक** ..................
18. निकटतम रेलवे स्टेशन : ..................................................................
19. धर्म : ...........................................................................................
20. राष्ट्रीयता : ...................................................................................
21. अपिव उम्मीदवारों द्वारा उद्घोषणा (सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाणपत्र में समरूप पृष्ठांकन)

'मैं .........पुत्र/पुत्री श्री ........निवासी ग्राम/कस्बा/नगर/..........जिला............राज्य ..........एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं............समुदाय से संबंधित हूं जिसे भारत सरकार द्वारा कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/22/93-स्था. (एससीटी) दिनांक 08-09-1993 में समाविष्ट आदेशों के अनुसार सेवाओं में आरक्षण के उद्देश्य हेतु पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता प्रदान की गयी है. यह भी घोषणा की जाती है कि मैं उपरोक्त कार्यालय ज्ञापन दिनांक 08-09-1993 की अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लेखित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) से संबद्ध नहीं हूं'

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

### घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदनपत्र में प्रस्तुत किये गये समस्त विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण तथा सही हैं. यदि कोई सूचना लिखित परीक्षा/साक्षात्कार से पूर्व अथवा पश्चात मिथ्या/गलत पायी जाती है अथवा अपात्रता प्रकट हो जाती है तो मेरी उम्मीदवारी स्वतः निरस्त हो जायेगी.

**स्थान**
**दिनांक** **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**अनुलग्नकों की सूची :**

1) 2) 3) 4) 5)

**स्थान :**
**दिनांक** **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

### परिशिष्ट-I

मैं जानता हूं कि यदि मुझे भर्ती/परीक्षा के आधार पर चयनित किया जाता है, जिससे यह आवेदनपत्र संबंधित है, तो मेरी नियुक्ति सक्षम प्राधिकारी की संतुष्टि हेतु मेरे द्वारा प्रलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने के अधीन होगी कि मुझे सशस्त्र सेनाओं से निर्मुक्त/सेवानिवृत्त/सेवामुक्त किया गया है तथा कि मैं भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं तथा पदों के अंतर्गत पुनर्रोजगार), नियमों, 1979, समय-समय पर यथा संशोधित के निबंधनों के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों हेतु स्वीकार्य हितलाभों के लिए हकदार हूं. मैं यह भी जानता हूं कि मैं इस परीक्षा द्वारा आवृत्त भर्ती के संबंध में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्ति पर नियुक्ति हेतु पात्र नहीं रहूंगा यदि मैं इस प्रकार की नियुक्ति से पूर्व किसी भी समय भूतपूर्व सैनिकों हेतु स्वीकार्य रिक्तियों के आरक्षण की रियायत का लाभ प्राप्त करते हुए सिविल पद पर (सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, स्वायत्त निकायों/ सांविधिक निकायों, राष्ट्रीयकृत बैंकों इत्यादि) कोई रोजगार प्राप्त कर चुका हूं.

**स्थान :**
**दिनांक :** **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

डीएवीपी 10201/11/0389/1516 रो.स. 12/3



# भारतीय नौसेना

भारतीय नौसेना द्वारा इंजीनियरी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय प्रवेश योजना (यूईएस) के अंतर्गत कमीशंड अधिकारी के रूप में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित हैं. पाठ्यक्रम जून 2016 में प्रारंभ होगा.

## सर्वोत्कृष्ट में भर्ती हों: अपने सपने साकार करें

**ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के लिए अंतिम तारीख - 19 जुलाई 2015**



1. **भारतीय नौसेना में कार्यकारी शाखा में स्थाई कमीशन (पीसी) और कार्यकारी एवं तकनीकी शाखाओं में अल्पावधि कमीशन (एससीसी) प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय प्रवेश योजना (यूईएस) के अंतर्गत जून, 2016 से प्रारंभ होने वाले पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीयता के लिए निर्धारित पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले अविवाहित उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं.

**पात्रता की शर्तें:**

2. **शैक्षिक योग्यताएं:** आवेदक एआईसीटीई मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय में निम्नांकित में से किसी विषय में इंजीनियरी के अंतिम वर्ष (चौथे/पांचवें) का विद्यार्थी होना चाहिए और उसने छठे सेमेस्टर तक न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों.

**कार्यकारी शाखा**

| क्र. सं. | शाखा/काडर | बीई/बी.टेक में विषय | लिंग | पीसी/ एससीसी |
|---|---|---|---|---|
| (क) | सामान्य सेवा (एक्स) | (i) मैकेनिकल (ii) मरीन (iii) एरोनोटिकल (iv) उत्पादन (v) कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरी (vi) सूचना प्रौद्योगिकी (vii) कंट्रोल (viii) इलेक्ट्रिकल (ix) इलेक्ट्रोनिक्स (x) दूरसंचार | पुरुष | पीसी और एससीसी |
| (ख) | पायलट | बीई/बी.टेक की कोई भी शाखा (10+2 स्तर पर भौतिक विज्ञान और गणित) | पुरुष | एससीसी |
| (ग) | पर्यवेक्षक | बीई/बी.टेक की कोई भी शाखा (10+2 स्तर पर भौतिक विज्ञान और गणित) | पुरुष | एससीसी |
| (घ) | आईटी | (i) सूचना प्रौद्योगिकी (ii) कम्प्यूटर विज्ञान इंजीनियरी (iii) कम्प्यूटर इंजीनियरी | पुरुष | एससीसी |

**तकनीकी शाखा**

| क्र. सं. | शाखा/काडर | बीई/बी.टेक में विषय | लिंग | पीसी/ एससीसी |
|---|---|---|---|---|
| (ङ) | इंजीनियरी शाखा | (i) मैकेनिकल (ii) मरीन (iii) ऑटोमोबाइल (iv) मैक्ट्रोनिक्स (v) इंस्ट्रूमेंटेशन (vi) उत्पादन (vii) धातुकर्म (viii) एरोनोटिकल (ix) एरोस्पेस (xi) औद्योगिक इंजीनियरी एवं प्रबंधन (x) ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स | पुरुष | एससीसी |
| (च) | इलेक्ट्रिकल शाखा | (i) इलेक्ट्रिकल (ii) इलेक्ट्रोनिक्स (iii) दूरसंचार (iv) इलेक्ट्रोनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन (v) इलेक्ट्रोनिक्स और संचार (vi) पावर इंजीनियरी (vii) कंट्रोल सिस्टम इंजीनियरी (viii)पावर इलेक्ट्रोनिक्स (ix) इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल (x) विमान विज्ञान (एविओनिक्स) | पुरुष | एससीसी |
| (छ) | नौसेना वास्तुकार (एनए) | i) मैकेनिकल (ii) सिविल (iii) एरोनोटिकल (iv) एरोस्पेस (v) धातुकर्म (vi) नौसेना वास्तु शिल्प | पुरुष और महिला | एससीसी |

**सबमरीन/तकनीकी शाखा**

| क्र. सं. | शाखा/ काडर | बीई/बी.टेक में विषय | लिंग | पीसी/ एससीसी |
|---|---|---|---|---|
| (ज) | इंजीनियरी शाखा | (i) मैकेनिकल (ii) मरीन (iii) ऑटोमोबाइल (iv) मैक्ट्रोनिक्स (v) इंस्ट्रूमेंटेशन (vi) उत्पादन (vii) धातुकर्म (viii) औद्योगिक इंजीनियरी एवं प्रबंधन (ix) एरोनोटिकल इंजी. (x) आटोमेशन एंड रोबोटिक्स | पुरुष | एससीसी |
| (झ) | इलेक्ट्रिकल शाखा | (i) इलेक्ट्रिकल (ii) इलेक्ट्रोनिक्स (iii) कंट्रोल (iv) दूरसंचार (v) इंस्ट्रूमेंटेशन (vi) पावर इंजी. (vii) इलेक्ट्रोनिक्स एवं संचार (viii) पावर इंजीनियरिंग (ix) इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल | पुरुष | एससीसी |

**नोट:**

(i) उम्मीदवार ने बीई/बी.टेक परीक्षा में कुल मिलाकर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों. नौसेना वास्तुशिल्प को यूईएस के लिए एक विकल्प के रूप में चुनने वाले उम्मीदवारों ने 10 प्वाइंट स्केल में समग्र ग्रेड 6.75 सीजीपीए अवश्य प्राप्त किया हो. न्यूनतम निर्धारित प्रतिशत अंक प्राप्त करने में विफल रहने वाले उम्मीदवारों को आईएनए इझीमाला में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी. (ii) पीएबीटी (पायलट अभिरुचि बैटरी परीक्षा) में पहले **विफल** रहने वाले उम्मीदवार पायलट भर्ती के लिए पात्र नहीं समझे जाएंगे. (iii) 10+2 स्तर पर जिन उम्मीदवारों ने भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित विषयों का अध्ययन नहीं किया होगा, वे यूईएस भर्ती के लिए पात्र नहीं समझे जाएंगे. (iv) **उपरोक्त क्रमांक (ङ) और (च) पर वर्णित तकनीकी शाखा उम्मीदवारों को एयर टेक्निकल विशेषज्ञता भी आवंटित की जा सकती है और उन्हें आईएचक्यू रक्षा मंत्रालय (नौसेना) द्वारा एयर टेक्निकल आफिसर के रूप में नियुक्त किया जाएगा.** (v) वैमानिकी (एवियोनिक्स) में बीई/बी.टेक डिग्री धारक उम्मीदवारों को केवल एयर टेक्निकल शाखा के लिए पात्र समझा जाएगा. (vi) एसएसबी इंटरव्यू के समय किसी सेमेस्टर में बैकलॉग रखने वाले उम्मीदवारों को एसएसबी में बैठने की अनुमति नहीं होगी. (vii) छठे सेमेस्टर/आठ सेमेस्टर (बी.टेक/एकीकृत डिग्री पाठ्यक्रम) में 60% से कम अंक प्राप्त करने वालों को कैंपस साक्षात्कार में उपस्थित होने का अवसर नहीं दिया जाएगा.

3. **आयु:** 1 जुलाई, 2015 को 21 से 24 वर्ष के बीच. (अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 2 जुलाई 1992 से 1 जुलाई 1997 (दोनों तारीखें शामिल) के बीच हुआ हो).

**चिकित्सा मानदंड:**

4. उम्मीदवारों को तभी आवेदन करना चाहिए जबकि वे निम्नांकित चिकित्सा मानदंड पूरा करते हों.

| क्र. सं. | ब्रांच/काडर | कद (सेमी) | | दृष्टि | चश्मे के साथ करेक्शन योग्य |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरुष | महिला | | |
| (क) | कार्यकारी (सामान्य सेवा) | 157 | - | 6/12, 6/12 | 6/6 दोनों आंखें |
| (ख) | पायलट | 162.5 | - | 6/6, 6/9 | 6/6 दोनों आंखें |
| (ग) | पर्यवेक्षक | 162.5 | - | 6/6, 6/9 | 6/6 दोनों आंखें |
| (घ) | इलेक्ट्रिकल/इंजीनियरी शाखा | 157 | - | 6/24, 6/24 | 6/6 दोनों आंखें |
| (ङ) | सबमरीन (तकनीकी) | 157 | - | 6/24, 6/24 | 6/6 दोनों आंखें |
| (च) | आईटी | 157 | - | 6/60, 6/60 | 6/6 दोनों आंखें |
| (झ) | नौसेना वास्तुकार (एनए) | 157 | 152 | 6/60, 6/60 | 6/6, 6/12 |

**नोट :-** (i) एसएसबी द्वारा अनुशंसित सभी उम्मीदवारों को प्रचलित नियमों के अनुसार चिकित्सा जांच करानी होगी. **(ii) टैटू:** स्थाई बॉडी टैटू की अनुमति केवल बाजू के अग्रभाग यानी कलाई से कोहनी तक भीतर की ओर तथा हाथ के ऊपरी भाग (डोरसल) तक होगी. शरीर के किसी अन्य भाग में स्थाई टैटू होने को स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. (iii) कार्यकारी (सामान्य सेवा) के लिए चिकित्सा मानदंड पीसी और एससीसी उम्मीदवारों के लिए एक समान होंगे.

**नौसेना आपके लिए निम्नांकित सुविधाएं प्रदान करती है:**

5. **पदोन्नतियां और वेतनमान:** सब-लेफ्टिनेंट से कमांडर तक पदोन्नतियां टाइम स्केल के आधार पर दी जाती हैं, जिनके लिए अपेक्षित सेवा शर्तें पूरी करनी होती हैं. वेतनमान और पदोन्नतियां मानदंड नीचे दिए गए हैं:-

| रैंक | पे बैंड/स्केल | ग्रेड वेतन | एमएसपी (सैन्य सेवा वेतन) |
|---|---|---|---|
| सब-लेफ्टिनेंट (एसएलटी) | पीबी-3/15600-39100 | 5400 | 6000 |
| लेफ्टिनेंट (एलआई) | पीबी-3/15600-39100 | 6100 | 6000 |
| लेफ्टिनेंट कमांडर (एलटी सीडीआर) | पीबी-3/15600-39100 | 6600 | 6000 |
| कमांडर (सीडीआर) | पीबी-4/37400-67000 | 8000 | 6000 |

6. **भत्ते (स्वीकार्य अनुसार):-** अधिकारियों को स्वीकार्य भत्तों की दरें इस प्रकार होंगी:

| भत्ते | किसे दिए जाएंगे | प्रति माह दर (रुपये में) |
|---|---|---|
| तकनीकी | तकनीकी अधिकारी | 3000-7250/- प्रति माह जो उत्तीर्ण पाठ्यक्रम पर निर्भर होगा |
| इंस्ट्रक्शनल | इंस्ट्रक्टर के रूप में नियुक्त सभी अधिकारियों को | रु. 2700 प्रति माह |
| सब-मरीन | प्रशिक्षित सब-मरीनर | रु. 13500-21000/- प्रति माह |
| उड़ान वेतन | प्रशिक्षित पायलट और पर्यवेक्षक | रु. 13500-21000/- प्रति माह |
| मरीन कमांडो | मरीन कमांडो के रूप में प्रशिक्षित | रु. 13500-21000/- प्रति माह |
| डाइविंग | क्लियरेंस/शिप्स डाइवर | रु. 1200/600 प्रति माह |
| सी गोइंग | जहाजों पर सेवारत (केवल बिक्री के लिए) सभी नौसेना अधिकारी | रु. 6300-7800/- (केवल सेलिंग के लिए ) प्रति माह रैंक के आधार पर |
| वर्दी | सभी अधिकारी | 24000 /- (प्रारंभिक अनुदान) और 7500/- (प्रत्येक 3 वर्ष बाद) |
| हार्ड एरिया | भारत सरकार द्वारा घोषित हार्ड एरिया में तैनात सभी अधिकारियों को | मूल वेतन का 25 प्रतिशत |
| मकान किराया | सभी अधिकारी | मूल वेतन का 10-30 प्रतिशत (पे बैंड+ग्रेड वेतन+एमएसपी) |
| परिवहन | सभी अधिकारी | रु. 1600-3200 (+ उस पर महंगाई भत्ता) |
| हाइड्रोग्राफी | हाइड्रोग्राफी उत्तीर्ण | 400-1200/- प्रति माह |

**सेवा के नियम एवं शर्तें**

7. चुने हुए उम्मीदवारों की नियुक्ति रक्षा मंत्रालय के एकीकृत मुख्यालय (नौसेना) (आईएचक्यू-एमओडी (एन)) द्वारा निर्धारित तारीख को सब-लेफ्टिनेंट के रैंक में की जाएगी. चुने हुए अधिकारी को दो वर्ष के लिए या प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा होने तक (इनमें जो भी बाद में होगा) परिवीक्षा पर रखा जाएगा, जिसके दौरान यदि उनका कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं होगा तो उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाएगा. नियुक्ति की तारीख से आईएनए, इझीमाला में प्रशिक्षण के लिए रिपोर्ट किए जाने की अवधि तक उम्मीदवार को रैंक के मूल वेतन का आधा हिस्सा दिया जाएगा जो नियुक्ति के समय एकमुश्त स्टाइपेंड के रूप में अदा किया जाएगा.

8. जीएस (एक्स) और जीएस (टेक) के लिए एससीसी के उम्मीदवारों की सेवा अवधि 12 वर्ष से बढ़ाकर 14 वर्ष कर दी गई है. यह विस्तार सेवा उम्मीदवार की सेवा आवश्यकताओं/उसके प्रदर्शन पर आधारित होंगी. हालांकि पायलट/पर्यवेक्षक/टेक (पनडुब्बी) के लिए एससीसी की अवधि 14 वर्ष ही रहेगी. आगे विस्तार नहीं होगा.

**आवेदन कैसे करें:**

9. इस भर्ती के लिए उम्मीदवार **20 जून, 2015 से 19 जुलाई 2015** की अवधि में केवल ऑनलाइन (ई-एप्लीकेशन) आवेदन जमा करा सकते हैं.

10. **ऑनलाइन (ई-एप्लीकेशन):** ई-एप्लीकेशन जमा करते समय यह सलाह दी जाती है कि निम्नांकित कार्यों को अंजाम देने के लिए सम्बद्ध दस्तावेज तैयार रखे जाएं:-

(क) व्यक्तिगत ब्यौरा सही सही भरने के लिए, ब्यौरा मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में वर्णित अनुसार होना चाहिए.

(ख) ई-मेल एड्रेस, मोबाइल नंबर जैसी जानकारी अनिवार्य है. अतः तत्संबंधी कॉलम अवश्य भरे जाने चाहिए.

(ग) उम्मीदवारों को पासपोर्ट आकार का नवीनतम 25 केबी (.जेपीई या जेपीजी फार्मेट में) आकार का डिजिटल फोटोग्राफ अपलोड करना होगा.

11. **ई-आवेदन भरने के लिए अनुदेश:** ऑन लाइन आवेदन भरने के लिए हमारी वेबसाइट **www.nausenabharti.nic.in** पर संपर्क करें और निम्नांकित प्रक्रिया का अनुपालन करें:-

(क) होम पेज पर 'अप्लाई ऑनलाइन' विकल्प के अंतर्गत 'आफिसर एंट्री' बटन पर क्लिक करें.

(ख) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म भरें. जैसे ही आप प्रत्येक फील्ड को उजागर करेंगे, तो उसमें अपेक्षित ब्यौरा भरने के लिए सहायक अनुदेश उपलब्ध होंगे.

(ग) सब्मिट बटन क्लिक करने से पहले इस बात की जांच की जानी चाहिए कि फार्म में सभी ब्यौरे सही-सही भर दिए गए हैं क्योंकि रिकॉर्ड को सेव करने के बाद आप उसमें कोई संशोधन नहीं कर पाएंगे. उम्मीदवार संबंधित जानकारी भरने के लिए प्रिंट निकाल लें.

(घ) फार्म को सब्मिट करने के बाद सिस्टम द्वारा एक 'अप्लीकेशन नंबर' सृजित किया जाएगा और वह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. यह एप्लीकेशन नंबर स्वतः फार्म के प्रिंट आउट पर दिखाई देगा. यदि सिस्टम एप्लीकेशन नंबर सृजित नहीं करता है, तो यह इस बात का संकेत है कि सिस्टम द्वारा आपका आवेदन स्वीकार नहीं किया गया है.

(शेष पृष्ठ 5 पर)

(पृष्ठ 4 का शेष )

(ङ) इस एप्लीकेशन फार्म की एक प्रति का प्रिंट आउट लें, जिस पर सिस्टम द्वारा सृजित एप्लीकेशन नंबर होना चाहिए. आवेदन प्रपत्र की यह प्रति कैम्पस इंटरव्यू के समय भारतीय नेवी की कैम्पस चयन टीम के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी.

12. आवेदन के अंत में दी गई घोषणा पर कॉलेज/विश्वविद्यालय के प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर कराएं.

13. **हालांकि उम्मीदवार एक से अधिक शाखाओं के लिए आवेदन के पात्र हैं, फिर भी उन्हें केवल एक आवेदन करना होगा और आवेदन प्रपत्र के पैरा-2 में वरीयता का उल्लेख करना होगा. यदि कोई उम्मीदवार डुप्लीकेट आवेदन करेगा तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.**

**चयन प्रक्रिया:**

14. भर्ती के लिए आवेदन करने वाले पात्र उम्मीदवारों को नौसेना के कैम्पस चयन टीम के सामने इंटरव्यू के लिए उपस्थित होना होगा. कैम्पस इंटरव्यू के लिए क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवारों की एक संक्षिप्त सूची एसएसबी इंटरव्यू के लिए तैयार की जाएगी. यह सूची भर्ती के लिए प्रदर्शित उम्मीदवार की योग्यता के आधार पर तैयार की जाएगी और भर्ती विशेष के लिए पात्रता मानदंड पूरे करने के अधीन होगी. ब्रांच/काडर का अंतिम चयन समेकित मुख्यालय-रक्षा मंत्रालय (आईएचक्यू-एमओडी) (नौसेना) द्वारा किया जाएगा. यह चयन ब्रांच/काडर विशेष में रिक्तियों की संख्या पर निर्भर करेगा.

15. कैम्पस इंटरव्यू के बाद संक्षिप्त सूची में शामिल किए गए उम्मीदवारों को बंगलौर/भोपाल/कोयम्बतूर/विशाखापत्तनम में **15 दिसंबर से 16 अप्रैल** के बीच एसएसबी इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा.

(क) **एसएसबी का संचालन:** प्रथम चरण के परीक्षण में पहले दिन अधिकारी बुद्धि दर (ओआईआर) परीक्षण, चित्र धारणा और वार्तालाप परीक्षण (पीपीडीटी) किया जाएगा. प्रथम चरण में विफल रहने वाले उम्मीदवारों को उसी दिन वापस भेज दिया जाएगा. दूसरे चरण के परीक्षणों में मनोवैज्ञानिक परीक्षण, समूह कार्य, समूह वार्तालाप और व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे परीक्षण शामिल होंगे. परीक्षणों के फलस्वरूप कोई क्षति होने की स्थिति में कोई मुआवज़ा नहीं दिया जाएगा. एसएसबी की अवधि 5 दिन की होगी. इसमें सफल होने वाले उम्मीदवारों को निकटतम मिलिट्री अस्पताल में विशेष चिकित्सा परीक्षण के लिए भेजा जाएगा, जो करीब पांच दिन का होगा. पायलट और पर्यवेक्षक भर्ती के लिए सफल उम्मीदवारों को एसएसबी क्वालिफाई करने के बाद निम्नांकित के लिए भेजा जाएगा:-

(i) **पायलट भर्ती** : पीएबीटी (पायलट अभिरुचि बैटरी परीक्षण) और उसके बाद विमानन चिकित्सा जांच.

(ii) **पर्यवेक्षक भर्ती** : विमानन चिकित्सा जांच.

(ख) एसएसबी सेंटर में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी. एसएसबी तारीखों में परिवर्तन के बारे में कोई भी अनुरोध सम्बद्ध एसएसबी के कॉल-अप आफिसर से किया जाना चाहिए. नई तारीखों का निर्धारण एसएसबी सेंटर में तारीख और बैचों की उपलब्धता के अधीन होगा.

(ग) किसी एसएसबी द्वारा अनुशंसित किए गए और चिकित्सा की दृष्टि से उपयुक्त घोषित किए गए उम्मीदवारों को रिक्तियों की संख्या के आधार पर अखिल भारतीय योग्यता क्रम के अनुसार प्रशिक्षण हेतु नियुक्त किया जाएगा.

(घ) एसएसबी इंटरव्यू के लिए आने वाले उम्मीदवारों को आने-जाने का थ्री टियर वातानुकूलित रेल किराया अदा किया जाएगा, बशर्ते उम्मीदवार पहली दफा भर्ती के लिए प्रयास कर रहा हो.

**प्रशिक्षण:**

16. भारतीय नौसेना अकादमी एझीमाला में प्रशिक्षण शुरू होने का अनुमानित **समय जून, 2016** है.

17. यूईएस के लिए अंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों को सब-लेफ्टिनेंट के रूप में भर्ती किया जाएगा और एझिमाला स्थित आईएनए में 22 सप्ताह का नौसेना ओरिएंटेशन पाठ्यक्रम और उसके पश्चात नौसेना पोतों तथा प्रशिक्षण संस्थापना में व्यावसायिक प्रशिक्षण लेना होगा. कार्यकारी (सामान्य सेवा) के प्रवेश के मामले में आईएनए स्थित एनओसी की अवधि 44 सप्ताह होगी.

(क) **पायलट भर्ती** : पायलट उम्मीदवारों को आईएनए, इझीमाला में नौसेना ओरिएंटेशन कोर्स के साथ प्रशिक्षण शुरू करना होगा. उसके बाद वायुसेना अकादमी/नौसेना प्रतिष्ठान/इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (आईजीआरयूए) में चरण-1 और चरण-2 के उड़ान प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा. चरण-2 का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवार को विंग्स प्रदान किए जाएंगे. विंग्स प्रदान किए जाने के बाद ही उम्मीदवार उड़ान वेतन और भत्ते पाने का हकदार होगा.

(ख) **पर्यवेक्षक भर्ती** : पर्यवेक्षक उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण की शुरुआत आईएनए, इझीमाला में नौसेना ओरिएंटेशन कोर्स के साथ होगी. इसके बाद ऑब्जर्वर स्कूल में संक्षिप्त एसआईएल टेक कोर्स और उड़ान प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा. ऑब्जर्वर स्कूल में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवार को ऑब्जर्वर बैच प्रदान किया जाएगा. ऑब्जर्वर बैच प्राप्त करने के बाद ही उम्मीदवार को उड़ान वेतन और भत्ते पाने का हकदार समझा जाएगा.

(ग) **सब-मरीन/टेक्निकल:** सब-मरीन विशेषज्ञता के लिए अंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों को सब-लेफ्टिनेंट के रैंक में अधिकारी के रूप में भर्ती किया जाएगा और आईएनए ईझीमाला में नौसेना ओरिएंटेशन कोर्स के लिए भेजा जाएगा. इसके बाद अन्य नौसेना प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों/जहाजों पर व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उम्मीदवारों को **सब-मरीन क्वालिफाइंग बोर्ड उत्तीर्ण करना होगा. सब-मरीन क्वालिफाइंग बोर्ड उत्तीर्ण करने के बाद ही उम्मीदवार सब-मरीन वेतन और भत्ते पाने के हकदार होंगे.**

**कार्यकारी अधिकारी के रूप में ड्यूटी:**

18. **सामान्य सेवा (जीएस):** एक कार्यकारी अधिकारी के रूप में आपको जहाजों पर कार्य करने होंगे. कार्यकारी अधिकारी जवानों के लीडर होंगे, आधुनिक युद्ध पद्धति के समरनीतिज्ञ होंगे और विदेशी जल क्षेत्रों में देश के एम्बेसेडर समझे जाएंगे. आधुनिक युद्ध पोत अति विकसित युद्धक मशीनों से युक्त हैं जिन्हें संचालित करने के लिए सक्षम और निर्णायक लीडरों की आवश्यकता है. कार्यकारी अधिकारी नौसेना प्रचालनों के सभी पहलुओं में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं, जिनमें हवाई, सतह और उप-सतह प्रचालन शामिल हैं. वे मिसाइल और तोपों, एंटी सबमरीन वारफेयर, इलेक्ट्रोनिक वारफेयर और संचार, नौवहन और निर्देशन, हाईड्रोग्राफी एंड एनबीसीडी में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं.

**आईटी अधिकारी:** प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अधिकारियों की नियुक्ति भारतीय नौसेना के जहाजों पर और प्रतिष्ठानों में आईटी ड्यूटी के लिए की जाती है. अधिकारियों को ऑपरेशनल और प्रशासनिक दोनों ही क्षेत्रों में अत्याधुनिक नेटवर्कों और निच एप्लीकेशन्स का प्रचालन करना होगा. 'ओपन सोर्स एप्लीकेशन्स' और 'प्रोपराइटरी टेलरमेड सॉफ्टवेयर' दोनों ही तरह के अनुप्रयोगों के प्रचालन के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होंगे. आपके कार्य के अंतर्गत सुरक्षा ऑपरेशन/नेटवर्क ऑपरेशन सेंटरों के प्रबंधन सहित सुरक्षित और महत्वपूर्ण नेटवर्कों की डिजाइनिंग/संस्थापना शामिल होगी. नौसेना के व्यापक अनुप्रयोगों, पोर्टल्स और प्रतिबद्ध आईटी प्रणालियों का कार्यान्वयन और रख-रखाव करते समय अधिकारियों को एकीकृत डोमेन, शेयर प्वाइंट, एसएपी आदि तीव्र प्रौद्योगिकियों पर काम करने के अवसर मिलेंगे.

**पायलट:** बुनियादी उड़ान प्रशिक्षण पूरा करने पर तथा कमीशन के बाद विंग्स प्रदान किए जाने पर आपको फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट या हेलीकॉप्टर उड़ाने के अवसर मिलेंगे. ये अवसर एयरक्राफ्ट कैरियर, अन्य शिप डेकों या तटवर्ती एयरफील्ड से उपलब्ध कराए जाएंगे. आपको अत्याधुनिक विमान उड़ाने का अवसर मिलेगा. आपको हवाई, सतह और उप-सतह प्रचालनों जैसे नौसेना प्रचालनों के सभी पहलुओं में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी. नौसेना में पायलट के रूप में सम्मानजनक, आकर्षक और साहसिक जीवन के अवसर आपके लिए उपलब्ध होंगे.

**पर्यवेक्षक:** प्रशिक्षण पूरा होने के बाद आप नौसेना एविएशन आर्म का हिस्सा होंगे. एयरबोर्न तकनीशियन के रूप में आपका प्राथमिक कार्य रडार, सोनार, इलेक्ट्रोनिक वारफेयर उपकरण, संचार उपकरण और यहां तक कि एयरबोर्न हथियारों सहित विभिन्न अत्याधुनिक उपकरणों का संचालन करना है. आपको समुद्री गश्ती विमान और अत्याधुनिक हेलीकॉप्टरों पर नौसेना प्रचालनों के सभी पहलुओं में हिस्सेदारी के अवसर मिलेंगे.

**तकनीकी अधिकारियों के दायित्व:**

**तकनीकी सामान्य सेवाएं:**

19. एक तकनीकी अधिकारी के रूप में आपका यह दायित्व होगा कि आप नौसेना के जहाजों और विमानों को हर समय युद्ध के लिए तैयार रखें. तकनीकी अधिकारी अत्याधुनिक हथियारों (तोप, मिसाइल और एंटी सब-मरीन) और प्रोपल्शन प्रणालियों (गैस टर्बाइनों, डीज़ल और स्टीम इंजन) का संचालन करता है. तकनीकी अधिकारियों को नौसेना की सर्वाधिक अत्याधुनिक तटवर्ती गोदी और नौसेना की स्वदेशी उत्पादन इकाइयों में काम करने के अवसर भी उपलब्ध होते हैं. नौसेना वास्तुशिल्प, मैकेनिकल, सिविल, एरोनॉटिकल और धातुकर्म विषयों से सम्बद्ध इंजीनियरी विद्यार्थी नौसेना वास्तुशिल्प में विशेषज्ञता का विकल्प भी अपना सकते हैं. नौसेना वास्तुशिल्प विशेषज्ञता से जहाज निर्माण प्रौद्योगिकी में आधुनिकता के साथ उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध होते हैं. चुने हुए तकनीकी अधिकारी आईआईटीज़/आईआईएससी जैसे प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों में एम.टेक के लिए भी प्रतिनियुक्त किए जाते हैं. तकनीकी अधिकारियों को उच्च प्रौद्योगिकियों से युक्त प्रयोजनाओं के संचालन के अवसर भी मिलते हैं.

**सब-मरीन/टेक्निकल:** सबमरीन तकनीकी अधिकारी के रूप में आपको आधुनिक पनडुब्बियों और उनकी हथियार प्रणालियों के संचालन और रख-रखाव का दायित्व निभाना होगा. अत्याधुनिक हथियार नियंत्रण प्रणालियों, कम्प्यूटर नियंत्रित मशीनों और विस्मयकारी फायर पावर से युक्त उच्च प्रौद्योगिकी मशीनों के संचालन से आपको व्यावसायिक संतुष्टि होगी. विभिन्न प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में कठिन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद आप 'डॉल्फिन बैज' धारक होने का गर्व महसूस करेंगे और नौसेना के अत्यंत उत्कृष्ट आर्म का सदस्य बनेंगे.

20. **कॉस्ट टू कंपनी (सीटीसी):** सब-लेफ्टिनेंट के लिए सीटीसी अर्थात पारिश्रमिक रु.74100/- से 90,600/- प्रति माह के बीच होगा. इसमें मूल वेतन, महंगाई भत्ता, ग्रेड वेतन, सैन्य सेवा वेतन, मकान किराया भत्ता और परिवहन भत्ता शामिल हैं. ये दरें स्थिर नहीं हैं और इनमें परिवर्तन होता रहता है.

21. **विशेषाधिकार:** स्वयं और आश्रितों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं, एलटीसी, कैंटीन सुविधाएं, पात्रता अनुसार राशन, मेस/क्लब/खेल सुविधाएं, सुसज्जित सरकारी आवास और रियायती दर पर कार/आवास ऋण.

22. **समूह बीमा और ग्रेच्युटी:** 50 लाख रुपये के बीमा लाभ (अंशदान करने पर) और रु. 57 लाख के एविएशन और सब-मरीन बीमा लाभ प्रदान किए जाएंगे. अधिकारी को ग्रेच्युटी अद्यतन प्रचलित नियमों के अनुसार दी जाएगी.

23. **अवकाश पात्रता:** अधिकारियों को वर्ष में 60 दिन के वार्षिक अवकाश (सेवा अनिवार्यताओं के अधीन) और 20 दिन के लिए आकस्मिक अवकाश की सुविधा होगी. उन्हें रैंक के अनुसार प्रचलित नियमों के तहत स्वयं और परिवार के लिए निःशुल्क विमान/रेल यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी.

24. **साहसिक गतिविधियां और खेल:** नौसेना आपको आपकी पसंद के किसी भी खेल में हिस्सा लेने की सुविधाएं प्रदान करती है. इसके अतिरिक्त आप रिवर राफ्टिंग, पर्वतारोहण, हॉट एयर बैलूनिंग, हैंगग्लाइडिंग, विंड सर्फेस आदि साहसिक खेलों में प्रशिक्षण और हिस्सा ले सकते हैं.

25. **शारीरिक उपयुक्तता:** नौसेना अकादमी पाठ्यक्रम में शारीरिक चुस्ती पर काफी ध्यान दिया जाता है. अतः आपको सलाह दी जाती है कि आप अपने को शारीरिक प्रशिक्षण, खेलों, दौड़, तैराकी आदि के लिए तैयार रखें ताकि प्रशिक्षण के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर सकें.

**इस विज्ञापन के नियम एवं शर्तें परिवर्तन के अधीन हैं. अतः इन्हें सिर्फ दिशा-निर्देश समझा जाना चाहिए.**

**विज्ञापन का ब्यौरा हमारी वेबसाइट www.joinindiannavy.gov.in पर भी उपलब्ध है.**

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें.

(पृष्ठ 4 का शेष )

(ड) इस एप्लीकेशन फार्म की एक प्रति का प्रिंट आउट लें, जिस पर सिस्टम द्वारा सृजित एप्लीकेशन नंबर होना चाहिए. आवेदन प्रपत्र की यह प्रति कैम्पस इंटरव्यू के समय भारतीय नेवी की कैम्पस चयन टीम के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी.

12. आवेदन के अंत में दी गई घोषणा पर कॉलेज/विश्वविद्यालय के प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर कराएं.

13. **हालांकि उम्मीदवार एक से अधिक शाखाओं के लिए आवेदन के पात्र हैं, फिर भी उन्हें केवल एक आवेदन करना होगा और आवेदन प्रपत्र के पैरा-2 में वरीयता का उल्लेख करना होगा. यदि कोई उम्मीदवार डुप्लीकेट आवेदन करेगा तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.**

**चयन प्रक्रिया:**

14. भर्ती के लिए आवेदन करने वाले पात्र उम्मीदवारों को नौसेना के कैम्पस चयन टीम के सामने इंटरव्यू के लिए उपस्थित होना होगा. कैम्पस इंटरव्यू के लिए क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवारों की एक संक्षिप्त सूची एसएसबी इंटरव्यू के लिए तैयार की जाएगी. यह सूची भर्ती के लिए प्रदर्शित उम्मीदवार की योग्यता के आधार पर तैयार की जाएगी और भर्ती विशेष के लिए पात्रता मानदंड पूरे करने के अधीन होगी. ब्रांच/काडर का अंतिम चयन समेकित मुख्यालय-रक्षा मंत्रालय (आईएचक्यू-एमओडी) (नौसेना) द्वारा किया जाएगा. यह चयन ब्रांच/काडर विशेष में रिक्तियों की संख्या पर निर्भर करेगा.

15. कैम्पस इंटरव्यू के बाद संक्षिप्त सूची में शामिल किए गए उम्मीदवारों को बंगलौर/भोपाल/कोयम्बतूर/विशाखापत्तनम में **15 दिसंबर से 16 अप्रैल** के बीच एसएसबी इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा.

(क) **एसएसबी का संचालन:** प्रथम चरण के परीक्षण में पहले दिन अधिकारी बुद्धि दर (ओआईआर) परीक्षण, चित्र धारणा और वार्तालाप परीक्षण (पीपीडीटी) किया जाएगा. प्रथम चरण में विफल रहने वाले उम्मीदवारों को उसी दिन वापस भेज दिया जाएगा. दूसरे चरण के परीक्षणों में मनोवैज्ञानिक परीक्षण, समूह कार्य, समूह वार्तालाप और व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे परीक्षण शामिल होंगे. परीक्षणों के फलस्वरूप कोई क्षति होने की स्थिति में कोई मुआवज़ा नहीं दिया जाएगा. एसएसबी की अवधि 5 दिन की होगी. इसमें सफल होने वाले उम्मीदवारों को निकटतम मिलिट्री अस्पताल में विशेष चिकित्सा परीक्षण के लिए भेजा जाएगा, जो करीब पांच दिन का होगा. पायलट और पर्यवेक्षक भर्ती के लिए सफल उम्मीदवारों को एसएसबी क्वालिफाई करने के बाद निम्नांकित के लिए भेजा जाएगा:-

(i) **पायलट भर्ती** : पीएबीटी (पायलट अभिरुचि बैटरी परीक्षण) और उसके बाद विमानन चिकित्सा जांच.

(ii) **पर्यवेक्षक भर्ती** : विमानन चिकित्सा जांच.

(ख) एसएसबी सेंटर में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी. एसएसबी तारीखों में परिवर्तन के बारे में कोई भी अनुरोध सम्बद्ध एसएसबी के कॉल-अप आफिसर से किया जाना चाहिए. नई तारीखों का निर्धारण एसएसबी सेंटर में तारीख और बैचों की उपलब्धता के अधीन होगा.

(ग) किसी एसएसबी द्वारा अनुशंसित किए गए और चिकित्सा की दृष्टि से उपयुक्त घोषित किए गए उम्मीदवारों को रिक्तियों की संख्या के आधार पर अखिल भारतीय योग्यता क्रम के अनुसार प्रशिक्षण हेतु नियुक्त किया जाएगा.

(घ) एसएसबी इंटरव्यू के लिए आने वाले उम्मीदवारों को आने-जाने का थ्री टियर वातानुकूलित रेल किराया अदा किया जाएगा, बशर्ते उम्मीदवार पहली दफा भर्ती के लिए प्रयास कर रहा हो.

**प्रशिक्षण:**

16. भारतीय नौसेना अकादमी एझीमाला में प्रशिक्षण शुरू होने का अनुमानित **समय जून, 2016** है.

17. यूईएस के लिए अंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों को सब-लेफ्टिनेंट के रूप में भर्ती किया जाएगा और एझिमाला स्थित आईएनए में 22 सप्ताह का नौसेना ओरिएंटेशन पाठ्यक्रम और उसके पश्चात नौसेना पोतों तथा प्रशिक्षण संस्थापना में व्यावसायिक प्रशिक्षण लेना होगा. कार्यकारी (सामान्य सेवा) के प्रवेश के मामले में आईएनए स्थित एनओसी की अवधि 44 सप्ताह होगी.

(क) **पायलट भर्ती** : पायलट उम्मीदवारों को आईएनए, इझीमाला में नौसेना ओरिएंटेशन कोर्स के साथ प्रशिक्षण शुरू करना होगा. उसके बाद वायुसेना अकादमी/नौसेना प्रतिष्ठान/इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (आईजीआरयूए) में चरण-1 और चरण-2 के उड़ान प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा. चरण-2 का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवार को विंग्स प्रदान किए जाएंगे. विंग्स प्रदान किए जाने के बाद ही उम्मीदवार उड़ान वेतन और भत्ते पाने का हकदार होगा.

(ख) **पर्यवेक्षक भर्ती** : पर्यवेक्षक उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण की शुरुआत आईएनए, इझीमाला में नौसेना ओरिएंटेशन कोर्स के साथ होगी. इसके बाद ऑब्जर्वर स्कूल में संक्षिप्त एसआईएल टेक कोर्स और उड़ान प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा. ऑब्जर्वर स्कूल में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवार को ऑब्जर्वर बैच प्रदान किया जाएगा. ऑब्जर्वर बैच प्राप्त करने के बाद ही उम्मीदवार को उड़ान वेतन और भत्ते पाने का हकदार समझा जाएगा.

(ग) **सब-मरीन/टेक्निकल:** सब-मरीन विशेषज्ञता के लिए अंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों को सब-लेफ्टिनेंट के रैंक में अधिकारी के रूप में भर्ती किया जाएगा और आईएनए ईझीमाला में नौसेना ओरिएंटेशन कोर्स के लिए भेजा जाएगा. इसके बाद अन्य नौसेना प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों/जहाजों पर व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उम्मीदवारों को **सब-मरीन क्वालिफाइंग बोर्ड उत्तीर्ण करना होगा. सब-मरीन क्वालिफाइंग बोर्ड उत्तीर्ण करने के बाद ही उम्मीदवार सब-मरीन वेतन और भत्ते पाने के हकदार होंगे.**

**कार्यकारी अधिकारी के रूप में ड्यूटी:**

18. **सामान्य सेवा (जीएस):** एक कार्यकारी अधिकारी के रूप में आपको जहाजों पर कार्य करने होंगे. कार्यकारी अधिकारी जवानों के लीडर होंगे, आधुनिक युद्ध पद्धति के समरनीतिज्ञ होंगे और विदेशी जल क्षेत्रों में देश के एम्बेसडर समझे जाएंगे. आधुनिक युद्ध पोत अति विकसित युद्धक मशीनों से युक्त हैं जिन्हें संचालित करने के लिए सक्षम और निर्णायक लीडरों की आवश्यकता है. कार्यकारी अधिकारी नौसेना प्रचालनों के सभी पहलुओं में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं, जिनमें हवाई, सतह और उप-सतह प्रचालन शामिल हैं. वे मिसाइल और तोपों, एंटी सबमरीन वारफेयर, इलेक्ट्रोनिक वारफेयर और संचार, नौवहन और निर्देशन, हाइड्रोग्राफी एंड एनबीसीडी में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं.

**आईटी अधिकारी:** प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अधिकारियों की नियुक्ति भारतीय नौसेना के जहाजों पर और प्रतिष्ठानों में आईटी ड्यूटी के लिए की जाती है. अधिकारियों को ऑपरेशनल और प्रशासनिक दोनों ही क्षेत्रों में अत्याधुनिक नेटवर्कों और निच एप्लीकेशन्स का प्रचालन करना होगा. 'ओपन सोर्स एप्लीकेशन्स' और 'प्रोपराइटरी टेलरमेड सॉफ्टवेयर' दोनों ही तरह के अनुप्रयोगों के प्रचालन के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होंगे. आपके कार्य के अंतर्गत सुरक्षा ऑपरेशन/नेटवर्क ऑपरेशन सेंटरों के प्रबंधन सहित सुरक्षित और महत्वपूर्ण नेटवर्कों की डिजाइनिंग/संस्थापना शामिल होगी. नौसेना के व्यापक अनुप्रयोगों, पोर्टल्स और प्रतिबद्ध आईटी प्रणालियों का कार्यान्वयन और रख-रखाव करते समय अधिकारियों को एकीकृत डोमेन, शेयर प्वाइंट, एसएपी आदि तीव्र प्रौद्योगिकियों पर काम करने के अवसर मिलेंगे.

**पायलट:** बुनियादी उड़ान प्रशिक्षण पूरा करने पर तथा कमीशन के बाद विंग्स प्रदान किए जाने पर आपको फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट या हेलीकॉप्टर उड़ाने के अवसर मिलेंगे. ये अवसर एयरक्राफ्ट कैरियर, अन्य शिप डेकों या तटवर्ती एयरफील्ड से उपलब्ध कराए जाएंगे. आपको अत्याधुनिक विमान उड़ाने का अवसर मिलेगा. आपको हवाई, सतह और उप-सतह प्रचालनों जैसे नौसेना प्रचालनों के सभी पहलुओं में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी. नौसेना में पायलट के रूप में सम्मानजनक, आकर्षक और साहसिक जीवन के अवसर आपके लिए उपलब्ध होंगे.

**पर्यवेक्षक:** प्रशिक्षण पूरा होने के बाद आप नौसेना एविएशन आर्म का हिस्सा होंगे. एयरबोर्न तकनीशियन के रूप में आपका प्राथमिक कार्य रडार, सोनार, इलेक्ट्रोनिक वारफेयर उपकरण, संचार उपकरण और यहां तक कि एयरबोर्न हथियारों सहित विभिन्न अत्याधुनिक उपकरणों का संचालन करना है. आपको समुद्री गश्ती विमान और अत्याधुनिक हेलीकॉप्टरों पर नौसेना प्रचालनों के सभी पहलुओं में हिस्सेदारी के अवसर मिलेंगे.

**तकनीकी अधिकारियों के दायित्व:**

**तकनीकी सामान्य सेवाएं:**

19. एक तकनीकी अधिकारी के रूप में आपका यह दायित्व होगा कि आप नौसेना के जहाजों और विमानों को हर समय युद्ध के लिए तैयार रखें. तकनीकी अधिकारी अत्याधुनिक हथियारों (तोप, मिसाइल और एंटी सब-मरीन) और प्रोपल्शन प्रणालियों (गैस टर्बाइनों, डीज़ल और स्टीम इंजन) का संचालन करता है. तकनीकी अधिकारियों को नौसेना की सर्वाधिक अत्याधुनिक तटवर्ती गोदी और नौसेना की स्वदेशी उत्पादन इकाइयों में काम करने के अवसर भी उपलब्ध होते हैं. नौसेना वास्तुशिल्प, मैकेनिकल, सिविल, एरोनॉटिकल और धातुकर्म विषयों से सम्बद्ध इंजीनियरी विद्यार्थी नौसेना वास्तुशिल्प में विशेषज्ञता का विकल्प भी अपना सकते हैं. नौसेना वास्तुशिल्प विशेषज्ञता से जहाज निर्माण प्रौद्योगिकी में आधुनिकता के साथ उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध होते हैं. चुने हुए तकनीकी अधिकारी आईआईटीज़/आईआईएससी जैसे प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों में एम.टेक के लिए भी प्रतिनियुक्त किए जाते हैं. तकनीकी अधिकारियों को उच्च प्रौद्योगिकियों से युक्त प्रयोजनाओं के संचालन के अवसर भी मिलते हैं.

**सब-मरीन/टेक्निकल:** सबमरीन तकनीकी अधिकारी के रूप में आपको आधुनिक पनडुब्बियों और उनकी हथियार प्रणालियों के संचालन और रख-रखाव का दायित्व निभाना होगा. अत्याधुनिक हथियार नियंत्रण प्रणालियों, कम्प्यूटर नियंत्रित मशीनों और विस्मयकारी फायर पावर से युक्त उच्च प्रौद्योगिकी मशीनों के संचालन से आपको व्यावसायिक संतुष्टि होगी. विभिन्न प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में कठिन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद आप 'डॉल्फिन बैज' धारक होने का गर्व महसूस करेंगे और नौसेना के अत्यंत उत्कृष्ट आर्म का सदस्य बनेंगे.

20. **कोस्ट टू कंपनी (सीटीसी):** सब-लेफ्टिनेंट के लिए सीटीसी अर्थात पारिश्रमिक रु.74100/- से 90,600/- प्रति माह के बीच होगा. इसमें मूल वेतन, महंगाई भत्ता, ग्रेड वेतन, सैन्य सेवा वेतन, मकान किराया भत्ता और परिवहन भत्ता शामिल हैं. ये दरें स्थिर नहीं हैं और इनमें परिवर्तन होता रहता है.

21. **विशेषाधिकार:** स्वयं और आश्रितों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं, एलटीसी, कैंटीन सुविधाएं, पात्रता अनुसार राशन, मेस/क्लब/खेल सुविधाएं, सुसज्जित सरकारी आवास और रियायती दर पर कार/आवास ऋण.

22. **समूह बीमा और ग्रेच्युटी:** 50 लाख रुपये के बीमा लाभ (अंशदान करने पर) और रु. 57 लाख के एविएशन और सब-मरीन बीमा लाभ प्रदान किए जाएंगे. अधिकारी को ग्रेच्युटी अद्यतन प्रचलित नियमों के अनुसार दी जाएगी.

23. **अवकाश पात्रता:** अधिकारियों को वर्ष में 60 दिन के वार्षिक अवकाश (सेवा अनिवार्यताओं के अधीन) और 20 दिन के लिए आकस्मिक अवकाश की सुविधा होगी. उन्हें रैंक के अनुसार प्रचलित नियमों के तहत स्वयं और परिवार के लिए निःशुल्क विमान/रेल यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी.

24. **साहसिक गतिविधियां और खेल:** नौसेना आपको आपकी पसंद के किसी भी खेल में हिस्सा लेने की सुविधाएं प्रदान करती है. इसके अतिरिक्त आप रिवर राफ्टिंग, पर्वतारोहण, हॉट एयर बैलूनिंग, हैंगग्लाइडिंग, विंड सर्फेस आदि साहसिक खेलों में प्रशिक्षण और हिस्सा ले सकते हैं.

25. **शारीरिक उपयुक्तता:** नौसेना अकादमी पाठ्यक्रम में शारीरिक चुस्ती पर काफी ध्यान दिया जाता है. अतः आपको सलाह दी जाती है कि आप अपने को शारीरिक प्रशिक्षण, खेलों, दौड़, तैराकी आदि के लिए तैयार रखें ताकि प्रशिक्षण के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर सकें.

**इस विज्ञापन के नियम एवं शर्तें परिवर्तन के अधीन हैं. अतः इन्हें सिर्फ दिशा-निर्देश समझा जाना चाहिए.**

**विज्ञापन का ब्यौरा हमारी वेबसाइट www.joinindiannavy.gov.in पर भी उपलब्ध है.**

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें.

डीएवीपी 10701/11/0016/1516 रोस 12/12

# मेघालय उच्च न्यायालय शिलांग

**विज्ञापन**

**दिनांक, शिलांग, 5 जून 2015**

**सं. एचसीएम II /98/2015**

मेघालय उच्च न्यायालय, शिलांग में (1) उप पंजीयक -1 पद, (2) सहायक पंजीयक - 1 पद, (3) आशुलिपिक ग्रेड - I - 4 पद, (4) सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी - एक पद, (5) संपदा अधिकारी - 1 पद, (6) सिस्टम अधिकारी - 1 पद, (7) न्यायालय अधिकारी - 3 पद, (8) आशुलिपिक ग्रेड II - 1 पद, (9) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष - 1 पद, (10) कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक - 2 पद, (11) हिन्दी अनुवादक - 1 पद, (12) कम्प्यूटर ऑपरेटर, 1 पद (13) वाहन चालक - 3 पद (14) रसोइया - 2 पद, (15) माली - 1 पद, (16) अनुसेवक -1 पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित हैं. वेतनमान, पात्रता शर्तों, शैक्षिक योग्यता और उम्र सीमा संबंधी विवरण उच्च न्यायालय की वेबसाइट **www.meghalayahighcourt.nic.in** पर उपलब्ध है.

**आवेदन की अंतिम तिथि : 15 जुलाई, 2015.**

**आदेशानुसार**
**महापंजीयक**

रो.स. 12/49

भारत सरकार

# रक्षा मंत्रालय

**इंजिन निर्माणी, आवड़ी, चेन्नै 600054**

इंजिन निर्माणी आवडी, चेन्नै-54 के औद्योगिक स्थापना (ग्रुप-सी) में 51 रिक्त स्थान तथा अनौद्योगिक स्थापना (ग्रुप-सी) में 10 रिक्त स्थानों को भरने हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उम्मीदवारों को **'ऑनलाइन' के माध्यम से ही** आवेदन करना होगा. ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइट पता **www.efa.gov.in** है. ऑनलाइन पंजीकरण के बिना इंजिन निर्माणी आवडी में प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकृत नहीं किया जाएगा. रिक्ति तिथि तथा अन्य निर्देशों के लिए वेबसाइट पता **www.efa.gov.in** में देखा जा सकता है.

**निर्माणी के पूर्व ट्रेड प्रशिक्षुओं को भी ऑनलाइन के माध्यम से ही आवेदन करना होगा. अन्यथा आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा.**

**आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि, उनके निवास क्षेत्र पर ध्यान दिए बिना आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि होगी.**

**ऑनलाइन पंजीकरण 30.06.2015 से 20.07.2015 तक 21 दिनों के लिए खुला रहेगा.** मुद्रित विधिवत भरे गए ऑनलाइन आवेदनों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ महा प्रबंधक, इंजिन निर्माणी आवडी, चेन्नै 600054 के पते पर भेजा जाए. मुद्रित विधिवत भरे गए वेबसाइट से डाउनलोड किए गए आवेदनों को ऑनलाइन पंजीकरण के बंद होने के बाद एक सप्ताह तक अर्थात् **दि. 27.07.2015** तक स्वीकार किया जाएगा.

**(बी. उदय कुमार)**

**अपर महाप्रबंधक/प्रशासन**

**डीएवीपी 10201/11/0406/1516**

रो.स. 12/58

संख्या 1-1/2015-डीएई (स्था.)

भारत सरकार

# मानव संसाधन विकास मंत्रालय

**(स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)**

**प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय**

**10, जामनगर हाउस, शाहजहां रोड**

**नई दिल्ली-110011**

**शुद्धि पत्र**

प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय में अधीक्षक, वेतनमान पीबी-2, रुपये 9300-34800+ग्रेड वेतन रुपये 4200/-, के दो पदों के लिए रोज़गार समाचार (दिनांक 7 मार्च से 13 मार्च, 2015, ईएन 49/122, वोल्यूम XXXIX अंक 49) में प्रकाशित इस निदेशालय के विज्ञापन संख्या 1-1/2015-डीएई (स्था.) के पैरा (क)(iii) के स्थान पर कृपया निम्नांकित पैरा पढ़ें:-

(क) (iii) मूल संगठन या विभाग में पे बैंड-1, रुपये 5200-20200+ग्रेड वेतन रुपये 2400/-या समकक्ष वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद 10 वर्ष की सेवा पूरी की हो; (इस पैराग्राफ के अंतिम शब्द **'अथवा'** के स्थान पर **'और'** पढ़ें).

2. यदि कोई अधिकारी विज्ञापन में इस त्रुटि के कारण आवेदन नहीं भेज पाया हो, तो वह उक्त विज्ञापन के पैरा-2 के अनुसार **30 जून, 2015** तक अपना आवेदन भेज सकता है.

रोस 12/66

दिनांक 19.06.2015 का विज्ञापन सं. इसरो मु.: आई.सी.आर.बी.: 03:2015

## भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)
## अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार
## इसरो केन्द्रीकृत भर्ती बोर्ड (आई.सी.आर.बी.)

इसरो isro

### इलेक्ट्रोनिक, मैकेनिकल और कम्प्यूटर साइंस में बी.ई./बी.टेक अथवा समतुल्य डिग्री सहित वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' की वार्षिक भर्ती

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अनुसंधान एवं विकास संगठन है जो समाज के लाभार्थ अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग के कार्य में, तथा प्रमोचक राकेट एवं संचार/सुदूर संवेदन उपग्रहों के डिजाइन एवं निर्माण हेतु तथा उनके प्रमोचन के लिए क्षमता का विकास करने और आत्म-निर्भरता हासिल करते हुए राष्ट्र को सेवा प्रदान करने के कार्य में लगा हुआ है। इसरो राष्ट्र को दूरदर्शन प्रसारण, दूरसंचार मौसमविज्ञानीय उपयोग तथा हमारे प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के क्षेत्र में सेवा प्रदान करने में अग्रसर है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम राष्ट्रीय विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं उसके उपयोगों में आत्म-निर्भरता हासिल करने के उद्देश्य को पूरा करने में सभी क्षेत्रों में सफल लक्ष्यों को पाने के लिए सतत् प्रयत्नशील है।

इसरो के भावी कार्यक्रमों में, पनरूपयोगी प्रमोचक राकेट के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों, समानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों का विकास, उन्नत उच्च दक्षता सेमी-क्रायोजेनिक नोदन इंजन, उन्नत संचार उपग्रह, वायुश्वसन नोदन, उपग्रह आधारित नौवहन प्रणाली, अति स्पेक्ट्रमी प्रतिबिंबन संवेदक, चन्द्र एवं ग्रहीय अन्वेषण आदि शामिल हैं।

इसरो में नवीन प्रौद्योगिकियों का विकास शुरु करने तथा अंतरिक्ष खोज एवं उससे आगे के लिए आवश्यक उन्नत अवसंरचना की स्थापना करने के लिए चुनौतीपूर्ण अवसर मौजूद हैं।

इसरो ₹5400/- के श्रेणी वेतन पर ₹15600-39100 के वेतन बैण्ड में, निम्नलिखित विशिष्ट क्षेत्रों में युवा स्नातकों के लिए वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' के पद भरने का प्रस्ताव करता है:-

| पद कोड | क्षेत्र | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| बी.ई. 001 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (इलेक्ट्रानिक्स) | 49 |
| बी.ई. 002 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (मैकेनिकल) | 34 |
| बी.ई. 003 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (कम्प्यूटर साइंस) | 26 |

उपरोक्त पदों में से कुछ पद विकलांग व्यक्तियों के लिए विनिर्दिष्ट है, जिसका ब्यौरा वेबसाइट मे प्रकाशित किया जाएगा।

**पात्रता :** बी.ई./बी.टेक अथवा समतुल्य में कुल मिलाकर कम से कम 65% सहित प्रथम श्रेणी (सभी सेमिस्टर, जिनका परिणाम उपलब्ध है, का औसत)। वे अभ्यर्थी जिनका बी.ई./बी.टेक पाठ्यक्रम शैक्षणिक वर्ष 2014-15 में पूरा होने वाला है वे भी इसके लिए पात्र होगें, बशर्ते उनकी अंतिम डिग्री 30/09/2015 तक उपलब्ध हो।

**आयु सीमा : 09.07.2015 तक 35 वर्ष।** भूतपूर्व सैनिक तथा विकलांग व्यक्तियों के लिए भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट होगी।

**आवेदन की विधि:** ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आवेदन इसरो की वेबसाइट पर 19.06.2015 से 09.07.2015 के बीच उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी अपने आवेदनों को ऑनलाईन पंजीकृत कराने के लिए 19.06.2015 से 09.07.2015 के बीच हमारी वेबसाइट **www.isro.gov.in** देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जाएंगे। पंजीकरण कराने पर आवेदनों को ऑनलाईन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य में संदर्भ के लिए सावधानीपूर्वक संभाल कर रखा जाना चाहिए। आवेदक का ईमेल आई.डी. आवेदन में अनिवार्य रूप से दिया जाना चाहिए। जो अभ्यर्थी पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र की ईकाईयों या स्वायत्त निकायों में कार्यरत हैं, उनको ऑनलाईन आवेदन करने के बाद संबंधित नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' भेजना होगा जिसके पिछले हिस्से में नाम तथा पंजीकरण संख्या लिखी जाए।

**आवेदन शुल्क : प्रत्येक आवेदन के लिए आवेदन शुल्क ₹100/- (सौ रूपये मात्र)** होगा। आवदेन ऑनलाइन पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी को इसरो सिस्टम/लिंक से भुगतान चलान फार्म को डाउनलोड कर तीन प्रतियों में प्रिंट करना होगा, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पंजीकरण संख्या, पावती लेखा संख्या, विज्ञापन संख्या और पद कोड अंकित होगा। अभ्यर्थी को 19.06.2015 से 10.07.2015 तक किसी भी दिन अपने नजदीकी भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में जाकर व्यक्तिगत भुगतान चलान द्वारा पावती लेखा (लेखा सं. वेबसाइट में प्रकाशित रहेगा) में आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। अभ्यर्थी 19.06.2015 और 09.07.2015 तक किसी भी दिन व्यक्तिगत भुगतान चलान को इसरो सिस्टम/लिंकसे प्रिंट ले सकते हैं और निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात, 10.07.2015 तक आवेदन शुल्क जमा कर सकते हैं। आवेदन शुल्क जमा कराने पर चलान की एक प्रति (बैंक प्रति) बैंक के पास रहेगी जिसमें से एक (इसरो प्रति) **अभ्यर्थी को आवेदन भरने के सात दिनों के अंदर और किसी भी स्थिति में 17.07.2015 से पहले,** लिफाफे पर **''आई.सी.आर.बी.-वैज्ञानिक/अभियंता-एस.सी. की भर्ती'' लिखते हुए केवल साधारण डाक द्वारा प्रशासन अधिकारी (आई.सी.आर.बी.), इसरो मुख्यालय, अंतरिक्ष भवन, न्यू बी.ई.एल. रोड, बेंगलूरू-560094** को भेजनी होगी। शेष चलान फार्म (अभ्यर्थी प्रति) को अभ्यर्थी भविष्य संदर्भ हेतु अपने पास रखें। भुगतान केवल नकद जमा द्वारा किया जाएगा। आवेदन शुल्क का भुगतान अन्य किसी माध्यम जैसे नकद, चेक, ड्राफ्ट, मनीआर्डर, आई.पी.ओ. आदि द्वारा स्वीकार्य नहीं होगा। जिस आवेदन के संबंध में निर्धारित आवेदन शुल्क के भुगतान के चलान की प्रति (इसरो प्रति) 17.07.2015 तक इसरो मुख्यालय में प्राप्त नहीं होगी, ऐसे आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

**महिला, अनुसूचित जाति (अनु.जा.); अनुसूचित जनजाति (अनु.ज.जा.), भूतपूर्व सैनिक (भू.सै.) तथा विकलांग अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।** फिर भी, आवेदन के ऑनलाईन पंजीकरण के बाद, इसरो सिस्टम से अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत पंजीकरण फार्म डाउनलोड करके प्रिंट करना होगा, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पंजीकरण संख्या, विज्ञापन संख्या तथा पद कोड होगा। इसे भविष्य के संदर्भ हेतु रखना होगा।

ऐसे अभ्यर्थी जो पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र की ईकाईयों या स्वायत्त निकायों में कार्यरत हैं, उनको ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ संबंधित नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र', पंजीकरण संख्या तथा पद कोड निर्दिष्ट करते हुए **प्रशासन अधिकारी (आई.सी.आर.बी.), इसरो मुख्यालय, अंतरिक्ष भवन, न्यू बी.ई.एल. रोड, बेंगलूरू-560094 को आवेदन भरने के सात दिनों के अंदर और किसी भी स्थिति में 17.07.2015 तक** भेजना होगा।

**इसरो मुख्यालय, बेंगलूरु को भेजे जाने वाले दस्तावेज**

<table>
<tr><td>महिला अभ्यर्थी</td><td rowspan="4">कोई भी दस्तावेज भेजना आवश्यक नहीं, परंतु जब भी आवश्यक हो, तब सभी सुसंगत दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा।</td><td rowspan="5">जो पहले से ही केंद्र/ राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत है, संबंधित नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र', प्रस्तुत करें।</td></tr>
<tr><td>अनु.जा./अनु.ज.जा. अभ्यर्थी</td></tr>
<tr><td>विकलांग अभ्यर्थी (पी.डब्ल्यू.डी.)</td></tr>
<tr><td>भूतपूर्व सैनिक</td></tr>
<tr><td>अ.पि.व. अभ्यर्थियों सहित अन्य</td><td>चलान की इसरो प्रति</td></tr>
</table>

**चयन प्रक्रियाः अभ्यर्थियों को अर्हता प्राप्त डिग्री जैसे बी.ई./बी.टेक या समतुल्य में कम से कम 65% अंक सहित प्रथम श्रेणी प्राप्त होना चाहिए। लिखित परीक्षा 11.10.2015 को दस केंद्रो जैसे अहमदाबाद, बेंगलूरू, भोपाल, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, नई दिल्ली तथा तिरूवनंतपुरम** में आयोजित की जाएगी। फिर भी, संगठन के पास लिखित परीक्षा स्थल को रद्द/बदलने और अभ्यर्थियों को अन्य परीक्षा स्थल पुनर्निधारित करने का अधिकार सुरक्षित है। चुने गए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु बुलावा पत्र सेप्टेम्बर 2015 के अंतिम सप्ताह में ई-मेल द्वारा ही भेजे जाएँगे। लिखित परीक्षा के आधार पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा। लिखित परीक्षा छँटनी का मात्र प्रथम चरण है तथा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक अंतिम चयन प्रक्रिया के लिए विचारणीय नहीं होगा। अंतिम चयन साक्षात्कार में अभ्यर्थियों के निष्पादन पर आधारित होगा तथा वे अभ्यर्थी जिन्हें साक्षात्कार में कम से कम 60% अंक प्राप्त हुए हैं, चयन पैनल में गुणानुक्रम के आधार पर पैनल में रखे जाने के लिए पात्र होंगे।

**वेतन एवं भत्ते :** चयनित अभ्यर्थी ₹5400/- के श्रेणी वेतन के साथ ₹15600-39100 के वेतन बैण्ड में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' के रूप में नियुक्त किए जाएंगे। वर्तमान में न्यूनतम वेतनमान में कुल परिलब्धियां लगभग ₹44,730/- प्रतिमाह होंगी। इसके अतिरिक्त, ऐसे अभ्यर्थी जो विभागीय आवास और परिवहन सुविधा का इस्तेमाल नहीं करते हैं, उन्हें मकान किराया भत्ता (एच.आर.ए.) एवं परिवहन भत्ता तैनाती के स्थान पर लागू निर्धारित दर पर देय होगा। कर्मचारियों को नई पेंशन योजना में शामिल किया जाएगा। इसरो में नियुक्ति पर अन्य सुविधाएं जैसे स्वयं एवं आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, रियायती दर पर कैंटीन सुविधा, सरकारी परिवहन इस्तेमाल न किए जाने पर परिवहन भत्ता, नव नियुक्तों को एच.आर.ए. के एवज में सीमित आवासीय सुविधा, छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, वाहन खरीदने एवं मकान इत्यादि बनाने हेतु अग्रिम, इत्यादि, केंद्र सरकार के आदेशानुसार दिया जाता है।

**अन्य शर्तें/अनुदेश :** अभ्यर्थी आवेदन पत्र के ड्राप-डाउन मैन्यु (चरण-3) में उल्लेखित किसी भी विषय में पद के लिए आवेदन दे सकते हैं * पद अस्थायी हैं, परन्तु इनके जारी रहने की संभावना है * उपरोक्त उल्लेखित पदों की संख्या अस्थायी है तथा वास्तविक आवश्यकता के आधार पर बदलाव हो सकता है। * नियुक्तों को, जब कभी आवश्यक हो, भारत में स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र/यूनिट में तैनात किया जा सकता है (इसरो केंद्रों/यूनिटों की जानकारी के लिए कृपया http://www.isro.gov.in/isro_centres.html देखें) * अभ्यर्थियों को प्रकार्यात्मक आवश्यकताओं के आधार पर चौबीसों घंटे काम करना पड़ सकता है * साक्षात्कार में भाग लेने आने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन में दर्शाए गए शहर से सबसे छोटे मार्ग से साक्षात्कार के स्थान तक ट्रेन के द्वितीय श्रेणी के आने-जाने के किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी (इस उद्देश्य हेतु पता और शहर में बदलाव होने पर विचार नहीं किया जाएगा) * साक्षात्कार हेतु बुलाए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय ऑनलाइन आवेदन में दिए गए विवरणों के सत्यापन के लिए सभी संबंधित मौलिक दस्तावेजों प्रस्तुत करने होंगे * यदि ऑनलाइन दी गई सूचना गलत या झूठी पाई गई तो अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं किया जाएगा और उसे यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा * लिखित परीक्षा के लिए कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा * इसरो के पास, यदि चाहे तो, कोई भी पद या सभी पद न भरने का अधिकार सुरक्षित है * केवल भारतीय नागरिक आवेदन भेजें * किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा * किसी भी स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी icrb@isro.gov.in पर मेल भेज सकते हैं। **सरकार कार्यदल में लिंग संतुलन को बनाए रखने के लिए प्रयासरत है और इसलिए महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करती है।**

अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना है कि वह आवेदन पत्र के साथ-साथ इस विज्ञापन में दिए गए अनुदेशों का पालन करते हुए आवश्यकताओं और योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि विज्ञापन को ठीक से पढ़े और आवेदन-पत्र भरें तथा इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें।

लिखित परीक्षा के बाद तीन कार्य दिवस के अंदर अर्थात 14.10.2015 को उत्तर कुंजियों को इसरो वेबसाइट में प्रकाशित किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां वैद्य औचित्य के साथ, यदि कोई हों, को icrb@isro.gov.in पर ई-मेल द्वारा वेबसाइट पर उत्तर कुंजियों के प्रकाशित होने के पाँच कार्य दिवस के अंदर (अर्थात् 19.10.2015 को या उससे पहले) भेज सकते हैं। उसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

**अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए**

**इसरो वेबसाईट www.isro.gov.in देखें।**

रो.स. 12/39

# दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड

## रोज़गार सूचना

दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड, (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के अधीन) द्वारा में निम्नलिखित पदों पर पदों के साथ दी गयी पद्धति के अनुसार तथ केन्द्रीय वेतनमान महंगाई भत्ता जो प्रत्येक पद के साथ दर्शाया गया है एवं कम्पनी के नियमों के अनुसार अन्य भत्ते जैसे कि मकान किराया/आवास/परिवहन सुविधा/एलटीसी आदि पर योग्य आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**क : प्रतिनियुक्ति के आधार पर :** प्रतिनियुक्ति पदों हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु 56 वर्ष। प्रतिनियुक्ति नियमित नियम एवं शर्तों के अनुसार जो कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के अधिनियम OM No: 6/8/2009-Estt. (Pay.II) दिनांक 17.06.2010 तथा जिसे समय–समय पर संशोधित किया गया है के अनुसार।

**i) प्रबंधक (वित्तीय)** – रु. 1900-39100 के पे बैण्ड तथा रु 7,600 ग्रेड पे पर (दिल्ली पावर कम्पनी लिमिटेड में एक पद)

**क.योग्यता अर्हताएं** : केन्द्रीय /राज्य/यूटी सरकार /पीएसयू/ स्वायत निकायों के आग्रेनाइज्ड एकाऊन्ट्स के अधिकारी:

(i) नियमित आधार पर समकक्ष पदों पर कार्यरत :

(ii) रु. 10,000-15,200 (पूर्व–संशोधित) के वेतनमान पर 02 वर्षों से कार्यरत हो, अथवा समतुल्य; (जो रु. 15600-39100 + ग्रेड पे रु. 6600/- पर संशोधित किया गया है)

अथवा

(iii) रु. 8,000-13, 500 (पूर्व संशोधित) के वेतनमान पर 07 वर्षों से कार्यरत हो, अथवा समतुल्य; (जो रु. 15600-39100 + ग्रेड पे रु. 5400/- पर संशोधित किया गया है) एवं जिनके पास निम्नलिखित हो :

**योग्यता एवं अनुभव :–**

**(क)** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या सबआर्डिनेट एकाऊन्ट्स सर्विसेज से स्नातक के साथ चार्टेड एकाऊन्टेसी अथवा ICWA अथवा 02 वर्षों का पूर्णकालिक MBA (फाइनेन्स). आर्गेनाइज्ड एकाऊन्ट्स सेवा विभाग के सदस्यों पर भी विचार किया जा सकता है बशर्ते कि उन्हें कम्पनी एकाऊन्ट्स में कार्य का अनुभव हो।

**(ख) अनुभव** : शिक्षा प्राप्ति के बाद एक कम्प्यूटराइज्ड वातावरण में कम्पनी एकाऊन्ट्स को निश्चय करने का अनुभव हो एवं जिसमें कैश एवं बैंक, बजटिंग एवं टैक्सेशन आदि सम्मिलित हो, का 8 वर्षों का अनुभव

**(ख) सीधी भर्ती आधार पर :**

**(i) प्रबंधक (वित्तीय)**– रु. 19000-39100 के पे बैण्ड तथा रु 7,600 ग्रेड पे (दो पद–01 पद अ.पि.व. श्रेणी हेतु एवं 01 पद अनारक्षित हेतु)

(क) किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से स्नातक

(ख) योग्यता प्राप्त चार्टेड एकाऊन्टेन्ट अथवा ICWA;

अथवा

किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से दो वर्षों का पूणकालिक MBA (फाईनेन्स)

**(ग)अनुभव:** शिक्षा प्राप्ति के बाद किसी बड़े सरकारी/निजी क्षेत्र की कम्पनी में कम्पनी एकाऊन्ट्स को निश्चय करने का अनुभव हो एवं जिसमें कैश एवं बैंक, बजटिंग एवं टैक्सेशन आदि सम्मिलित हो, का 10 वर्षों का अनुभव

**क एवं ख हेतु वांछनीय:** पावर क्षेत्र, इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में अनुभव वालों को प्राथमिकता।

**आयु सीमा** : 52 वर्षो से अधिक नहीं (नियमों के अनुसार अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. एवं सरकारी अधिकारियों को छूट)

**(i) श्रमिक कल्याण अधिकारी:** दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड, (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के अधीन) सीधी भर्ती के आधार पर रु. 19000-39100 के पे बैण्ड तथा रु 54,00 ग्रेड पे (एक पद) पर

**क. अनिवार्य:**

(i) किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक

(ii) किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से औद्योगिक संबंध एवं श्रमिक कल्याण में डिग्री/ डिप्लोमा

अथवा

किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सामाजिक विज्ञान एवं अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री

(iii) शिक्षा प्राप्ति के बाद श्रमिक कल्याण कार्य में दो वर्षों का अनुभव

**ख. वांछनीय:**

(i) किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से विधि की डिग्री

(ii) हिन्दी की जानकारी

**आयु सीमा** :– 30 वर्षो से अधिक नहीं (नियमों के अनुसार अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. एवं सरकारी अधिकारियों को छूट)

इच्छुक एवं योग्य अधिकारी अपने पिछले 5 वर्षों के एसीआर के सारांश तथा सतकर्ता/अनुशासन क्लीयरेन्स के साथ उचित माध्यम से अपना आवेदन निम्नलिखित के समेत **उप महा प्रबंधक (एचआर) – दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड, छठा तल, शक्ति सदन, कोटला रोड, नई दिल्ली–110002, (दूरभाष : 23232580)**

नाम, जन्म तिथि, डाक पता, टेलीफोन न., शैक्षिक योग्यताएं, जिस पद पर वर्तमान में कार्यरत हैं, वर्तमान में कार्यरत पद पर पदासीन होने की तिथि तथा वेतनमान, (विशेष रुप से किसी नियमित पद पर वेतनमान तथा कार्यरत होने की तिथि का वर्णन करें)

आवेदन शुल्क (सिर्फ सीधी भर्ती के पदों हेतु):

सामान्य एवं अ.पि.व. श्रेणी के आवेदकों को रु 500/- (सिर्फ रु. पाँच सौ) का डिमान्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर जो कि दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली में देय हो, का भुगतान करना होगा। अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणी के आवेदकों के लिए आवेदन शुल्क की छूट।

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक/योग्य उम्मीदवार संलग्न वांछित प्रारुप में (जो कि डीटीएल की वेबसाइट **http://dtl.gov.in/D/Careers.htm** से डाउनलोड किया जा सकता है), स्व सत्यापित सम्पूर्ण शैक्षिक योग्यता, अंक पत्र(त्रों) एवं जाति प्रमाण पत्रों (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व की दशा में), अनुभव प्रमाण पत्रों आदि के साथ अपना आवेदन **उप महा प्रबंधक (एचआर), दिल्ली ट्रासको लिमिटेड, छठा तल, शक्ति सदन बिल्डिंग, कोटला रोड़, नई दिल्ली- 110002** के कार्यालय में इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तिथि के **30 दिनों** के अंदर भेज सकते हैं। आवेदकों को हाल का ही खीचा गया पासपोर्ट साईज फोटोग्राफों की दो प्रतिया संलग्न करनी होगी, एक को आवेदन प्रारुप में दिये गये स्थान पर चिपकाना होगा तथ दूसरे को बायो–डाटा के साथ संलग्न करना होगा

आयु सीमा एवं योग्यता की निर्णायक तिथि की गणना आवेदन प्राप्त करने की तिथि से किया जाएगा

इस विज्ञापन के संदर्भ में कोई भी संशोधन/शुद्धिपत्र डीटीएल की वेबसाइट **www.dtl.gov.in** पर ही अपलोड किया जाएगा। सभी को सूचित किया जाता है किसी भी बदलाव/ संशोधन हेतु डीटीएल वेबसाइट को समय–समय पर देखें।

नियुक्ति अधिकारी के पास निर्धारित मानदंड में कोई भी संशोधन/बदलाव/ छूट देने का अधिकार सुरक्षित है।

**नोट:** अ.पि.व. हेतु आरक्षित पद का आरक्षण सुविधा सिर्फ अपिव कोटा दिल्ली की केन्द्रीय सूची तथा अ.पि.व. शासन पत्र दिल्ली की परिभाषा के तथा सरकार की स्वीकृति के अनुसार

**नोट:** रिक्तियों की संख्या को बढ़ाया या घटाया जा सकता है। रिक्तियों को विज्ञापित करने पर नियुक्ति अनिवार्य नहीं है। डीटीएल के पास किसी भी पद पर नियुक्ति को रद्द / वापिस लेने का अधिकार सुरक्षित है।

पीआर/15-16/08

**उपरोक्त रोजगार सूचना से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/सुधार अगर जारी किया गया तो उसे सिर्फ उपरोक्त वेबसाइट पर डाला जाएगा।**

रोस 12/45

---

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली–110002

मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (इहबास) दिल्ली मे निदेशक पद के लिए योग्य चिकित्सा पेशेवरों, जो निम्न मानदंडो को पूरा करते हैं, से आवेदन आमंत्रित किये जाते है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ऊपरी आयु सीमा | : | 60 वर्ष से कम |
| 2. | आवश्यक योग्यताएं | : | मनोरोग या न्यूरो सांइस या संबद्ध विज्ञान के क्षेत्र में मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर चिकित्सा की डिग्री |
| 3. | अनुभव | : | (क) स्नातकोत्तर की डिग्री के बाद कम से कम 21 वर्षों का शिक्षण और/अथवा अनुसंधान अनुभव<br>(ख) मनोरोग विज्ञान, न्यूरो सांइस या संबंधित एलाइड सांइस में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव<br>(ग) AIIMS, NIMHANS इत्यादि जैसे संस्थान में प्रोफेसर के रुप में अथवा केन्द्रीय सरकार या रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार के चिकित्सा संस्थानों में निदेशक–प्रोफेसर अथवा समकक्ष मे 07 वर्षों का अनुभव<br>(घ) उपरोक्त (ख) में लिखित बातों को न परवाह करते हुए किसी तुलनीय श्रेष्ठ संस्थान में निदेशक/प्रमुख के रुप में सेवा की हो, वे उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते है |
| 4. | नियुक्ति की विधि | : | प्रत्यक्ष चयन/प्रतिनियुक्ति/प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण |
| 5. | नियुक्ति की अवधि | : | पांच वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक अथवा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त उम्मीदवारों के लिए उसकी/उसके मूल काडर में सेवानिवृत्ति की आयु तक, जो भी शीघ्र हो |
| 6. | वेतन | : | रु. 80,000/– (निश्चित) + एनपीए और छठें वेतन आयोग की सिफारिश के अनुसार लागू अन्य भत्ते |
| 7. | आवेदन की अंतिम तिथि | : | 3 जुलाई, 2015 |

**नोट:**– केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, स्वायत्त निकायों या सांविधिक निकायों में काम कर रहे उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा। अग्रिम प्रति हालांकि, नियत तारीख के भीतर भेजा जाना चाहिए। मूल प्रति या अनापत्ति प्रमाण पत्र उचित माध्यम द्वारा संस्थान में व्यक्तिगत चर्चा/साक्षात्कार के समय या पूर्व पहुंच जानी चाहिए।

इस प्रतिष्ठित सुपर–स्पेशिलिटी संस्थान में कथित शीर्ष पद के लिए संबंधित क्षेत्र से इच्छुक समर्पित पेशेवर निम्न स्वरूप में अपना आवेदन के साथ एक फोटोग्राफ (आवेदन पर चिपकाकर) और सभी संबंधित दस्तावेजों/प्रमाण पत्र की प्रतियां जमा करें।

1. नाम; 2. लिंग; 3. जन्म तिथि; 4. पिता/पति का नाम; 5. वर्तमान पता; 6. स्थायी पता; 7. नागरिकता; 8. ईमेल पता एवं मोबाइल नम्बर

9. डिग्री सहित शैक्षणिक/अन्य योग्यताएं (नीचे दी गई तालिका के अनुसार):–

| क्र. संख्या | परीक्षा उत्तीर्ण | उत्तीर्ण वर्ष | अंको का %/ ग्रेड/ प्रयास की संख्या | महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|

10. प्रथम स्थिति से शुरु रोजगार का विवरण (नीचे दी गई तालिका के अनुसार) :–

| नियोक्ता का नाम | धारित पद का नाम (अस्थायी या मूल) | पद ग्रहण की तिथि | पद छोड़ने की तिथि | अवधि | वेतनमान | वर्तमान वेतन तथा भत्ते |
|---|---|---|---|---|---|---|

11. विशेषज्ञता का क्षेत्र; 12. भाषाओं का ज्ञान (पढ़ना, लिखना, समझना और बोलना); 13. यदि चयनित होते हैं, तो पद ग्रहण का वांछित समय; 14. दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम व पते जो व्यक्तिगत ज्ञान से पद के लिए आपके फिटनेस की गवाही देने की स्थिति में हो; 15. वैज्ञानिक सोसायटी की सदस्यता/प्रबंधन पाठ्यक्रम इत्यादि अतिरिक्त योग्यता; 16. प्रकाशन की पूरी सूची; 17. संलग्नों की सूची; 18. वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र या/अथवा अग्रेषण, कार्यरत है: (अग्रिम प्रति प्रत्याशा में प्रस्तुत किया जा सकता है); 19. आवेदन पत्र में दी गई जानकारी/सूचना की सत्यता के बारे में घोषणा/प्रतिज्ञा देना (अपने ज्ञान और विश्वास के अनुसार); 20. तिथि के साथ हस्ताक्षर।

**सभी तरह से पूर्ण आवेदन प्रमाणपत्र, प्रशंसापत्र, संदर्भ आदि की प्रतियों के साथ नियत तिथि तक इहबास मे निम्न पते पर अवश्य पहुंचाए: श्री एस.पी. जयसवाल, संयुक्त निदेशक (प्रशा0) मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान, दिलशाद गार्डन, दिल्ली–110095**

इहबास के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया लॉग ऑन करें वेबसाइट : www.ihbas.delhigovt.nic.in

सचिव (स्वास्थ्य एवं प.क.)
रा.रा.क्षेत्र दिल्ली सरकार

सू.प्र.नि./0392/15-16

*मानसिक बीमारी का इलाज संभव है* रो.स. 12/20

---

# प्रतिभूति कागज कारखाना होशंगाबाद-461005 (म.प्र)

(भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की इकाई)
भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन की मिनीरत्न श्रेणी-1 सी. पी. एस. ई
एवं आई .एस .ओ. 9001:2008 एवं आई. एस. ओ. 1 4001:2004 प्रमाणित

क्रमांक : एडम/1(33)/चिकित्सक/विज्ञा.क्र.11 दिनांक : 29-05-2015

## चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति

प्रतिभूति कागज कारखाना, प्रतिभूति दस्तावेजों/करेंसी तथा बैंक नोट, नॉन-ज्यूडीशियल स्टाम्प, कागज की डिजाइनिंग, निर्माण/मुद्रण, सिक्कों की ढलाई, डाक टिकटों आदि के उद्देश्य से कंपनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत 13.01.2006 को निगमित भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली मिनी रत्न कैटेगरी-I सेन्ट्रल पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राईजेस कंपनी, भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) के अन्तर्गत नौ इकाईयों में से एक है। वित्त मंत्रालय के प्रशासकीय नियंत्रण वाले एसपीएमसीआईएल का पंजीयन तथा निगम मुख्यालय जवाहर व्यापार भवन, नई दिल्ली में है। प्रतिभूति कागज कारखाना, होशंगाबाद (भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की एक इकाई) एक संविदा चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति हेतु आवदेन आमंत्रित करता है जिन्हें आवश्यकता होने पर नियुक्त किया जाएगा। पद संबंधी विवरण आवश्यक योग्यता तथा प्रत्येक चिकित्सक को देय एकमुश्त परिलब्धियों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | पदनाम | योग्यता | देय परिलब्धियाँ | अनुबंध की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | अनिवार्य :-<br>मेडिकल कॉंसिंल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से एम.बी.बी.एस. डिग्री के साथ 3 वर्षो या अधिक का कार्यानुभव। | रु. 45,000/- प्रतिमाह (एकमुश्त) | प्रारंभ में 1 वर्ष के लिए परन्तु कार्य निष्पादन को देखते हुए 3 वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है। |
| | | अथवा :-<br>मेडिकल कॉंसिंल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से एम.बी.बी.एस. डिग्री के साथ 3 से 7 वर्षों के बीच का कार्यानुभव। | रु. 55,000/- प्रतिमाह (एकमुश्त) | |
| | | वांछनीय :-<br>राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से तीन माह की अवधि वाला औद्योगिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र डिप्लोमा होना चाहिए। | | तैनाती स्थल :- एस. पी.एम., होशंगाबाद |

समस्त प्रमाणपत्रों की प्रमाणित प्रतियाँ तथा हाल ही का पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न कर संपूर्ण रूप से भरा हुआ निर्धारित प्रपत्र, महाप्रबंधक, प्रतिभूति कागज कारखाना, होशंगाबाद (म.प्र.) - 461005 के पास दिनांक 30/06/2015 को या उसके पहले पहुँच जाना चाहिए।

उप प्रबंधक (मा.सं.) हेतु-महाप्रबंधक

रो.स. 12/9

---

# आईसीएआर - डायरेक्टोरेट ऑफ रेपसीड-मस्टर्ड रिसर्च

सेवर, भरतपुर (राज.) 321303
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
विज्ञा. सं. 1/2014
अधिसूचना

दि. 27 दिसं 2014 के रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन सं. 1/2014 के संदर्भ में, 904 आवेदन विलंब से प्राप्ति के कारण रद्द कर दिए गए हैं. विवरण के लिए हमारी वेबसाइट **www.drmr.res.in** देखें

रो.स. 12/82 प्रशासनिक अधिकारी

---

भारत सरकार

# वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो अनुबंधात्मक आधार पर आईटी कंसल्टेंट/साइबर अपराध विशेषज्ञ को नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है. विवरणों के लिए कृपया **http://envfor.nic.in/advertisements** और **http:/wccb.gov.in** देखें. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2015 है.

(एस.बी.नेगी)
अतिरिक्त निदेशक

रो.स. 12/41

# भर्ती सूचना
# मुख्यालय दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि

दक्षिणी नौसेना कमान कोच्चि के अंतर्गत कोच्चि, अलुवा, एझीमाला, कोयम्बटूर आदि विभिन्न यूनिटों में उपलब्ध निम्नांकित पदों/रिक्तियों के लिए निर्धारित मानदंड पूरे करने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं.

| क्र. सं. | पद/वेतनमान | आयु/शैक्षिक योग्यता, वांछनीय योग्यता, अनुभव | रिक्तियों की संख्या (परिवर्तन की संभावना): रिक्तियों की कुल संख्या | आरक्षित: अना | अपिव | अजा | अजजा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | | | |
| 1 | चार्जमैन (एयर इंजीनियरिंग) (रु. 9300-34800 जीपी 4200/-) (पीबी-2) | **आयु:** 18 से 30 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** उम्मीदवार ने पेटी ऑफिसर या समकक्ष रैंक धारण किया हो और सेना, नौसेना या वायुसेना की उपयुक्त तकनीकी शाखा में 7 वर्ष की सेवा पूरी की हो/अनुभव प्राप्त किया हो. **अथवा** एरोनॉटिकल या इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल या दूर संचार या ऑटोमोबाइल इंजीनियरी में डिप्लोमा **अथवा** मैट्रिकुलेशन के साथ मान्यताप्राप्त प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त किया हो और सम्बद्ध ट्रेड में 05 वर्ष का अनुभव हो. | 1 | 1 | - | - | - | |
| 2 | एमटी फिटर (एसके) (रु. 5200-20200 जीपी 1900/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 30 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. 2. किसी सर्विस गैराज में मोटर ट्रांसपोर्ट फिटर के रूप में 3 वर्ष का अनुभव. | 3 | 2 | 1 | - | - | 01 पद समस्तर आधार पर भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित है. |
| 3 | वेल्डर (एसके) (रु. 5200-20200 जीपी 1900/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 25 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष योग्यता अंग्रेजी की जानकारी के साथ उत्तीर्ण की हो. 2. सम्बद्ध ट्रेड में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त किया हो **अथवा** मैकेनिक या समकक्ष पद धारण किया हो और सेना, नौसेना या वायुसेना की उपयुक्त तकनीकी शाखा में 2 वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो/अनुभव प्राप्त किया हो. | 2 | - | - | - | 2 | |
| 4 | बगलर इंस्ट्रक्टर (रु. 5200-20200 जीपी 1900/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 25 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. 2. स्टॉफ नोटेशन से संगीत की जानकारी प्राप्त की हो. 3. सेना, नौसेना या वायुसेना में बगलर कार्नेट या ट्रम्पेट प्लेयर के रूप में उपयुक्त तकनीकी शाखा में 4 वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो. | 1 | 1 | - | - | - | |
| 5 | सिनेमा प्रोजेक्शनिष्ट-II (रु. 5200-20200 जीपी 1900/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 25 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. 2. सम्बद्ध राज्य सरकार/नगर निगम आदि द्वारा निर्धारित लाइसेंस अवश्य प्राप्त किया हो. 3. समुचित क्षेत्र/व्यवसाय में 2 वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो. | 1 | - | - | 1 | - | |
| 6 | मैकेनिक एयर रडार (एसके) (रु. 5200-20200 जीपी 1900/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 30 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. 2. उम्मीदवार ने सीमैन-1 या समकक्ष रैंक प्राप्त किया हो और सेना, नौसेना या वायुसेना की समुचित तकनीकी शाखा में 3 वर्ष सेवा पूरी की हो **अथवा** मान्यताप्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से या समकक्ष संस्थान से समुचित/मिलते जुलते क्षेत्र या व्यवसाय में मान्यताप्राप्त प्रशिक्षुता/प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो. **अथवा** व्यवसाय में 02 वर्ष की सेवा पूरी की हो/का अनुभव प्राप्त किया हो. | 2 | 1 | 1 | - | - | |
| 7 | रसोइया (डीएससी) (रु. 5200-20200 जीपी 1900/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 25 वर्ष के बीच # **अनिवार्य** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. 2. भारतीय रसोई के बुनियादी सिद्धांतों की जानकारी अवश्य हो और खाना पकाने में अनुभव प्राप्त किया हो. | 6 | 4 | 2 | - | - | 01 पद समस्तर आधार पर भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित है. |
| 8 | माली (अब एमटीएस (नॉन इंडस्ट्रियल) (रु. 5200-20200 जीपी 1800/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 25 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. **वांछनीय:** व्यवसाय में एक वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो. | 4 | - | 1 | 1 | 2 | 01 पद समस्तर आधार पर भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित है. |
| 9 | धोबी (अब एमटीएस (नॉन इंडस्ट्रियल) (रु. 5200-20200 जीपी 1800/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 40 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. 2. व्यवसाय में कुछ अनुभव प्राप्त किया हो. **वांछनीय:** हिन्दी या क्षेत्रीय भाषा की जानकारी हो. | 8 | 2 | 4 | 2 | - | |
| 10 | नाई (अब एमटीएस (नॉन इंडस्ट्रियल) (रु. 5200-20200 जीपी 1800/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 25 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. 2. नाई के व्यवसाय में प्रवीणता प्राप्त की हो. **वांछनीय:** हिन्दी या क्षेत्रीय भाषा की जानकारी हो. | 5 | 2 | 1 | 2 | - | |
| 11 | कीट नियंत्रण श्रमिक (रु. 5200-20200 जीपी 1800/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 25 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष योग्यता प्राप्त की हो और हिंदी/क्षेत्रीय भाषा पढ़ने और बोलने में सक्षम हो तथा भूतपूर्व सैनिक के लिए उम्मीदवार ने सेना, नौसेना या वायुसेना की समुचित शाखा में टोपास-II या समकक्ष रैंक प्राप्त किया हो. | 3 | 2 | - | 1 | - | 01 पद समस्तर आधार पर भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित है. |
| 12 | वार्ड सहायिका (अब एमटीएस (नॉन इंडस्ट्रियल) (रु. 5200-20200 जीपी 1800/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 40 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. 2. व्यवसाय में एक वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो. **वांछनीय:** हिन्दी या क्षेत्रीय भाषा की जानकारी हो. | 2 | - | 1 | 1 | - | |
| 13 | कॉपी कैट ऑपरेटर (रु. 5200-20200 जीपी 1800/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 30 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. 2. फोटो/फिल्म स्टूडियो में 1 वर्ष का कार्यानुभव प्राप्त किया हो. प्रिंटिंग, फोटो फिल्मों की डिवलोपिंग और एनलार्जिंग तथा अनुषंगी कार्य की अच्छी जानकारी हो. | 1 | 1 | - | - | - | |
| 14 | लैब अटेन्डेन्ट (अब एमटीएस (नॉन इंडस्ट्रियल) (रु. 5200-20200 जीपी 1800/-) (पीबी-1) | **आयु:** 18 से 27 वर्ष के बीच # **अनिवार्य:** 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष योग्यता के साथ किसी मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला या केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत प्रयोगशाला में एक वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो. | 1 | 1 | - | - | - | |

# निर्धारित आयु सीमा की गणना आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को की जायेगी.

नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र में ए-4 आकार के कागज़ पर अंग्रेजी/हिंदी में टंकित आवेदन आयु, शैक्षिक योग्यताएं, अनुभव, जाति (जहां कहीं लागू हो), डिस्चार्ज सर्टिफिकेट/अनापत्ति प्रमाणपत्र (भूतपूर्व सैनिकों के लिए), विकलांगता प्रमाणपत्र (शारीरिक विकलांग के लिए), के समर्थन में राजपत्रित अधिकारी द्वारा साक्ष्यांकित या स्व-साक्ष्यांकित फोटो प्रतियों, और फोटोग्राफ की 02 अतिरिक्त प्रतियों (जिनके पीछे उम्मीदवार का नाम लिखा गया हो) के साथ इस विज्ञापन के प्रथम प्रकाशन की तारीख से **21 दिन के भीतर "द फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ (एसओ (सीआरसी) के लिए), मुख्यालय, दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि-682004, केरल"** के पते पर पहुंच जाने चाहिएं.

असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू कश्मीर राज्य की लद्दाख डिवीजन, हिमाचल प्रदेश का लाहौल और स्पिति जिला, तथा चम्बा जिले की पांगी सब-डिवीजन, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप और कवरत्ती द्वीप समूह के उम्मीदवारों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख इस विज्ञापन के प्रथम प्रकाशन की तारीख से **28वें दिन** पड़ने वाली तारीख होगी.

आवेदन के लिफाफे के बाहर स्पष्ट अक्षरों में आवेदित पद का नाम और श्रेणी यानी अजा/अजजा/अपिव/अना/भूपूसै लिखा जाना चाहिए. यथा:-

"............... के पद के लिए आवेदन और श्रेणी..........................."

**नोट:-**

(1) आयु में छूट (निम्नांकित श्रेणियों के लिए लागू)

| | | |
|---|---|---|
| (i) अजा/अजजा के लिए | : | 05 (पांच) वर्ष तक छूट |
| (ii) अपिव के लिए | : | 03 (तीन) वर्ष तक छूट |
| (iii) शावि (अना श्रेणी) के लिए | : | 10 (दस) वर्ष तक छूट |
| (iv) शावि (अजा/अजजा श्रेणी) के लिए | : | 15 (पन्द्रह) वर्ष तक छूट |
| (v) शावि (अपिव श्रेणी) के लिए | : | 13 (तेरह) वर्ष तक छूट |

(vi) विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और पतियों से न्यायिक दृष्टि से विलग लेकिन जिन्होंने पुनः विवाह न किया हो ऐसी महिलाओं की समूह 'ग' पदों पर नियुक्ति के लिए आयु में छूट निम्नांकित अनुसार दी जाएगी:- अना-35 वर्ष, अपिव-38 वर्ष, अजा/अजजा-40 वर्ष

(vii) प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षुता प्रशिक्षण अवधि के समान अवधि के लिए आयु में छूट दी जाएगी.

(2) केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान/स्वायत्त निकाय में कार्यरत आवेदकों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए और वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र आवेदन के साथ संलग्न करना चाहिए.

(3) बिना हस्ताक्षर के या किसी भी रूप में अधूरे या उपरोक्त दस्तावेज से रहित आवेदन सिरे से खारिज कर दिए जाएंगे.

(4) आवेदन केवल डाक सेवा के जरिए भेजे जाने चाहिए. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे प्राइवेट कूरियर सेवाओं के जरिए **आवेदन न भेजें**. डाक में होने वाली देरी/आवेदन, परीक्षा/इंटरव्यू आदि के लिए कॉल लैटर प्राप्त न होने तथा आवेदन अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा.

(5) सक्षम प्राधिकारी अपने विवेकाधिकार से बिना कोई सूचना दिए और बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन कर सकता है.

(शेष पृष्ठ 9 पर)

## आईसीएआर-कृषि विज्ञान केन्द्र, अरियालुर

(क्रीड, चिंदबरम द्वारा आयोजित)

चोलामादेवी, अरियालुर जिला-612902, टीएन. फो. : 04331-290335

**अपेक्षित**

1. प्रोग्राम कोआर्डिनेटर/ वरिष्ठ वैज्ञानिक - 1 पद
   वेतनमान रु. 37400 - 67000 और ग्रेड वेतन : रु 9000
2. विषय मामला विशेषज्ञ (भू-विज्ञान)-1 पद
   वेतनमान रु. 15600 - 39100 और ग्रेड वेतन रु. 5400
3. विषय मामला विशेषज्ञ (वनस्पति रक्षण) - 1 पद
   वेतनमान रु. 15600 - 39100 और ग्रेड वेतन रु. 5400
4. प्रोग्राम सहायक (खेत प्रबंधक) -1 पद
   वेतनमान रु. 9300 - 34800 और ग्रेड वेतन रु. 4200
5. सहायक - 1 पद (वेतनमान रु. 9300 - 34800 और ग्रेड वेतन रु. 4200)

**नोट:** जो आवेदक पूर्व में प्रकाशित विज्ञापनों में आवेदन कर चुके हैं, अप्रैल-जुलाई और दिसंबर 2013 के दौरान प्रस्तुत हो चुके हैं उन्हें फिर से आवेदन करना होगा.

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रस्तुत होने की तिथि से 20 दिन है.**

अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.kvk.creed.co.in** देखें. रो.स. 12/51

## विशाखापटनम् पत्तन न्यास

सामान्य प्रशासन विभाग

(कार्मिक प्रभाग)

**रोज़गार सूचना सं. 05/2015, दि. 03-06-2015**

**1. पद का नाम :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (विभागाध्यक्ष)
**2. पदों की सं. :** 1 (एक)
**3. वर्गीकरण :** श्रेणी - 1
**4. वेतनमान :** रु. 20500 - 500 - 26500 (संशोधित वेतनमान रु. 51300-73000)

अन्य विवरणों हेतु : **www.vizagport.com** देखें.
आवेदन पत्र प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि **20-07-2015** है.

रो.स. 12/85 सचिव

## भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम

(भारत सरकार के अन्तर्गत एक मिनीरत्न कम्पनी)

जी.टी. रोड, कानपुर-209 217 (यू.पी.)

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), समाज कल्याण एवं सशक्तिकरण मंत्रालय के अंतर्गत एक पीएसयू अपने मुख्यालय कानपुर अपने सहकारी उत्पादन केन्द्रो बेंगलुरु, भुवनेश्वर, जबलपुर और चानलों (पंजाब) तथा क्षेत्रिय विपणन विपणन केन्द्रों दिल्ली, मुम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद तथा आऊटरीच केन्द्र गुवाहाटी में निम्न पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:-

| क्र. सं. | पद कोड | पद | ग्रेड | वेतनमान | वार्षिक सीटीसी (लगभग) पीआरपी सहित (रु.) | 1.6.15 को उच्चतर आयु सीमा | श्रेणी | पद संख्या | पद योग्यता अनुभव वर्षों में | पद का प्रारम्भिक स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
- (ii) योग्यता – 10 वीं पास – षेफ, ड्रेसर, स्टेवार्ड, वासरमैन, स्पोर्ट स्टाफ (ER) और म्युजिशन। 8 वीं पास– सफाई वाले और मेसकीपर.
- (iii) राज्य – सभी राज्य.
  **म्युजिशन मात्र – सामान्य वर्ग (Open Category)**

(घ) **सोल्जर क्लर्क / एस के टी / आइ एम.**
- (i) आयु – $17^{1/2}$ वर्ष से 23 वर्ष (born between 29 जून 1992 and 29 दिसम्बर 1997 both inclusive).
- (ii) योग्यता – 12 वीं में 50% अंक एवं 40% प्रतेक विषय में, इंग्लिश और गणित/अकाउंट/बुककीपींग अनिवार्य $10^{th}$ या $12^{th}$ में 40% के साथ.
- (iii) राज्य – सभी राज्य (रिलेटिव बंगाल सैपर मात्र).

2. इच्छुक उम्मीदवार अपने साथ हाल ही में लिए गये पासपोर्ट आकार के रंगीन 15 फोटो, प्रमाणित किया हुआ एक सेट और ओरिजनल रिलेशन, शिक्षा तहसीलदार/ एस.डी.एम का हस्ताक्षर किया हुआ निवास प्रमाण पत्र, तहसीलदार/एस.डी.एम/डी.एम. का हस्ताक्षर किया हुआ जाति प्रमाण पत्र, माता पिता द्वारा सहमती प्रमाण पत्र (18 वर्ष से कम उम्र वाले प्रार्थी के लिए), डिस्चार्ज बुक/वेतन बुक/पी.पी.ओ पिता/ भाई का, अविवाहित प्रमाण पत्र और चरित्र प्रमाण पत्र जिस पर सरकारी मुहर तथा ग्राम सरपंच/ हेडमास्टर/प्रधानाचार्य जो कि मान्यता प्राप्त विद्यालय/ महाविद्यालय जहाँ विद्यार्थी पढ़ रहा है (दोनो की वैधेता जारी किये गये दिन से 6 माह की होगी). बिना Docu उम्मीदवार को भर्ती में बैठने नही दिया जायेगा.

हेल्पलाइन नम्बर – 01332–275652, 9219698164 (समय – 0900am-1130am, 1830pm-1930 pm)

सूचना:– रिलेटिव आर्मी पर्सनल मात्र. रिलेटिव नेवी, एयर फोर्स, पैरा मिलिट्री **forces are not eligible.**

रो.स. 12/44

---

# ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

ENERGY IS LIFE — B E E — CONSERVE IT

(पावर मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)

चतुर्थ तल, सेवा भवन, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066

वेबसाइट : www.beeindia.in , फोन 26179699, फैक्स 011-26178352

## सचिव की नियुक्ति

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, ऊर्जा का सक्रिय उपयोग और इसके संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 की व्यवस्था के अधीन पावर मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्थापित एक सांविधिक निकाय है. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो में सचिव पद के लिए मूल संवर्ग में जो भारत सरकार के उपसचिव रैंक के नीचे पद धारण न करते हों, केन्द्र अथवा राज्य सरकारों के अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति आधार पर आवेदन आमंत्रित हैं.

**वेतनमान :** वेतन बैंड - 4 रु. 37400-67000 + ग्रेड वेतन रु. 8700 (संशोधन पूर्व वेतनमान रु. 14300-18300) + केन्द्र सरकार नियमों के अनुसार अन्य भत्ते.

**वांछनीय :** (i) पॉवर के उत्पादन, संचारण, वितरण अथवा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में पांच वर्षों का अनुभव (ii) प्रशासनिक, वित्तीय और बजट संबंधी मामलों में पांच वर्षों का अनुभव

**प्रतिनियुक्ति की अवधि** : सचिव के कार्यालय की अवधि, अपने कार्यालय में प्रवेश करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा मूल संवर्ग में अपनी अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने की तिथि जो भी पहले हो, तक होगी. प्रतिनियुक्ति की अवधि जहां आवश्यक समझी गयी हो, पांच वर्ष की अवधि तक के लिए विस्तारित की जा सकती है.

**तैनाती स्थल :** चयनित उम्मीदवार दिल्ली में पदस्थ किया जाएगा.

इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में अपने आवेदन उचित माध्यम से साथ में दो पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ अवर सचिव (ईसी), पावर मंत्रालय, एफ विंग, द्वितीय तल, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110001 को इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **45 दिनों के भीतर** अग्रेषित कर दें. आवेदन के साथ पिछले 5 वर्षों के पूर्ण वा.गो.रि. सतर्कता मुक्ति और पिछले 10 वर्षों के बड़े छोटे दंड के विवरण संलग्न होने चाहिएं.

अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.beeindia.in** अथवा **http:powermin.nic.in** का अवलोकन करें.

सचिव

**स्वयं एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाएं**

डीएवीपी 34106/11/0022/1516 रो.स. 12/29

---

सं. 11023/7 (एफएएसएएल) 2013-आईटी

भारत सरकार

# कृषि मंत्रालय

कृषि एवं सहकारिता विभाग

लघु-अवधि अनुबंध सहित प्रतिनियुक्ति पर महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र, कृषि विस्तार सदन के नजदीक, आईएआरआई कैम्पस, पूसा, नई दिल्ली (कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय के तहत एक संबद्ध कार्यालय) में उप निदेशक के दो पदों को भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. पद एवं पात्रता मानदंड का ब्यौरा निम्नलिखित है:-

**पद का विवरण:** सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित.

**पे बैंड/ग्रेड पे:** 15600-39100/- रु. (पीबी-3)

**निम्नलिखित योग्यताधारी आवेदन कर सकते हैं:** केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्रों अथवा स्वायत्त संस्थानों अथवा अर्द्ध राजकीय संगठनों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों विश्वविद्यालयों के ऐसे अधिकारी, जो निम्नलिखित अर्हता रखते हैं, आवेदन के पात्र हैं:-

(क)(i) मूल काडर अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश्य पद धारित हो **अथवा**

(ii) मूल काडर अथवा विभाग में पे बैंड-3 (15600-39100 रु.)+ ग्रेड पे 5400 रु. में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा की हो, और

(ख) कॉलम चार में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता अथवा अनुभव रखते हों.

**शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव: अनिवार्य** : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि विज्ञान अथवा कृषि भौतिक अथवा कृषि मौसम विज्ञान अथवा फसल फिजियोलाजी में एमएसटी अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी ब्रांच में बी.टेक. के साथ रिमोट सेंसिग अथवा जियोमेटिक्स अथवा जियोइन्फारमेटिक्स में एम.टेक अथवा भौतिकी अथवा गणित अथवा भूगोल अथवा कृषि में बी.एससी के साथ **और**

(ii) संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री के पश्चात् अनुसंधान अथवा अनुप्रयोग में पांच वर्ष का अनुभव.

नियुक्ति की अवधि (लघु अवधि अनुबंध सहित) तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि-अनुबंध सहित) द्वारा नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. रिक्ति का पूरा ब्यौरा विभाग की अधिकारिक वेबसाइट **www.agricoop.nic.in** और **www.ncfc.nic.in** पर उपलब्ध है.

इच्छुक और पात्र अधिकारियों, जिन्हें चयनित हो जाने की स्थिति में कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन उचित माध्यम से '**अवर सचिव (आईटी), क्र.सं. 385 ख, कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 को भेजे जा सकते हैं**. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख (पिछले पांच वर्षों अर्थात् 2010-11 से 2014-15 की एसीआर/एपीएआर की प्रमाणित फोटो प्रतियों, जो कम से कम अवर सचिव, भारत सरकार के स्तर के अधिकारी से अधिप्रमाणित होनी चाहिए, सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, पिछले दस वर्षों की छोटी/बड़ी शास्ति सहित) रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन के 60 दिन के अंदर तक भेज दें.'

रो.स. 12/15

---

# सीएसआईआर - राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान

नीरी NEERI

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)

नेहरू मार्ग, नागपुर-440 020 (महाराष्ट्र) भारत

फोन.: 0712-2249885-88, एक्स. 445, 245. फैक्स: 0712-2249900 वेबसाइट: www.neeri.res.in

**विज्ञापन संख्या 1/2015**

**(प्रशासनिक पदों के लिए-लघु विज्ञापन-विस्तृत विज्ञापन के लिए वेबसाइट देखे: http://www.neeri.res.in]**

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 10.07.2015**

**''सरकार ऐसी जनशक्ति के लिए प्रयत्नरत है जो लिंग समानता को प्रतिबिम्बित करता हो अतः महिलाओं को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है''**

सीएसआईआर-राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, नेहरू मार्ग, नागपुर- में प्रशासनिक पदों की भर्ती के लिए, भारत के योग्य नागरिकों से, निम्न विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| पद कोड संख्या | पद का नाम तथा श्रेणी (समूह) | आरक्षण सहित पदों की कुल संख्या | पे बैंड (पीबी) तथा ग्रेड पे | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सहायक (सामान्य) श्रेणी-III (अंग्रेजी/हिंदी) समूह 'सी' | *3 पद (अनारक्षित-2 तथा अनु. जन.-1) | पीबी 1- रु. 5200-20200/- तथा ग्रेड पे रु. 1900/- | **योग्यता:** 10+2 / बारहवी या उसके समकक्ष तथा कंप्यूटर*** पर टंकण की गति - अंग्रेजी मे 35 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी में 30 शब्द प्रति मिनट |
| 02 | सहायक (वित्त एवं लेखा) श्रेणी-III (अंग्रेजी/हिंदी) समूह 'सी' | *1 पद (अनारक्षित) | पीबी 1- रु. 5200-20200/- तथा ग्रेड पे रु. 1900/- | **योग्यता:** 10+2 / बारहवी या उसके समकक्ष जिसमें वाणिज्य एक विषय हो तथा कंप्यूटर*** पर टंकण की गति - अंग्रेजी मे 35 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी में 30 शब्द प्रति मिनट |
| 03 | कनिष्ठ आशुलिपिक (अंग्रेजी/हिंदी) समूह 'सी' सीएसआईआर-नीरी नागपुर (मुख्यालय) के लिए | **4 पद (अनारक्षित-3 अन्य पिछडा वर्ग-1) | पीबी 1- रु. 5200-20200/- तथा ग्रेड पे रु. 2400/- | **योग्यता:** 10+2 / बारहवी या उसके समकक्ष और आशुलिपि ***** की गति 80 शब्द प्रति मिनट तथा कंप्यूटर*** पर टंकण की गति - अंग्रेजी मे 40 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी में 35 शब्द प्रति मिनट |
| 04 | कनिष्ठ आशुलिपिक (अंग्रेजी/हिंदी) समूह 'सी' सीएसआईआर-नीरी क्षेत्रीय प्रयोगशाला, चेन्नई के लिए | 1 पद (अनारक्षित) | यथोपरि (जैसा ऊपर वर्णित है) | यथोपरि (जैसा ऊपर वर्णित है) |
| 05 | कनिष्ठ आशुलिपिक (अंग्रेजी/हिंदी) समूह 'सी' सीएसआईआर-नीरी क्षेत्रीय प्रयोगशाला, कोलकाता के लिए | 1 पद (अनारक्षित) | यथोपरि (जैसा ऊपर वर्णित है) | यथोपरि (जैसा ऊपर वर्णित है) |
| 06 | कनिष्ठ आशुलिपिक (अंग्रेजी/हिंदी) समूह 'सी' सीएसआईआर-नीरी क्षेत्रीय प्रयोगशाला, मुंबई के लिए | 1 पद (अनारक्षित) | यथोपरि (जैसा ऊपर वर्णित है) | यथोपरि (जैसा ऊपर वर्णित है) |

उपर्युक्त सभी पदों के लिए ऊपरी आयु सीमा दिनांक 10.07.2015 को 28 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। भारत सरकार के नियमानुसार, ऐसे अभ्यर्थी को आयु सीमा में छूट प्राप्त होगी, जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/शारीरिक रूप से विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/मेधावी खिलाडी और महिलाओं (विधवा/तलाकशुदा महिलाएँ जिन्होंने पुनर्विवाह न किया हो/न्यायिक रूप से अपने पति से अलग महिलाएँ) की श्रेणी से संबन्धित हैं। विभागीय अभ्यर्थियों (सीएसआईआर कर्मचारी) के लिए कोई आयु सीमा नहीं है, बशर्ते वे विहित शैक्षणिक योग्यता रखते हों।

**शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण:**

(i) * उपर्युक्त तीन पदों (पद कोड संख्या 01) में से एक पद, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित है जिन्हें गति विकलांगता (Locomotor Disability) है **[Orthopedically Handicapped (OH)** अभ्यर्थी।] जिन श्रेणियों के लिए पद आरक्षित है, वे हैं: एक हाथ **[OA]**, एक पैर **[OL]**, दोनो पैर **[BL]** और एक हाथ एवं एक पैर **[OAL]** से विकलांग।

(ii) ** उपर्युक्त चार पदों (पद कोड संख्या 03) में से एक पद, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित है जिन्हें अंधता या मंद दृष्टि की विकलांगता है ( दृष्टि से विकलांग अभ्यर्थी **[Visually Handicapped (VH)]** साथ ही, पद कोड संख्या 04,05, और 06 में से, एक-एक पद सीएसआईआर-नीरी की चेन्नई, कोलकाता, एवं मुंबई स्थित क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं (केंद्रो) के लिए है और उन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को उन क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं में कार्य करना होगा।

**टंकण की सभी परिक्षाएं केवल कम्प्यूटर पर होंगी।**

**नोट-I : [Orthopedically Handicapped (OH)** अभ्यर्थी, जो स्थायी रूप सें टंकण की परीक्षा में अक्षम होने का दावा करता है, उसे ऐसी परीक्षा में शामिल होने और पास होने से छूट दी जा सकती है बशर्ते ऐसा अभ्यर्थी, विहित प्रारूप में, जैसा संस्थान के वैबसाइट http://www.neeri.res.in पर प्रकाशित किया गया है, सक्षम चिकित्सा द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है।

सभी तीन परीक्षाओं अर्थात लिखित प्रतियोगिता परीक्षा, टंकण परीक्षा और आशुलिपि परीक्षा के लिए अभ्यार्थी को केवल एक माध्यम-अंग्रेजी या हिन्दी-का विकल्प देना होगा।

**चयन की पद्धतिः**

**पद कोड संख्या 01 व 02 के लिए:** सामान्य हिन्दी/समान्य अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान की लिखित प्रतियोगिता परीक्षा एवं उप्पर्युक्त गति से कंप्यूटर पर टंकण में कौशल परीक्षा (टंकण में केवल पास होना चाहिए) एवं साक्षात्कार। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.neeri.res.in पर देखा जा सकता है।

**पद कोड संख्या 03 व 06 के लिए: कनिष्ठ आशुलिपिक:** आशुलिपि में प्रवीणता संबंधी प्रतियोगी परीक्षा और उपर्युक्त गति व आवश्यकता के अनुसार टंकण परीक्षा। दृष्टि से विकलांग अभ्यर्थियों को डिक्टेट किए गए गद्यांश के प्रतिलेखन के लिए अधिक समय दिया जाएगा और टंकण परीक्षा के लिए 30 मिनट का समय मिलेगा। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट देखें।

अभ्यार्थी के पास टंकण एवं आशुलिपि की गति संबंधी प्रमाण पत्र होने चाहिए जो केवल महाराष्ट्र राज्य/ अन्य राज्य के सरकारी परीक्षा ब्यूरो या सरकार द्वारा विशेष रुप से अधिकृत किए गए कोई अन्य समतुल्य संस्थान या आईटीआई से निर्गत होने चाहिए।

**अपेक्षित कार्य, आशुलिपि एवं टंकण कुशलता परीक्षा की परीक्षा पद्धति, अंक देने की पद्धति, पाठ्यक्रम, पास होने योग्य अंक, सीएसआईआर सेवा के अंतर्गत लाभ/ भत्ते, सामान्य शर्ते, विविध श्रेणियों के लिए आयु सीमा में छूट, अन्य शर्ते, विहित आवेदन प्रपत्र, अन्य विभिन्न प्रपत्र आदि वेबसाइट पर देखे जा सकते है।**

**आवेदन कैसे करें :**

1. आवेदन का विहित प्रपत्र, हमारे संस्थान की वेबसाइट http://www.neeri.res.in की लिंक "Application form in respect of Advertisement No. 1/2015 – Administrative posts" पर डाउनलोड करने हेतु उपलब्ध है। विहित प्रपत्र में, विधिवत भरे हुए एवं सभी दृष्टिकोण से पूर्ण आवेदन पत्र, जिसके साथ दो अद्यतन पासपोर्ट साइज के फोटो - जिसमें से एक आवेदन पत्र पर चिपका हो और दूसरा स्टेपल किया हुआ हो, आवेदन शुल्क और शैक्षणिक योग्यता, अंक तालिका, टंकण/आशुलिपि प्रमाण पत्र, जाति/समुदाय संबंधी प्रमाण पत्र, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र, यदि कोई हो तो, आदि की स्व-अभिप्रमाणित छाया प्रतियां संलग्न हों निदेशक नीरी, नेहरू मार्ग, नागपुर-440020 के कार्यालय में 10.07.2015 या उससे पूर्व पहुँच जाना चाहिए। लिफाफे के उपर पद का नाम और कोड संख्या अवश्य लिखे होने चाहिए। जो अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है, उसे प्रत्येक पद के लिए पद कोड संख्या का वर्णन करते हुए अलग-अलग आवेदन करना होगा तथा प्रत्येक आवेदन के लिए अलग-अलग आवेदन शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट भी संलग्न करना होगा।
2. आवेदन पत्र, व्यक्तिगत रूप से भी, सीएसआईआर-नीरी, नागपुर के उपर्युक्त पते पर, भर्ती एवं मूल्यांकन अनुभाग से प्राप्त किए जा सकते है अथवा स्व-संबोधित पते वाले लिफाफे (27.5 से.मी. X 13 से.मी. के साइज का), जिस पर 10 रूपये का डाक टिकिट लगा हो, भेजकर मंगाए जा सकते हैं। आवेदन पत्र, आवेदन करने की अंतिम तिथि से काफी पहले प्राप्त कर लेने चाहिए ताकि पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन, इस संस्थान में, आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 10.07.2015 को या उससे पूर्व प्राप्त हो जाएँ।
3. न्यूनतम तीन माह की वैधता वाले रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट के रूप में रूपये 100 का आवेदन शुल्क, जो अप्रत्यर्पनीय हो और नागपुर में देय हो: "निदेशक, सीएसआईआर-नीरी" नेहरू मार्ग, नागपुर के नाम पर आहरित होने चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनताति/महिलाएं/शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणी से सम्बद्ध अभ्यर्थियों एवं सीएसआईआर के नियमित कर्मचारियों के साथ साथ सीएसआईआर के identified casual workers को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है। डिमांड ड्राफ्ट के पिछले पृष्ठ पर अग्रलिखित विवरण अवश्य लिखे होने चाहिए: (1) अभ्यर्थी का नाम (2) अभ्यर्थी की श्रेणी (3) विज्ञापन संख्या (4) पद कोड संख्या जिसके लिए आवेदन किया है।
4. इस भर्ती से संबन्धित कोई भी अधिसूचना, जैसे लिखित परीक्षा/टेस्ट के लिए आहूत अभ्यर्थियों की सूची, परीक्षा की तिथि, टंकण/आशुलिपि परीक्षा, परीक्षा की पद्धति, न्यूनतम पास होने के अंकों का प्रतिशत (यदि परिशोधित हुआ हो तो), साक्षात्कार की तिथि आदि हमारे संस्थान की वेबसाइट http://www.neeri.res.in पर समय-समय पर प्रदर्शित की जाएगी।
5. इन प्रशासनिक पदों की भर्ती, समय समय पर यथासंशोधित "प्रशासनिक सेवा (भर्ती एवं पदोन्नति) नियमावली, 1982 के अधीन है।
6. अभ्यर्थी से आग्रह है कि वे सभी विस्तृत विवरण के लिए वेबसाइट http://www.neeri.res.in पर उपलब्ध विज्ञापन को अच्छी तरह से पढें।

**किसी भी अन्तरिम पूछताछ का उत्तर नहीं दिया जाएगा।**

रो.स. 12/40

प्रशासन नियंत्रक
सीएसआईआर-नीरी

# उत्तर पश्चिम रेलवे

रेवले भर्ती कक्ष, पावर हाउस रोड, जयपुर–302006

**उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2015–16 में खेलकूद कोटे के अन्तर्गत खिलाड़ियों की भर्ती**

**(खुला विज्ञापन)**

**रोजगार सूचना संख्या 01/2015 (उ.प.रे./खेलकूद/खुला विज्ञापन)** **प्रारंभ होने की तिथि : 20.06.2015**

**अंतिम तिथि : 20.07.2015** **समय : 17.00 बजे**

असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश का लाहौल एवं स्पीति जिला तथा चम्बा जिले की पांगी सब डिविजन, अंडमान निकोबार और लक्षद्वीप समूहों और विदेश में स्थित उम्मीदवारों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख और समय : 04.08.2015 को 17.00 बजे। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा निम्नांकित खेलों के लिए पात्र खिलाड़ियों से समूह 'ग' और पे बैण्ड–1 ग्रेड पे 1800 (पूर्ववर्ती समूह घ) के पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :–

**(1) मुख्यालय कोटा के अन्तर्गत रिक्तियों का ब्यौरा:–**

| क्रं.सं. | खेल का नाम | रिक्तियां (श्रेणी) | इवेन्ट/पोजीशन/भार श्रेणी | पे–बैंड और ग्रेड वेतन (जीपी) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तीरंदाजी | 01 (पुरुष) | 50 मीटर कम्पाउण्ड इवेन्ट | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,800/2,400 |
| | | 01 (महिला) | 50 मीटर कम्पाउण्ड इवेन्ट | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,800/2,400 |
| 2 | एथलेटिक्स | 01 (पुरुष) | शॉटपुट | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 (पुरुष) | हाइ जम्प | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 (पुरुष) | 400 मीटर | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | 01 महिला | स्टीपल चेज | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 महिला | हैमर थ्रो | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 महिला | 400 मीटर हर्डल | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 महिला | शॉटपुट | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | 01 महिला | डिस्कस | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | 01 महिला | 500 मीटर | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | 01 महिला | हेप्टाथलन | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| 3 | बॉक्सिंग | 01 (पुरुष) | 49 किग्रा | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | 01 महिला | 69 किग्रा | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,800/2,400 |
| | | 01 महिला | +81 किग्रा | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| 4 | कबड्डी | 01 (पुरुष) | ऑलराउंडर | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 महिला | रेडर | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| 5 | पावरलिफिटंग | 01 (पुरुष) | 59 किग्रा | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | 01 (पुरुष) | 74 किग्रा | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,800/2,400 |
| | | 01 (पुरुष) | 93 किग्रा | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 (पुरुष) | 120+किग्रा | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| 6 | शूटिंग | 01 (पुरुष) | 10 मीटर एयर पिस्टल | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| 7 | वॉलीबाल | 01 (पुरुष) | यूनिवर्सल | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 (पुरुष) | सेटर | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| 8 | कुश्ती | 01 (पुरुष) | 59 किग्रा ग्रीको रोमन | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 (पुरुष) | 75 किग्रा ग्रीको रोमन | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 (पुरुष) | 85 किग्रा ग्रीको रोमन | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 (पुरुष) | 125 किग्रा फ्री स्टाइल | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| | | 01 (पुरुष) | 53 किग्रा फ्री स्टाइल | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | 01 महिला | 60 किग्रा फ्री स्टाइल | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,800/2,400 |
| | | 01 महिला | 75 किग्रा फ्री स्टाइल | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 2,000/1,900 |
| कुल | | **31 (05 रिक्तियां जीपी 2800/2400, 16 रिक्तियां जीपी 2000/1900 एवं 10 रिक्तियां जीपी 1800)** | | |

**(2) मंडल एवं वर्कशॉप के अन्तर्गत रिक्तियों का ब्यौरा:–**

| क्रं सं. | मंडल/यूनिट | खेल का नाम | रिक्तियां (श्रेणी) | इवेन्ट/पोजिशन/भार श्रेणी | पे–बैंड और ग्रेड वेतन (जीपी) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर 05 (रिक्तियां) | एथलेटिक्स | 01 (पुरुष) | 200 मीटर | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | | 01 (पुरुष) | 800 मीटर | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | क्रिकेट | 01 (पुरुष) | ऑलराउंडर | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | हॉकी | 01 (पुरुष) | हाफबैक | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | | 01 (पुरुष) | फुलबैक | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| 2 | अजमेर 05 (रिक्तिया) | बैडमिंटन | 02 (पुरुष) | बैडमिंटन | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | क्रिकेट | 01 (पुरुष) | आलराउंडर | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | शूटींग | 01 (पुरुष) | 10 मीटर एयर राइफल 3–पी | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | | 01 (पुरुष) | 50 मीटर राइफल 3–पी | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| 3 | जोधपुर 05 (रिक्तिया) | बैडमिंटन | 02 (पुरुष) | बैडमिंटन | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | क्रिकेट | 01 (पुरुष) | ऑलराउंडर | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | वॉलीबॉल | 02 (पुरुष) | अटैकर्स | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| 4 | बीकानेर 05 (रिक्तिया) | एथलेटिक्स | 01 (पुरुष) | हैमर थ्रो | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | | 01 (पुरुष) | ट्रिपल जम्प | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | साइक्लिंग | 01 (पुरुष) | 1000 मीटर टीम ट्रायल | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | | 01 (पुरुष) | 04 किमी परसुट | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | पावरलिफ्टिंग | 01 (महिला) | 53 किग्रा | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| 5 | अजमेर वर्कशॉप 03 (रिक्तियां) | वॉलीबॉल | 01 (पुरुष) | अटैकर्स | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | कुश्ती | 01 (पुरुष) | 70 किग्रा फ्री स्टाइल | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | | 01 (पुरुष) | 120 किग्रा ग्रीको रोमन | पीबी–1, रु. 5,200–20,200+जीपी रु. 1,800 |
| | | कुल रिक्तियां | 23 | | |

कोई भी पद अजा, अजजा और अपिव के लिए आरक्षित नहीं है। तथापि, अजा/अजजा/अपिव समुदायों से संबंधित अभ्यर्थियों को स्वयं द्वारा सत्यापित, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र की फोटो प्रति संलग्न करना अपेक्षित है।

(3) **भर्ती के लिए मानक :**

(I) **समूह 'ग' भर्ती (05 पदों) के लिए मानक पीबी . 1. रु. 5,200–20,200 + ग्रेड वेतन रु. 2,400/2,800**

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता : स्नातक**

**खेलकूद उपलब्धियाँ – पात्रता मानक**

क. ओलंपिक खेलों में देश का (सीनियर केटेगरी में) प्रतिनिधित्व किया हो। **या**

ख. विश्व कप (जूनियर/सीनियर केटेगरी)/विश्व चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर केटेगरी) एशियाई खेल (सीनियर)/राष्ट्रमंडल खेल (सीनियर केटेगरी) में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए कम से कम तीसरा स्थान हासिल किया हो; एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता को छोड़कर।

(II) **समूह 'ग' भर्ती (16 पदों) के लिए मानक पीबी –1 रु. 5,200–20,200+ ग्रेड वेतन रु.1,900/2,000**

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता : 12वीं (+2 स्टेज) या समकक्ष।**

**खेलकूद उपलब्धियाँ – पात्रता मानक**

क. विश्व कप (जूनियर/सीनियर केटेगरी)/विश्व चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर केटेगरी) एशियाई खेल (सीनियर केटेगरी)/राष्ट्रमंडल खेल (सीनियर केटेगरी) में देश का प्रतिनिधित्व किया हो **या**

ख. राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर केटेगरी)/एशियाई चैम्पियनशिप/एशिया कप (जूनियर/सीनियर केटेगरी), साउथ एशियन फेडरेशन (सैफ) खेल (सीनियर केटेगरी)/यूएसआईसी (विश्व रेलवे) चैम्पियनशिप (सीनियर केटेगरी) में देश का प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **या**

ग. सीनियर/युवा/जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में राज्य अथवा समकक्ष इकाई का प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **या**

घ. भारतीय ओलंपिक संघ के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **या**

ड. भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **या**

च. फेडरेशन कप चैम्पियनशिप (वरिष्ठ श्रेणी) में प्रतिनिधित्व किया हो और पहला स्थान प्राप्त किया हो।

(III) **पीबी –1, रु. 5,200–20,200+ ग्रेड वेतन रु. 1,800 (पूर्व समूह 'घ') के पदों पर भर्ती के लिए मानक – (33 रिक्तियाँ)**

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता : 10वीं पास या आईटीआई या समतुल्य।**

**खेलकूद उपलब्धियाँ – पात्रता मानक**

क. राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप (जुनियर/सीनियर केटेगरी)/ एशियन चैम्पियनशिप/एशिया कप (जूनियर/सीनियर केटेगरी) साउथ एशियन फैडरेशन (सैफ) खेल (सीनियर केटेगरी)/यूएसआईसी (विश्व रेलवे) चैम्पियनशिप (सीनियर केटेगरी) में देश का प्रतिनिधित्व किया हो, **या**

ख. फैडरेशन कप चैंम्पियनशिप (वरिष्ठ श्रेणी) में प्रतिनिधित्व किया हो और तीसरा स्थान प्राप्त किया हो, या

ग. सीनियर/युवा/जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में, मैराथन और क्रास कन्ट्री के अलावा, राज्य अथवा समकक्ष इकाई का प्रतिनिधित्व किया हो **या**

घ. सीनियर राज्य चैम्पियनशिप में राज्य की सभी इकाइयों और जिलों में से एक का प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो ।

नोटः

क. एथलेटिक्स में, राष्ट्रीय अंतरर्राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक विजेता को भी पीबी **–1, रु. 5,200–20,200**, ग्रेड वेतन **1,900/–** वाली रिक्तियों के अन्तर्गत भर्ती हेतु विचार किया जायेगा ।

ख. बैडमिंटन में, खिलाड़ियों की नियुक्ति पर ग्रेड वेतन एवं वेतन बैंड में निम्नलिखित मानदंड के अनुसार उनके चालू वार्षिक अखिल भारतीय रैंकिग के आधार पर विचार किया जायेगा :

| वेतन बैंड/वेतनमान का नाम | वेतन बैंड | ग्रेड वेतन | भर्ती के लिए न्यूनतम खेल मानक | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | रु. में | | आयु श्रेणी | स्पर्धा | चालू वार्षिक अखिल भारतीय रैंकिग |
| पीबी–1 | 5,200–20,200 | 1,800 | सीनियर | एकल | 16 वें स्थान तक |
| | | | | डबल | 6 ठें स्थान तक |
| | | | युवा | एकल | 8 ठें स्थान तक |
| | | | जूनियर | एकल | 8 ठें स्थान तक |

बैडमिंटन में इस उददेश्य के लिए केवल अखिल भारतीय चालू वार्षिक रैकिंग पर विचार किया जाएगा । मिश्रित डबल के रैंकिग पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**ग. किकेट में** राष्ट्रीय स्तर पर बीसीसीआई के तत्वाधान में आयोजित 4 दिवसीय/एक दिवसीय सीमित ओवर/20–20 ओवर पुरूष/महिला चैंपियनशिप (विज्जी ट्रॉफी के अलावा) में निम्नलिखित उपलब्धियों पर भी वेतन बैंड रू. 5200–20200 में ग्रेड वेतन रू. 1800 वाली रिक्तियां के अन्तर्गत भर्ती पर विचार किया जाएगा

| क्रं. सं. | चैंपियनशिप का ब्यौरा | श्रेणी | ग्रेड वेतन में भर्ती के लिए न्यूनतम खेल उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| (i) | अखिल भारतीय अंतर राज्य इलिट एवं प्लेट समूह चैंपियनशिप | सीनियर/युवा (U–25)/ जूनियर ( U –19) | इलिट एवं प्लेट समूह चैंपियनशिप में भागीदारी |
| (ii) | अखिल भारतीय अंतर राज्य चैंपियनशिप | सीनियर/जूनियर (U –19) | किसी भी चरण में भागीदारी |
| (iii) | अखिल भारतीय अंतर क्षेत्रीय चैंपियनशिप | सीनियर/जूनियर (U –19) | भागीदारी |

घ. **हॉकी में**, चार या अधिक राष्ट्रों के अर्न्तराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भागीदारी पर वेतन बैंड रू. 5200–20200 में जीपी रू. 1800 वाली रिक्तियों के अन्तर्गत भर्ती के लिए विचार किया जाएगा ।

ड. **शूटिंग में**, मान्यता प्राप्त घरेलू चैंपियनशिप के लिए केवल वैयक्तिगत प्रदर्शन पर भर्ती के उद्देश्य के लिए विचार किया जाएगा । इस उद्देश्य के लिए अखिल भारतीय जी.वी. मावलंकर **शूटिंग** चैंपियनशिप मान्यता प्राप्त नहीं है ।

च. टीम खेल में केवल वहीं खिलाड़ी पात्र होंगे, जिन्होंने वास्तविकता में खेल मैदान में खेल खेला है, अतः वे खिलाड़ी जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त स्पर्धा/चैंपियनशिप में टीम के सदस्य के रूप में प्रतिनिधित्व किया हो लेकिन फील्ड में वास्तव में नहीं खेला हो, पर खेलकूद कोटा के अन्तर्गत भर्ती के लिए विचार नहीं किया जायेगा ।

छ. ऊपर उल्लेखित सभी चैंपियनशिप मान्यता प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य खेलसंघ के तत्वाधान में आयोजित हो और रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त भी हो ।

ज. जुनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खेल उपलब्धियों के आधार पर खिलाड़ियों की भर्ती के लिए यथा निर्दिष्ट आयु समूह पर ही विचार किया जाएगा ।

**तीरंदाजी (पुरूष एवं महिला) U–19, एथलेटिक्स (पुरूष एवं महिला) U–20, बैडमिंटन U–19, बॉक्सिंग(पुरूष एवं महिला) 17–18 वर्ष, क्रिकेट (पुरूष) U–19 और 25, साईकिलिंग (पुरूष) U–19, हॉकी (पुरूष) U–21, कबड्डी (पुरूष) U–19 , पॉवर लिफि्टिंग (पुरूष एवं महिला) U–23, शूटिंग (पुरूष) U–21, वॉलीबॉल (पुरूष) U–19, कुश्ती (पुरूष एवं महिला) U –20.**

झ. **खुले विज्ञापन कोटा के अन्तर्गत सभी भर्तियां वेतनमान के न्यूनतम पर होंगी ।**

(4) **आयु सीमा :** 01.07.2015 को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 25 वर्ष ।

(5) **खेल उपलब्धियों की गणना की अवधि :**

केवल वही खिलाड़ी जिन्होंने 01.04.2013 को या इसके बाद चैंपियनशिप में खेल उपलब्धि–पात्रता मानक को अर्जित किया है और सक्रिय हैं, खेल–कूद कोटा के अन्तर्गत भर्ती के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे । खेल उपलब्धि की वैधता के लिए चैंपियनशिप/स्पर्धा के अंतिम दिन की गणना की जाएगी ।

(6) **परीक्षा शुल्क :**

क. सभी ग्रेड पे (जीपी) के लिए रु. 100/– का डी.डी (डिमांड ड्राफ्ट)/आईपीओ (भारतीय पोस्टल आर्डर), नीचे सारणी में दिखाए गए, के पक्ष में आहरित किया जाए । यह डीडी/आईपीओ किसी भी स्थिति में वापस नहीं किए जायेंगें। अभ्यर्थियों को यह निर्देश दिया जाता है कि डीडी/आईपीओ का विवरण आवेदन पत्र में दिए गए स्थान पर भरें।

ख. अजा/अजजा/महिला/अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों के लिए कोई शुल्क देय नहीं हैं । रु. 50,000/– प्रतिवर्ष से कम की वार्षिक पारिवारिक आय वाले आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थियों को भी छूट है ।

**(क्रमशः)**

ग. अल्पसंख्यक का अर्थ है मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और जोरास्ट्रियन (पारसी) । परीक्षा शुल्क में माफी के लिए अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ अनुलग्नक–II में वर्णित स्वयं का घोषणा पत्र प्रस्तुत करें । ट्रायल/साक्षात्कार के समय परीक्षा शुल्क से छूट का दावा करने वाले ऐसे अभ्यर्थी को गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर का 'अल्पसंख्यक समुदाय घोषणा पत्र' का शपथ पत्र प्रस्तुत करना है कि वे उपर्युक्त में से किसी अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित हैं । यदि ट्रायल/साक्षात्कार के दौरान शपथ–पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी ।

घ. आर्थिक रूप से पिछड़ा अभ्यर्थी का अर्थ है, वह अभ्यर्थी, जिसकी वार्षिक पारिवारिक आय रु. 50,000/– से कम है, उन्हें आवेदन करते समय जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा अनुलग्नक–III में दिए गए निर्धारित फॉर्मेट में आय प्रमाण पत्र जमा करना होगा ।

**(7) आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि 20.07.2015 को 17.00 बजे तक है ।**

इसके बाद कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएँगे। डाक में देरी/हानि के लिए रेलवे जिम्मेवार नहीं होगा। विधिवत भरा हुआ आवेदन, फॉर्मेट के अनुसार, नीचे दिए गए पते पर संबोधित कर भेजा जाए।

| क्र. सं. | इकाई/मंडल/कार्यशाला का नाम | पता, जिस पर आवेदन भेजा जाना है | के पक्ष में और स्थान परदेय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक/डाकघर का डीडी/आईपीओ |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यालय | सहायक कार्मिक अधिकारी (भर्ती), रेलवे भर्ती कक्ष, पावर हाउस रोड, डीआरएम ऑफिस के सामने, जयपुर– 302006 | जयपुर/जीपीओ जयपुर में देय उत्तर पश्चिम रेलवे खेल संघ' के पक्ष में |
| 2 | अजमेर मंडल | वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर, राजस्थान–305001 | अजमेर/जी.पी.ओ अजमेर में देय 'अजमेर मंडल खेल संघ' के पक्ष में |
| 3 | बीकानेर मंडल | वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर, राजस्थान–333401 | बीकानेर/जी.पी.ओ बीकानेर में देय 'बीकानेर मंडल खेल संघ' के पक्ष में |
| 4 | जयपुर मंडल | वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर, राजस्थान–302006 | जयपुर/जी.पी.ओ जयपुर में देय 'जयपुर मंडल खेल संघ' के पक्ष में |
| 5 | जोधपुर मंडल | वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर, राजस्थान–342001 | जोधपुर/जी.पी.ओ जोधपुर में देय 'जोधपुर मंडल खेल संघ' के पक्ष में |
| 6 | अजमेर कार्यशाला | उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर कार्यशाला, अजमेर, राजस्थान–305001 | अजमेर/जी.पी.ओ अजमेर में देय 'अजमेर कार्यशाला खेल संघ' के पक्ष में |

आवेदन केवल साधारण डाक से बन्द लिफाफे में भेजा जाए या उपर्युक्त सारणी में उल्लेखित स्थान में इस उद्देश्य के लिए उपलब्ध कराए गए आवेदन बॉक्स में **20.07.2015 (17.00 बजे) तक** डाला जाए । काउंटर पर कोई रसीद नहीं दी जाएगी । **पंजीकृत डाक/कोरियर/पंजीकृत ए.डी द्वारा भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** आवेदन–पत्र और आवेदक द्वारा जमा किए गए प्रलेखों में कोई त्रुटि/कमी पाए जाने पर आवेदन अवैध हो जाएगा । लिफाफे के ऊपर **'वर्ष 2015–16 के लिए खेलकूद कोटा के अन्तर्गत भर्ती के लिए आवेदन'** अंकित किया जाए ।

**(8) भर्ती प्रक्रिया :**

मुख्यालय कोटा की रिक्तियों के लिए चयन का आयोजन उत्तर पश्चिम रेलवे, मुख्यालय, जयपुर द्वारा तथा मंडल/कार्यशाला के अन्तर्गत भर्ती के लिए संबंधित मंडल/कार्यशाला द्वारा स्वयं किया जायेगा । अभ्यर्थियों का चयन संबंधित खेलों में उनकी उपलब्धियों, शैक्षणिक योग्यता, सामान्य बुद्धिमता, व्यक्तित्व, खेल कौशल, फिजिकल फिटनेस और कोच तथा ट्रायल कमेटी द्वारा ट्रायल में उनके आकलन पर आधारित होगा । सभी पात्र अभ्यर्थियों को ट्रायल के लिए बुलाया जायेगा और ट्रायल के बाद केवल फिट अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा । ट्रायल कमेटी द्वारा अनफिट घोषित अभ्यर्थियों का आगे मुल्यांकन नहीं किया जायेगा ।

**(9) महत्वपूर्ण अनुदेश :–**

(9.1) अभ्यर्थी ट्रायल एवं साक्षात्कार के दिन जन्मतिथि (मैट्रिक या समतुल्य प्रमाणपत्र), शैक्षणिक योग्यता, खेल उपलब्धियों आदि की स्व–सत्यापित फोटो प्रतियों के एक सेट के साथ मूल दस्तावेज लाएं, जिसके बिना उन्हें ट्रायल/साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी । अँग्रेजी या हिन्दी के अलावा अन्य भाषा में प्रमाण पत्र के साथ अँग्रेजी/हिन्दी में एक सत्यापित अनुवाद संलग्न किया जाए।
**सभी दस्तावेजों की प्रतियाँ स्वयं द्वारा सत्यापित होने चाहिए ।** ट्रायल/साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई टीए/डीए/आवास की व्यवस्था नहीं दी जायेगी। उन्हें खेलने की अपनी किट लानी होगी। उन्हें चयन के दौरान 2–3 दिन के लिए ठहरना भी अपेक्षित होगा, जिसके लिए उन्हें स्वयं अपनी व्यवस्था करनी होगी। रेलवे प्रशासन को कोई उपयुक्त समझी जाने वाली तारीख तय करने, ट्रायल/साक्षात्कार का स्थान बदलने या स्थगित करने (अपनी सुविधा पर) या अपरिहार्य परिस्थितियों में ट्रायल/साक्षात्कार रद्द करने का भी अधिकार होगा, जिसके लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा । चयनित अभ्यर्थियों को उत्तर पश्चिम रेलवे में कहीं भी तैनात किया जा सकता है ।

(9.2) एक खेल/स्पर्धा से अधिक के लिए आवेदन करने वाला अभ्यर्थी शुल्क के रूप में अलग डी.डी./आईपीओ तथा प्रत्येक स्पर्धा के लिए अलग दस्तावेजों के साथ अलग–अलग आवेदन जमा करें ।

(9.3) सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवा में पहले से सेवारत और उपर्युक्त के लिए पात्र अभ्यर्थी उचित माध्यम से आवेदन करें और अपने नियोक्ता से इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें ।

(9.4) अभ्यर्थी आवेदन की अंतिम तिथि के बाद अल्प सूचना पर ट्रायल आदि में शामिल होने के लिए तैयार रहें ।

(9.5) भर्ती के प्रत्येक चरण में अभ्यर्थी का प्रवेश पूर्णतः अस्थायी होगा, जो निर्धारित पात्रता शर्तों के संतुष्टीकरण पर निर्भर होगा। अभ्यर्थी को केवल बुलावा–पत्र जारी करने का अर्थ यह नहीं है कि उसकी पात्रता अंतिम रूप से सही मान ली गई है।

(9.6) नियुक्ति के लिए पद पर अनुशंसित किए गए खिलाड़ियों को, जिस पद के लिए उन्हें अनुशंसित किया गया है, उस पद के लिए निर्धारित चिकित्सा परीक्षण पास करना होगा ।

(9.7) पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, अंतिम चयन, नियुक्ति प्रस्ताव, उत्तर पश्चिम रेलवे/भारतीय रेलवे के लिए उपयुक्त तथा पद एवं ग्रेड वेतन इत्यादि देने के संबंधित सभी मामले पर रेलवे प्रशासन/चयन समिति का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थियों के लिए मान्य होगा, और इस संबंध में किसी पूछताछ के लिए पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा।

(9.8) अभ्यर्थी अनिवार्य अनुलग्नकों (आयु, शिक्षा, खेल उपलब्धियां, जाति/समुदाय आदि के प्रमाण–पत्र) की स्वयं–सत्यापित फोटो प्रतियों के साथ सभी दृष्टि से विधिवत पूर्ण, अधिसूचना में दिए गए संलग्नक– । पर निर्धारित फॉर्मेट में ए/4 आकार के अच्छी गुणवत्ता के कागज पर अपना आवेदन जमा करें।

(9.9) आवेदन हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में अभ्यर्थी द्वारा स्वयं की हस्तलिपि में भरा जाए।

(9.10) अभ्यर्थी यह नोट करें कि इन अधिसूचित रिक्तियों के अन्तर्गत भर्ती होने वाली, मुख्यालय रिक्तियों के अन्तर्गत मुख्यालय द्वारा और मंडल/कार्यशाला कोटे के लिए संबंधित मंडल/कार्यशाला द्वारा अलग से और स्वतंत्र रूप से आयोजित किया जायेगा। अतः वे तदनुसार मंडल/कार्यशाला या मुख्यालय, जहां वे विचार किए जाने के इच्छुक हैं, में आवेदन करें (पैरा 1, 2 एवं 7)। अभ्यर्थियों को एक ही इवेन्ट के लिए दो स्थान (यथा प्रधान कार्यालय, मंडल या वर्कशॉप) पर आवेदन करने की अनुमति नहीं है।

(9.11) उच्चतर ग्रेड़ वेतन के लिए खेल मानक वाले खिलाड़ी यदि निम्नतर ग्रेड वेतन की रिक्तियों के अन्तर्गत आवेदन करते हैं तो उन आवेदनों पर भी विचार किया जायेगा । ऐसे निम्न ग्रेड में सलेक्टेड खिलाड़ी, रेलवे में कार्यग्रहण के पश्चात अपनी उच्चतम खेल उपलब्धि के आधार पर उच्चतम ग्रेड वेतन का दावा नहीं करेंगे, जो कि उन्होंने अपने रेलवे में कार्यग्रहण से पहले अर्जित की है ।

(9.12) खेल फेडरेशनों/संघों/विश्वविद्यालयों/राज्य परिषदों के लेटर हेड पर जारी प्रमाण पत्र जो कि भाग लेने एवं पदक जीतने के लिए निष्पादन किया जाए, को इस भर्ती के उद्देश्य से हतोत्साहित किया जाता है ।

(9.13) मान्यता प्राप्त फेडरेशनों/संघों/विश्वविद्यालयों द्वारा जारी टीम/समूह/रिले स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों के प्रमाण पत्र में इस भर्ती के लिए विचारार्थ स्पर्धा में खेल के मैदान में वास्तविक खेले जाने का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। मैचों का ब्यौरा और परिणाम यदि कोई हो तो दिया जाए ।

(9.14) चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति के समय 5 वर्ष का 'सेवा बॉण्ड' प्रस्तुत करना होगा ।

(9.15) खेलकूद कोटा के अन्तर्गत नियुक्त खिलाड़ी को सेवा से हटाने के अपेक्षित प्रक्रिया का पालन करते हुए सेवा से हटा दिया जायेगा यदि भर्ती के लिए उसके द्वारा प्रस्तुत कोई सूचना और प्रलेख किसी स्तर पर गलत/जाली पाया जाता है।

(10) आवेदक द्वारा जमा किए आवेदन पत्र और दस्तावेजों में निम्नलिखित में से कोई त्रुटि पाए जाने पर आवेदन अवैध/अपात्र माना जाएगा

(10.1) आवेदन निर्धारित फॉर्मेट में न हो और अपूर्ण या अपठ्नीय हो ।

(10.2) आवेदन बिना फोटो के, बिना बाएं हाथ के अंगूठे के निशान के, बिना हस्ताक्षर के, और अवैध आईपीओ/डीडी तथा बड़े अक्षरों में हस्ताक्षर के साथ हो तो रद्द कर दिया जायेगा।

(10.3) आवेदन बिना शुल्क के या कम शुल्क के हों।

(10.4) आवेदन जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यताएं, खेल उपलब्धियों आदि के प्रमाण के बिना हों ।

(10.5) अधिक या कम उम्र का हो या जन्मतिथि न भरी गई हो या गलत भरी गई हो।

(10.6) आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वयं द्वारा सत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न न हों।

(10.7) आवेदन अधिसूचना की तिथि से पहले और अधिसूचना के अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हों ।

(10.8) आवेदन के समय अपेक्षित योग्यता का न होना।

(10.9) एक ही इवेन्ट के लिए दो स्थानों (यथा प्रधान कर्यालय, मंडल या वर्कशॉप ) पर आवेदन किया हो।

(10.10) कोई अन्य कमियां जो कि रेलवे भर्ती सेल (आर.आर.सी) द्वारा अपात्रता के लिए मान्य हो ।

(11) खिलाड़ियों की इन सभी भर्तियों को समय–समय पर जारी संशोधनों, विशेषकर दिनांक 18.04.2012 के पत्र संख्या 2012/ई(खेलकूद)/4(1)/1/नीति स्पष्टीकरण (आरबीई न. 52/2012) द्वारा जारी नीति अनुदेशों के साथ पठित रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 31.12.2010 के पत्र संख्या 2010/ई(खेलकूद)/4(1)/1/(नीति) (आरबीई न. 189 (बी)/2010) के अनुसार डील किया जायेगा।

(12) किसी विवाद के मामले में रोजगार सूचना का अंग्रेजी वर्जन ही वैध माना जायेगा।

(13) अभ्यर्थी आवेदन पत्र डाउनलोड़ करने के लिए **www.nwr.indianrailways.gov.in** पर भी लॉग ऑन करें।

<u>नोट :</u> खेल कोटे के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को कम से कम 05 वर्षों तक अपने खेल में परफॉर्म करना होगा, उसकी परफॉरमेन्स को प्रथम दो वर्षों का परिवीक्षण अवधि (प्रोबेशन अवधि) के दौरान मुल्यांकन किया जायेगा। यदि परफॉरमेन्स स्तरीय (Up to the mark) नहीं पाई गई तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती कक्ष**

<u>संलग्नक–I</u>

<u>उत्तर पश्चिम रेलवे</u>

**<u>रोजगार सूचना संख्या 01/2015 (उ0प0रे0/खेलकूद/खुला विज्ञापन)</u>**

**<u>खेलकूद कोटा 2015–16 के अन्तर्गत भर्ती के लिए आवेदन प्रपत्र, (खुला विज्ञापन)</u>**

**<u>(आवेदन पत्र भरने से पहले अनुदेश पढ़ें)</u>**

सेवामें,
........................................
........................................
........................................
........................................

| स्व–सत्यापित अथवा राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित हाल का पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं |
|---|

1. अभ्यर्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) : ..........
2. पिता का नाम : ..........
3. वर्तमान पता : ..........
.......... राज्य.......... पिन ..........
4. स्थायी पता..........
.......... राज्य.......... पिन ..........
5. संपर्क टेलीफोन नं.(मय एसटीडी कोड)/मोबाइल नं.:..........ई–मेल (यदि है तो):..........
6. जन्मतिथि (मैट्रिक/आईटीआई प्रमाण पत्र के अनुसार): ..........
**(मैट्रिक/आईटीआई के प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित फोटोप्रति संलग्न करें)**
7. आयु (दि0 01.07.2015को):..........वर्ष ..........माह ..........दिन 8. लिंग (पुरूष/महिला):..........
9. राष्ट्रीयताः .......... 10. समुदाय (अजा/अजजा/अपिव/सामान्य):..........
**(प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित फोटोप्रति संलग्न करें)**
11. व्यक्तिगत पहचान चिन्ह : (भरना आवश्यक है, यदि कोई पहचान चिन्ह न हो तो "निल" लिखें)
क. ..........
ख. ..........
12. शैक्षणिक योग्यता मय अंकतालिका (अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों की स्व–सत्यापित फोटोप्रति संलग्न करें) :..........
13. (क) खेल :..........(ख) स्पर्धा (Event)..........
14. टीम में खेलने की पोजिशन (यदि लागू हो तो): ..........
15. संक्षिप्त में खेल उपलब्धियाँ (दिनांक 01.04.2013 से एवं बाद में ):..........
(प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित फोटोप्रति संलग्न करें)..........

**{टीम स्पर्धा के खिलाड़ी को ट्रायल से पहले अपनी टीम में वास्तविक खेले जाने का प्रमाण पत्र देना होगा जिसके आधार पर ही उसे ट्रायल की अनुमति प्रदान की जायेगी। (प्रमाण–पत्र जारी करने वाले संबंधित फेडरेशन/संघ/ विश्वविद्यालय, रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त हो, वही मान्य होंगे)}**

16. ग्रेड–पे जिसके लिए पात्र है और आवेदन किया है : ..........
**(अभ्यर्थी आवेदन पत्र में ग्रेड पे भरने से पहले अधिसूचना का पैरा 3 अवश्य देखें, जो कि अधिसूचना के पैरा 3 में वर्णित पात्रता के अनुसार ही भरें)**
17. संलग्न डिमांड ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर का ब्यौरा : डी. डी./आईपीओ न. ..........
बैंक/डाकघर का नाम ..........तिथि .......... राशि ..........
18. क्या आप किसी सरकारी/पीएसयू संगठन में कार्यरत हैं : ..........
(यदि हां, तो आवेदन, अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ उचित माध्यम से भेजा जाए)
19. नजदीकी रेलवे स्टेशन ..........

"मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऊपर वर्णित किया गया है वह मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है । यदि कुछ गलत या असत्य पाया जाता है, तो आवेदन निरस्त हो जाएगा और यदि गलती का पता मेरे चयन के बाद चलता है, तो मेरी सेवा समाप्त कर दी जाएगी । मैं उत्तर पश्चिम रेलवे में कहीं भी तैनात किए जाने का इच्छुक हूँ।"

**स्थान** ..........
**दिनांक** ..........

बायें हाथ के अंगूठे का निशान

..........
अभ्यर्थी का हस्ताक्षर
(अँग्रेजी के बड़े अक्षर में ना हों)
(बड़े अक्षर में किए गए हस्ताक्षर अपात्र किए जाएँगे)

<u>संलग्नक–II</u>

**अल्प संख्यक अभ्यर्थियों के लिए घोषणा पत्र का प्रारूप जो कि आवेदन पत्र के साथ रोजगार सूचना संख्या 01/2015 (उ.प.रे./खेलकूद/खुला विज्ञापन) के अन्तर्गत भरकर जमा करना है।**

**<u>घोषणा</u>**

मैं ..........पुत्र/पुत्री श्री ..........
निवासी .......... का .......... गली संख्या..........
गाँव/ कस्बा/शहर ..........जिला .......... राज्य ..........
का निवासी हूँ और एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं .......... (केंन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदाय अर्थात मुस्लिम/सिख/इसाई/बौद्ध/पारसी/जैन इंगित करें) से संबंधित हूँ।

स्थान : अभ्यर्थी का हस्ताक्षर
तिथि : अभ्यर्थी का नाम

नोट : प्रलेख सत्यापन के समय परीक्षा शुल्क में छूट का दावा करने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर 'अल्पसंख्यक समुदाय घोषणा' शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अल्पसंख्यक समुदाय अर्थात मुस्लिम/सिख/इसाई/बौद्ध/पारसी/जैन से संबंधित है ।

<u>संलग्नक– III</u>

**परीक्षा शुल्क की माफी के लिए आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थी द्वारा जमा किया जाने वाला आय प्रमाण पत्र**

1. अभ्यर्थी का नाम : ..........
2. पिता का नाम : ..........
3. आयु : ..........
4. आवासीय पता : ..........
5. परिवार की वार्षिक आय (शब्दों और अंकों में) :..........
6. जारी होने की तिथि : ..........
7. हस्ताक्षर : ..........
8. जारीकर्ता प्राधिकारी की मोहर :..........

<u>नोट :–</u> आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग का अर्थ वह अभ्यर्थी है, जिसकी पारिवारिक आय रु. 50000/– प्रति वर्ष से कम है। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की पहचान के लिए आय प्रमाण पत्र जारी करने के सक्षम प्राधिकारी निम्नलिखित हैं :–

i. जिला मजिस्ट्रेट या तहसीलदार के स्तर तक का कोई अन्य राजस्व अधिकारी।
ii. अपने संसदीय क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए लोक सभा के वर्तमान सांसद।
iii. गरीबी–रेखा के नीचे (बीपीएल) कार्ड या रेलवे द्वारा जारी इज्जत एमएसटी के मान्यता प्राप्त गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा जारी कोई अन्य प्रमाण पत्र।
iv. केन्द्रीय मंत्री रेभक को देश में कहीं से किसी भी व्यक्ति के लिए भी सिफारिश कर सकते हैं।
v. राज्य सभा के वर्तमान सांसद उस जिले के व्यक्तियों के लिए, जिनमें ये एमपी–सामान्यतया निवास करते हैं।

रो.स. 12/38 479-CT/15

# भारतीय थल सेना

## भर्ती महानिदेशालय वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in

## 17वां अल्पकालिक सेवा कमीशन (तकनीकी) महिला पाठ्यक्रम (अप्रैल 2016) (गैर तकनीकी प्रवेश के लिए रक्षा कर्मियों की विधवाओं सहित)



**1.** सेना के सभी अंगो/सेवाओं में अल्प कालिक सेवा कमीशन प्रदान करने के लिए अविवाहित महिला इंजीनियरिंग स्नातकों एवं रक्षा कर्मियों की विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । पाठ्यक्रम की शुरूआत अप्रैल 2016 में अफसर प्रशिक्षण अकादमी (ओ टी ए) चेन्नई, तमिलनाडु में की जाएगी ।

**2. पात्रता**

(क) राष्ट्रीयता उम्मीदवार निम्नलिखित में से एक हो : (i) भारत का नागरिक, या (ii) भूटान की प्रजा, या (iii) नेपाल की प्रजा, या (iv) तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने की मंशा से 01 जनवरी 1962 के पहले भारत में आया हो या (v) भारतीय मूल का व्यक्ति जिसने पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका एवं पूर्वी अफ्रीकी देशों जैसे कीनिया, युगांडा, युनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया, जांबिया, मलावी, जायरे एवं इथियोपिया तथा वियतनाम से प्रवास किया हो तथा भारत में स्थायी रूप से रहने के लिए आया हो बशर्ते कि उपर्युक्त श्रेणी (ii)(iii)(iv) एवं (v) के व्यक्ति के संबंध में भारत सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण पत्र जारी किया गया हो । हालांकि नेपाल के गोरखा निवासियों के संबंध में पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी ।

(ख) आयु सीमा

(i) एसएससीडब्ल्यू (तकनीकी)17 महिला पाठ्यक्रम प्रारंभ होने के समय 20 से 27 वर्ष की आयु । जिनका जन्म **02 अप्रैल 89** और **01 अप्रैल 96** (दोनों तारीख शामिल हैं) के बीच हुआ हो ।

(ii) रक्षा कर्मियों की विधवाओं के लिए आयु में 4 वर्ष की छूट के साथ–एसएससीडब्ल्यू (गैर तकनीकी) 19 से 29 **वर्ष** । जिनका जन्म **02 जनवरी 87** से पहले और **01 जनवरी 97** (दोनों तारीख शामिल हैं) के बाद न हुआ हो ।

**नोट 1.** मैट्रिकुलेशन या उसके समतुल्य परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज जन्म तिथि ही इस कार्यालय द्वारा मान्य होगी ।

**नोट 2.** आयु से संबंधित कोई भी अन्य दस्तावेज स्वीकार्य नहीं होगा और बाद में जन्म तिथि परिवर्तन के किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इसमें काई परिवर्तन किया जाएगा ।

(ग) **शैक्षणिक योग्यता:** उम्मीदवार ने इंजीनियरिंग डिग्री पास कर ली हो या इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष की परीक्ष में बैठ चुका हो । इंजीनियरिंग डिग्री पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष की परीक्षा दे चुके उम्मीदवारों को ओ टी ए में प्रशिक्षण शुरू होने की तारीख से 12 हफ्तों के अंदर इंजीनियरिंग डिग्री प्रस्तुत करनी होगी । ऐसे उम्मीदवारों को अतिरिक्त बांड आधार पर प्रवेश दिया जाएगा कि यदि वे अपेक्षित डिग्री प्रमाण पत्र को जमा नहीं करा पाते तो ओ टी ए में समय–समय पर अधिसूचित प्रशिक्षण की लागत और उन्हें दी गई छात्रवृत्ति और वेतन तथा भत्तों की वसूली उनसे की जाएगी ।

3. **विषय** वार रिक्तियां नीचे दी गई है

| इंजीनियरिंग स्ट्रीम | | रिक्तियां एसएससी(तकनीकी) महिला | |
|---|---|---|---|
| सिविल | | 04 | |
| मैकेनिकल | | 02 | |
| इलेक्ट्रिकल | | 02 | |
| टेली कम्यूनिकेशन | | 02 | |
| कुल | | 10 | |
| रक्षा कर्मियों की विधवाओं के लिए रिक्तियां – 01 | | | |
| प्रवेश | योग्यता | रिक्तियां | टिप्पणी |
| एसएससी (गैर तकनीकी) | किसी भी विषय में स्नातक डिग्री | 01 | यूपीएससी से इतर प्रवेश |

**नोट 1** ये रिक्तियां अनंतिम हैं और प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संख्या के आधार पर इनमें परिवर्तन हो सकता है ।

**महत्वपूर्ण नोट 1**: किसी भी अभ्यर्थी को उपर्युक्त कोर्स में से केवल एक एन्ट्री/डिसिप्लिन के लिए आवेदन करने की अनुमति है । चुनी गई एन्ट्री/योग्यता में बदलाव के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

**नोट 2**: रक्षा कर्मियों की विधवाएं और उन रक्षा कर्मियों जिनकी अपनी ड्यूटी के दौरान मृत्यु हुई हो और जिनके बच्चे हैं, उनकी विधवाओं सहित एसएससीडब्ल्यू (तकनीकी) और एसएससीडब्ल्यू (गैर–तकनीकी) के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होंगी । वे तभी पात्र होंगी यदि उन्होंने पुनर्विवाह न किया हो । जो रिक्तियां नहीं भरी जाएंगी वे विधवाओं से इतर श्रेणी में वापस चली जाएंगी । ऐसे अभ्यर्थियों के लिए **अधिकतम** आयु सीमा में चार साल तक की छूट होगी। आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाएंगे । (i) युद्ध कैजुअल्टी की इनीशियल रिपोर्ट (ii) युद्ध कैजुअल्टी की विस्तृत रिपोर्ट (iii) युद्ध कैजुअल्टी प्रमाण–पत्र (iv) दिवंगत पति के संबंध में भाग– II आदेश । आवेदन जिस लिफाफे में डाला जाए उसके ऊपर लाल स्याही वाले पैन से रैंक सहित अफसर का नाम लिखा जाएगा । उदाहरण के लिए स्वर्गीय ------- की विधवा । अभ्यर्थी अपना आवेदन सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in में दिए गए आवेदन प्रपत्र पर ऑफ लाइन में सीधे एकीकृत मुख्यालय रक्षा मंत्रालय सेना, ए जी शाखा भर्ती महानिदेशालय/भर्ती–ए (डब्ल्यू ई) अनुभाग, वेस्ट ब्लॉक III आर.के पुरम, नई दिल्ली – 110066 को भेज सकता हैं, बशर्ते वे निर्धारित योग्यता रखते हों और चयन मानदंडों पर खरे उतरते हों । आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 23 जुलाई 2015 है । अंतिम तारीख के बादि प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**4. कमीशन के प्रकार**

(क) **कमीशन प्रदान करना :** चयनित उम्मीदवारों को पाठ्यक्रम **शुरू** होने की तारीख या ओ टी ए में रिपोर्ट करने की तारीख, दोनों में से जो भी बाद में आती है, से लेफ्टिनेंट के रैंक में **परीक्षा** पर अल्पकालिक सेवा कमीशन प्रदान किय जाएगा और वे प्रशिक्षण की अवधि के दौरान लेफ्टिनेंट के लिए स्वीकार्य पूर्ण वेतन और भत्ते पाने के हकदार होंगे । प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर वेतन एंव भत्तों का भुगतान किया जाएगा ।

(ख) **अल्पकालिक सेवा कमीशन की पुष्टि :** ओ टी ए में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण सफलातापूर्वक पूरा किए जाने पर लेफ्टिनेंट के रैंक में अल्पकालिक **सेवा कमीशन** (तककनीकी) की **पुष्टि** की जाएगी ।

(ग) **पिछली तारीख से वरिष्ठता अल्पकालिक सेवा** कमीशन पर कमीशन की तारीख से एक **वर्ष** पीछे तक की **वरिष्ठता** दी जाएगी ।

5. **प्रशिक्षण :** प्रशिक्षण की अवधि 49 सप्ताह होगी :

**(क)** चयनित उम्मीदवारों को योग्यता क्रम में उनके स्थान के अनुसार प्रत्येक **विषय** में उपलब्ध रिक्तियों की संख्या तक अफसर प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई में प्रशिक्षण के लिए तैनात किया जाएगा ।

**(ख)** उम्मीदवारों को प्रशिक्षण की अवधि के दौरान विवाह करने की अनुमति नहीं होगी और न ही उन्हें माता–पिता/अभिभावकों के साथ रहने की अनुमति होगी । प्रशिक्षण के दौरान विवाह करने वाले उम्मीदवार को सेवा मुक्त कर दिया जाएगा और वह सरकार द्वारा उस पर किया गया सारा खर्च वापस देने के लिए बाध्य होगा । ऐसा उम्मीदवार जो अपने आवेदन भरने की तारीख के बाद विवाह करता है, उसे सफल होने पर भी प्रशिक्षण के लिए नहीं चुना जाएगा ।

**ग) प्रशिक्षण की लागत :** प्रशिक्षण की पूरी लागत सरकार द्वारा वहन की जाएगी । एल सी को मेडिकल आधार या अपने नियंत्रण के परे कारणों से प्रशिक्षण अकादमी से हटाया जाता है तो वह अफसर प्रशिक्षण अकादमी में रहने की अवधि के लिए प्रशिक्षण की लागत लौटाने के लिए बाध्य होगी ।

**(घ) सेना ग्रुप इंश्यूरेंस फंड :** ओ टी ए के छात्रवृत्ति पाने वाले महिला कैंडेटों का 50 लाख **रुपए** का बीमा कराया जाता है ।

6. **वेतन एवं भत्ते** उम्मीदवारों को 21,000/– रुपए प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाएगी (वेतन बैंड में वेतन के में 15,600/– रु. के साथ 5400/–रु. ग्रेड वेतन) । प्रशिक्षण पूरा होने पर उन्हें लेफ्टिनेंट के रैंक में कमीशन प्रदान किया जाएगा और वे उस रैंक के लिए अनुमेय वेतन के हकदार होंगे । सेना द्वारा स्वयं के लिए एवं परिवार के लिए निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं, कैंटीन सुविधाएं, अधिकृत राशन, मैस/क्लब/स्पोर्ट्स सुविधाएं, सुसज्जित **सरकारी** आवास, रियायती दर में कार/हाउसिंग लोन आदि भी प्रदान किए जाते हैं । वेतन एवं भत्ते और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** देखें ।

7. **आवेदन कैसे करें (क)** आवेदन **www.joinindianarmy.nic.in**वेबसाइट पर केवल आनॅलाइन स्वीकार किए जाएंगे । ऑफिसर मेन्यू पर क्लिक करें और फिर **आवेदन कैसे करें** पर जाकर ऑनलाइन **एप्लीकेशन** पर क्लिक करें । ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म को भरें । यूज़र आई डी और पासवर्ड नोट करें । जब आप ऑनलाइन **एप्लीकेशन** पर क्लिक करेंगे तो आपको फॉर्म भरने में सहायता के लिए सुझाव मिलेंगे । आवेदन सबमिट करने से पहले फॉर्म में की गई प्रविष्टियों की जांच कर लें और आवेदन को सेव कर लें । आवेदन सबमिट करने के बाद सिस्टम द्वारा तैयार प्रिंटआउट और रोल नं. की दो प्रतियां निकालें ।

**(ख) अभ्यर्थी द्वारा चयन केंद्र पर ले जाए जाने वाले दस्तावेज :–**

(i) आवेदन के प्रिंटआउट की विधिवत् हस्ताक्षरित प्रति जिस पर सरकारी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित फोटो लगा हो।
(ii) उम्र के प्रमाण के रूप में मैट्रिकुलेशन अथवा समतुल्य प्रमाण–पत्र की अनुप्रमाणित प्रति
(iii) 12वीं कक्षा का प्रमाण–पत्र व मार्कशीट
(iv) इंजीनियरिंग डिग्री/अनंतिम डिग्री की अनुप्रमाणित प्रतियां
(v) सभी सेमेस्टरों की मार्कशीट की अनुप्रमाणित प्रतियां
(vi) अंतिम **वर्ष** के उम्मीदवारों के संबंध में संस्था के प्रिंसिपल/प्रमुख से इस आशय का प्रमाण–पत्र कि उम्मीदवार अंतिम **वर्ष** की पढ़ाई कर रहा है और परीक्षा 01 अप्रैल 2016 तक पूरी हो जाएगी ।
(vii) अधिसूचित स्ट्रीम में समतुल्यता का दावा करने के लिए संबंधित यूनिवर्सिटी से समतुल्यता प्रमाण पत्र ।
(viii) सभी मुल प्रमाण–पत्र सेवा चयन बोर्ड में सत्यापन किए जाने के बाद सभी मूल प्रमाण–पत्र लौटा लिए जाएंगे ।

**जो अभ्यर्थी एस एस बी साक्षात्कार के लिए ये सभी दस्तावेज नहीं ले जाएगा उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी ।**

**(ग)** ऑनलाइन आवेदन के प्रिंट आउट की दूसरी प्रति अभ्यर्थी अपने संदर्भ के लिए अपने पास ही रखेगा । डी जी रिक्रूटिंग के पास कोई हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं हैं ।

**(घ)** अभ्यर्थी केवल एक आवेदन जमा करें । एक ही अभ्यर्थी से कई आवेदन प्राप्त होने पर उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी ।

**ऑनलाइन आवेदन** 24 जून 2015 **को 10.00 बजे खुलेगा और** 23 जुलाई 2015 **को 17.00 बजे बंद हो जाएगा ।**

8. **चयन प्रक्रिया** : चयन प्रक्रिया निम्न प्रकार से होगी :–

| **अनिवार्य योग्यता:** | : | (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र वाणिज्य, सांख्यिकी या समतुल्य विषय में स्नातक.<br>(ii) किसी सरकारी मान्यताप्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर एप्लिकेशन में डिप्लोमा या प्रमाणपत्र अथवा उपयुक्त परीक्षण द्वारा निर्णय किए जाने वाला प्रोग्रामिंग, प्रणाली प्रचालन एवं प्रणाली विश्लेषण का ज्ञान.<br>**टिप्पणी:**<br>1- अन्य रूप से सुनिश्चित व्यक्तियों के मामले में कर्मचारी चयन आयोग या सक्षम प्राधिकारी के स्वविवेक पर अर्हताओं में छूट दी जा सकती है.<br>2- कर्मचारी चयन आयोग या सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय यदि यह राय बनती है कि उनके द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए इन समुदायों के अपेक्षित अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की संख्या पर्याप्त नहीं है तो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के मामले में अनुभव के संबंध में अर्हता (ओं) में छूट दी जा सकती है. |
| **वांछनीय योग्यता** | : | **शून्य** |
| **प्रारंभिक पदस्थापन** | : | अखिल भारतीय सेवा दायित्व के साथ कोलकाता. |
| **कार्य की अपेक्षाएँ** | : | 1.) दै.व्या.वि का संग्रहण एवं बैच बनाना.<br>2.) छद्मवेशी अर्थात असामान्य उच्च/निम्न प्रमात्रा/मूल्य आंकड़े एवं अवैध सु.प./देश पत्तन कोडों की पहचान हेतु प्रथम स्तरीय जांच.<br>3). मैनुअल दै.व्या.वि. की संगणना.<br>4.) दै.व्या.वि. की मेनफ्रेम कम्प्यूटर में आंकड़ा प्रविष्टि.<br>5.) जलयानों/वायुयानों इत्यादि के निर्यात/आयात से सम्बंधित आंकड़ों का संग्रहण एवं प्रक्रमण.<br>6.) ''भारत के विदेश व्यापार की सांख्यिकी'' (प्रमुख पण्य/देश/पत्तन) के प्रकाशन हेतु अनंतिम आंकड़ों सहित आंकड़े की मध्य स्तरीय एकरूपता जांच एवं मान्यकरण.<br>7.) आंकड़े का अद्यतनीयकरण.<br>8.) आंकड़ा प्रयोगकर्ताओं की अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु विशेष सारणियों के जनन हेतु नियमित आधार पर आंकड़ों की संगणना एवं प्रक्रमण.<br>9.) संसदीय प्रश्नों, वी.आई.पी. संदर्भों, विभिन्न अन्वेषण अभिकरणों इत्यादि का उत्तर बनाने हेतु विशेष सारणियों की संरचना.<br>10.) सम्पूर्ण देश के विभिन्न समुद्र पत्तनों/सीमा शुल्क क्षेत्रों से तटीय व्यापार दै.व्या.वि./जहाजरानी विवरणियों का संग्रहण.<br>11.) रेल, नदी एवं वायुमार्ग के अंतर्देशीय व्यापार के सम्बंध में विवरणियों का संग्रहण.<br>12.) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क प्राधिकारियों से आंकड़ों का संग्रहण.<br>13.) तटीय व्यापार दै.व्या.वि./अंतर्देशीय व्यापार विवरणियों की संगणना, संकेतीकरण.<br>14.) प्रकाशनों हेतु आंकड़ा प्रक्रमण, मान्यकरण एवं सारणीयन,<br>क : भारत के अंतर्देशीय तटीय व्यापार प्रेषणों की सांख्यिकी.<br>ख : भारत के विदेश एवं तटीय नौभार संचलन की सांख्यिकी.<br>ग : रेल , नदी एवं वायुमार्ग से मालों का अंतर्राज्य संचलन/बहाव.<br>घ : भारत के विदेश व्यापार की चयनित सांख्यिकी.<br>ड : भारतीय संघ की सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क राजस्व संग्रह की सांख्यिकी.<br>15.) विद्यमान एवं संभाव्य निर्यातकों , व्यापार संगठनों इत्यादि को सूचना/आंकड़ों की आपूर्ति.<br>16.) निर्यातकों एवं आयातकों की निदेशिका हेतु विभिन्न श्रोतों यथा दै.व्या.वि.,वि.व्या.म.नि. एवं व्यापार संगठनों इत्यादि से प्राप्त आंकड़े/सूचना का संग्रहण, संकलन एवं संवीक्षा.<br>17.) निर्यातकों एवं आयातकों की सूचनाओं के सत्यापन हेतु निर्यातकों , आयातकों, वित्तीय संस्थानों, बैंकों, व्यापार संगठनों, मंत्रालयों इत्यादि से पत्राचार.<br>18.) विदेश व्यापार में विकास के सम्बंध में विभिन्न प्रकाशनों/समाचारपत्रों का सूक्ष्म वीक्षण.<br>19.) निविदाओं की प्राप्ति, छटाई, जांच एवं वर्गीकरण.<br>20.) व्यापार जिज्ञासाओं पर सूचना का संग्रहण.<br>21.) देश प्रोफाइल/पण्य प्रोफाइल तैयार करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सामग्री का संग्रहण.<br>22.) उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर दिये जाने वाले कोई अन्य दायित्व. |
| **शा.वि. के लिए निर्देश** | : | ये पद ओडी (ओए एवं ओएल), एचडी (डी एवं पीडी) उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त पाया गया है. |
| **2.4 प्रवर्ग सं.** | | **ईआर-04** |
| पद | : | **वैज्ञानिक सहायक (मैकेनिकल)** |
| वर्गीकरण | : | **सामान्य केंद्रीय सेवा, ग्रुप 'बी', अराजपत्रित** |
| रिक्ति | : | **04 (04-अनारक्षित)** |
| विभाग | : | **राष्ट्रीय परीक्षण शाला, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले विभाग, कोलकाता** |
| उम्र | : | **18-30 वर्ष** (आयु में छूट निर्देशानुसार मान्य है) |
| वेतनमान | : | रु. 9300/--रु. 34800/-, ग्रेड वेतन रु. 4600/-(पीबी-02) |
| **अनिवार्य योग्यता** | : | 1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी (शुद्ध एवं व्यावहारिक) में स्नातकोत्तर अथवा मैकेनिकल इंजीनियरिंग/मेटालर्जी में डिग्री अथवा समतुल्य.<br>2. किसी मैकेनिकल परीक्षणशाला में दो वर्षों का अनुभव.<br>**टिप्पणी-1.** अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार योग्यता शिथिल की जा सकती है.<br>2. अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएँ), संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है (हैं), जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उसके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे. |
| **वांछनीय योग्यता** | : | शून्य |
| **प्रारंभिक पदस्थापन** | : | अखिल भारतीय सेवा दायित्व के साथ कोलकाता, मुंबई, चेन्नै, गाज़ियाबाद, गुवाहाटी, जयपुर |
| **कार्य की अपेक्षाएँ** | | संबन्धित प्रयोगशाला के नमूनों का परीक्षण एवं मूल्यांकन एवं उन वस्तुओं के परीक्षण पद्धति के विकास से संबन्धित कार्य, संबन्धित प्रयोगशाला के उपकरणों का अंशांकन एवं अनुरक्षण. |
| **शा.वि. के लिए निर्देश** | : | ये पद शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया है. |
| **2.5 प्रवर्ग सं.** | : | ईआर-05 |
| पद | : | **विज्ञान सहायक (आरपीटी)** |
| वर्गीकरण | : | **सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप 'बी', अराजपत्रित** |
| रिक्ति | : | **02(01-अनारक्षित एवं 01- अ.ज.जा)** |
| विभाग | : | **राष्ट्रीय परीक्षणशाला, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले विभाग, कोलकाता** |
| उम्र | : | **18-30 वर्ष** (आयु में छूट निर्देशानुसार मान्य है) |
| वेतनमान | : | रु. 9300/-- रु. 34800/-, ग्रेड वेतन रु. 4600/-(पीबी-02) |
| **अनिवार्य योग्यता** | : | i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी (शुद्ध या व्यावहारिक) अथवा रसायन शास्त्र (शुद्ध, व्यावहारिक अथवा औद्योगिक) में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा टेक्सटाइल तकनीकी में डिग्री अथवा रबड़ तकनीक में डिग्री अथवा प्लास्टिक इंजीनियरिंग में डिग्री अथवा पॉलिमर एवं रबड़ तकनीकी में डिग्री या समतुल्य.<br>ii) टेक्सटाइल /रबड़/प्लास्टिक/कागज़ /चमड़ा के परीक्षण में लगी हुई किसी प्रयोगशाला में दो वर्षों का अनुभव.<br>**टिप्पणी** 1.) अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है.<br>2.) अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएँ),संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है (हैं),जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उसके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे. |
| **वांछनीय योग्यता** | : | शून्य |
| **प्रारंभिक पदस्थापन** | : | अखिल भारतीय सेवा दायित्व के साथ कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, गाजियाबाद, गुवाहाटी, जयपुर. |
| **कार्य की अपेक्षाएँ** | | संबन्धित प्रयोगशाला के नमूनों का परीक्षण एवं मूल्यांकन एवं उन वस्तुओं के परीक्षण पद्धति के विकास से संबन्धित कार्य, संबन्धित प्रयोगशाला के उपकरणों का अंशांकन एवं अनुरक्षण. |
| **शा.वि. के लिए निर्देश** | : | ये पद शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया है. |
| **2.6 प्रवर्ग सं.** | : | ईआर-06 |
| पद | : | **विज्ञान सहायक (विद्युत)** |
| वर्गीकरण | : | **सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप 'बी', अराजपत्रित** |
| रिक्ति | : | **02 (01-अनारक्षित) (01 पद ओडी के लिए आरक्षित है)** |
| विभाग | : | **राष्ट्रीय परीक्षणशाला, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले विभाग, कोलकाता** |
| उम्र | : | **18-30 वर्ष** (आयु में छूट निर्देशानुसार मान्य है) |
| वेतनमान | : | रु. 9300/-- रु. 34800/-, ग्रेड वेतन रु. 4600/-(पीबी-02) |
| **अनिवार्य योग्यता** | : | i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी (शुद्ध या व्यावहारिक) में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा विद्युत इंजीनियरिंग/विद्युत संचार, इंजीनियरिंग / दूरसंचार इंजीनियरिंग में डिग्री अथवा समतुल्य.<br>ii) किसी प्रयोगशाला में उन्नत विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मापन(मेज़रमेंट्स) में दो वर्षों का अनुभव.<br>**टिप्पणी 1-** अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है. |

| | |
|---|---|
| | 2.) अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएँ),संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है (हैं), जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उसके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे. |
| **वांछनीय योग्यता** | : शून्य |
| **प्रारंभिक पदस्थापन** | : अखिल भारतीय सेवा दायित्व के साथ कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, गाजियाबाद, गुवाहाटी, जयपुर. |
| **कार्य की अपेक्षाएँ** | : संबन्धित प्रयोगशाला के नमूनों का परीक्षण एवं मूल्यांकन एवं उन वस्तुओं के परीक्षण पद्धति के विकास से संबन्धित कार्य, संबन्धित प्रयोगशाला के उपकरणों का अंशांकन एवं अनुरक्षण. |
| **शा.वि. के लिए निर्देश** | : ये पद ओएच (ओएल) उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त पाया गया है. |
| **2.7 प्रवर्ग सं.** | : ईआर-07 |
| **पद** | : **अन्वेषक ग्रेड -II** |
| **वर्गीकरण** | : **सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप 'बी', अराजपत्रित** |
| **रिक्ति** | : 02(02-अपिव) |
| **विभाग** | : **श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, चंडीगढ़** |
| **उम्र** | : **18-30 वर्ष** (आयु में छूट निर्देशानुसार मान्य है) |
| **वेतनमान** | : रु. 9300/-- रु. 34800/-, ग्रेड वेतन रु. 4200/-(पीबी-02) |
| **अनिवार्य योग्यता** | : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सांख्यिकी या गणित या अर्थशास्त्र या वाणिज्य एक विषय के रूप में बैचलर डिग्री. (ii) किसी मान्यताप्राप्त संस्था से कम्प्यूटर संचालन या सॉफ्टवेयर पाठ्यक्रम में सार्टिफिकेट/डिप्लोमा. |
| **वांछनीय योग्यता** | : i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सांख्यिकी या गणित या अर्थशास्त्र या वाणिज्य में स्नातकोत्तर डिग्री. ii) किसी सरकारी संगठन में आंकड़ों के संग्रहण/संकलन और विश्लेषण का दो वर्षों का अनुभव. |
| **प्रारंभिक पदस्थापन** | : अखिल भारतीय सेवा दायित्व के साथ कोलकाता |
| **कार्य की अपेक्षाएँ** | अन्वेषक ग्रेड-II के प्राथमिक कार्य प्राथमिक इकाईयों से श्रम सांख्यिकी का संग्रहण तथा संकलन करना है. इस उद्देश्य हेतु अन्वेषक ग्रेड- II को देश भर में विस्तृत दौरे करने पड़ते हैं. इसके अलावा मुख्यालय में अन्वेषक ग्रेड- II के कार्यों में आंकड़ों की शत-प्रतिशत संवीक्षा तथा जांच एवं सारणीकरण आदि शामिल हैं. इन कार्यों में विभिन्न आवतियों/विवरणियों को पूर्ण रूप से जांच के पश्चात् उच्च अधिकारियों को प्रस्तुत करना तथा श्रम कल्याण गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं पर विश्लेषण तथा रिपोर्ट कार्य में सहायता प्रदान करना भी शामिल है. |
| **शा.वि. के लिए निर्देश** | : ये पद ओडी (ओए एवं ओएल), एचडी एवं वीडी (बी एवं पीबी) उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त पाया गया है. |
| **2.8 प्रवर्ग सं.** | : ईआर-08 |
| **पद** | : **माप विज्ञान सहायक** |
| **वर्गीकरण** | : **सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप 'बी', अराजपत्रित** |
| **रिक्ति** | : 02(02-अनारक्षित) |
| **विभाग** | : **उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले , खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय** |
| **उम्र** | : **18-30 वर्ष** (आयु में छूट निर्देशानुसार मान्य है) |
| **वेतनमान** | : रु. 9300/-- रु. 34800/-, ग्रेड वेतन रु. 4200/-(पीबी-02) |
| **अनिवार्य योग्यता** | : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थाओं से भौतिकी शास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा यांत्रिक/विद्युत /इलेक्ट्रॉनिकी/कम्प्यूटर/ उपकरण इंजीनियरिंग में डिग्री या समतुल्य. **टिप्पण-** अर्हताएँ, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में कर्मचारी चयन आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है. |
| **वांछनीय योग्यता** | : शून्य |
| **प्रारंभिक पदस्थापन** | : अखिल भारतीय सेवा दायित्व के साथ रांची एवं गुवाहाटी |
| **कार्य की अपेक्षाएँ** | : प्रयोगशाला में तोलन (वेईंग) और मापन (मेजरिंग) उपकरणों का अंशांकन और परीक्षण. विधिक माप विज्ञान में प्रयोग किए जाने वाले बाटों एवं मापों का सत्यापन एवं मानकीकरण. प्रयोगशाला का रख-रखाव. राज्य सरकारों के अन्तर्गत कार्य कर रहे बाट तथा माप विभागों के प्रवर्तन कर्मचारियों के लिए डिज़ाइन की गई कार्यशालाओं, सम्मेलनों के आयोजन का प्रबन्ध करना और उन्हें बाट तथा माप उपकरणों के संचालन में शिक्षित एवं प्रशिक्षित करना. |
| **शा.वि. के लिए निर्देश** | : ये पद ओडी (ओएल एवं ओए) और एचडी (पीडी) उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त पाया गया है. |
| **2.9 प्रवर्ग सं.** | : ईआर-09 |
| **पद** | : **सहायक (वास्तु विभाग)** |
| **वर्गीकरण** | : **सामान्य केन्द्रीय सेवा , ग्रुप 'बी', अराजपत्रित** |
| **रिक्ति** | : **24 (12-अनारक्षित, 07-अपिव, 03-अ.जा, 02-अ.ज.जा) (01 रिक्ति ओएच के लिए आरक्षित है)** |
| **विभाग** | : **उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय** |
| **उम्र** | : **18-30 वर्ष** (आयु में छूट निर्देशानुसार मान्य है) |
| **वेतनमान** | : रु. 9300/-- रु. 34800/-, ग्रेड वेतन रु. 4200/-(पीबी-02) |
| **अनिवार्य योग्यता** | : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वास्तुविद में डिप्लोमा. **टिप्पणी 1-** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में उन कारणों के लिए जो लेख बद्ध किए जाएं कर्मचारी चयन आयोग या सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं. |
| **वांछनीय योग्यता** | : शून्य |
| **प्रारंभिक पदस्थापन** | : अखिल भारतीय सेवा दायित्व के साथ कोलकाता/रांची/पटना/भुवनेश्वर/ गुवाहाटी/ अगरतला/ शिलांग/ मुंबई/रायपुर/नागपुर/ भोपाल/गांधीनगर/ लखनऊ/ देहरादून/ चंडीगढ़. |
| **कार्य की अपेक्षाएँ** | 1. नगरपालिका में प्रटूट करने के लिए अपेक्षित मीडियम में प्रारम्भिक आरेख/ कार्यकारी आरेख/ विस्तृत आरेख/ विन्यास योजनाएं /नगरपालिका आरेख/ प्रस्तुतीकरण आरेख /संदर्श /आरेखों का अनुरेखण/स्टडी मॉडल/ प्रिंट तैयार करना, आरेखों पर क्षेत्रों का परिकलन करना तथा आरेखों के रिकॉर्ड का रख रखाव करना. 2. जहां आवश्यक हो, कार्यस्थल डाटा की वास्तविक रूप से जांच करना और सत्यापित **तथा** 3. अधिकारियों के अनुरोध पर स्थानीय निकायों से योजनाओं का आनमदन प्राप्त करने, प्रिंटों की व्यवस्था करने और आरेखों से संबन्धित लेखन सामग्री का ब्योरा रखने; तथा प्रशासनिक और तकनीकी कार्यकलापों में उनकी सहायता करना. (वे अपने निकटतम वरिष्ठ अधिकारी अर्थात तकनीकी अधिकारी या सहायक वास्तुक या उप वास्तुक, जैसा भी मामला हो, को उत्तरदायी होंगे) |
| **शा.वि. के लिए निर्देश** | : ये पद ओडी एवं एचडी उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त पाया गया है. |

**नोट:** उपरोक्त रिक्तियाँ मांग करनेवाले कार्यालय द्वारा आयोग में रिपोर्ट की हुई रिक्तियाँ है. यदि, किसी कारणवश, मांग करने वाले कार्यालय उन रिक्तियों को वापस लेते हैं, तो आयोग जिम्मेदार नहीं होगा.

3. **प्रयुक्त संक्षिप्तियाँ:**

**क.च.आ.:** कर्मचारी चयन आयोग, **मं:** मंत्रालय, **वि:** विभाग, **का:** कार्यालय, **आई पी ओ :** इंडियन पोस्टल ऑर्डर, **कें.भ.शु.टि.:** केंद्रीय भर्ती शुल्क टिकट, **आयु:** आयु सीमा, **वे.मा.:** वेतनमान, **अ.यो.:** अनिवार्य योग्यता, **वां.यो.** वांछनीय योग्यता, **प्रा.तै.:** प्रारंभिक तैनाती, **अ.भा.से.दा.:** अखिल भारतीय सेवा दायित्व, **का.अ. :** कार्य अपेक्षाएँ, **अना.:** अनारक्षित, **ज:** जनरल, **अ.पि.व.:** अन्य पिछड़े वर्ग, **अ.जा:** अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.:** अनुसूचित जनजाति, **भू.पू.सै.:** भूतपूर्व सैनिक, **शावि :** शारीरिक विकलांग, **अ.वि:** अस्थि विकलांग, **ब.वि:** बधिर विकलांग, **दृ.वि.:** दृष्टि विकलांग, **सीजीसीई:** सेन्ट्रल गवर्नमेंट सिविलियन एम्प्लौयी, **अ.से.उ.:** अन्य सेवारत उम्मीदवार, **ला.न.:** लागू नहीं, **नोटिस:** परीक्षा का नोटिस दिनांक **20.06.2015** के रोजगार समाचार में प्रकाशित.

4. **राष्ट्रीयता/नागरिकता:**

अभ्यर्थी या तो

भारत का नागरिक हो, या

नेपाल की प्रजा हो, या

भूटान की प्रजा हो, या

तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत में आ गया हो, या

भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टंकानिका एवं जंजीबार), जाबिया, मालावी, जायरे, इथोपिया और वियतनाम से प्रवर्जन किया हो.

बशर्तें कि उपरोक्त **(ख)**, **(ग)**, **(घ)** तथा **(ड.)** श्रेणियों का अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता प्रमाणपत्र जारी किया जा चुका हो.

ऐसे अभ्यर्थी को, जिसके मामले में पात्रता का प्रमाणपत्र आवश्यक है उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है, परन्तु नियुक्ति का प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा आवश्यक पात्रता प्रमाणपत्र जारी करने के बाद ही दिया जाएगा.

5. **परीक्षा शुल्क; देय शुल्क की छूट ; एवं भुगतान का माध्यम**

क. **देय शुल्क:**

केवल ''केन्द्रीय भर्ती शुल्क टिकट'' या ''भारतीय स्टेट बैंक नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड'' के माध्यम से रु. 50/- (पचास रुपये मात्र)

**इस सूचना के अनुच्छेद -5 के निर्देशों को बिना अनुसरण किए चुकाया गया शुल्क स्वीकृत नहीं किया** जाएगा और किसी भी परिस्थिति में एक बार जमा किया हुआ शुल्क वापस नहीं किया जाएगा.

ख. **देय शुल्क की छूट**

i. यह सूचना के अनुच्छेद -09 में दिए गए शर्तों को पूरा करने पर ही महिलाओं अभ्यर्थी को; अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थी को, और बेरोज़गार भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी को देय शुल्क की छूट मिलेगी.

ii. भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार.

ग. **परीक्षा शुल्क के भुगतान का तरीका**

i. **केन्द्रीय भर्ती शुल्क टिकटों (कें.भ.शु.टि.)**

अभ्यर्थी को शुल्क का भुगतान (रु. 50) ''केन्द्रीय भर्ती शुल्क टिकटों (कें.भ.शु.टि.) के माध्यम से करना चाहिए. ये टिकटें देश के सभी डाकघरों के काउंटरों पर उपलब्ध हैं. ये भर्ती शुल्क टिकटों को जारी करने वाले किसी डाकघर के काउंटर क्लर्क द्वारा कार्यालय की तारीख युक्त मोहर से इस ढंग से निरस्त करा लेना चाहिए कि छाप अथवा निरस्तीकरण मुहर का कुछ अंश आवेदन पत्र पर हो साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि छाप बिलकुल स्पष्ट हो ताकि परवर्ती चरण में जारी करने वाले डाकघर और तारीख को सफलतापूर्वक पहचाना जा सके. केंद्रीय भर्ती शुल्क टिकटों को डाकघर से निरस्त करा लेने के बाद अभ्यर्थी अन्य औपचारिकताओं को पूरा करके अपना आवेदन पत्र इस सूचना के अनुच्छेद 6 के अनुसार कर्मचारी चयन आयोग (पूर्वी क्षेत्र) के कार्यालय को भेज सकते हैं.

ii. चयन पदों के लिए आवेदन शुल्क के ऑनलाइन भुगतान की पद्धति

1. आवेदक को निम्नलिखित विवरणों की प्रविष्टि करके आयोग के पोर्टल **http://ssconline.nic.in** में पंजीकरण (रजिस्टर) करना होगा.

क) विज्ञापन संख्या

ख) पद प्रवर्ग संख्या

ग) उम्मीदवार का नाम

घ) पिता/पति का नाम

ङ) जन्म तिथि

2. सिस्टम द्वारा पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) आईडी दी जाएगी.
3. पंजीकरण आईडी को नोट कर लें या उसका प्रिंट आउट निकाल लें.
4. **"Make payment"** विकल्प पर क्लिक करें और एसबीआई नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान करें.
5. ऑफलाइन आवेदन फॉर्म को भरें और आवेदन फॉर्म के द्वितीय पृष्ठ जहां केन्द्रीय भर्ती शुल्क टिकट लगाने का स्थान है वहाँ अपनी पंजीकरण संख्या लिखें.
6. भर्ती की सूचना के निर्देशानुसार अपना आवेदन जमा करें.

6. **आवेदन पत्रों को ग्रहण करने की अंतिम तिथि तथा आवेदन पत्रों को ग्रहण करने का पता**

क. आवेदन पत्रों को ग्रहण करने की अंतिम तिथि

i. आवेदन पत्रों को ग्रहण करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.07.2015 (सायं 5 बजे तक)

ii. **दूरवर्ती क्षेत्र:** असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैण्ड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर, लाहौल एवं स्पीति जिले तथा हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले के उप प्रभाग, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप, लक्षद्वीप में निवास करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पत्रों को ग्रहण करने की समाप्ति/अंतिम तिथि दिनांक **27.07.2015 (सायं 5 बजे) होगी. इसी क्षेत्र के उम्मीदवार निश्चित रूप से आवेदन भरे जाने वाले लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में ''दूरवर्ती क्षेत्र'' लिखें.**

ख. **पता जहाँ आवेदन पत्र भेजना है:**
आवेदक 20.06.2015 से 20.07.2015 की अवधि के भीतर निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा या हाथ से जमा कर सकते हैं.

**''क्षेत्रीय निदेशक,**
**कर्मचारी चयन आयोग (पू.क्षे.),**
**निज़ाम पैलेस, प्रथम एम.एस.ओ. भवन (8वां तल)**
**234/4, ए जे सी बोस रोड,**
**कोलकाता- 700020''**

**उपरोक्त पते के अलावा किसी अन्य पते पर ग्रहण किए गये आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा.**

7. **पदों के लिए अनिवार्य योग्यता**

i) अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग अनिवार्य योग्यताएं इस सूचना के अनुच्छेद - 2 में दी हुई हैं.

ii) अनिवार्य योग्यता निर्धारित करने की निर्णायक तिथि इस सूचना में दिए गए आवेदन पत्रों को ग्रहण करने की अंतिम तिथि को आधार मानकर गिनी जाएगी जो इस सूचना के अनुच्छेद 6 (क) (i) में उल्लिखित है. अतः, आवेदक के पास किसी पद के लिए अनिवार्य योग्यता /अनुभव आवेदन ग्रहण करने की अंतिम तिथि को या उससे पहले प्राप्त होना चाहिए.

iii) जिन पदों के लिए अनिवार्य योग्यता के रूप में किसी विशिष्ट क्षेत्र/शिक्षण में किसी निर्दिष्ट समय के लिए **अनुभव** का निर्देश दिया गया है, आवेदकों को अपने अनुभव के दावे के समर्थन में **सक्षम प्राधिकारी से प्रमाणपत्र** जमा करना होगा. **ऐसा न कर पाने से उनका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा.**

iv) **यदि कोई आवेदक ये दावा करते हैं कि निर्धारित अनिवार्य योग्यता उनकी शैक्षिक योग्यता के समतुल्य है, तो ये उम्मीदवार का दायित्व होगा कि उन्हें भारत सरकार या जहां से शैक्षिक योग्यता प्राप्त की उस अनुमोदित संस्थान द्वारा जारी जरूरी दस्तावेज़/ प्रमाणपत्रों (आदेश/पत्र संख्या दिनांक के साथ) जमा करना होगा, ऐसा न करने से उनका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा.**

v) किसी पद के अनिवार्य योग्यता के लिए किसी संबद्ध भाषा में प्रवीणता आवश्यक होने का अर्थ है कि आवेदक ने उस भाषा का अध्ययन मैट्रिक स्तर पर किया है और यदि वे संबद्ध भाषा का अध्ययन मैट्रिक में नहीं किया है तो वह उक्त भाषा उनकी मातृभाषा होनी चाहिए या उनके पास कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए जो कर्मचारी चयन आयोग द्वारा निर्धारित किया जाएगा.

vi) आवेदक अपने आवेदन पत्रों के साथ अपने शैक्षिक योग्यता और अंक के प्रतिशत और आयु के प्रमाण के समर्थन में सभी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड के प्रमाणपत्रों की **स्वअनुप्रमाणित पढ़े जाने योग्य** प्रतियाँ जमा करें, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में सरसरी तौर पर रद्द कर दी जाएगी.
आवेदकों को **दस्तावेज़ों की छानबीन** के दौरान अपने आवेदन पत्र में दिये गए सूचना के समर्थन में निश्चित रूप से मूल प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ों को दिखाना होगा, ऐसा न कर पाने से उनकी उम्मीदवारी उसी समय या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द कर दी जाएगी.
**उम्मीदवारों को ये चेतावनी दी जाती है कि यदि वे कपटपूर्ण रूप से अजा/ अजजा/ अपिव/ शावि/ भूपूसै/ सीजीसीई होने का दावा करते हैं या इन श्रेणियों को लागू आरक्षण/ आयु में छूट के दावे के लिए प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ जमा करते हैं या आयु प्रमाण/ अनुभव/ अनिवार्य योग्यता के दावे के समर्थन में प्रमाणपत्र/अंकपत्र जमा करते हैं तो आपको आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं से स्थायी रूप से विवर्जित कर दिया जाएगा.**

नोट: **भारत के राजपत्र के दिनांक 08.04.1995 के अंक में प्रकाशित मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिनांक 01.03.1995 की अधिसूचना सं 44 के अनुसार मुक्त विश्वविद्यालयों/दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से प्राप्त डिग्री दूरस्थ शिक्षा परिषद, इग्नू से मान्यताप्राप्त होनी चाहिए. तदनुसार,जब तक यह डिग्री उस अवधि के लिए मान्यताप्राप्त नहीं होती, जिसमें कि अभ्यर्थी ने संगत योग्यता प्राप्त की है, तो उसे शैक्षिक योग्यता के प्रायोजन से स्वीकार नहीं किया जाएगा.**

8. **आयु-सीमा, ऊपरी आयु सीमा की छूट और ऊपरी आयु सीमा में छूट की पाबंदी**

क) **आयु सीमा निर्णय के आधार:**
आयु सीमा इस सूचना में दिए गए आवेदन पत्रों को ग्रहण करने की अंतिम तिथि को आधार मानकर गिना जाएगा जो इस सूचना के अनुच्छेद 6 (क) (i) में निर्दिष्ट है.

ख) **आयु सीमा:**
अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग आयु-सीमा इस सूचना के अनुच्छेद-2 में दी गई है.

नोट: आयु का प्रमाणः
आयु का प्रमाण मैट्रिक/माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र में दर्ज जन्म तिथि आयोग द्वारा ग्रहण की जाएगी और बाद में परिवर्तन के लिए अनुरोध पर न विचार किया जाएगा और न ही मंजूर की जाएगी.

ग. **ऊपरी आयु सीमा की छूट:**
निम्नानुसार योग्य श्रेणी के आवेदकों के लिए लागू ऊपरी आयु सीमा में छूट नीचे दी गयी है जो सूचना के **अनुच्छेद-9** में निर्दिष्ट शर्तों एवं निबंधनों की पूर्ति के अधीन है और इस सूचना के **अनुच्छेद-8(डी)** में निर्दिष्ट ऊपरी आयु सीमा की छूट पर प्रतिबंध भी.
ऊपरी आयु सीमा में छूट तभी लागू होगी जब आवेदक आवेदन पत्र के स्तंभ 12 में दावा करेंगे और आवेदन पत्र के स्तंभ 12.1 पर श्रेणी कोड ठीक तरह से भरेंगे.
**'सूचना के अनुच्छेद -2 में निर्दिष्ट ऊपरी आयु सीमा के बाद लागू अनुज्ञेय आयु छूट'** और 'श्रेणी', 'श्रेणी कोड' का विवरण नीचे दिया गया है.

| श्रेणी कोड | श्रेणी | ऊपरी आयु सीमा में स्वीकृत छूट |
|---|---|---|
| | **ग्रुप 'बी' एवं 'सी' पदों के लिए** | |
| 01 | अ.जा. | 5 वर्ष |
| 02 | अ.जजा. | 5 वर्ष |
| 03 | अ.पि.व | 3 वर्ष |
| 04 | शा.वि. | 10 वर्ष |
| 05 | शा.वि.+अ.पि.व. | 13 वर्ष |
| 06 | शा.वि.+ अ.जा. | 15 वर्ष |
| 07 | शा.वि.+ अ.जजा. | 15 वर्ष |
| 08 | भूतपूर्व सैनिक.(सामान्य/अनारक्षित) | अंतिम तिथि पर वास्तविक उम्र से की गई मिलिट्री सर्विस घटाने में के बाद 03 वर्ष |
| 09 | भू.पू.सै. (अपिव) | अंतिम तिथि पर वास्तविक उम्र में से की गई मिलिट्री सर्विस घटाने के बाद 06 वर्ष (3 वर्ष + 3 वर्ष) |
| 10 | भू.पू.सै. (अ.जा./अ.ज.जा.) | अंतिम तिथि पर वास्तविक उम्र में से की गई मिलिट्री सर्विस घटाने के बाद 08 वर्ष (3 वर्ष + 5 वर्ष) |
| 11 | भू.पू.सै. (अ.जा./अ.ज.जा.) | अंतिम तिथि पर वास्तविक उम्र में से की गई मिलिट्री सर्विस घटाने के बाद 08 वर्ष (3 वर्ष + 5 वर्ष) |
| | **ग्रुप 'बी' पदों के लिए** | |
| 12 | केन्द्र सरकारी सिविलियन कर्मचारी.(सामान्य/अनारक्षित) जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्षों की नियमित एवं सतत सेवा प्रदान की हो | 5 वर्ष |
| 13 | केन्द्र सरकारी सिविलियन कर्मचारी (अपिव)जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्षों की नियमित एवं सतत सेवा प्रदान की हो | 08 वर्ष ( 5 वर्ष + 3 वर्ष) |
| 14 | सेन्ट्रल गवर्नमेंट सिविलियन एम्पलौयी (अ.जा.) जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्षों की नियमित एवं सतत सेवा प्रदान की हो | 10 वर्ष (5 वर्ष + 5 वर्ष) |
| 15 | सेन्ट्रल गवर्नमेंट सिविलियन एम्पलौयी (अ.ज.जा.) जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्षों की नियमित एवं सतत सेवा प्रदान की हो | 10 वर्ष (5 वर्ष + 5 वर्ष) |
| | **ग्रुप 'सी' पदों के लिए** | |
| 16 | केन्द्र सरकारी सिविलियन कर्मचारी (सामान्य/अनारक्षित) जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्षों की नियमित एवं सतत सेवा प्रदान की हो | 40 वर्ष की उम्र तक |
| 17 | केन्द्र सरकारी सिविलियन कर्मचारी (अपिव) जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्षों की नियमित एवं सतत सेवा प्रदान की हो (कें.पु.सं. में उ.नि. को छोड़कर) | 43 वर्ष की उम्र तक |
| 18 | केन्द्र सरकारी सिविलियन कर्मचारी (अ.जा.) जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्षों की नियमित एवं सतत सेवा प्रदान की हो (के.पु.सं. में उ.नि. को छोड़कर) | 45 वर्ष की उम्र तक |
| 19 | केन्द्र सरकारी सिविलियन कर्मचारी (अ.ज.जा.) जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्षों की नियमित एवं सतत सेवा प्रदान की हो (कें.पु.सं. में उ.नि. को छोड़कर) | 45 वर्ष की उम्र तक |
| 20 | उम्मीदवार जो आमतौर पर जम्मू एवं कश्मीर राज्य के निवासी रह चुके हों (अनारक्षित/सामान्य) | 5 वर्ष |
| 21 | उम्मीदवार जो आमतौर पर जम्मू एवं कश्मीर राज्य के निवासी रह चुके हों (अ.पि.व.) | 8 वर्ष |
| 22 | उम्मीदवार जो आमतौर पर जम्मू एवं कश्मीर राज्य के निवासी रह चुके हों (अ.जा.) | 10 वर्ष |
| 23 | उम्मीदवार जो आमतौर पर जम्मू एवं कश्मीर राज्य के निवासी रह चुके हों (अ.ज.जा.) | 10 वर्ष |
| 24 | विधवा/तलाकशुदा महिला/कानूनी तौर पर संबंध विच्छेद कर चुकी महिला जो पुनर्विवाहित न हो (सामान्य/अनारक्षित) | 35 वर्ष की उम्र तक |
| 25 | विधवा/तलाकशुदा महिला/कानूनी तौर पर संबंध विच्छेद कर चुकी महिला जो पुनर्विवाहित न हो (अ.पि.व.) | 38 वर्ष की उम्र तक |
| 26 | विधवा/तलाकशुदा महिला/कानूनी तौर पर संबंध विच्छेद कर चुकी महिला जो पुनर्विवाहित न हो (अ.जा.) | 40 वर्ष की उम्र तक |
| 27 | विधवा/तलाकशुदा महिला/कानूनी तौर पर संबंध विच्छेद कर चुकी महिला जो पुनर्विवाहित न हो (अ.ज.जा.) | 40 वर्ष की उम्र तक |
| 28 | रक्षा कार्मिक, जो किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्रवाई के दौरान अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त हुए हो (सामान्य/अनारक्षित) | 5 वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| 29 | रक्षा कार्मिक, जो किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्रवाई के दौरान अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त हुए हो (अ.पि.व.) | 8(5+3) वर्ष |
| 30 | रक्षा कार्मिक, जो किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्रवाई के दौरान अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त हुए हो (अ.जा.) | 10(5+5) वर्ष |
| 31 | रक्षा कार्मिक, जो किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्रवाई के दौरान अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त हुए हो(अ.जजा.) | 10 (5+5) वर्ष |
| 32 | अन्य | समय समय पर जारी भारत सरकार के आदेशानुसार. |

घ. **ऊपरी आयु में छूट पर प्रतिबंध**

आरक्षित श्रेणी के आवेदकों के लिए आयु में छूट केवल ऐसे श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों के मामले में लागू है. आरक्षित श्रेणी के आवेदक, जो अनारक्षित श्रेणी के पद के लिए आवेदन करते है, वे आयु छूट के हकदार नहीं है. हालांकि, अनारक्षित श्रेणी के पदों की रिक्ति के लिए शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों, उनके लिए लागू आयु छूट के हकदार होंगे, यदि वे पद शा.वि व्यक्ति के लिए उपयुक्त पाया जाए.

9. **शुल्क में रियायत, आयु में छूट , आरक्षण की मांग के लिए शर्तें**

क. **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अभ्यर्थियों के लिए**

i. अ.जा/अ.ज.जा आवेदक जो **आरक्षण, आयु छूट, शुल्क रियायत** की मांग कर रहे है वे अपने आवेदन के साथ, इस सूचना में प्रकाशित प्रारूप के अनुसार सक्षम प्राधिकारी (इस सूचना के अनुलग्नक-I) से अपेक्षित प्रमाणपत्र (इस सूचना के परिशिष्ट-II) जमा करें और वे ये निश्चित कर लें कि उनके उप-जाति / समुदाय आवेदन जमा होने के अंतिम तिथि के पहले भारत सरकार द्वारा अनुमोदित हो वे ये निश्चित कर लें कि उनके उप-जाति /समुदाय आवेदन ग्रहण करने की अंतिम तिथि के पहले भारत सरकार द्वारा अनुमोदित हो, नहीं तो उनके आरक्षण, आयु छूट, शुल्क रियायत की मांग को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

विभिन्न राज्यों के संबंध में अ.जा के अंतर्गत अनुमोदित उप-जाति /समुदाय का विवरण भारत सरकार के अधीन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

[http//socialjustice.nic.in/sclist.php]

विभिन्न राज्यों के संबंध में अ.ज.जा के अंतर्गत अनुमोदित उप-जाति /समुदाय का विवरण भारत सरकार के अधीन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

**[http//tribal.nic.in/content/list%20of%20scheduled%20tribes%20in%20India.aspx]**

ii. **यातायात भत्ता (टीए)**

अ.जा./अ.ज.जा आवेदक, इस सूचना के अनुच्छेद 9 क (i) एवं 9 ए (ii) की तुष्टि कर रहें हैं, जिन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है, केवल उन्हें ही भारत सरकार के अनुसार यातायात भत्ता (टीए) दिया जाएगा. प्रवीणता परीक्षा/ छानबीन परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए कोई यातायात भत्ता नहीं दिया जाएगा, यदि साक्षात्कार के अलावा उन्हें किसी दिन रहना पड़ता है.

ख. **अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) आवेदकों के लिए**

i. समय-समय पर जारी भारत सरकार के स्थायी निर्देशों के अनुसार, अपिव श्रेणी के आवेदक जो क्रीमी लेयर के अंतर्गत नहीं है और आयु में छूट, आरक्षण की मांग कर रहे हैं वे इस सूचना में प्रकाशित प्रारूप के अनुसार सक्षम प्राधिकारी (इस सूचना के अनुलग्नक-I) से अपेक्षित प्रमाणपत्र (इस सूचना के परिशिष्ट-III) एवं घोषणा पत्र [इस सूचना के परिशिष्ट-III (ए)] अपने आवेदन के साथ जमा करें. वे ये निश्चित कर लें कि आवेदन जमा होने की अंतिम तारीख तक भारत सरकार द्वारा उनका समुदाय विभिन्न राज्यों के लिए अपिव की केन्द्रीय सूची के अंतर्गत अनुमोदित है [कृपया भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, संकल्प सं.12011/68/93-बीसीसी (सी), दिनांक **10.09.1993** (समय-समय पर यथा संशोधित ), भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित, असाधारण, भाग-I , अनुभाग- I, सं 186 दिनांक **13.09.1993** के अनुलग्नक को देखें]. वे ये भी सुनिश्चित कर लें कि सूचना के अनुच्छेद 6 (क)(i) में उल्लेख अनुसार उनके अपिव प्रमाणपत्र जारी करने की तिथि आवेदन ग्रहण करने की अंतिम तारीख को 3 वर्षों से अधिक न हो. **अन्यथा, उनके अपिव स्थिति के दावे के साथ उनके आरक्षण, आयु छूट, की मांग स्वीकार नहीं की जाएगी और उनकी अभ्यर्थिता/आवेदन अनारक्षित (UR) वर्ग के उम्मीदवार के अंतर्गत विचार किया जाएगा.**

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की वेबसाइट पर विभिन्न राज्यों से संबन्धित अपिव के अंतर्गत अनुमोदित उप-जाति / समुदाय [अपिव की केंद्रीय सूची] का विवरण उपलब्ध है.

**[http://www.ncbc.nic.in/User_Panel/CentralListStateView.aspx]**

ii. इस सूचना के अनुच्छेद 6(क) (i) में उल्लिखित आवेदन जमा होने की अंतिम तिथि को ही आवेदक को अपिव के अंतर्गत नॉन क्रीमी लेयर गिनने के लिए माना जाएगा.

ग. शारीरिक रूप से विकलांग (शा.वि) [ओडी/एचडी/वीडी] आवेदकों के लिए

i. केवल शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति जिनकी विकलांगता 40% से अधिक है , वे **शुल्क रियायत, आयु छूट, आरक्षण** इत्यादि के लिए योग्य है.

वे अनिवार्य रूप से अपने आवेदन पत्र के साथ इस सूचना के **[परिशिष्ट-VI/(फॉर्म-II)/(फॉर्म-III)/ (फॉर्म-IV)]** के प्रारूप अनुसार अपेक्षित प्रमाणपत्र जमा करें, अन्यथा शारीरिक रूप से विकलांग स्थिति के लिए उनका दावा ग्रहण नहीं किया जाएगा.

ii. **शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लिए विशेष निर्देश यदि उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है तो**

क. चालीस प्रतिशत से कम की दृष्टि विकलांगता वाले व्यक्तियों को दृष्टि विकलांग व्यक्ति नहीं माना जाएगा. एक आँख वाले और आंशिक रूप से दृष्टि हीन अभ्यर्थी जो आवर्धक लेंस (मैग्नीफ़ाइंग ग्लास) से अथवा बिना आवर्धक लेन्स (मैग्नीफ़ाइंग ग्लास) के सभी अभ्यर्थी के लिए तैयार किए गए सामान्य प्रश्नपत्र पढ़ने में सक्षम है और जो आवर्धक लेन्स की सहायता से उत्तर लिखना/दर्शाना चाहते हैं, उन्हें परीक्षा भवन में आवर्धक लेन्स (मैग्नीफ़ाइंग ग्लास) का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी तथा वे किसी प्रलिपिक की सेवाओं के हकदार नहीं होंगे. ऐसे अभ्यर्थी को स्वयं अपना आवर्धक लेन्स (मैग्नीफ़ाइंग ग्लास) लाना होगा. चालीस प्रतिशत या उससे अधिक की दृष्टि विकलांगता वाले दृष्टि विकलांग (दृ.वि.) अभ्यर्थी तथा प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में प्रलिपिक की सहायता का लाभ उठा सकते है बशर्ते कि आवेदन पत्र में अनुरोध किया गया हो. प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित अभ्यर्थियों को दृ.वि. अभ्यर्थियों के समतुल्य प्रलिपिक एवं अतिरिक्त समय की सुविधा प्रदान की जा सकती है. ब्रेल में प्रश्नपत्र और उत्तर पत्रक नहीं दिये जाएंगे.

दृष्टिहीन तथा चालीस प्रतिशत या इससे अधिक की दृष्टि विकलांगता वाले आंशिक रूप से दृष्टिहीन अभ्यर्थियों सहित दृष्टि विकलांग अभ्यर्थी अंकगणितीय समस्याओं को हल करने के लिए स्वयं अपना टेलर फ्रेम और कागज़ के साथ ब्रेल स्लेट ला सकते हैं. परीक्षा परिसर के अंदर दृ.वि / प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित अभ्यर्थियों के एसटीएच किसी परिचर को आने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

ख. **अतिरिक्त समय का प्रावधान :** दृष्टि विकलांग अभ्यर्थियों तथा प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित अभ्यर्थियों को आयोग के निर्णयानुसार परीक्षा में अतिरिक्त समय दिया जाएगा.

चालीस प्रतिशत से कम की दृष्टि विकलांगता वाले व्यक्तियों को दृष्टि विकलांग व्यक्ति नहीं माना जाएगा तथा वह प्रलिपिक की सहायता के लिए पात्र नहीं होगा. एक आँख वाले और आंशिक रूप से दृष्टिहीन अभ्यर्थी जो आवर्धक लेन्स (मैग्नीफ़ाइंग ग्लास) से अथवा बिना आवर्धक लेन्स (मैग्नीफ़ाइंग ग्लास) के सभी अभ्यर्थियों के लिए तैयार किए गए सामान्य प्रश्नपत्र पढ़ने में सक्षम हैं और जो आवर्धक लेन्स (मैग्नीफ़ाइंग ग्लास) की सहायता से उत्तर लिखना /दर्शाना चाहते हैं, उन्हें परीक्षा भवन में आवर्धक लेन्स (मैग्नीफ़ाइंग ग्लास) का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी तथा वे किसी प्रलिपिक की सेवाओं के हकदार नहीं होंगे. ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा भवन में स्वयं अपना आवर्धक लेन्स (मैग्नीफ़ाइंग ग्लास) लाना होगा.

घ. **तीन सशस्त्र बलों के कार्यरत आवेदक**

i. भूतपूर्व सैनिक आवेदक जो **आरक्षण, आयु छूट, शुल्क रियायत** इत्यादि की मांग कर रहे हैं वे अपने आवेदन के साथ, इस सूचना में प्रकाशित प्रारूप के अनुसार सक्षम प्राधिकारी (इस सूचना के परिशिष्ट-I) से अपेक्षित प्रमाणपत्र (इस सूचना के **परिशिष्ट-V**) और घोषणा पत्र [इस सूचना के **परिशिष्ट-V(ए)**] जमा करें. नहीं तो उनके आरक्षण, आयु छूट, शुल्क रियायत की मांग स्वीकार नहीं की जाएगी. आरक्षण के लाभों को प्राप्त करने के प्रयोजन से भूतपूर्व सैनिक माने जाने के लिए संघ की तीनों सशस्त्र सेनाओं के किसी भी सैनिक के लिए आवश्यक है कि कदाचार या अक्षमता के कारण सेवा से बर्खास्तगी या सेवामुक्ति हो, से को छोड़कर उसने इस पद /सेवा के लिए आवेदन पत्र भेजने के संगत समय पर भूपूसै का दर्जा पहले से ही हासिल कर लिया हो/अथवा उसे सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त दस्तावेजी सबूतों के द्वारा अपनी इस अर्जित हकदारी को सिद्ध करने की स्थिति में होना चाहिए कि वह इस सूचना के अनुच्छेद 6(ए)(i) में नियत आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि से एक वर्ष की निर्धारित अवधि के भीतर सशस्त्र सेनाओं की विनिर्दिष्ट सेवा की अवधि पूरी कर लेगा.

ii. **भू.पू.सै.:** भूपू.सै. से आशय उस व्यक्ति से है

i. जिसने भारतीय संघ की नियमित थल सेना, जल सेना या वायु सेना में लड़ाकू सैनिक अथवा गैर लड़ाकू सैनिक के रूप में किसी भी पद पर सेवा की हो, **तथा**

क. जो पेंशन प्राप्त हो जाने के बाद उस सेवा से निवृत्त हुए हों. इसमें वे व्यक्ति भी शामिल हैं जो अपने अनुरोध पर कार्यमुक्त/सेवामुक्त हुए हैं लेकिन पेंशन प्राप्त करने के बाद; **या**

क. जो सैनिक सेवा/अपने नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण ऐसी सेवा से चिकित्सा आधार पर कार्यमुक्त किए गया हो; **या**

क. जिन कर्मचारियों को कटौती के परिणामस्वरूप उस सेवा से अपने अनुरोध के अलावा किसी अन्य आधार पर कार्यमुक्त किए गए हों. **या**

ii. जो सेवा की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद अपने अनुरोध अथवा दुराचरण अथवा अकुशलता के कारण सेवामुक्त या बर्खास्त न होकर किसी अन्य कारण से सेवामुक्त किए गए हों तथा जिसे सेवा उपदान दिया गया हो और इसमें प्रादेशिक सेना के कार्मिक शामिल हैं, जैसे निरंतर मुर्त्त सेवा के पेंशनधारी या अर्हक सेवा की खंडित अवधि. **या**

iii. वे कार्मिक जो आर्मी पोस्टल सर्विस के नियमित सेना के अंग हैं और आर्मी पोस्टल सर्विस से पेंशन के साथ मूल सेवा से बिना प्रत्यावर्तन निवृत्त हो गए हैं, या चिकित्सा आधार पर या सैनिक सेवा के कारण अक्षम हुए या उनके नियंत्रण के बाहर की परिस्थितियाँ और चिकित्सा या अन्य अक्षमता पेंशन के साथ सेवा मुक्त कर दिये गए हैं. **या**

iv. वे कार्मिक जो आर्मी पोस्टल सर्विस में 14 अप्रैल 1987 से पूर्व छह महीनों से अधिक प्रतिनियुक्ति पर थे. **या**

v. सशस्त्र बल में वीरता पुरस्कार विजेता जिसमें प्रादेशिक सेना के कार्मिक भी शामिल हैं. **या**

vi. जो सैनिक सेवा चिकित्सा आधार पर मुक्त कर दिये गये हैं और जिन्हें अक्षमता पेंशन दी जाती है.

नियमानुसार आयु छूट के उद्देश्य से सशस्त्र सेना में भूतपूर्व सैनिक की ''कॉल अप सर्विस'' की अवधि भी सशस्त्र सेना में की गई सेवा के रूप में मानी जाएगी.

iii. मैट्रिक उत्तीर्ण भूतपूर्व सैनिक (जिसमें वह भूतपूर्व सैनिक शामिल है, जिसने भारतीय सैन्य शिक्षा का विशेष प्रमाणपत्र या नौसेना या वायु सेना में तदनुरूपी प्रमाणपत्र प्राप्त किया है) जिसने इस सूचना के अनुच्छेद-6 (क) के अंतर्गत आवेदन जमा होने के अंतिम तिथि पर संघ की सशस्त्र सेनाओं में से 15 वर्ष की सेवा की हो, को इस परीक्षा के माध्यम से विज्ञापित किए जा रहें समूह 'ग' पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र समझा जाएगा. अतः ऐसे गैर स्नातक भूपूसै, जिन्होंने इस सूचना के अनुच्छेद 6(क)(i) में नियत आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 15 वर्ष की सेवा पूरी नहीं करेंगे, इस परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.

iv. ऐसे भूपूसै कार्मिक एवं प्रशिक्षण के का ज्ञा सं 36034/6/90-स्था -एससीटी दिनांक **24.4.92** के अनुसार जिन्होंने अपनी पुनर्नियुक्ति के लिए भूपूसै को दिये जाने वाले आरक्षण के लाभ प्राप्त करके नियमित आधार पर केंद्र सरकार के अंतर्गत सिविल पदों पर पहले से ही नौकरी प्राप्त कर ली है, वे उच्च ग्रेड पर भूतपूर्व सैनिक को निर्धारित आयु में छूट के पात्र होंगे परंतु उच्च ग्रेड में नौकरी प्राप्त करने के लिए भूतपूर्व सैनिक को आरक्षण के लाभ के पात्र नहीं होंगे. वे शुल्क में छूट अथवा भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के पात्र नहीं हैं. ऐसे भूतपूर्व सैनिक को भर्ती के लिए रु. 50/- का अपेक्षित शुल्क का भुगतान करना होगा.

तथापि, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी दिनांक 14 अगस्त, 2014 के का.ज्ञा. सं 35034/1/2014 -स्था (आर) के अनुसार भारत सरकार ने ये निर्णय लिया है कि भूपूसै उत्तरवर्ती नौकरी के लिए भूपूसै के रूप में आरक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं यदि वे सिविल नौकरी में पदभार ग्रहण करने के पहले विभिन्न रिक्तियों के लिए आवेदन करते हैं. हालांकि, इस लाभ को प्राप्त करने के लिए प्रारम्भिक सिविल नौकरी में कार्यभार ग्रहण से पहले रिक्तियों के लिए आवेदन किया था, के आवेदनों का तिथि वार ब्यौरे के संबंध में संबन्धित नियोक्ता को स्वतः घोषणा /वचन देना होगा. बाद में, ये लाभ उन रिक्तियों के लिए उपलब्ध होगा जो सीधी भर्ती द्वारा भरी जाती है और जहां भी भूपूसै के लिए आरक्षण लागू हैं.

v. सेवा लिपिक जो अपने कलर सेवा के अंतिम वर्ष में हैं वे शुल्क के भुगतान की छूट के पात्र नहीं हैं.

**ङ. सेन्ट्रल गवर्नमेंट सिविलियन एम्पलौयी (सीजीसीई) आवेदकों के लिए**

सेन्ट्रल गवर्नमेंट सिविलियन एम्पलौयी (सीजीसीई) जिन्होंनें सूचना के अनुच्छेद 6 क (i) पर उल्लिखित आवेदन ग्रहण के अंतिम तिथि तक नियमित आधार पर (न कि तदर्थ आधार पर) कम से कम तीन वर्षों की सतत सेवा प्रदान की हो तथा जो भारत सरकार के विविध विभाग/कार्यालयों में सिविल पद पर केन्द्रीय सरकार सेवा में तब तक कार्यरत हों जब तक उन्हें वहाँ से नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त नहीं हो जाता, जहाँ उनकी नियुक्ति के लिए अंतिम सिफारिश की गई हो.

सेन्ट्रल गवर्नमेंट सिविलियन एम्पलौयी आवेदक जो आयु छूट की मांग कर रहे हैं वे अपने आवेदन के साथ, इस सूचना में प्रकाशित प्रारूप के अनुसार सक्षम प्राधिकारी (इस सूचना के अनुलग्नक-I) से अपेक्षित प्रमाणपत्र (इस सूचना के **परिशिष्ट-IV**) और घोषणा पत्र [इस सूचना के परिशिष्ट-IV(ए)] जमा करें अन्यथा उनके आयु छूट की मांग स्वीकार नहीं की जाएगी.

**च. अन्य सेवारत आवेदकों के लिए विशेष निर्देश**

सभी कार्यरत उम्मीदवार जो सीजीसीई/विभागीय उम्मीदवार होने का दावा कर रहे हैं वे सुनिश्चित कर लें कि उन्हें दस्तावेज़ छानबीन के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र (**NO OBJECTION CERTIFICATE**) दिखाना होगा. उन्हें एक घोषणा पत्र [इस सूचना के परिशिष्ट-IV(ए)] जमा करना होगा कि उन्होंने सूचना के परिशिष्ट-II के अनुसार अपने कार्यालय को इत्तिला की है, अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द कर दी जाएगी.

उम्मीदवार ये नोट कर लें कि यदि आयोग को नियोक्ता से संचार प्राप्त होता है जिसमें उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति पर रोक लगाई जाती है तो, ऐसी अवस्था में उनका आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा और अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी.

**छ. अन्य वर्ग के आवेदकों के लिए**

समय-समय पर जारी भारत सरकार के आदेशानुसार.

**10. सम्पूर्ण आवेदन पत्र भेजने का दिशा-निर्देश**

**क. परीक्षा शुल्क**

जिन आवेदकों को परीक्षा शुल्क भुगतान की छूट प्राप्त है ,उनके अलावा अन्य आवेदक ये सुनिश्चित कर लें कि सूचना के अनुच्छेद -5 पर दिये गए प्रणाली के माध्यम से उन्होंने ''केन्द्रीय भर्ती शुल्क टिकट'' या एसबीआई नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड /डेबिट कार्ड के माध्यम से रु. 50/-(पचास रुपये केवल) जमा किये हैं.

**ख. आवेदनपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज:**

आवेदक अपने आवेदन पत्र में दिये गए सूचना के समर्थन में अपने आवेदन के साथ अपने शैक्षिक योग्यता; अनुभव; अंक के प्रतिशत; आयु के प्रमाण; श्रेणी का प्रमाण [अजा/अजजा/अपिव/ शावि/ भूपूसै/ सीजीसीई] सभी प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ की **स्व अनुप्रमाणित पढ़े जाने योग्य प्रतियाँ** जमा करें, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में सरसरी तौर पर रद्द कर दी जाएगी.

आवेदकों को दस्तावेज़ों की छानबीन के दौरान अपने आवेदन पत्र में दिये गए सूचना के समर्थन में निश्चित रूप से मूल प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ों को दिखाना होगा, ऐसा न कर पाने से उनकी उम्मीदवारी उसी समय या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द कर दी जाएगी.

**उम्मीदवारों को ये चेतावनी दी जाती है कि यदि वे कपटपूर्ण रूप से अजा/अजजा/अपिव/ शावि/ भूपूसै/ सीजीसीई होने का दावा करते हैं या इन श्रेणियों को लागू आरक्षण/आयु में छूट के दावे के लिए प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ जमा करते हैं या आयु प्रमाण/अनुभव/अनिवार्य योग्यता के दावे के समर्थन में प्रमाणपत्र/अंकपत्र जमा करते हैं तो आपको आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं से स्थायी रूप से विवर्जित कर दिया जाएगा.**

**ग. आवेदन पत्र अस्वीकार तथा रद्द होने के कारण**

**अगर नीचे दिए गए किसी एक भी कारण (यह सूची केवल दृष्टांत स्वरूप है, सर्वांगपूर्ण नहीं है) में आवेदन पत्र को दोषी पाया जाए तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी को सरसरी तौर पर या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अस्वीकृत कर दिया जाएगा:**

i) अधूरे आवेदन. (आवेदन पत्र सही फॉर्मेट (प्रारूप) में न होना/उसे सही ढंग से न भरा हुआ हो/हस्ताक्षरित न होना/दिनांक न होना/अभ्यर्थी द्वारा स्वयं अपने हस्तलेख में हिन्दी अथवा अंग्रेजी में भरा न होना.)

ii) हस्ताक्षर में भिन्नता हो तो.

अभ्यर्थी के द्वारा किए गए हस्ताक्षर **पूरा (संक्षिप्त में नहीं)** आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेजों में एवं **घसीट लिपि** में एक ही रूप में किए जाने चाहिए.

iii) आवेदनपत्र में स्वहस्ताक्षरित वर्तमान हाल का स्वच्छ बिना मानक पासपोर्ट आकार का फोटो (4 सें.मी. x 5 सें.मी.) न चिपकाना.

iv) परीक्षा शुल्क न देना/जहां लागू हो. [निर्देशानुसार शुल्क न देना/आवेदन पत्र में आवश्यक सूचना उल्लिखित न करना]

v) कम उम्र या अधिक उम्र के अभ्यर्थी.

vi) आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में दिये गए सूचना के समर्थन में अपने आवेदन के साथ इस सूचना के अनुसार किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड/सक्षम प्राधिकारी से शैक्षिक योग्यता; अनुभव; अंक के प्रतिशत; आयु के प्रमाण; श्रेणी का प्रमाण [अजा/अजजा/अपिव/शावि/भूपूसै/सीजीसीई] सभी प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ की **स्वअनुप्रमाणित पढ़े जाने योग्य प्रतियाँ** जमा न करना.

vii) आवेदन जमा करने के समय या अंतिम तिथि को अपेक्षित शैक्षिक योग्यता/अनुभव/श्रेणी स्थिति न होना.

viii) सूचना के अनुसार, घोषणा जमा न करना, यदि लागू हो.

ix) गलत सूचना देना या सही सूचना यदि छुपाया हो तो.

x) आवेदन ग्रहण होने की अंतिम तिथि के बाद या सूचना के पहले प्राप्त आवेदन पत्र.

xi) आवेदनपत्र भेजनेवाले लिफाफे पर न होना.

''चयन पद''

पद का नाम : ........................................ पद की वर्ग संख्या: ........................................

विज्ञापन संख्या: ईआर ........................................

xii) कोई अन्य अनियमितता.

**नोट:**

i). अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष/परिसर के भीतर मोबाइल फोन / संचार का कोई भी साधन ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और इन निर्देशों का उल्लंघन होने से उन पर अनुशासनिक कारवाई की जाएगी जिसमें कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं से उम्मीदवारों को प्रतिबंधित किया जाएगा.

ii) उम्मीदवार अपने साथ अपनी HB पेंसिल, इरेसर लेकर आएं. उम्मीदवार अपने साथ कोई पुस्तक, नोट, या खुले पन्ने, मोबाइल इत्यादि परीक्षा भवन में लेकर न आएं.

**11. आवेदनपत्र का प्रोफॉर्मा, प्रमाणपत्र, घोषणा और वचन और सक्षम प्राधिकारी की सूची**

**क) आवेदन पत्र का प्रारूप**

आवेदन पत्र का प्रारूप इस सूचना के परिशिष्ट I (बी) में दिया हुआ है.

**ख) प्रमाणपत्र /दस्तावेज़ /वचन के प्रारूप**

प्रमाणपत्र/दस्तावेज़/घोषणा के प्रारूप इस सूचना के परिशिष्ट-II से VI में है.

**ग) सक्षम प्राधिकारी का विवरण**

सक्षम प्राधिकारी का विवरण इस सूचना के अनुलग्नक-I में है

**12. चयन प्रक्रिया:**

**ए. प्राथमिक चयन प्रक्रिया:**

i. सामान्य रूप से अभ्यर्थियों का चयन एक साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षा/निपुणता परीक्षा के माध्यम से होता है. सिर्फ निर्धारित न्यूनतम योग्यताओं आदि को निष्पन्न करना मात्र **अभ्यर्थी को साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षा/निपुणता परीक्षा में बुलाने की पात्रता नहीं होगी. उनकी शैक्षिक योग्यताओं शैक्षिक रिकॉर्ड, प्राप्तांक-प्रतिशत आदि के आधार पर अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन आयोग कर सकता है तथा ऐसे चयनित अभ्यर्थियों को एक साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षा/निपुणता परीक्षा के लिए हाजिर होना पड़ेगा.**

ii. आयोग अपने विवेकाधिकार से, यदि जरूरत पड़े तो, अभ्यर्थियों को **छानबान परीक्षण के लिए बुलाने से पहले पदों के लिए सही विषय पर, एक प्रवीणता परीक्षण चलाने का निर्णय ले सकता है** अथवा पदों की अनिवार्य योग्यता पर प्राप्तांक-प्रतिशत के आधार पर अभ्यर्थियों को भी छांटा जा सकता है.

iii. जिन प्रवर्गों के पदों के लिए निपुणता-परीक्षा निर्धारित की गई है, आयोग यदि चाहे तो निपुणता-परीक्षा का अधित्यजन कर सकता है.

iv. **ऐसे छानबीन परीक्षण, यदि हो, कब आयोजित करने का निर्णय लिया जाएगा - के विस्तृत कार्यक्रम/अनुसूची का उल्लेख आयोग की वेबसाइट (www.sscer.org) पर की जाएगी. अत: अभ्यर्थियों को अपने हित में समय-समय पर क्षेत्रीय वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है.**

**टिप्पणी:** साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षा इस प्रकार से निर्धारित की गयी है कि अभ्यर्थी की रुचियां, ज्ञान, हाव-भाव, अभिरुचि इत्यादि की जांच की जा सके जिनमें शैक्षिक योग्यता, अन्य-गतिविधियां, सामान्य जागरूकता/ज्ञान, पदों के लिए अनिवार्य योग्यता के स्तर पर अध्ययन किए गए विषयों की गहन जानकारी, संवादिक क्षमता और व्यक्तित्व इत्यादि सम्मिलित हैं.

**बी. छानबीन परीक्षण (SCREENING TEST)**

i. साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण/निपुणता परीक्षा के पहले, जहां कहीं जरूरत पड़े, आयोग अपने विवेकानुसार एक छानबीन परीक्षण चलाने का निर्णय ले सकता है.

ii. जहां कहीं जरूरत पड़े तो आयोग अपने विवेकानुसार एक छानबीन परीक्षण लिए बिना पदों की अनिवार्य योग्यता पर प्राप्तांक-प्रतिशत के आधार पर अभ्यर्थियों को भी छांट सकता है.

iii. आयोग के द्वारा दक्षता/प्रवीणता परीक्षा में निर्धारित मानक पर उत्तीर्ण होने के उपरांत ही उम्मीदवार साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षा/निपुणता परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होगा.

**सी. नियुक्ति हेतु अनुशंसा:**

i. आयोग को प्रत्येक श्रेणी के अभ्यर्थियों [अर्थात् अजा/अजजा/अपिव/ शा.वि./ भूपूसै./सामान्य (अना)] के लिए अलग-अलग प्रत्येक परीक्षा/निपुणता परीक्षा/छानबीन परीक्षण/व्यक्तित्व परीक्षा/ साक्षात्कार में अलग-अलग न्यूनतम अर्हक अंक निर्धारित करने का पूर्ण विवेकाधिकार है ।

ii. परीक्षा/निपुणता परीक्षा/छानबीन परीक्षण/व्यक्तित्व परीक्षा/ साक्षात्कार जहाँ भी लागू हो), के उपरान्त आयोग परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर एक योग्यता सूची तैयार करेगा और उसी क्रम में आयोग द्वारा जितने अभ्यर्थियों को परीक्षा में अर्हता प्राप्त पाया जाएगा। उपलब्ध अनारक्षित रिक्तियों की संख्या तक उतने ही अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा की जाएगी।

iii. परन्तु अजा, अजजा, और अपिव के वे अभ्यर्थी जो अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों के साथ मानकों में छूट दिए बिना ही अपनी योग्यता से चयनित होते हैं, उन्हें आरक्षित रिक्तियों के समक्ष समायोजित नहीं किया जाएगा । ऐसे अजा, अजजा, और अपिव अभ्यर्थियों को योग्यता सूची में उनकी समग्र स्थिति के अनुसार सामान्य रिक्तियों में से सहयोजित किया जाएगा । आरक्षित रिक्तियां अलग से अजा, अजजा, और अपिव श्रेणी के उन योग्य अभ्यर्थियों से भरी जाएंगी जो कि अनारिक्षत श्रेणी की योग्यता सूची में अंतिम सामान्य अभ्यर्थी से योग्यता क्रम में नीचे हैं किंतु मानकों मे छूट देने पर वे अन्य प्रकार से नियुक्ति के लिए उपयुक्त पाए जाएं ।

iv. विकलांग व्यक्ति को किसी अनारक्षित रिक्ति पर नियुक्त किया जा सकता है बशर्ते कि संगत श्रेणी के विकलांग व्यक्ति के लिए वह पद उपयुक्त पाया गया हो ।

v. किसी भूतपूर्व सैनिक या शारीरिक विकलांग (अ.वि./श्र.वि./दृ.वि) श्रेणी के अभ्यर्थी को आयु सीमा, अनुभव या योग्यता लिखित परीक्षा मे अनुमत्य अवसरों की संख्या, एक्सटेंडिड जोन आफ कंसीडरेशन आदि जैसे मानकों में छूट के आधार पर अर्हता प्राप्त करता है, आरक्षित रिक्तियों में शामिल किया जाएगा, न कि सामान्य रिक्तियों में बशर्ते कि ऐसा अभ्यर्थी चयन के लिए उपयुक्त हो । आरक्षित कोटे में कमी को पूरा करने के लिए ऐसे अभ्यर्थियों को योग्यताक्रम मे उनके रैंक पर ध्यान दिए बिना उनके लिए आरक्षित रिक्तियो की संख्या तक मानकों में छूट देकर नियुक्ति हेतु अनुशंसित किया जा सकता है । जहां तक भूपूसै के मामलों का संबंध है, आरक्षित या अनारक्षित पदों के लिए भूपूसै को आयु में कटौती करने की अनुमति है तथा इस छूट को आयु के संदर्भ में मानकों में छूट नहीं कहा जा सकता ।

vi. जब तक सरकार यथावश्यक जांच के पश्चात इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि अभ्यर्थी सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है, तब तक परीक्षा मे सफलता से ही नियुक्ति का आधार नहीं मिल जाता।

**टिप्पणी:** परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेने चाहिए कि वे इस परीक्षा में प्रवेश के लिए निर्धारित पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूर्णतया अनंतिम होगा, बशर्ते वे पात्रता की निर्धारित शर्तें पूरी करते हों. यदि किसी भी समय लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार परीक्षण से पहले अथवा बाद में जांच करने पर यह पाया जाता है कि वे पात्रता की किसी शर्त को पूरा नहीं करते हैं तो आयोग द्वारा परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

**डी. बराबरी (टाई) के मामलों का निपटारा**

बराबरी (टाई) के मामलों का निपटारा एक के बाद दूसरे तरीकों को, जब तक बराबरी का निपटारा नहीं हो जाता, को अपनाते हुए किया जाएगा.

i. जन्म-तिथि देखकर, अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को ऊपर रखा जाता है।

ii. वर्णानुक्रम को देखकर, जिसमें first name of candidate वर्णानुक्रम के अनुसार अभ्यर्थी का नाम पहले आए.

**टिप्पणी:** अनंतिम रूप से योग्य उम्मीदवारों को कर्मचारी चयन आयोग (पूर्वी क्षेत्र), कोलकाता के कार्यालय में परीक्षा (कौशल परीक्षा/छानबीन परीक्षा /व्यक्तित्व परीक्षा /साक्षात्कार ,जो भी लागू हो) के लिए बुलाया जाएगा. हालांकि, आयोग उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए क्षेत्र के बाहर अन्य क्षेत्र में भी स्थानांतरित करने का अधिकार रखता है.

**13. जिस व्यक्ति नेः**

ए. जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह का अनुबंध किया है जिसका/जिसकी पति/पत्नी जीवित हैं; **या**

बी. जिसने पति/पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह करने का अनुबंध किया है, तो उसे सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा ।

परन्तु यदि केंद्र सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्ष के लिए लागू वैयक्तिक कानून के अनुसार स्वीकार्य है और ऐसा करने के अन्य कारण भी हैं, तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है।

**14. अभ्यर्थी का अच्छा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य**

अभ्यर्थी का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए तथा उसे ऐसे किसी भी शारीरिक दोष से मुक्त होना चाहिए जिससे सेवा के अधिकारी के रूप में उसके कर्त्तव्यों के कुशलतापूर्वक निष्पादन में बाधा पहुंचने की संभावना हो . जो अभ्यर्थी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए डाक्टरी जांच में इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं करेंगे उनकी नियुक्ति नहीं की जाएगी । केवल नियुक्ति के लिए विचार किए जाने वाले अभ्यर्थियों की ही डाक्टरी जांच की जाएगी ।

**टिप्पणी:** निःशक्त भूतपूर्व रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में रक्षा सेवा डिमोबिलाइजेशन मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदान किया गया स्वस्थता प्रमाणपत्र नियुक्ति के प्रयोजन हेतु पर्याप्त माना जाएगा.

**15. दुर्व्यवहार के दोषी पाए गए अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाईः**

अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि उन्हें आवेदन भरते समय कोई गलत विवरण नहीं देना चाहिए अथवा कोई महत्वपूर्ण जानकारी नहीं छुपानी चाहिए । अभ्यर्थियों को यह भी चेतावनी दी जाती है कि उन्हें किसी भी मामले में प्रस्तुत किए गए किसी दस्तावेज या साक्ष्यांकित प्रमाणित प्रतिलिपि में किसी प्रविष्टि में परिवर्तन या किसी प्रकार से हेर-फेर करने का प्रयास नहीं करना चाहिए और न ही उन्हें हेर फेर किए गए/जाली दस्तावेज ही प्रस्तुत करना चाहिए । यदि कोई गलती अथवा विसंगति हो, तो इस विसंगति के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए. निम्नलिखित में से किसी के लिए दोषी पाये गए अभ्यर्थियों के संबंध में उनके विरुद्ध आपराधिक कारवाई/ 3 वर्षों तक वारित किए जाने के पूर्वाग्रह के बिना आयोग की परीक्षा से जहां भी आवश्यक हो उनकी अभ्यर्थिता भर्ती के किसी भी चरण में सरसरी तौर पर निरस्त कर दी जाएगीः

(i) परीक्षा केंद्र के परिसरों में मोबाइल फोन एवं अन्य सामग्री तथा अन्य इलेक्ट्रोनिक गैजेट अपने पास रखने पर, चाहे इनका प्रयोग हो रहा हो या बंद हो.

(ii) कदाचार में लिप्त पाए जाने पर ।

(iii) परीक्षा भवन में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर

(iv) किसी भी प्रकार से अपनी अभ्यर्थिता के लिए समर्थन प्राप्त किया हो ।

(v) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप में कार्यसाधन कराया हो ।

(vi) जाली दस्तावेज अथवा ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, जिनमें हेर-फेर किया गया हो ।

(vii) गलत अथवा झूठे वक्तव्य दिए हैं, अथवा किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया गया है ।

(viii) परीक्षा के लिए अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया हो ।

(ix) परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक, निरीक्षक अथवा आयोग के किसी प्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार किया हो।

(x) परीक्षा संचालन के दौरान परीक्षा भवन से उत्तर-पुस्तिका अपने साथ उठाकर ले गया हो या इसे परीक्षा के दौरान अप्राधिकृत व्यक्ति को दिया हो ।

(xi) परीक्षा के संचालन के लिए आयोग द्वारा नियुक्त किए गए कर्मचारियों को परेशान किया हो या उन्हें शारीरिक क्षति पहुंचाई हो ।

(xii) विज्ञप्ति में उल्लिल्लित पात्रता शर्तों को पूरा न करते हुए परीक्षा के लिए अपात्र होना ।

(xiii) पात्रता भर्ती के किसी भी चरण में किसी भी आधार पर जिसे आयोग अभ्यर्थिता रद्द करने के लिए पर्याप्त कारण समझे अभ्यर्थिता रद्द भी की जा सकती है ।

**16. सिफारिशः**

किसी भी रूप में सिफारिश करने वाले उम्मीदवार को आयोग **द्वारा अयोग्य** कर दिया जाएगा.

**17. आयोग का निर्णय अंतिमः**

पात्रता, आवेदनों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने, मिथ्या जानकारी के लिए शास्ति, चयन के तरीके, अपवादी और अधिकारी मामलों में विज्ञप्ति के किसी प्रावधन में छूट, परीक्षा के आयोजन, परीक्षा केन्द्रों के आबंटन, चयनित अभ्यर्थियों को पदों/संगठनों के चयन तथा आबंटन संबंधी सभी मामलों में आयोग का निर्णय अंतिम होगा तथा अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा एवं इस संबंध में कोई पूछताछ/पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा.

**18. न्यायालय के अधिकार के क्षेत्रः**

इस भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद हो तो, वह, कोलकाता स्थित न्यायालय के अधिकार के अधीन होगा, जहां क.च.आ. (पू.क्षे.) का कार्यालय है **अर्थात कोलकाता में स्थित कोर्ट और अधिकरण.**

**अनुलग्नक-I**

| क्र. सं | परिशिष्ट सं | जाति/ समुदाय/ श्रेणी | | सक्षम प्राधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **परिशिष्ट-I (क)** | आवेदन पत्र भरने के लिए निर्देश | | |
| | **परिशिष्ट-I (बी)** | आवेदन प्रारूप | | |
| 2 | परिशिष्ट-II | अ.जा/ अ.ज.जा | i | डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट/एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/उपायुक्त/एडिशनल उपायुक्त/डिप्टी कलेक्टर/प्रथम श्रेणी के स्टाइपेंडरी मजिस्ट्रेट/सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त सहायक आयुक्त/तालुका मजिस्ट्रेट/ एग्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेट. |
| | | | ii | चीफ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/एडिशनल चीफ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट. |
| | | | iii | राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार रैंक के नीचे का न हो. |
| | | | iv | क्षेत्र का सब डिवीजनल ऑफिसर जहां अभ्यर्थी और/या उसका परिवार सामान्यतः रहता है. |
| | | टिप्पणीः | | तमिलनाडु राज्य के अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को केवल राजस्व मंडलीय अधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए. |
| 3. | परिशिष्ट-III | अपिव | i | जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट/ कलेक्टर/ उपायुक्त/ अतिरिक्त उपायुक्त/डिप्टी कलेक्टर/प्रथम श्रेणी के स्टाईपेंडरी मजिस्ट्रेट/सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट/तालुका मजिस्ट्रेट/ एग्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त सहायक आयुक्त (फर्स्ट क्लास स्टाईपेंडरी मजिस्ट्रेट से नीचे की रैंक का न हो) |
| | | | ii | चीफ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/एडिशनल चीफ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट. |
| | | | iii | राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार रैंक के नीचे का न हो. |
| | | | iv | क्षेत्र का सब डिवीजनल ऑफिसर जहां अभ्यर्थी और/या उसका परिवार सामान्यतः रहता है |
| | | | टिप्पणी | आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि अभ्यर्थी की अन्य पिछड़ा वर्ग की हैसियत के निर्धारण की तिथि समझी जाएगी तथा यह भी माना जाएगा कि अभ्यर्थी सम्पन्न वर्ग (क्रीमी लेयर) में नहीं आता. |
| 4. | परिशिष्ट-III(ए) | | | स्वयं आवेदक |
| 5. | परिशिष्ट-IV | सीजीसीई | | कार्यालय प्रधान या विभागीय प्रधान |
| 6. | परिशिष्ट-IV(ए) | सीजीसीई/ अ.से.उ | | स्वयं आवेदक |
| 7. | परिशिष्ट-V | भूपूसै | | कमान अफसर |
| 8. | परिशिष्ट-V(ए) | | | स्वयं आवेदक |
| 9 | परिशिष्ट-IX फॉर्म-II फॉर्म-III फॉर्म-IV | शा.वि. | | चिकित्सा बोर्ड के सदस्य/अध्यक्ष एवं चिकित्सा अधीक्षक/ सीएमओ/अस्पताल प्रधान द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित |

**परिशिष्ट-I (क)**

**चयन पदों हेतु आवेदन पत्र भरने के अनुदेश**

1. यह नोट करना चाहिए कि आयोग अपनी समस्त नियुक्ति हेतु सामान्य आवेदन पत्र का उपयोग करता है. कृपया सूचना में उल्लिखित किसी भी पदों के लिये आवेदन करने से पहले नियुक्ति हेतु सूचना तथा इन अनुदेशों को ध्यान से पढ़ें. सुनिश्चित कर लें कि जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं आप उसके लिए उपयुक्त हैं.
2. आवेदन पत्र भरने के लिए सिर्फ नीले/काली स्याही वाले कलम का ही उपयोग करें.
3. आवेदन में ही लगभग सभी मदों के लिए अनुदेश दिए हुए हैं, जिसे खानों को भरने के पहले ध्यानपूर्वक पढ़ें. उन मदों हेतु जिनके लिए अनुदेश उपलब्ध नहीं हैं या जिनके लिए अगले स्पष्टीकरण की आवश्यकता है, के लिए नीचे दिए गए अगले अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें.
4. स्तंभ (Column) 10 ध्यानपूर्वक भरना चाहिए. भूपूसै अभ्यर्थियों को भी स्तंभ (Column) 10 और 10.1 भरना होगा.
5. शा.वि. अभ्यर्थियों को जहाँ लागू हो कॉलम 10, 11, 11.1, 16 और 16.1 भरना होगा. आयोग, निर्दिष्ट पदों के लिए स्क्रीनिंग/दक्षता परीक्षा आयोजित करने का निर्णय ले सकता है, जिसके बाद दृ.वि. अभ्यर्थियों को कॉलम 16 और 16.1 भरना होगा.
6 **स्तंभ (Column)** सं. 12.1 - इस स्तंभ को भरने के लिए श्रेणी कोड इस सूचना के अनुच्छेद 8(सी) पर उपलब्ध है.
7. **स्तंभ (Column)** सं. 12.2 - सभी श्रेणियों के लिये उम्र के संबंध में आवेदन प्राप्त करने की सामान्य अंतिम तिथि की ओर संकेत किया गया है.
8. **स्तंभ (Column)** सं. 13: पदों के लिए वरीयता से संबंधी खानों को खाली छोड़ा जा सकता है.
9. **स्तंभ (Column)** 17 शैक्षिक योग्यता, इस सूचना के अनुच्छेद-2 के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के 'पदों' के लिए 'अनिवार्य योग्यता / अनुभव'.
   अभ्यर्थी जिस पद के लिये आवेदन कर रहे हैं, उसके लिये आवश्यक अनिवार्य योग्यता को ध्यानपूर्वक पढ़कर यह सुनिश्चित कर लें कि वे सभी अपेक्षाओं को पूरा करते हैं. अनिवार्य योग्यता से संबंधित दावेदारी वाले दस्तावेजों को आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न किए जाने पर आवेदन सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा.
10. **स्तंभ(Column)** सं. 18: अनुभव, उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी से अपना अनुभव प्रमाणपत्र जमा करें.
11. **स्तंभ (Column)** सं. 19: अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में या हिंदी में अपने नाम के साथ अपने पत्रव्यवहार का पूरा पता नीले/काली स्याही से लिखें. खानों में 6 अंकों वाला पिन लिखना न भूलें.
12. **स्तंभ (Column)** सं. 20: 4 सेंमी x 5 सेंमी आकार का अपना नवीनतम फोटो चिपकाएं. फोटो न तो स्टेपल करें न ही उसे अनुप्रमाणित कराएं. कृपया नोट करें कि फोटो न होने पर आपका आवेदन सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा.
13. **स्तंभ (Column)** सं. **21 और 22:** बिना हस्ताक्षर वाले आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे. हस्ताक्षर में अंतर पाये जाने पर आवेदन अस्वीकृत किया जा सकता है. अतः, आवेदक कृपया अपने हस्ताक्षर **(पूरा न कि शॉर्ट) घसीट लिपि में एक** ही प्रकार का होना चाहिए और हस्ताक्षर में कोई विभिन्नता नहीं होनी चाहिए.
14. **स्तंभ (Column)** सं. **22(i) से (Column)** सं. **22 (viii)** ध्यानपूर्वक पढ़ें और जो वाक्य लागू न हो उन्हें कृपया काट दें.
15. **स्तंभ (Column)** सं. 23 : **ये सुनिश्चित कर लें कि डाकघर द्वारा कें.भ.शु.टि रद्द कर दी गयी है/** या इस सूचना के अनुच्छेद 5(सी) पर दिये गए निर्देशों के अनुसार कें.भ.शु.टि लगाने के स्थान पर अपना पंजीक्रमांक लिखा है.
16. उम्मीदवारों, आवेदन पत्र में दिये गए आवश्यक सूचना के आधार पर सभी स्वअनुप्रमाणित अपेक्षित दस्तावेज़ अपने आवेदन पत्र के साथ जमा किया है जिनके आधार पर उन्होंने आवेदन पत्र में जरूरी सूचना प्रदान की है अन्यथा उनकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी और सरसरी तौर पर या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द कर दी जाएगी. संबन्धित दस्तावेज़ कालक्रम के अनुसार जमा करना होगा.

# संघ लोक सेवा आयोग

**परीक्षा नोटिस सं. 11/2015-एनडीए-II** **दिनांक 20.06.2015**

**(आवेदन भरने की अंतिम तारीख 17.07.2015)**

# राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (II), 2015

**(आयोग की वेबसाइट - www.upsc.gov.in)**

## महत्वपूर्ण

**1. परीक्षा के लिए उम्मीदवार अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें :**
परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं. परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनंतिम होगा बशर्ते कि वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों.
**उम्मीदवार को मात्र प्रवेश पत्र जारी किए जाने का अर्थ यह नहीं होगा कि उनकी उम्मीदवारी आयोग द्वारा अंतिम रूप से सुनिश्चित कर दी गई है.**
उम्मीदवार द्वारा साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण में अर्हता प्राप्त करने के बाद ही मूल प्रमाण पत्रों के संदर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन करता है.

**2. आवेदन कैसे करें:**
उम्मीदवार **www.upsconline.nic.in** वेबसाइट का प्रयोग कर ऑनलाइन आवेदन करें. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए संक्षेप में अनुदेश परिशिष्ट-II में दिए गए हैं. विस्तृत अनुदेश उपर्युक्त वेबसाइट में उपलब्ध हैं.

**3. आवेदन भरने की अंतिम तारीख :**
ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र **17 जुलाई, 2015 रात्रि 11.59 बजे** तक भरे जा सकते हैं जिसके पश्चात लिंक निरूपयोज्य होगा.

4. परीक्षा आरंभ होने के तीन सप्ताह पूर्व पात्र उम्मीदवारों की ई-प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे. ई-प्रवेश पत्र संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **www.upsconline.nic.in** पर उपलब्ध होगा जिसे उम्मीदवारों द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है. डाक द्वारा कोई प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरते समय सभी आवेदकों को वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी प्रस्तुत करना अपेक्षित है क्योंकि आयोग उनसे संपर्क करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम का इस्तेमाल करेगा.

**5. गलत उत्तरों के लिए दंड :**
अभ्यर्थी नोट कर लें कि वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दंड **(नेगेटिव मार्किंग)** दिया जायेगा.

6. ओएमआर पत्रक (उत्तर पत्रक) में लिखने और चिन्हित करने हेतु उम्मीदवार केवल **काले** रंग के बॉल पेन का इस्तेमाल करें. किसी अन्य रंग के पेन का इस्तेमाल वर्जित है, पेंसिल अथवा स्याही वाले पेन का इस्तेमाल न करें. उम्मीदवार नोट करें कि ओएमआर उत्तर पत्रक में विवरण कूटबद्ध करने/भरने में किसी प्रकार की चूक/त्रुटि/विसंगति, विशेषकर अनुक्रमांक तथा परीक्षण पुस्तिका शृंखला कोड के संदर्भ में, होने पर उत्तर पत्रक अस्वीकृत किया जाएगा. उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे नोटिस के परिशिष्ट -III में निहित ''विशेष अनुदेशों'' को सावधानीपूर्वक पढ़ लें.

**7. उम्मीदवारों के मार्गदर्शन हेतु सुविधा काउन्टर :**
उम्मीदवार अपने आवेदन प्रपत्र, उम्मीदवारी आदि से संबंधित किसी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना/स्पष्टीकरण के लिए कार्यदिवसों में 10.00 बजे और 5.00 बजे के मध्य तक आयोग परिसर के गेट 'सी' के पास संघ लोक सेवा आयोग के सुविधा काउंटर पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं. **011-23385271/011-23381125/011-23098543** पर संपर्क कर सकते हैं.

**8. मोबाइल फोन प्रतिबंधित :**
(क) जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है, उस परिसर के अंदर मोबाइल फोन, पेजर्स, ब्लूटूथ अथवा अन्य संचार यंत्रों की अनुमति नहीं है. इन अनुदेशों का कोई अतिलंघन होने पर भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में प्रतिबंध सहित अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी.
(ख) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन/ब्लूटूथ/पेजर्स अथवा कीमती/मूल्यावान वस्तुओं सहित उक्त प्रतिबंधित वस्तुएं साथ नहीं लाएं क्योंकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती है. इस संबंध में हुए किसी प्रकार के नुकसान के लिए आयोग जिम्मेवार नहीं होगा.

**उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन मोड से ही आवेदन करने की जरूरत है. किसी दूसरे मोड द्वारा आवेदन करने की अनुमति नहीं है**

**फा. सं. 7/3/2015-प.1**(ख) - राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के थल सेना, नौ सेना और वायु सेना स्कंधों के लिए **2 जुलाई, 2016** से शुरू होने वाले 136वें पाठ्यक्रम हेतु और नौ सेना अकादमी के 98वें भारतीय नौसेना अकादमी कोर्स (आईएनएसी) में प्रवेश हेतु संघ लोक सेवा आयोग द्वारा **27 सितंबर, 2015** को एक परीक्षा आयोजित की जायेगी. भारतीय नौसेना अकादमी में भर्ती उम्मीदवारों को 4 वर्ष का बी.टेक. कोर्स करना होगा तथा रिक्तियों/पदों की उपलब्धता के आधार पर नौसेना के कार्यपालक और तकनीकी विभाग में भर्ती का अवसर भी दिया जा सकता है.
आयोग यदि चाहे तो उपर्युक्त परीक्षा की तारीख में परिवर्तन कर सकता है.

**इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या इस प्रकार होगी.**

| | | |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय रक्षा अकादमी | 320 | [208 थल सेना के लिए 42 नौ सेना के लिए और 70 वायु सेना के लिए] |
| भारतीय नौ सेना अकादमी [10+2 कैडेट एंट्री स्कीम] | 55 | |
| **योग** | **375** | |

रिक्तियां अनंतिम हैं तथा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा भारतीय नौ सेना अकादमी कोर्स की प्रशिक्षण क्षमतानुसार इनमें परिवर्तन किया जा सकता है.

**विशेष ध्यान :** (i) प्रत्येक उम्मीदवार को अपने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में अपने वरीयता क्रम के अनुसार (1 से 4) सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख करना चाहिए. उसे यह भी सलाह दी जाती है कि वह जितनी चाहे उतनी वरीयताओं का उल्लेख करें, ताकि योग्यता क्रम में उनके रैंक को ध्यान में रखते हुए, नियुक्ति करते समय उनकी वरीयताओं पर भली-भाँति विचार किया जा सके.

(ii) उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि केवल उन्हीं सेवाओं पर उनकी नियुक्ति हेतु विचार किया जायेगा जिनके लिए वे अपनी वरीयता व्यक्त करते हैं, अन्य सेवा व सेवाओं पर नहीं, उम्मीदवार द्वारा अपने प्रपत्र में पहले निर्दिष्ट वरीयता में वृद्धि/परिवर्तन के अनुरोध को आयोग स्वीकार नहीं करेगा.

(iii) आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा तथा उसके बाद सेवा चयन बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा में योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों के लिए आयोजित बौद्धिक और व्यक्तित्व परीक्षण के परिणाम के आधार पर उपर्युक्त कोर्स में प्रवेश दिया जाएगा.

**2. परीक्षा के केन्द्र :**

**परीक्षा निम्नलिखित केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी :**

| | | |
|---|---|---|
| अगरतला | गंगटोक | पणजी (गोवा) |
| अहमदाबाद | हैदराबाद | पटना |
| ऐजल | इंफाल | पोर्ट-ब्लेयर |
| इलाहाबाद | ईटानगर | रायपुर |
| बेंगलूरू | जयपुर | रांची |
| बरेली | जम्मू | संबलपुर |
| भोपाल | जोरहाट | शिलॉंग |
| चंडीगढ़ | कोच्चि | शिमला |
| चेन्नई | कोहिमा | श्रीनगर |
| कटक | कोलकाता | तिरुवनंतपुरम |
| देहरादून | लखनऊ | तिरुपति |
| दिल्ली | मदुरै | उदयपुर |
| धारवाड़ | मुंबई | विशाखापटनम |
| दिसपुर | नागपुर | |

आवेदक यह नोट करें कि चेन्नई, दिल्ली, दिसपुर, कोलकाता और नागपुर केन्द्रों के सिवाय प्रत्येक केन्द्र पर आवंटित उम्मीदवारों की संख्या की अधिकतम सीमा निर्धारित होगी. केन्द्रों का आवंटन 'पहले आवेदन करो पहले आवंटन पाओ' पर आधारित होगा तथा यदि किसी विशेष केन्द्र की क्षमता पूरी हो जाती है तब वहां किसी आवेदक को कोई केन्द्र आवंटित नहीं किया जाएगा. जिन आवेदकों को निर्धारित अधिकतम सीमा की वजह से अपनी पसंद का केन्द्र नहीं मिलता है तब उन्हें शेष केन्द्रों में से एक केन्द्र का चयन करना होगा. अत एव आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे शीघ्र आवेदन करें जिससे उन्हें अपनी पसंद का केन्द्र मिले.

**ध्यान दें:** उपर्युक्त प्रावधान के बावजूद स्थिति के अनुसार आयोग के पास अपने विवेकानुसार केन्द्रों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है.

जिन उम्मीदवारों को इस परीक्षा में प्रवेश दे दिया जाता है उन्हें समय सारणी तथा परीक्षा स्थल (स्थलों) की जानकारी दे दी जायेगी.

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि केंद्र में परिवर्तन से सम्बद्ध अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**3. पात्रता की शर्तें :**

**(क) राष्ट्रीयता :** उम्मीदवार या तो :-

1. भारत का नागरिक हो, या
2. नेपाल की प्रजा हो, या
3. भूटान की प्रजा हो, या
4. भारत में स्थायी रूप से रहने के इरादे से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत आया हुआ तिब्बती शरणार्थी हो; या
5. भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने के उद्देश्य से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों जैसे कीनिया, यूगांडा तथा तंजानिया संयुक्त गणराज्य, जांबिया, मलावी, जैरे तथा इथोपिया या वियतनाम से प्रव्रजन करके आया हो.

परन्तु उपर्युक्त वर्ग 2, 3, 4 और 5 के अंतर्गत आने वाला उम्मीदवार ऐसा व्यक्ति हो जिसको भारत सरकार ने पात्रता प्रमाणपत्र प्रदान किया हो. पर नेपाल के गोरखा उम्मीदवारों के लिए यह पात्रता प्रमाणपत्र आवश्यक नहीं होगा.

**(ख) आयु-सीमाएं, लिंग और वैवाहिक स्थिति :** केवल ऐसे अविवाहित पुरुष उम्मीदवार जिनका जन्म **2 जनवरी, 1997** से पहले न हुआ हो तथा **1 जनवरी, 2000** के बाद न हुआ हो, पात्र हैं.

आयोग जन्म की वह तारीख स्वीकार करता है जो मैट्रिकुलेशन या माध्यमिक विद्यालय छोड़ने के प्रमाण पत्र या किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मैट्रिकुलेशन के समकक्ष माने गए प्रमाणपत्र या किसी विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित मैट्रिकुलेटों के रजिस्टरों में दर्ज की गई हो और यह उद्धरण विश्वविद्यालय के समुचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो. मूल प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करने होंगे.

आयु के संबंध में कोई अन्य दस्तावेज जैसे जन्म कुण्डली, शपथ पत्र, नगर निगम से और सेवा अभिलेख से प्राप्त जन्म संबंधी उद्धरण तथा अन्य ऐसे ही प्रमाण-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

अनुदेशों के इस भाग में आये हुए 'मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र' वाक्यांश के अंतर्गत उपर्युक्त वैकल्पिक प्रमाण पत्र सम्मिलित हैं.

**टिप्पणी-1 : उम्मीदवार यह ध्यान रखें कि आयोग उम्मीदवार की जन्म की उसी तारीख को स्वीकार करेगा जो कि आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत करने की तारीख को मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र या समकक्ष प्रमाण पत्र में दर्ज है और इसके बाद उसमें परिवर्तन के किसी अनुरोध पर न तो विचार किया जाएगा और न उसे स्वीकार किया जाएगा.**

**टिप्पणी-2 : उम्मीदवार यह भी नोट कर लें कि उनके द्वारा किसी परीक्षा में प्रवेश के लिए जन्म की तारीख एक बार घोषित कर देने और आयोग द्वारा उसे अपने अभिलेख में दर्ज कर लेने के बाद उसमें बाद में या बाद की किसी अन्य परीक्षा में परिवर्तन करने की अनुमति किसी भी आधार पर नहीं दी जाएगी.**

**टिप्पणी-3 :** उम्मीदवारों को आवेदन-प्रपत्र के संबंधित कॉलम में जन्म तिथि भरते समय उचित सावधानी बरतनी चाहिए. यदि बाद की किसी अवस्था में, जांच के दौरान उनके द्वारा भरी गई जन्म तिथि उनके मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण-पत्र में दी गई जन्म तिथि से कोई भिन्नता पाई गई तो आयोग द्वारा उनके विरुद्ध नियम के अधीन अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

**टिप्पणी-4 :** उम्मीदवारों को इस बात का वचन देना है कि जब तक उनका सारा प्रशिक्षण पूरा नहीं होगा तब तक वे शादी नहीं करेंगे. जो उम्मीदवार अपने आवेदन की तारीख के बाद शादी कर लेता है उसको प्रशिक्षण के लिए चुना नहीं जाएगा. चाहे वह उस परीक्षा में या अगली किसी परीक्षा में भले ही सफल हो. जो उम्मीदवार प्रशिक्षण काल में शादी कर लेगा उसे वापस भेजा जाएगा और उस पर सरकार ने जो पैसा खर्च किया है सब उससे वसूल किया जाएगा.

**(ग) शैक्षिक योग्यताएं :**

**(i) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के थल सेना स्कंध के लिए :** किसी राज्य शिक्षा बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्कूली शिक्षा प्रणाली 10+2 की 12वीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष.

**(ii) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के वायु सेना और नौ सेना स्कंधों तथा भारतीय नौ सेना अकादमी की 10+2 कैडेट एंट्री स्कीम के लिए :** किसी राज्य शिक्षा बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित भौतिकी और गणित सहित स्कूली शिक्षा प्रणाली 10+2 की 12वीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष.

जो उम्मीदवार स्कूली शिक्षा प्रणाली 10+2 के अधीन 12 वीं कक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में बैठ रहे हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं.

ऐसे उम्मीदवार जो एसएसबी साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त कर लेते हैं लेकिन एसएसबी साक्षात्कार के समय मैट्रिक/10+2 या समकक्ष प्रमाण पत्र मूल रूप से प्रस्तुत नहीं कर पाते, उन्हें विधिवत अनुप्रमाणित फोटोप्रति **"महानिदेशालय, भर्ती, सेना मुख्यालय, वैस्ट ब्लॉक-III,** आर. के. पुरम, नई

दिल्ली-110066" को तथा नौ सेना अकादमी के उम्मीदवारों के मामले में **"नौसेना मुख्यालय, डीएमपीआर, ओआई एण्ड आर अनुभाग, कमरा सं. 204, 'सी' स्कंध, सेना भवन, नई दिल्ली-110011"** को **24 जून, 2016** तक भेजना होगा. ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. अन्य वे सभी उम्मीदवार जो मूल रूप में अपने मैट्रिक और 10+2 पास या समकक्ष प्रमाण पत्र एसएसबी साक्षात्कार के समय प्रस्तुत कर चुके हैं तथा एसएसबी प्राधिकारियों द्वारा उनका सत्यापन करवा चुके हैं उन्हें सेना मुख्यालय या नौसेना मुख्यालय, जैसा भी मामला हो, इन्हें फिर से प्रस्तुत करना अपेक्षित नहीं हैं.

ऐसे मामलों में जहां बोर्ड/विश्वविद्यालय के द्वारा अभी तक प्रमाणपत्र जारी नहीं किए गए हों, शिक्षा संस्थाओं के प्रधानाचार्य के द्वारा दिये गये मूल प्रमाणपत्र भी स्वीकार्य होंगे, ऐसे प्रमाणपत्रों की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपियां/फोटोस्टेट प्रतियां स्वीकार नहीं की जायेंगी अपवाद की परिस्थितियों में आयोग किसी ऐसे उम्मीदवार को इस नियम में निर्धारित योग्यताओं से युक्त न होने पर भी शैक्षिक रूप से योग्य मान सकता है बशर्ते कि उनके पास ऐसी योग्यताएं हों, आयोग के विचार से जिनका स्तर, उसे इस परीक्षा में प्रवेश देना उचित ठहराता हो.

**टिप्पणी-1 :** वे उम्मीदवार जो 11 वीं कक्षा की परीक्षा दे रहे हैं, इस परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं हैं.

**टिप्पणी-2 :** वे उम्मीदवार, जिन्हें 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में अभी तक अर्हता प्राप्त करनी है और जिन्हें संघ लोक सेवा आयोग ने परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी है, नोट कर लें कि उनको दी गई यह विशेष छूट है. उन्हें 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण निर्धारित तारीख **(24 जून, 2016)** तक प्रस्तुत करना है और बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा के देर से आयोजित किये जाने, परिणाम घोषणा में विलंब या अन्य किसी कारण से इस तारीख को और आगे बढ़ाने से संबद्ध किसी भी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

**टिप्पणी-3 :** जो उम्मीदवार रक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा सेवाओं में किसी प्रकार के कमीशन से अपवर्जित हैं, वे इस परीक्षा में प्रवेश के पात्र नहीं होंगे, अगर प्रवेश दे दिया गया तो भी उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

**टिप्पणी-4 : वे उम्मीदवार जो आईएनएसबी/पीएबीटी में पहले फेल हो चुके हैं, वायु सेना के लिए योग्य नहीं हैं.**

**(घ) शारीरिक मानक :**

उम्मीदवार को **राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (II), 2015** हेतु परिशिष्ट-IV में दिए गए शारीरिक मानकों के दिशा निर्देशों के अनुरूप शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए.

वे उम्मीदवार जिन्होंने या तो इस्तीफा दे दिया है या जिन्हें सशस्त्र बल के किसी प्रशिक्षण संस्थान से अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत निकाल दिया गया हो, आवेदन करने की योग्यता नहीं रखते हैं.

**4. शुल्क :**

उम्मीदवारों को रु. 100/- (रुपये सौ मात्र) फीस के रूप में (अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों/टिप्पणी 2 में उल्लिखित जे.सी.ओ./एन.सी.ओ./ओ.आर. के बच्चों को छोड़कर जिन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा) या तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में नकद जमा करके या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया/स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर/स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद/स्टेट बैंक ऑफ मैसूर/स्टेट बैंक ऑफ पटियाला/ स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर की नेट बैंकिंग सेवा का उपयोग करके या वीजा/मास्टर क्रेडिट/डेबिट कार्ड का उपयोग करके भुगतान करना होगा.

**ध्यान दें-1**. जो उम्मीदवार भुगतान के लिए नकद भुगतान प्रणाली का चयन करते हैं वे सिस्टम द्वारा सृजित (जनरेट) पे-इन-स्लिप को मुद्रित करें और अगले कार्य दिवस को ही भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा के काउंटर पर शुल्क जमा करवाएं. ''नकद भुगतान प्रणाली'' का विकल्प अंतिम तिथि से एक दिन पहले, अर्थात दिनांक 16-07-2015 को रात्रि 23.59 बजे निष्क्रिय हो जाएगा. तथापि, जो उम्मीदवार अपने पे-इन-स्लिप का सृजन (जनरेशन) इसके निष्क्रिय होने से पहले कर लेते हैं, वे अंतिम तिथि को बैंक के कार्य समय के दौरान एसबीआई की शाखा में काउंटर पर नकद भुगतान कर सकते हैं. वे उम्मीदवार जो वैध पे-इन-स्लिप होने के बावजूद किसी भी कारणवश अंतिम तिथि को बैंक के कार्य समय के दौरान एसबीआई की शाखा में नकद भुगतान करने में असमर्थ रहते हैं तो उनके पास कोई अन्य ऑफलाइन विकल्प उपलब्ध नहीं होगा लेकिन वे अंतिम तिथि अर्थात 17-07-2015 को 23-59 बजे तक ऑनलाइन डेबिट/क्रेडिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग भुगतान के विकल्प का चयन कर सकते हैं.

**ध्यान दें-2:** उम्मीदवारों को नोट करना चाहिए कि शुल्क का भुगतान ऊपर निर्धारित माध्यम से ही किया जा सकता है. किसी अन्य माध्यम से शुल्क का भुगतान न तो वैध है न स्वीकार्य है. निर्धारित माध्यम/शुल्क रहित आवेदन (शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त रहित आवेदन को छोड़कर) एकदम अस्वीकृत कर दिए जाएंगे.

**ध्यान दें-3:** एक बार शुल्क अदा किए जाने पर वापस करने के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जा सकता है और न ही किसी दूसरी परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकता है.

**ध्यान दें-4:** जिन आवेदकों के मामले में बैंक से भुगतान संबंधी विवरण प्राप्त नहीं हुए हैं उन्हें अवास्तविक भुगतान मामला समझा जाएगा और उनके आवेदन पत्र तुरंत अस्वीकृत कर दिए जाएंगे. ऐसे सभी आवेदकों की सूची ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के अंतिम दिन के बाद दो सप्ताह के भीतर आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी. आवेदकों को अपने शुल्क भुगतान का प्रमाण ऐसी सूचना की तारीख से 10 दिनों के भीतर दस्ती अथवा स्पीड पोस्ट के जरिए आयोग को भेजना होगा. दस्तावेज के रूप में प्रमाण प्राप्त होने पर, शुल्क भुगतान के वास्तविक मामलों पर विचार किया जाएगा और उनके आवेदन स्वीकार कर लिए जाएंगे, बशर्ते वे पात्र हों.

**टिप्पणी-1: अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और टिप्पणी 2 में उल्लिखित उम्मीदवारों को शुल्क नहीं देना होगा तथापि अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उम्मीदवारों को शुल्क में कोई छूट नहीं है तथा उन्हें निर्धारित शुल्क का पूरा भुगतान करना होगा.**

**टिप्पणी-2:** थल सेना में सेवारत/भूतपूर्व जूनियर कमीशन प्राप्त अफसरों/गैर कमीशन प्राप्त अफसरों/अन्य रैंकों तथा भारतीय नौसेना/भारतीय वायु सेना के समकक्ष रैंकों के अफसरों के बच्चों को निर्धारित शुल्क देने की जरूरत नहीं होगी यदि वे मिलिट्री स्कूल (जिन्हें पहले किंग जॉर्ज स्कूल के नाम से जाना जाता था)/ सैनिक स्कूलों की सोसायटी द्वारा चलाये जाने वाले सैनिक स्कूलों में शिक्षा पा रहे हैं **(विशेष ध्यानः ऐसे सभी उम्मीदवारों को संबद्ध प्रिंसिपलों से शुल्क में छूट हेतु उनकी पात्रता का प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा और एस.एस.बी. परीक्षण/साक्षात्कार के लिए अर्हक घोषित किए गए उम्मीदवारों द्वारा एस.एस.बी. परीक्षण/ साक्षात्कार के समय सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा).**

**5. आवेदन कैसे करें :**

उम्मीदवार **www.upsconline.nic.in** वेबसाइट सुविधा का प्रयोग कर **ऑनलाइन** आवेदन करें. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए विस्तृत निर्देश उपर्युक्त वेबसाइट में उपलब्ध हैं.

**टिप्पणी-1:** आवेदकों को केवल एक ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का परामर्श दिया जाता है. तथापि, किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश यदि वह एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत करता है, वह यह सुनिश्चित कर लें कि उच्च आरआईडी वाला आवेदन पत्र हर तरह अर्थात आवेदक का विवरण, परीक्षा केन्द्र, फोटो, हस्ताक्षर, शुल्क आदि से पूर्ण है. एक से अधिक आवेदन पत्र भेजने वाले उम्मीदवार ये नोट कर लें कि केवल उच्च आरआईडी (रजिस्ट्रेशन आईडी) वाले आवेदन पत्र ही आयोग द्वारा स्वीकार किए जाएंगे और एक आरआईडी के लिए अदा किए गए शुल्क का समायोजन किसी अन्य आरआईडी के लिए नहीं किया जायेगा.

**टिप्पणी-2:** सभी उम्मीदवारों को चाहे वे पहले ही सरकारी सेवा में हों, जिनमें सशस्त्र सेना बल के उम्मीदवार भी शामिल हैं और भारतीय नौसेना के नौसैनिक (बाल एवं परिशिल्पी शिक्षार्थियों सहित), राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (जिसे पहले सैनिक स्कूल, देहरादून कहा जाता था) के कैडेट्स, मिलिट्री स्कूलों (जिन्हें पहले किंग जॉर्ज स्कूल कहा जाता था) और सैनिक स्कूलों की सोसायटी द्वारा चलाये जाने वाले सैनिक स्कूलों के छात्रों, सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक उपक्रम अथवा इसी प्रकार के अन्य संगठनों अथवा निजी रोज़गार में कार्यरत उम्मीदवारों को आयोग को **सीधे ऑनलाइन आवेदन** करना होगा.

**विशेष ध्यान दें :** (क) जो व्यक्ति पहले से ही स्थायी या अस्थायी हैसियत से सरकारी सेवा में हों या आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त व्यक्तियों को छोड़कर कार्य प्रभारित कर्मचारी या जो लोक उद्यमों में सेवारत हैं; (ख) सशस्त्र सेना बल में कार्यरत उम्मीदवार भारतीय नौसेना के नौसैनिक (बाल एवं परिशिल्पी शिक्षार्थियों सहित), और (ग) राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (जिसे पहले सैनिक स्कूल, देहरादून कहा जाता था) के कैडेट्स, मिलिट्री स्कूलों (जिन्हें पहले किंग जॉर्ज स्कूल कहा जाता था) और सैनिक स्कूलों की सोसायटी द्वारा चलाये जाने वाले सैनिक स्कूलों को छात्रों को अपने कार्यालय/विभाग अध्यक्ष, कमांडिंग अधिकारी, संबद्ध कॉलेज/स्कूल के प्रिंसिपल, जैसा भी मामला हो, को लिखित रूप में सूचित करना होगा कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है.

**उम्मीदवार नोट करें कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता/संबंद्ध प्राधिकारी से इस परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले/बैठने वाले उम्मीदवारों की अनुमति रोकने संबंधी कोई पत्राचार प्राप्त होता है, तो उनके आवेदन पत्र अस्वीकृत किए जा सकते हैं/उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है.**

**टिप्पणी-3 :** उम्मीदवार को अपने आवेदन प्रपत्र में परीक्षा के लिए केन्द्र भरते समय सावधानीपूर्वक निर्णय लेना चाहिए. यदि कोई उम्मीदवार आयोग द्वारा प्रेषित ई-प्रवेश प्रमाण पत्र में दर्शाये गये केन्द्र से इतर केन्द्र में बैठता है तो उस उम्मीदवार के प्रश्नपत्रों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा तथा उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.

**टिप्पणी-4 :** जिन आवेदन प्रपत्रों के साथ निर्धारित शुल्क संलग्न नहीं होगा (उपर्युक्त पैरा 4 के अंतर्गत शुल्क माफी के दावे को छोड़कर) या जो अधूरे भरे हुए हों, उनको एकदम अस्वीकृत कर दिया जाएगा और किसी भी अवस्था में अस्वीकृति के संबंध में अभ्यावेदन या पत्र-व्यवहार को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

**उम्मीदवार को अपने आवेदन प्रपत्रों के साथ आयु तथा शैक्षिक योग्यता, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ी श्रेणी और शुल्क में छूट आदि का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करना होगा. इसलिए वे इस बात को सुनिश्चित कर लें कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं या नहीं. अतः परीक्षा में उनका प्रवेश भी पूर्णतः अनन्तिम होगा. यदि किसी बाद की तारीख को सत्यापन करते समय यह पता चलता है कि वे पात्रता की सभी शर्तें पूरी नहीं करते हैं तो उनकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी. परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम के दिसंबर, 2015 में घोषित होने की संभावना है.**

**टिप्पणी 5:** जिन उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षण में अर्हता प्राप्त कर ली है, उन्हें आयु और शैक्षिक योग्यता संबंधी अपने मूल प्रमाण-पत्र भर्ती महानिदेशालय, सेना मुख्यालय, वेस्ट ब्लॉक-III, आर के पुरम, नई दिल्ली-110066 अथवा नौसेना मुख्यालय, डीएमपीआर, ओआईएंडआर अनुभाग, 'सी' विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110011 को प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है.

साक्षात्कार के लिये बुलाये गये सभी उम्मीदवारों को सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) के समक्ष मैट्रिक परीक्षा का मूल प्रमाणपत्र अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे. जो उम्मीदवार सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त कर लेंगे उन्हें साक्षात्कार के तुरंत बाद मूल प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत करना होगा. जांच पड़ताल के बाद मूल प्रमाण पत्र लौटा दिए जाएंगे, जो उम्मीदवार पहले ही 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, वे सेवा चयन बोर्ड हेतु अपना 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण करने का मूल प्रमाण-पत्र या अंक सूची अवश्य लाएं.

यदि उनका कोई भी दावा असत्य पाया जाता है तो उनके विरुद्ध आयोग द्वारा निम्नलिखित उपबंधों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है :

जो उम्मीदवार आयोग द्वारा निम्नांकित कदाचार का दोषी घोषित होता है या हो चुका है :

(i) किसी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी का समर्थन प्राप्त करना, या

(ii) किसी व्यक्ति के स्थान पर स्वयं प्रस्तुत होना, या

(iii) अपने स्थान पर किसी दूसरे को प्रस्तुत करना, या

(iv) जाली प्रलेख या फेर-बदल किये गये प्रलेख प्रस्तुत करना, या

(v) अशुद्ध या असत्य वक्तव्य देना या महत्वपूर्ण सूचना को छिपा कर रखना, **या**

(vi) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अनियमित या अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करना, या

(vii) परीक्षा के समय अनुचित तरीके अपनाना, या

(viii) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखना जो अश्लील भाषा या अभद्र आशय की हों, या

(ix) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार करना, या

(x) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान करना या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाना, या

(xi) परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, पेजर, ब्लूटूथ या किसी अन्य प्रकार का इलैक्ट्रॉनिक उपकरण या यंत्र अथवा संचार यंत्र के रूप में प्रयोग किए जा सकने वाला कोई अन्य उपकरण प्रयोग करते हुए या अपने पास रखा पाया गया हो, या

(xii) उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति देते हुए प्रेषित ई-प्रवेश प्रमाण-पत्रों के साथ जारी अनुदेश का उल्लंघन करना, या

(xiii) ऊपर खण्डों में उल्लिखित सभी या किसी कदाचार को करने की कोशिश करना या करने के लिए उकसाना.

वह अपने को दण्ड-अभियोजना का शिकार बनाने के अतिरिक्त

(क) आयोग की जिस परीक्षा का उम्मीदवार है उसके लिए आयोग द्वारा अयोग्य ठहराया जा सकता है और/या

(ख) स्थाई रूप से या किसी निर्दिष्ट अवधि के लिए अपवर्जित किया जा सकता है :

(1) आयोग द्वारा उनकी किसी परीक्षा या चयन के लिए;

(2) केन्द्र सरकार द्वारा उनके अधीन किसी नियुक्ति के लिए; और

(ग) यदि वह पहले से ही सरकारी नौकरी में हो तो समुचित नियमों के अधीन अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी. किंतु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक :

(i) उम्मीदवार को इस संबंध में लिखित अभ्यावेदन, जो वह देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, और

(ii) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो.

**6. आवेदन करने की अंतिम तारीख :**

**ऑनलाइन आवेदन 17 जुलाई, 2015 रात्रि 11.59** बजे तक भरे जा सकते हैं जिसके पश्चात लिंक निरुपयोज्य होगा.

**7. यात्रा भत्ता**

किसी विशेष प्रकार के कमीशन अर्थात स्थायी अथवा अल्पकालिक के लिए एसएसबी साक्षात्कार हेतु प्रथम बार उपस्थित होने वाले उम्मीदवार भारतीय सीमा के अंदर आरक्षण एवं स्लीपर प्रभारों सहित एसी-3 टायर आने-जाने के रेल के किराए अथवा बस के किराए के हकदार होंगे. जो उम्मीदवार समान प्रकार के कमीशन के लिए पुनः आवेदन करते हैं, वे किसी परवर्ती अवसर के लिए यात्रा भत्ता के हकदार नहीं होंगे.

**8. आयोग/थल सेना/नौ सेना/वायु सेना मुख्यालय के साथ पत्र-व्यवहार :**

निम्नलिखित मामलों को छोड़कर आयोग अन्य किसी भी मामले में उम्मीदवार के साथ पत्र-व्यवहार नहीं करेगा.

(i) पात्र उम्मीदवारों को परीक्षा प्रारंभ होने के तीन सप्ताह पूर्व ई-प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा. ई-प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट **www.upsc.gov.in** पर उपलब्ध होगा जिसे उम्मीदवार डाउनलोड कर सकते हैं. डाक द्वारा कोई प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा. ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवार के पास उसके महत्वपूर्ण विवरण अर्थात **आरआईडी तथा जन्म तिथि अथवा अनुक्रमांक (यदि प्राप्त हुआ हो) तथा जन्म तिथि अथवा नाम, पिता का नाम तथा जन्म तिथि** उपलब्ध होने चाहिए.

**(ii) यदि किसी उम्मीदवार को परीक्षा प्रारंभ होने से एक सप्ताह पूर्व तक ई-प्रवेश पत्र अथवा उसकी उम्मीदवारी से संबद्ध कोई सूचना न मिले तो उसे आयोग से तत्काल संपर्क करना चाहिए.**

इस संबंध में जानकारी आयोग परिसर में स्थित सुविधा काउंटर पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष संख्या : 011-23385271/011-23381125/ 011-23098543 से भी प्राप्त की जा सकती है. यदि उम्मीदवार से ई-प्रवेश पत्र प्राप्त होने के संबंध में कोई सूचना आयोग कार्यालय में परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम एक सप्ताह पूर्व तक प्राप्त नहीं होती है तो इसके लिये उम्मीदवार ई-प्रवेश पत्र प्राप्त न होने के लिये वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा.

(iii) सामान्यतः किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में ई-प्रवेश पत्र के बिना बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी. ई-प्रवेश पत्र प्राप्त होने पर इसकी सावधानीपूर्वक जांच कर लें तथा किसी प्रकार की त्रुटि/असंगति होने पर आयोग को तुरंत इसकी जानकारी दें.

किसी कोर्स में प्रवेश विभिन्न कोर्सों की शैक्षिक योग्यता के आधार पर उनकी पात्रता तथा उम्मीदवार द्वारा दिये गये वरीयता क्रम को ध्यान में रखकर दिया जाएगा.

**उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि परीक्षा में उनका प्रवेश उनके द्वारा आवेदन प्रपत्र में दी गई जानकारी के आधार पर रहेगा. यह पात्रता की शर्तों के सत्यापन किए जाने पर आधारित होगा.**

(iv) यदि उम्मीदवार को किसी दूसरे उम्मीदवार से संबंधित ई-प्रवेश पत्र मिल जाये जो उसे आयोग को तुरंत सही ई-प्रवेश पत्र जारी करने के लिये नोटिस में लाना चाहिए. उम्मीदवारों को यह नोट कर लेना चाहिए कि उन्हें किसी दूसरे उम्मीदवार को जारी ई-प्रवेश पत्र के आधार पर परीक्षा देने के की अनुमति दी जाएगी.

(v) उम्मीदवार के आवेदन प्रपत्र की स्वीकार्यता तथा वह उक्त परीक्षा में प्रवेश का पात्र है या नहीं है इस बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा.

(vi) उम्मीदवार ध्यान रखें कि ई-प्रवेश पत्र में कहीं-कहीं नाम तकनीकी कारणों से संक्षिप्त रूप में लिखे जा सकते हैं.

(vii) उम्मीदवार को यह सुनिश्चित अवश्य कर लेना चाहिए कि आवेदन में उनके द्वारा दी गई ई-मेल आईडी मान्य और सक्रिय हो.

**महत्त्वपूर्ण :** आवेदन के संबंध में सभी पत्र-व्यवहार परीक्षा नियंत्रक, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069 के पते पर करना चाहिए और उसमें निम्नलिखित विवरण अवश्य होना चाहिए.

1. परीक्षा का नाम और वर्ष
2. रजिस्ट्रेशन आईडी (आरआईडी)
3. अनुक्रमांक (यदि मिला हो)
4. उम्मीदवार का नाम (पूरा और साफ लिखा हुआ)
5. पत्र व्यवहार का पता, जैसा आवेदन प्रपत्र में दिया है.

**विशेष ध्यान-1 : जिन पत्रों में ऊपर का ब्यौरा नहीं होगा, हो सकता है, उन पर कोई कार्रवाई न हो.**

**विशेष ध्यान-2 : यदि किसी परीक्षा की समाप्ति के बाद किसी उम्मीदवार का पत्र/पत्रादि प्राप्त होता है या जिसमें उसका पूरा नाम और अनुक्रमांक नहीं दिया गया है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा, और उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी.**

सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों के अगर परीक्षा के लिये आवेदन करने के बाद, अपना पता बदल लिया हो तो उनको चाहिये कि परीक्षा के लिये लिखित भाग के परिणाम घोषित हो जाते ही अपना नया पता तत्काल; सेना को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों के लिए सेना मुख्यालय, ए.जी. ब्रांच, आरटीजी (रा.र.अ. प्रविष्टि), पश्चिमी खंड III, स्कंध-1, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066, दूरभाष सं. : 26175473 नौसेना/ नौसेना अकादमी को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों के लिए नौ सेना मुख्यालय, जनशक्ति एवं भर्ती निदेशालय, ओ आई एण्ड आर अनुभाग, कमरा नं. 204, 'सी' स्कंध, सेना भवन, नई दिल्ली-110011 दूरभाष सं. 23010097/ 23011282.

वायु सेना को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों के लिए वायु सेना मुख्यालय, कार्मिक (अधिकारी) निदेशालय, पी.ओ. 3-(ए), कमरा नं. 17, 'जे' ब्लाक, वायु सेना भवन के सामने, मोतीलाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110011 दूरभाष सं. : 23010231 एक्सटेंशन 7081, को सूचित कर देना चाहिए.

जो उम्मीदवार इन अनुदेशों का पालन नहीं करेगा वह सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार के लिये सम्मन-पत्र न मिलने पर अपने मामले में विचार किये जाने के दावे से वंचित हो जाएगा.

लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात उम्मीदवारों को अपने एसएसबी केन्द्र और साक्षात्कार की तारीख के लिए निम्नलिखित वेबसाइट पर लॉग-ऑन करना चाहिए:-

www.joinindianarmy.nic.in
www.joinindiannavy.gov.in
www.careerairforce.nic.in

जिन उम्मीदवारों के नाम सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार हेतु रिपोर्ट करने के लिए अनुशंसित हैं वह अपने साक्षात्कार के संबंध में सभी पूछताछ और अनुरोध लिखित परीक्षा के परिणाम की घोषणा से 20 दिन के पश्चात् सम्बन्धित सर्विस हेडक्वाटर्स के निम्नलिखित पते पर संपर्क करें या वेबसाइट को देखें :-

सेना को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों के लिए - सेना मुख्यालय, ए.जी. ब्रांच, आरटीजी (रा.र.अ. प्रविष्टि), पश्चिमी खण्ड III, स्कंध-(I), आर.के. पुरम नई दिल्ली-110066, दूरभाष सं. 26175473, या **www.joinindianarmy.nic.in**

नौसेना/नौ सेना अकादमी को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों के लिए- नौ सेना मुख्यालय, जनशक्ति एवं भर्ती निदेशालय, ओआई एंड आर अनुभाग, कमरा नं. 204, 'सी' स्कंध, सेना भवन, नई दिल्ली-110011, दूरभाष सं. 23010097. **ई-मेल officer-navy@nic.in** या www.joinindiannavy.gov.in

वायु सेना को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवार के लिए- वायु सेना मुख्यालय, कार्मिक (अधिकारी) निदेशालय, पी.ओ.3(ए), कमरा नं. 17, 'जे' ब्लाक, वायु सेना भवन के सामने, मोतीलाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110011, दूरभाष सं. 23010231 एक्सटेंशन 7081/7082 या **www.careerairforce.nic.in**

उम्मीदवार को भेजे गये सम्मन-पत्र द्वारा सूचित तारीख को सेवा चयन बोर्ड के समक्ष साक्षात्कार के लिये पहुंचना है. साक्षात्कार को स्थगित करने से संबद्ध अनुरोध पर केवल अपवादात्मक परिस्थितियों में और प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखकर ही विचार किया जायेगा जिसके लिए निर्णायक प्राधिकरण सेना मुख्यालय होगा. इस प्रकार के अनुरोध उस चयन केन्द्र के प्रशासनिक अधिकारी को संबोधित होने चाहिए जहां से साक्षात्कार हेतु आह्वान-पत्र (कॉल लैटर) प्राप्त हुआ है. सेना/नौ सेना/वायु सेना मुख्यालय में प्राप्त पत्रों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी. लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों के सेवा चयन बोर्ड के साक्षात्कार **जनवरी 2016 से अप्रैल 2016** के दौरान भर्ती निदेशालय की सुविधानुसार किए जाएंगे.

योग्यताक्रम सूची कार्यभार ग्रहण अनुदेशों और चयन प्रक्रिया से संबंधित किसी अन्य संगत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** का अवलोकन करें.

**9. लिखित परीक्षा के परिणाम की घोषणा, अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों का साक्षात्कार, अंतिम परिणामों की घोषणा और अंतिम रूप से अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों का प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश :**

संघ लोक सेवा आयोग लिखित परीक्षा में आयोग के स्वनिर्णय पर निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की एक सूची तैयार करेगा. ये उम्मीदवार बुद्धिमता परीक्षण तथा व्यक्तित्व परीक्षण के लिये सेवा चयन बोर्ड के सामने हाजिर होंगे, जहां राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के थल सेना, नौ सेना स्कंधों और भारतीय नौ सेना अकादमी 10+2 कैडेट एंट्री स्कीम के उम्मीदवारों की अधिकारी क्षमता तथा वायु सेना के उम्मीदवारों का पायलट एप्टीट्यूड परीक्षण तथा अधिकारी क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा. वायु सेना को प्रथम वरीयता देने वाले उम्मीदवारों के मामले में लागू पीएबीटी सेवा चयन बोर्ड से अर्हता प्राप्त उन सभी उम्मीदवारों के लिए भी जिन्होंने वायु सेना एक वरीयता के रूप में दी है उनकी योग्यता और इच्छा के आधार पर किया जाएगा.

**दो चरणों की चयन प्रक्रिया**

मनोवैज्ञानिक अभिरुचि परीक्षण और बुद्धिमता परीक्षण पर आधारित दो चरणों की चयन-प्रक्रिया चयन केन्द्रों/वायु सेना चयन बोर्ड/नौ सेना चयन बोर्ड में प्रारंभ कर दी गई है, सभी उम्मीदवारों को चयन केंद्रों/वायु सेना चयन बोर्ड/नौ सेना चयन बोर्ड पर पहुंचने से पहले दिन प्रथम चरण परीक्षण में रखा जाएगा. केवल उन्हीं उम्मीदवारों को द्वितीय चरण/शेष परीक्षणों के लिए प्रवेश दिया जाएगा, जिन्होंने पहला चरण उत्तीर्ण कर लिया होगा. वे उम्मीदवार जो चरण-II उत्तीर्ण कर लेंगे उन्हें इन प्रत्येक में से (i) अपनी जन्मतिथि के समर्थन में लिए मैट्रिक उत्तीर्ण या समकक्ष प्रमाण पत्र; और (ii) शैक्षिक योग्यता के समर्थन में 10+2 या समकक्ष उत्तीर्ण के प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ-साथ 2 फोटो प्रति भी जमा करनी होंगी.

जो उम्मीदवार सेवा चयन बोर्ड के सामने हाजिर होकर वहां परीक्षण देंगे वे अपने ही जोखिम पर इन परीक्षणों में शामिल होंगे और सेवा चयन बोर्ड में उनका जो परीक्षण होता है, उसके दौरान या उसके फलस्वरूप अगर उनको किसी व्यक्ति की लापरवाही से या अन्यथा कोई चोट पहुंचती है उसके लिए वे सरकार की ओर से कोई क्षतिपूर्ति या सहायता पाने के हकदार नहीं होंगे. उम्मीदवारों के माता-पिता या अभिभावकों को इस आशय के एक प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे.

स्वीकार्यता हेतु थल सेना/नौ सेना/नौ सेना अकादमी और वायु सेना के उम्मीदवारों को (i) लिखित परीक्षा तथा (ii) अधिकारी क्षमता परीक्षण में अलग-अलग न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने होंगे, जो क्रमशः आयोग तथा सेवा चयन बोर्ड द्वारा उनके स्वनिर्णय के अनुसार निर्धारित किए जायेंगे. वायु सेना के उम्मीदवारों के अतिरिक्त सेवा चयन बोर्ड अर्हता प्राप्त सभी उम्मीदवारों को अपनी इच्छानुसार पात्रता और वायु सेना एक वरीयता के रूप में दी हो, पीएबीटी में अलग अर्हता प्राप्त करनी होगी.

अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों को इन शर्तों पर उनके द्वारा लिखित परीक्षा तथा सेवा चयन बोर्ड के परीक्षणों में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर एकल संयुक्त सूची में रखा जाएगा. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की थल सेना, नौ सेना, वायु सेना में और भारतीय नौ सेना अकादमी की 10+2 कैडेट एंट्री स्कीम में प्रवेश के लिए अंतिम रूप से नियतन/चयन, उपलब्ध रिक्तियों की संख्या को देखते हुए उम्मीदवारों की पात्रता, शारीरिक स्वस्थता और योग्यता/सह-वरीयता के अनुसार होगा. वे उम्मीदवार जो एक से अधिक सेवाओं/पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के पात्र हैं, उनके नियतन/चयन पर, उनके द्वारा दिए गए वरीयता-क्रम के संदर्भ में विचार किया जाएगा और किसी एक सेवा/पाठ्यक्रम में उनके अंतिम रूप से नियतन/चुन लिए जाने पर, उनके नाम पर शेष सेवाओं/पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विचार नहीं किया जाएगा.

**विशेष ध्यान : वायु सेना के प्रत्येक उम्मीदवार का पायलट एप्टीट्यूड परीक्षण केवल एक बार किया जाता है अतः उसके द्वारा प्रथम परीक्षण में प्राप्त ग्रेड वायु सेना चयन बोर्ड के सामने बाद में होने वाले साक्षात्कार में स्वीकार किया जाएगा. जो उम्मीदवार पायलट एप्टीट्यूड के प्रथम परीक्षण में असफल हो जाता है वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा के वायु सेना विंग या जनरल ड्यूटी (पायलट) ब्रांच या नेवल एयर आर्म में प्रवेश के लिए आवेदन नहीं कर सकता.**

जिन उम्मीदवारों का किसी पिछले राष्ट्रीय रक्षा अकादमी कोर्स में पायलट एप्टीट्यूड परीक्षण हो चुका है तो उन्हें इस परीक्षा के वायु सेना विंग के लिये तभी आवेदन करना चाहिए, अगर उन्होंने यह प्रशिक्षण उत्तीर्ण कर लिया हो. अलग-अलग उम्मीदवारों को परीक्षा के परिणाम किस रूप में और किस प्रकार सूचित किए जायें इस बात का निर्णय आयोग अपने आप करेगा और परिणाम के संबंध में उम्मीदवारों से कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा.

परीक्षा में सफल होने मात्र से अकादमी में प्रवेश का कोई अधिकार नहीं मिलेगा. उम्मीदवार को नियुक्ति प्राधिकारी को संतुष्ट करना होगा कि वह अकादमी में प्रवेश के लिए सभी तरह से उपयुक्त है.

**10. प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश के लिए अनर्हताएं :**

जो उम्मीदवार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी अथवा भारतीय नौ सेना अकादमी की 10+2 कैडेट एंट्री स्कीम के किसी पहले कोर्स में प्रवेश पा चुके थे पर अधिकारी सुलभ विशेषताओं के अभाव के कारण या अनुशासनिक आधार पर वहां से निकाल दिये गये थे उनको अकादमी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा.

किंतु जिन उम्मीदवारों को अस्वस्थता के आधार पर पहले राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, भारतीय नौसेना अकादमी से वापस ले लिया गया था या जिन्होंने अपनी इच्छा से उक्त अकादमी छोड़ दी हो उन्हें अकादमी में प्रवेश मिल सकता है बशर्ते कि वे स्वास्थ्य तथा अन्य निर्धारित शर्तें पूरी करते हों.

**11. उम्मीदवार को अपना आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत कर देने के बाद उम्मीदवारी वापस लेने से संबद्ध उसके किसी भी अनुरोध को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा.**

12. (क) परीक्षा की योजना, स्तर और पाठ्य विवरण (ख) आवेदन प्रपत्र भरने के लिए दिशानिर्देश/अनुदेश (ग) वस्तुपरक परीक्षणों हेतु उम्मीदवार के लिए विशेष अनुदेश (घ) अकादमी में प्रवेश हेतु शारीरिक मानक से मार्गदर्शक संकेत और (ङ) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौ सेना अकादमी में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवारों की सेवा आदि के संक्षिप्त विवरण आदि की विस्तृत जानकारी के संबंध में क्रमशः परिशिष्ट I,II, III,IV और V में विस्तार से समझाया गया है.

**(टी. चिनसुम नौलक)**
**अवर सचिव**
**संघ लोक सेवा आयोग**

## परिशिष्ट-I
## (परीक्षा की योजना, स्तर और पाठ्य विवरण)

**(क) परीक्षा की योजना :**

1. लिखित परीक्षा के विषय, नियत समय तथा प्रत्येक विषय के अधिकतम अंक निम्नलिखित होंगे.

| विषय | कोड | अवधि | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|
| गणित | 01 | 2-1/2 घंटे | 300 |
| सामान्य योग्यता परीक्षण | 02 | 2-1/2 घंटे | 600 |
| | | कुल | 900 |
| सेवा चयन बोर्ड टेस्ट/साक्षात्कार 900 | | | |

2. सभी विषयों के प्रश्न-पत्रों में केवल वस्तुपरक प्रश्न ही होंगे. गणित और सामान्य योग्यता परीक्षण के भाग-ख के प्रश्न पत्र (परीक्षण पुस्तकाएं) द्विभाषी रूप हिन्दी और अंग्रेजी में तैयार किये जाएंगे.

3. प्रश्न पत्रों में, जहां भी आवश्यक होगा केवल तोल और माप की मीटरी पद्धति से संबंधित प्रश्नों को ही पूछा जाएगा.

4. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्रों के उत्तर अपने हाथ से लिखने चाहिए. किसी भी हालत में उन्हें प्रश्न-पत्र के उत्तर लिखने के लिए लिखने वाले की सहायता सुलभ नहीं की जायेगी.

5. परीक्षा के एक अथवा सभी विषयों के अर्हक अंकों का निर्धारण आयोग की विविक्षा पर रहेगा.

6. उम्मीदवारों को वस्तुपरक प्रश्न-पत्रों (प्रश्न-पुस्तिकाओं) के उत्तर लिखने के लिये केलकुलेटर अथवा गणितीय अथवा लघुगणकीय सारणियां प्रयोग करने की अनुमति नहीं है, अतः ये उन्हें परीक्षा भवन में नहीं लानी चाहिए.

**(ख) परीक्षा का स्तर और पाठ्य विवरण :**

**प्रश्नपत्र-I**
**गणित**
**(कोड संख्या 01)**
**(अधिकतम अंक 300)**

**1. बीज गणित :**

समुच्चय की अवधारणा, समुच्चयों पर संक्रिया, वेन आरेख, द-मॉरगन नियम, कार्तीय गुणन, संबंध, तुल्यता-संबंध.

वास्तविक संख्याओं का एक रेखा पर निरूपण. संमिश्र संख्याएं-आधारभूत गुणधर्म, मापक, कोणांक, इकाई का घनमूल, संख्याओं की द्विआधारी प्रणाली. दशमलव प्रणाली की एक संख्या का द्विआधारी प्रणाली में परिवर्तन तथा विलोमतः परिवर्तन. अंकगणितीय, ज्यामितीय तथा हरात्मक श्रेणी, वास्तविक गुणांकों सहित द्विघात समीकरण. ग्राफों द्वारा दो चरों वाले रेखिक असमिका का हल. क्रमचय तथा संचय. द्विपद प्रमेय तथा इसके अनुप्रयोग लघुगणक तथा उनके अनुप्रयोग.

**2. आव्यूह तथा सारणिक :**

आव्यूहों के प्रकार, आव्यूहों पर संक्रिया आव्यूह के सारणिक, सारणिकों के आधारभूत गुणधर्म, वर्ग आव्यूह के सहखंडन तथा व्युत्क्रम, अनुप्रयोग-दो या तीन अज्ञातों में रैखिक समीकरणों के तंत्र का कैमर के नियम तथा आव्यूह पद्धति द्वारा हल.

**3. त्रिकोणमिति :**

कोण तथा डिग्रियों तथा रेडियन में उनका मापन त्रिकोणमितीय अनुपात. त्रिकोणमितीय सर्वसमिका योग तथा अंतर सूत्र. बहुल तथा अपवर्तक कोण. व्युत्क्रम त्रिकोणमितीय फलन, अनुप्रयोग-ऊंचाई तथा दूरी, त्रिकोणों के गुणधर्म.

**4. दो तथा तीन विमाओं की विश्लेषिक ज्यामिति :**

आयतीय कार्तीय निर्देशक पद्धति, दूरी सूत्र, एक रेखा का विभिन्न प्रकारों में समीकरण. दो रेखाओं के मध्य कोण एक रेखा से एक बिन्दु की दूरी, मानक तथा सामान्य प्रकार में एक वृत्त का समीकरण. परवलय, दीर्घवृत्त तथा अतिपरवलय के मानक प्रकार. एक शांकव की उत्केंद्रता तथा अक्ष. त्रिविम आकाश में बिन्दु, दो बिन्दुओं के मध्य दूरी. दिक्-को साइन तथा दिक्-अनुपात. समतल तथा रेखा के विभिन्न प्रकारों में समीकरण. दो रेखाओं के मध्य कोण तथा दो तलों के मध्य कोण गोले का समीकरण.

**5. अवकल गणित :**

वास्तविक मान फलन की अवधारणा-फलन का प्रांत, रेंज व ग्राफ. संयुक्त फलन, एकेंकी, आच्छादक तथा व्युत्क्रम फलन, सीमांत की धारणा, मानक सीमांत-उदाहरण. फलनों के सांतत्य-उदाहरण, सांतत्य फलनों पर बीज गणितीय संक्रिया. एक बिन्दु पर एक फलन का

अवकलन एक अवकलन के ज्यामितीय तथा भौतिक निर्वचन-अनुप्रोग. योग के अवकलज, गुणनफल और फलनों के भागफल, एक फलन का दूसरे फलन के साथ अवकलज, संयुक्त फलन का अवकलज. द्वितीय श्रेणी अवकलज, वर्धमान तथा ह्रास फलन. उच्चिष्ठ तथा अल्पिष्ठ की समस्याओं में अवकलजों का अनुप्रयोग.

**6. समाकलन गणित तथा अवकलन समीकरण :** अवकलन के प्रतिलोम के रूप में समाकलन, प्रतिस्थापन द्वारा समाकलन तथा खंडशः समाकलन, बीजिय व्यंजकों सहित मानक समाकल, त्रिकोणमितीय, चरघातांकी तथा अतिप. रवलयिक फलन निश्चित समाकलनों का मानांकन वक्ररेखाओं द्वारा घिरे समतल क्षेत्रों के क्षेत्रफलों का निर्धारण-अनुप्रयोग.

अवकलन समीकरण की डिग्री तथा कोटि की परिभाषा, उदाहरणों द्वारा अवकलन समीकरण की रचना. अवकल समीकरण का सामान्य तथा विशेष हल. विभिन्न प्रकार के प्रथम कोटि तथा प्रथम डिग्री अवकलन समीकरणों का हल-उदाहरण. वृद्धि तथा क्षय की समस्याओं में अनुप्रयोग.

**7. सदिश बीजगणित :**

दो तथा तीन विमाओं में सदिश, सदिश का परिमाण तथा दिशा, इकाई तथा शून्य सदिश, सदिशों का योग, एक सदिश का अदिश गुणन, दो सदिशों का अदिश गुणनफल या बिन्दुगुणनफल दो सदिशों का सदिश गुणनफल या क्रॉस गुणनफल, अनुप्रयोग-बल तथा बल के आघूर्ण तथा किया गया कार्य तथा ज्यामितीय समस्याओं में अनुप्रयोग.

**8. सांख्यिकी तथा प्रायिकता :**

**सांख्यिकी :** आंकड़ों का वर्गीकरण, बारंबारता-बंटन, संचयी बारंबारता-बंटन-उदाहरण, ग्राफीय निरूपण-आयत चित्र, पाई चार्ट, बारंबारता बहुभुज-उदाहरण केन्द्रीय प्रवृत्ति का मापन-माध्य, माध्यिका तथा बहुलक. प्रसरण तथा मानक विचलन-निर्धारण तथा तुलना. सहसंबंध तथा समाश्रयण.

**प्रायिकता :** यादृच्छिक प्रयोग, परिणाम तथा सहचारी प्रतिदर्श समष्टि, घटना, परस्पर अपरवर्जित तथा निशेष घटनाएं - असंभव तथा निश्चित घटनाएं, घटनाओं का सम्मिलन तथा सर्वनिष्ठ पूरक, प्रारंभिक तथा संयुक्त घटनाएं. प्रायिकता पर प्रारंभिक प्रमेय-साधरण प्रश्नप्रतिदर्श समाविष्ट पर फलन के रूप में यादृच्छिक चरद्वि. आधारी बंटन, द्विआधारी बंटन को उत्पन्न करने वाले यादृच्छिक प्रयोगों के उदाहरण.

**प्रश्नपत्र-II**

**सामान्य योग्यता परीक्षण**

**(कोड संख्या 02)**

**(अधिकतम अंक-600)**

**भाग (क) अंग्रेजी :**

**(अधिकतम अंक 200)**

अंग्रजी का प्रश्न-पत्र इस प्रकार का होगा जिससे उम्मीदवार की अंग्रेजी की समझ और शब्दों के कुशल प्रयोग का परीक्षण हो सके. पाठ्यक्रम में विभिन्न पहलू समाहित हैं जैसे व्याकरण और प्रयोग विधि शब्दावली तथा अंग्रेजी में उम्मीदवार की प्रवीणता की परख हेतु विस्तारित परिच्छेद की बोधगम्यता तथा संबद्धता.

**भाग (ख) सामान्य ज्ञान :**

**(अधिकतम अंक 400)**

सामान्य ज्ञान के प्रश्न-पत्रों में मुख्य रूप से भौतिकी, रसायन शास्त्र, सामान्य विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, भूगोल तथा सामायिक विषय आयेंगे. इस प्रश्न-पत्र में शामिल किए गए विषयों का क्षेत्र निम्न पाठ्य-विवरण पर आधारित होगा. उल्लिखित विषयों को सर्वांग पूर्ण नहीं मान लेना चाहिए तथा इसी प्रकार के ऐसे विषयों पर भी प्रश्न पूछे जा सकते हैं जिनका इस पाठ्य विवरण में उल्लेख नहीं किया गया है. उम्मीदवार के उत्तरों में विषयों को बोधगम्य ढंग से समझने की मेधा और ज्ञान का पता चलना चाहिए.

**खंड-क (भौतिकी) :**

द्रव्य के भौतिक गुणधर्म तथा स्थितियां, संहति, भार, आयतन, घनत्व तथा विशिष्ट घनत्व, आर्कमिडिज का सिद्धांत, वायु दाब मापी, बिम्ब की गति, वेग और त्वरण, न्यूटन के गति नियम, बल और संवेग, बल समान्तर चर्तुभुज, पिण्ड का स्थायित्व और संतुलन, गुरुत्वाकर्षण, कार्य, शक्ति और ऊर्जा का प्रारंभिक ज्ञान.

ऊष्मा का प्रभाव, तापमान का माप और ऊष्मा, स्थिति परिवर्तन और गुप्त ऊष्मा, ऊष्मा अभिगमन की विधियां.

ध्वनि तरंग और उनके गुण-धर्म, सरल वाद्य यंत्र, प्रकाश का ऋतुरेखीय चरण, परावर्तन और अपर्वतन, गोलीय दर्पण और लेन्सेज, मानव नेत्र, प्राकृतिक तथा कृत्रिम चुम्बक, चुम्बक के गुण धर्म. पृथ्वी चुम्बक के रूप में स्थैतिक तथा धारा विद्युत. चालक और अचालक, ओहम नियम, साधारण विद्युत परिपथ. धारा के मापन, प्रकाश तथा चुम्बकीय प्रभाव, वैद्युत शक्ति का माप प्राथमिक और गौण सेल. एक्स-रे के उपयोग निम्नलिखित के कार्य के संचालन के सिद्धांत : सरल लोलक, सरल घिरनी, साइफन, उत्तोलक, गुब्बारा, पंप, हाइड्रोमीटर, प्रेशर कुकर, थर्मस फ्लास्क, ग्रामोफोन, टेलीग्राफ, टेलीफोन, पेरिस्कोप, टेलिस्कोप, माइक्रोस्कोप, नाविक दिक्सूचक, तड़ित चालक, सुरक्षा फ्यूज.

**खंड-ख (रसायन शास्त्र) :**

भौतिक तथा रासायनिक परिवर्तन, तत्व मिश्रण तथा यौगिक, प्रतीक सूत्र और सरल रासायनिक समीकरण रासायनिक संयोग के नियम (समस्याओं को छोड़कर) वायु तथा जल के रासायनिक गुण धर्म, हाइड्रोजन, आक्सीजन, नाइट्रोजन तथा कार्बन डाई-आक्साइड की रचना और गुण धर्म, आक्सीकरण और अपचयन

अम्ल, क्षारक और लवण

**कार्बन- भिन्नरूप**

उर्वरक-प्राकृतिक और कृत्रिम साबुन, कांच, स्याही, कागज, सीमेंट, पेंट, दियासलाई और गनपाउडर जैसे पदार्थो को तैयार करने के लिए आवश्यक सामग्री.

परमाणु की रचना, परमाणु तुल्यमान और अणुभार, संयोजकता का प्रारंभिक ज्ञान.

**खंड-ग (सामान्य विज्ञान) :**

जड़ और चेतन में अंतर.

जीव कोशिकाओं, जीव द्रव और ऊतकों का आधार

वनस्पति और प्राणियों में वृद्धि और जनन

मानव शरीर और उसके महत्वपूर्ण अंगों का प्रारंभिक ज्ञान.

सामान्य महामारियों और उनके कारण तथा रोकने के उपाय.

खाद्य-मनुष्य के लिए ऊर्जा का स्रोत. खाद्य के अवयव

संतुलित आहार, सौर परिवार, उल्का और धूमकेतु, ग्रहण

प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की उपलब्धियां

**खंड-घ (इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन आदि) :**

भारतीय इतिहास का मोटे तौर पर सर्वेक्षण तथा संस्कृति और सभ्यता की विशेष जानकारी

भारत में स्वतंत्रता आंदोलन

भारतीय संविधान और प्रशासन का प्रारंभिक अध्ययन, भारत की पंचवर्षीय योजनाओं, पंचायती राज, सहकारी समितियां और साम. दायिक विकास की प्रारंभिक जानकारी

भूदान, सर्वोदय, राष्ट्रीय एकता और कल्याणकारी राज्य.

**महात्मा गांधी के मूल उपदेश**

आधुनिक विश्व निर्माण करने वाली शक्तियां, पुनर्जागरण, अन्वेषण और खोज, अमेरिका का स्वाधीनता संग्राम, फ्रांसीसी क्रांति, औद्योगिक क्रांति और रूसी क्रांति, समाज पर विज्ञान और औद्योगिकी का प्रभाव. एक विश्व की संकल्पना, संयुक्त राष्ट्र, पंचशील लोकतंत्र, समाजवाद तथा साम्यवाद, वर्तमान विश्व में भारत का योगदान.

**खंड- ड. (भूगोल)**

पृथ्वी, इसकी आकृति और आकार, अक्षांश और रेखांश, समय संकल्पना, अंतर्राष्ट्रीय तारीख रेखा, पृथ्वी की गतियां और उसके प्रभाव, पृथ्वी का उद्भव, चट्टानें और उनका वर्गीकरण, अपक्षय-यांत्रिक और रासायनिक, भूचाल तथा ज्वालामुखी, महासागर धाराएं और ज्वार-भाटे. वायुमण्डल और इसका संगठन, तापमान और वायुमण्डलीय दाब. भूमण्डलीय पवन, चक्रवात और प्रति चक्रवात, आर्द्रता, द्रव्यण और घर्षण. जलवायु के प्रकार, विश्व के प्रमुख प्राकृतिक क्षेत्र, भारत का क्षेत्रीय भूगोल-जलवायु, प्राकृतिक वनस्पति, खनिज और शक्ति संसाधन, कृषि और औद्योगिक कार्यकलापों के स्थान और वितरण. भारत के महत्वपूर्ण समुद्र पत्तन, मुख्य समुद्री, भू और वायु मार्ग, भारत के आयात और निर्यात की मुख्य मदें.

**खंड-च (सामयिक घटनाएं) :**

हाल ही के वर्षों में भारत में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी, सामयिक महत्वपूर्ण विश्व घटनाएं.

महत्वपूर्ण व्यक्ति-भारतीय और अन्तर्राष्ट्रीय, इनमें सांस्कृतिक कार्यकलापों और खेलकूद से संबंधित महत्वपूर्ण व्यक्ति भी शामिल हैं.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र के भाग (ख) में नियत अधिकतम अंकों में सामान्यतः खण्ड क, ख, ग, घ, ङ तथा च प्रश्नों के क्रमशः लगभग 25%, 15%, 10%, 20%, 20% तथा 10% अंक होंगे.

**बुद्धि तथा व्यक्तित्व परीक्षण :**

'' वर्तमान में सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) प्रक्रिया के अंतर्गत चयन प्रक्रिया के दो चरण होते हैं- चरण-I तथा चरण-II. चरण- II में केवल उन्हीं उम्मीदवारों को सम्मिलित होने की अनुमति दी जाती है, जो चरण-I में सफल रहते हैं. इसका विवरण निम्नानुसार है:-

(क) चरण-I के अंतर्गत अधिकारी बुद्धिमता रेटिंग (ओआईआर) परीक्षण चित्र बोध (पिक्चर परसेप्शन)* विवरण परीक्षण'' (पीपी एवं डीटी) शामिल होते हैं. उम्मीदवारों को ओआईआर परीक्षण तथा पीपी एवं डीटी में उनके संयुक्त रूप से कार्यनिष्पादन के आधार पर सूचीबद्ध किया जाएगा.

(ख) चरण-II के अंतर्गत साक्षात्कार, ग्रुप टेस्टिंग अधिकारी टास्क, मनोविज्ञान परीक्षण तथा सम्मेलन (कांफ्रेंस) शामिल होता है. ये परीक्षण चरणबद्ध होते हैं. इन परीक्षणों का विवरण वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर मौजूद है.

किसी उम्मीदवार के व्यक्तित्व का आकलन तीन विभिन्न आकलनकर्ताओं, नामतः साक्षात्कार अधिकारी (आईओ), ग्रुप टेस्टिंग अधिकारी (जीटीओ) तथा मनोवैज्ञानिक, द्वारा किया जाएगा. प्रत्येक परीक्षण के लिए अलग-अलग अंक (वेटेज) नहीं हैं. आकलनकताओं द्वारा उम्मीदवारों को अंकों का आबंटन सभी परीक्षणों में उनके समग्र कार्यनिष्पादन पर विचार करने के पश्चात ही किया जाता है. इसके अतिरिक्त, कांफ्रेंस हेतु अंकों का आबंटन भी तीनों तकनीकों में उम्मीदवार के आरंभिक कार्यनिष्पादन तथा बोर्ड के निर्णय के आधार पर किया जाता है. इन सभी के अंक (वेटेज) समान हैं.

आईओ, जीटीओ तथा मनोविज्ञान के विभिन्न परीक्षण इस प्रकार तैयार किए हैं जिससे उम्मीदवार में अधिकारी सम्मत गुणों (ऑफिसर लाइक क्वालिटीज) के होने/नहीं होने तथा प्रशिक्षित किए जाने की उसकी क्षमता के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके. तदनुसार, एसएसबी में उम्मीदवारों की अनुंशसा की अथवा नहीं की जाती है.''

## परिशिष्ट-II

## ऑनलाइन आवेदन के लिए अनुदेश

**उम्मीदवारों वेबसाइट www.upsconline.nic.in का उपयोग कर ऑनलाइन आवेदन करना अपेक्षित होगा. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र की प्रणाली की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:-**

- ऑनलाइन आवेदनों को भरने के लिए विस्तृत अनुदेश उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.
- उम्मीदवारों को ड्रॉप डाउन मेनू के माध्यम से उपर्युक्त साइट में उपलब्ध अनुदेशों के अनुसार दो चरणों अर्थात् भाग-I और भाग-II में निहित ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र को पूरा करना अपेक्षित होगा.
- उम्मीदवारों को 100/- रु. (केवल सौ रुपये) के शुल्क (अजा/अजजा और नोटिस के पैरा 4 के टिप्पणी 2 में उल्लिखित उम्मीदवारों जिन्हें शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है, को छोड़कर) को या तो भारतीय स्टेट बैंक की किसी शाखा में नकद जमा करके या भारतीय स्टेट बैंक/स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर/स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद/स्टेट बैंक ऑफ मैसूर/स्टेट बैंक ऑफ पटियाला/स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर की नेट बैंकिंग सुविधा का उपयोग करके या वीजा/मास्टर क्रेडिट/डेबिट कार्ड का उपयोग करके भुगतान करना अपेक्षित है.
- ऑनलाइन आवेदन भरना आरंभ करने से पहले उम्मीदवार को अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर **.जेपीजी प्रारूप** में विधिवत रूप से इस प्रकार स्कैन करना है कि प्रत्येक 40 केबी से अधिक नहीं हो, लेकिन फोटोग्राफ के लिए आकार में 3 केबी से कम न हो और हस्ताक्षर के लिए 1 केबी से कम न हो.
- ऑनलाइन आवेदन (भाग-I और भाग-II) को दिनांक **20 जून, 2015 से 17 जुलाई, 2015 रात्रि 11.59 बजे तक** भरा जा सकता है जिसके पश्चात् लिंक निरुपयोज्य होगा.
- आवेदकों को एक से अधिक आवेदन पत्र नहीं भरने चाहिए, तथापि यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश कोई आवेदक एक से अधिक आवेदन पत्र भरता है तो वह यह सुनिश्चित कर लें कि उच्च आरआईडी वाला आवेदन पत्र हर तरह से पूर्ण है.
- एक से अधिक आवेदन पत्रों के मामले में, आयोग द्वारा उच्च आरआईडी वाले आवेदन पत्र पर ही विचार किया जाएगा और एक आरआईडी के लिए अदा किए गए शुल्क का समायोजन किसी अन्य आरआईडी के लिए नहीं किया जाएगा.
- **आवेदक अपना आवेदन प्रपत्र भरते समय यह सुनिश्चित करें कि वे अपना वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी प्रस्तुत कर रहे हैं क्योंकि आयोग परीक्षा प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में उनसे संपर्क करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम का इस्तेमाल कर सकता है.**
- **आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-मेल लगातार देखते रहें तथा यह सुनिश्चित करें कि @nic.in से समाप्त होने वाले ई-मेल पते उनके इनबॉक्स फोल्डर की ओर निर्देशित हैं तथा उनके एसपीएएम (SPAM) फोल्डर या अन्य किसी फोल्डर की ओर नहीं.**
- उम्मीदवारों को सख्त सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें.

# परिशिष्ट-III

## वस्तुपरक परीक्षणों हेतु उम्मीदवार के लिए विशेष अनुदेश

**1. परीक्षा हाल में निम्नलिखित वस्तुएं लाने की अनुमति होगी**

क्लिप बोर्ड या हार्ड बोर्ड (जिस पर कुछ न लिखा हो) उत्तर पत्रक पर प्रत्युत्तर को अंकित करने के लिए एक अच्छी किस्म का काला बॉल पेन, लिखने के लिए भी उन्हें काले बॉल पेन का ही प्रयोग करना चाहिए. उत्तर पत्रक और कच्चे कार्य हेतु कार्य पत्रक निरीक्षक द्वारा दिए जाएंगे.

**2. परीक्षा हाल में निम्नलिखित वस्तुएं लाने की अनुमति नहीं होगी**

ऊपर दर्शाई गई वस्तुओं के अलावा अन्य कोई वस्तु जैसे पुस्तकें, नोट्स, खुले कागज, इलैक्ट्रानिक या अन्य किसी प्रकार के केलकुलेटर, गणितीय तथा आरेख उपकरणों, लघुगणक सारणी, मानचित्रों के स्टेंसिल, स्लाइड रूल, पहले सत्र (सत्रों) से संबंधित परीक्षण पुस्तिका और कच्चे कार्यपत्रक, परीक्षा हाल में न लाएं.

**मोबाइल फोन, पेजर, ब्लूटूथ एवं अन्य संचार यंत्र उस परिसर में जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है, लाना मना है. इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अनुशासनिक कार्यवाही के साथ-साथ भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से प्रतिबंधित किया जा सकता है.**

**उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/पेजर/ब्लूटूथ सहित कोई भी वर्जित वस्तु परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इनकी अभिरक्षा के लिए व्यवस्था की गारंटी नहीं ली जा सकती.**

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा हॉल में कोई भी बहुमूल्य वस्तु न लाएं क्योंकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती. इस संबंध में किसी भी नुकसान के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा.**

**3. गलत उत्तरों के लिए दंड**

***वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दंड (नेगेटिव मार्किंग) दिया जाएगा***

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं. उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का 1/3 (0.33) दंड के रूप में काटा जाएगा.

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दंड दिया जाएगा.

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा.

**4. अनुचित तरीकों की सख्ती से मनाही**

कोई भी उम्मीदवार किसी भी अन्य उम्मीदवार के पेपरों से न तो नकल करेगा न ही अपने पेपरों से नकल करवाएगा, न ही किसी अन्य तरह की अनियमित सहायता देगा, न ही सहायता देने का प्रयास करेगा, न ही सहायता प्राप्त करेगा और न ही प्राप्त करने का प्रयास करेगा.

**5. परीक्षा भवन में आचरण**

कोई भी परीक्षार्थी किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करें तथा परीक्षा हाल में अव्यवस्था न फैलाएं तथा परीक्षा के संचालन हेतु आयोग द्वारा तैनात स्टाफ को परेशान न करें. ऐसे किसी भी दुराचरण के लिए कठोर दंड दिया जाएगा.

**6. उत्तर पत्रक विवरण**

(i) उत्तर पत्रक के ऊपरी सिरे के निर्धारित स्थान पर आप अपना केंन्द्र और विषय, परीक्षण पुस्तिका श्रृंखला (कोष्ठकों में) विषय कोड और अनुक्रमांक काले बॉल प्वाइंट पेन से लिखें. उत्तर पत्रक में इस प्रयोजन के लिए निर्धारित वृत्तों में अपनी परीक्षण पुस्तिका श्रृंखला (ए.बी.सी.डी., यथास्थिति), विषय कोड तथा अनुक्रमांक काले बॉल पेन से कूटबद्ध करें. उपर्युक्त विवरण लिखने तथा उपर्युक्त विवरण कूटबद्ध करने के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत अनुबंध में दिए गए हैं. यदि परीक्षण पुस्तिका पर श्रृंखला मुद्रित न हुई हो अथवा उत्तर पत्रक बिना संख्या के हों तो कृपया निरीक्षक को तुरंत रिपोर्ट करें और परीक्षण पुस्तिका/उत्तर पत्रक को बदल लें.

(iii) परीक्षा आरंभ होने के तत्काल बाद कृपया जांच कर लें कि आपको जो परीक्षण पुस्तिका दी गई है उसमें कोई पृष्ठ या मद आदि अमुद्रित या फटा हुआ अथवा गायब तो नहीं है. यदि ऐसा है तो उसे उसी श्रृंखला तथा विषय की पूर्ण परीक्षण पुस्तिका से बदल लेना चाहिए.

**7. उत्तर पत्रक/परीक्षण पुस्तिका/कच्चे कार्य पत्रक में मांगी गई विशिष्ट मदों की सूचना के अलावा कहीं पर भी अपना नाम या अन्य कुछ नहीं लिखें**

**8.** उत्तर पत्रकों को न मोड़ें या न विकृत करें अथवा न बर्बाद करें अथवा उसमें न ही कोई अवांछित/असंगत निशान लगाएं. उत्तर पत्रक के पीछे की ओर कुछ भी न लिखें.

**9.** चूंकि उत्तर पत्रकों का मूल्यांकन कंप्यूटरीकृत मशीनों पर होगा. अतः उम्मीदवारों को उत्तर पत्रकों के रख-रखाव तथा उन्हें भरने में अति सावधानी बरतनी चाहिए. **उन्हें वृत्तों को काला करने के लिए केवल काले बॉल पेन का उपयोग करना चाहिए. बॉक्सों में लिखने के लिए उन्हें काले बॉल पेन का इस्तेमाल करना चाहिए. चूंकि उम्मीदवारों द्वारा वृत्तों को काला करके भरी गई प्रविष्टियों को कम्प्यूटरीकृत मशीनों द्वारा उत्तर पत्रकों का मूल्यांकन करते समय ध्यान में रखा जाएगा, अतः उन्हें इन प्रविष्टियों को बड़ी सावधानी से तथा सही-सही भरना चाहिए.**

**10. उत्तर अंकित करने का तरीका**

''वस्तुपरक'' परीक्षा में आपको उत्तर लिखने नहीं होंगे. प्रत्येक प्रश्न (जिन्हें आगे प्रश्नांश कहा जाएगा) के लिए कई सुझाए गए उत्तर (जिन्हें आगे प्रत्युत्तर कहा जाएगा) दिए जाते हैं उनमें से प्रत्येक प्रश्नांश के लिए आपको एक प्रत्युत्तर चुनना है.

प्रश्न पत्र परीक्षण पुस्तिका के रूप में होगा. इस पुस्तिका में क्रम संख्या 1, 2, 3... आदि के क्रम में प्रश्नांश के नीचे (ए), (बी), (सी) और (डी) के रूप मे प्रत्युत्तर अंकित होंगे. आपका काम एक सही प्रत्युत्तर को चुनना है. यदि आपको एक से अधिक प्रत्युत्तर सही लगें तो उनमें से आपको सर्वोत्तम प्रत्युत्तर का चुनाव करना होगा. किसी भी स्थिति में प्रत्येक प्रश्नांश के लिए आपको एक ही प्रत्युत्तर का चुनाव करना होगा यदि आप एक से अधिक प्रत्युत्तर चुन लेते हैं तो आपका प्रत्युत्तर गलत माना जाएगा.

उत्तर पत्रक में क्रम संख्याएं 1 से 160 छापे गए हैं. प्रत्येक प्रश्नांश (संख्या) के सामने (ए), (बी), (सी) और (डी) चिन्ह वाले वृत छपे होते हैं. जब आप परीक्षण पुस्तिका के प्रत्येक प्रश्नांश को पढ़ लें और यह निर्णय करने के बाद कि दिए गए प्रत्युत्तरों में से कौन सा एक प्रत्युत्तर सही या सर्वोत्तम है, **आपको अपना प्रत्युत्तर उस वृत्त को काले बॉल पेन से पूरी तरह से काला बनाकर अंकित कर देना है.**

उदाहरण के तौर पर यदि प्रश्नांश 1 का सही प्रत्युत्तर (बी) है तो अक्षर (बी) वाले वृत्त को निम्नानुसार काले बॉल पेन से पूरी तरह काला कर देना चाहिए जैसा कि नीचे दिखाया गया है.

**उदाहरण** (a) ● (c) (d)

**11. स्कैनेबल उपस्थिति सूची में ऐंट्री कैसे करें:**

उम्मीदवारों को स्कैनेबल उपस्थिति सूची में, जैसा नीचे दिया गया है, अपने कॉलम के सामने **केवल काले बॉल पेन** से संगत विवरण भरना है.

(i) उपस्थिति/अनुपस्थिति कॉलम में, [P] वाले गोले को काला करें.

(ii) समुचित परीक्षण पुस्तिका सीरीज के संगत गोले को काला करें.

(iii) समुचित परीक्षण पुस्तिका क्रम संख्या लिखें.

(iv) समुचित उत्तर पत्रक क्रम संख्या लिखें और प्रत्येक अंक के नीचे दिए गए गोले को भी काला करें.

(v) दिए गए स्थान पर अपना हस्ताक्षर करें.

**12.** कृपया परीक्षण पुस्तिका के आवरण पर दिए गए अनुदेशों को पढ़ें और उनका पालन करें. यदि कोई उम्मीदवार अव्यवस्थित अथवा अनुचित आचरण में शामिल होता है तो वह अनुशासनिक कार्रवाई और/या आयोग द्वारा उचित समझे जाने वाले दंड का भागी बन सकता है.

## अनुबंध

**परीक्षा भवन में वस्तुपरक परीक्षणों के उत्तर पत्रक कैसे भरें**

कृपया इन अनुदेशों का अत्यंत सावधानीपूर्वक पालन करें. आप यह नोट कर लें कि चूंकि उत्तर-पत्रक का अंकन मशीन द्वारा किया जाएगा, इन अनुदेशों का किसी भी प्रकार का उल्लंघन आपके प्राप्तांकों को कम कर सकता है जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे.

उत्तर पत्रक पर अपना प्रत्युत्तर अंकित करने से पहले आपको इसमें कई तरह के विवरण लिखने होंगे. उम्मीदवार को उत्तर-पत्रक प्राप्त होते ही यह जांच कर लेनी चाहिए कि इसमें नीचे संख्या दी गई है. यदि इसमें संख्या न दी गई हो तो उम्मीदवार को उस पत्रक को किसी संख्या वाले पत्रक के साथ तत्काल बदल लेना चाहिए.

आप उत्तर-पत्रक में देखेंगे कि आपको सबसे ऊपर की पंक्ति में इस प्रकार लिखना होगा.

| Centre | Subject | S. Code | | | Roll Number | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| केन्द्र | विषय | विषय कोड | | | अनुक्रमांक | | | | | | |

मान लो यदि आप गणित के प्रश्न-पत्र* के वास्ते परीक्षा में दिल्ली केन्द्र पर उपस्थित हो रहे हैं और आपका अनुक्रमांक 081276 है तथा आपकी परीक्षण पुस्तिका श्रृंखला 'ए' है तो आपको काले बाल पेन से इस प्रकार भरना चाहिए.*

| Centre | Subject | S. Code | | | Roll Number | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| केन्द्र | विषय | विषय कोड | 0 | 1 | अनुक्रमांक | 0 | 8 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| दिल्ली | गणित (ए) | | | | | | | | | | |


आप केन्द्र का नाम अंग्रेजी या हिन्दी में काले बॉल पेन से लिखें.

परीक्षण पुस्तिका श्रृंखला कोड पुस्तिका के सबसे ऊपर दायें हाथ के कोने पर ए बी सी अथवा डी के अनुक्रमांक के अनुसार निर्दिष्ट हैं.

आप काले बॉल पेन से अपना ठीक वही अनुक्रमांक लिखें जो आपके प्रवेश प्रमाण पत्र में है. यदि अनुक्रमांक में कहीं शून्य हो तो उसे भी लिखना न भूलें.


आपको अगली कार्रवाई यह करनी है कि आप नोटिस में से समुचित विषय कोड ढूंढे. जब आप परीक्षण पुस्तिका श्रृंखला, विषय कोड तथा अनुक्रमांक को इस प्रयोजन के लिए निर्धारित वृत्तों में कूटबद्ध करने का कार्य काले बॉल पेन से करें. केन्द्र का नाम कूटबद्ध करने की आवश्यकता नहीं है. परीक्षण पुस्तिका श्रृंखला को लिखने और कूटबद्ध करने का कार्य परीक्षण पुस्तिका प्राप्त होने तथा उसमें से पुस्तिका श्रृंखला की पुष्टि करने के पश्चात ही करना चाहिए.

'ए' परीक्षण पुस्तिका श्रृंखला के गणित विषय प्रश्न पत्र के लिए आपको विषय कोड सं. 01 लिखनी है. इसे इस प्रकार लिखें.




बस इतना भर करना है कि परीक्षण पुस्तिका श्रृंखला के नीचे दिए गए अंकित वृत्त 'ए' को पूरी तरह से काला कर दें और विषय कोड के नीचे '0' के लिए (पहले उर्ध्वाधर कालम में) और 1 के लिए (दूसरे उर्ध्वाधर कालम में) वृत्तों को पूरी तरह काला कर दें. आप वृत्तों को पूरी तरह उसी प्रकार काला करें जिस तरह आप उत्तर पत्रक में विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर अंकित करते समय करेंगे. तब आप अनुक्रमांक 081276 को कूटबद्ध करें. इसे उसी के अनुरूप इस प्रकार करेंगे.

**महत्वपूर्ण :** कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि आपने अपना विषय, परीक्षण पुस्तिका क्रम तथा अनुक्रमांक ठीक से कूटबद्ध किया है.




*यह एक उदाहरण मात्र है तथा आपकी संबंधित परीक्षा से इसका कोई संबंध नहीं है.

## परिशिष्ट-IV

### राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौ सेना अकादमी में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों को शारीरिक मानक के मार्गदर्शन संकेत

**टिप्पणी :** उम्मीदवारों को निर्धारित शारीरिक मानकों के अनुसार शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है. इस संबंध में मार्गदर्शक संकेत नीचे दिये गये हैं. बहुत से अर्हताप्राप्त उम्मीदवार बाद में स्वास्थ्य के आधार पर अस्वीकृत कर दिये जाते हैं, अतः उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम अवस्था पर निराशा से बचने के लिए आवेदन प्रपत्र भेजने से पहले अपने स्वास्थ्य की जांच करा लें.

उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि सेवा चयन बोर्ड से अनुशंसा के बाद सैनिक अस्पताल में चिकित्सा परीक्षा में शीघ्र निर्णय के लिए छोटी मोटी कमियों/बीमारियों को दूर कर लें.

कुछ ऐसे दोष/बीमारियां नीचे दर्शाई गई हैं.

(क) कान का मैल

(ख) डेवयेटिड नेजल सेप्टम

(ग) हाइड्रोसिल/फीमोसिस

(घ) अधिक भार/कम भार

(ङ) छाती कम होना

(च) बवासीर

(छ) गाइनी कामेस्टिया

(ज) टांसिल

(झ) वेरिकोसिल

**नोट :** केवल हाथ के भीतर की तरफ अर्थात् कुहनी के भीतर से कलाई तक और हथेली के ऊपरी भाग/हाथ के पिछले हिस्से की तरफ शरीर पर स्थायी टैटू की अनुमति है. शरीर के किसी अन्य हिस्से पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं हैं और उम्मीदवार को आगे के चयन से विवर्जित कर दिया जाएगा. जनजातियों को उनके मौजूदा रीति रिवाजों एवं परंपरा के अनुसार मामला दर मामला के आधार पर उनके चेहरे या शरीर पर टैटू के निशान की अनुमति होगी. ऐसे मामलों में मंजूरी प्रदान करने के लिए कमांडेंट चयन केन्द्र सक्षम प्राधिकरण होगा.

सशस्त्र सेना में सभी प्रकार के कमीशन के लिए प्रवेश पाने वाले असैनिक उम्मीदवार चयन बोर्ड द्वारा अपनी जांच के दौरान किसी क्षति या संक्रमित रोग होने पर सेना के स्रोतों से सरकारी खर्च पर बाह्य-रोगी चिकित्सा के हकदार होंगे वे अस्पताल के अधिकारी-वार्ड में सरकारी खर्च पर अंतरोगी चिकित्सा के भी पात्र होंगे, बशर्ते कि

(क) क्षति परीक्षण के दौरान हुई हो, अथवा

(ख) चयन बोर्ड द्वारा परीक्षण के दौरान रोग का संक्रमण हुआ हो और स्थानीय सिविल अस्पताल में उपयुक्त जगह नहीं हो या रोगी को सिविल अस्पताल में ले जाना अव्यवहारित हो; अथवा

(ग) चिकित्सा बोर्ड उम्मीदवार को प्रेक्षण हेतु दाखिल करना अपेक्षित समझे.

**नोट :** वे विशेष सेवा के हकदार नहीं हैं.

सेवा चयन बोर्ड द्वारा अनुशंसित उम्मीदवार को सेवा के चिकित्सा अधिकारियों के बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षा करानी होगी. अकादमी में केवल उन्हीं उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाएगा जो चिकित्सा बोर्ड द्वारा स्वस्थ घोषित कर दिये जाते हैं चिकित्सा बोर्ड का कार्यवृत्त गोपनीय होता है. जिसे किसी को नहीं दिखाया जाएगा. किंतु अयोग्य/अस्थायी रूप से अयोग्य घोषित उम्मीदवारों को उनके परिणाम की जानकारी चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा दे दी जाएगी तथा उम्मीदवारों को चिकित्सा बोर्ड से अपील करने का अनुरोध करने की प्रक्रिया भी बता दी जाएगी. अपील चिकित्सा बोर्ड के दौरान अयोग्य घोषित उम्मीदवारों को समीक्षा चिकित्सा बोर्ड के प्रावधान के बारे में सूचित किया जायेगा.

(क) उम्मीदवारों का शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ठीक होना चाहिए तथा उन्हें ऐसी बीमारी/अशक्तता से मुक्त होना चाहिए जिससे उनके कुशलतापूर्वक सैन्य कार्य करने में बाधा पड़ सकती हो.

(ख) उनमें कमजोर शारीरिक गठन/दैहिक दोष या वजन की कमी नहीं होनी चाहिए. उम्मीदवार ज्यादा वजन और मोटा नहीं होना चाहिए.

(ग) कद कम से कम 157.5 सेंमी. (वायु सेना के लिए 162.5 सेंमी) का हो. गोरखा और भारत के उत्तर पूर्व के पर्वतीय प्रदेशों, गढ़वाल तथा कुमाऊं के व्यक्तियों का 5 सेंमी. कम कद स्वीकार्य होगा. लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम कद में 2 सेंमी. की कमी भी स्वीकार्य की जा सकती है. कद और वजन मानक नीचे दिए जाते हैं.

**कद और वजन के मानक-थल सेना/वायु सेना के लिए**

**सारणी-I**

| कद सेंटीमीटरों में (बिना जूता) | वजन किलोग्राम में 16-17 वर्ष | 17-18 वर्ष | 18-19 वर्ष |
|---|---|---|---|
| 152 .................. | 42.5 | 44.0 | 45.0 |
| 155 .................. | 43.5 | 45.3 | 47.0 |
| 157 .................. | 45.0 | 47.0 | 48.0 |
| 160 .................. | 46.5 | 48.0 | 49.0 |
| 162 .................. | 48.0 | 50.0 | 51.0 |
| 165 .................. | 50.0 | 52.0 | 53.0 |
| 167 .................. | 51.0 | 53.0 | 54.0 |
| 170 .................. | 52.5 | 55.0 | 56.0 |
| 173 .................. | 54.5 | 57.0 | 58.0 |
| 175 .................. | 56.0 | 59.0 | 60.0 |
| 178 .................. | 58.0 | 61.0 | 62.0 |
| 180 .................. | 60.0 | 63.0 | 64.5 |
| 183 .................. | 62.5 | 65.0 | 66.5 |

**कद और वजन के मानक-नौसेना के लिए**

**सारणी-II**

| कद सेंटीमीटरों में (बिना जूता) | वजन किलोग्राम में 16 वर्ष | 18 वर्ष | 20 वर्ष |
|---|---|---|---|
| 152 .................. | 44 | 45 | 46 |
| 155 .................. | 45 | 46 | 47 |
| 157 .................. | 46 | 47 | 49 |
| 160 .................. | 47 | 48 | 50 |
| 162 .................. | 48 | 50 | 52 |
| 165 .................. | 50 | 52 | 53 |
| 168 .................. | 52 | 53 | 55 |
| 170 .................. | 53 | 55 | 57 |
| 173 .................. | 55 | 57 | 59 |
| 175 .................. | 57 | 59 | 61 |
| 178 .................. | 59 | 61 | 62 |
| 180 .................. | 61 | 63 | 64 |
| 183 .................. | 63 | 65 | 67 |

**"तालिका I और तालिका II में दिए गए औसत वजन से वास्तविक वजन में ± 10 % के अंतर को सामान्य सीमा में माना जाए.** किन्तु भारी हड्डियों वाले लंबे चौड़े व्यक्तियों तथा पतले पर अन्यथा स्वस्थ व्यक्तियों के मामले में गुणवत्ता के आधार पर इसमें कुछ छूट दी जा सकती है.

**टिप्पणी-1 :** ऐसे मामलों में जहां चिकित्सा बोर्ड यह प्रमाणित कर देता है कि उम्मीदवार प्रशिक्षण पूरा होने तक बढ़कर अपेक्षित मानक तक हो सकता है कद में 2.5 सेंमी की (नौ सेना के लिए 5 सेंमी) छूट दी जा सकती है.

**टिप्पणी-2 :** वायु सेना में पायलट के रूप में विशेष अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु टांग की लंबाई, जांघ की लंबाई तथा बैठे हुए लंबाई की स्वीकार्य माप निम्न प्रकार होगा.

| | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| टांग की लंबाई | 99.00 सेंमी. | 120.00 सेंमी. |
| जांघ की लंबाई | – | 64.00 सेंमी |
| बैठे हुए लंबाई | 81.50 सेंमी | 96.00 सेंमी |

(घ) छाती भली प्रकार विकसित होनी चाहिए, पूर्ण रूप से फुलाया हुआ सीना 81 सें.मी. से कम नहीं होना चाहिए. पूरा सांस लेने के बाद इसका न्यूनतम फुलाव 5 सेंमी होना चाहिए. माप इस तरह फीता लगाकर की जाएगी कि इसका निचला किनारा सामने चूचक से लगा रहे और फीते का उपरी भाग पीछे स्कंध फलक (शोल्डर ब्लेड) के निम्न कोण (लोअर एंगल) को छूते रहना चाहिए. छाती का एक्स-रे करना जरूरी है. इसे यह जानने के लिए किया जाएगा कि छाती का कोई रोग तो नहीं है.

(ङ) हड्डियों या जोड़ों में कोई अप विकास या उनकी कार्यप्रणाली में कोई विकृति नहीं होनी चाहिए.

**मेरूदण्ड की स्थितियां**

(च) मेरूदण्ड अथवा त्रिक-श्रेणिफलक - संधि संबंधी रोग या अभिघात का पूर्व चिकित्सीय इतिहास, अभिदृश्यक लक्षणों सहित या उनके बिना, जो उम्मीदवार को शारीरिक रूप से सक्रिय जीवन सफलतापूर्वक जीने से रोक रहे हों, के मामले में भारतीय वायु सेना में कमीशन नहीं दिया जाएगा. मेरूदण्ड अस्थिभंग/अन्तरा/कशेरूका चक्रिश्स भ्रंश का इतिहास तथा इन स्थितियों के लिए किए गए शल्य चिकित्सकीय उपचार स्वीकार्य नहीं होंगे. चिकित्सा परीक्षा के दौरान निम्नलिखित स्थितियां पाए जाने पर उम्मीदवार वायु सेना सेवा के लिए योग्य नहीं माने जाएंगे.

(i) मेरूदण्ड का कणिकालगुल्मीय रोग

(ii) संधिशोथ संरूप/कशेरूकासन्धिग्रह

- रूमेटॉइड सन्धिशोध तथा संबद्ध विकार
- बद्ध कशेरूकासन्धिशोथ
- अस्थिसंधिशोथ, कशेरूकासंधिग्रह तथा अपविकसित संधि रोग
- संधिहीन आभवात (यथा घूर्ण कफ की विक्षति, टेनिस कर्पूर, पुनरावर्ती कटिवेदना आदि)
- एसएलई, पॉलीमायोसाइटिस, वैस्कुलाइटिस सहित विविध रोग

(iii) कशेरूकाग्रसर्पण/कशेरूकासन्धिग्रह

(iv) कशेरूकाओं का सम्पीड़न अस्थिभंग

(v) शेयूरमैन रोग (कौमर कुब्जता)

(vi) ग्रैव मेरूदण्ड की निर्बन्धित गतियों से संबद्ध होने पर ग्रैव अग्रकुब्जता की क्षति.

(vii) एक पार्श्वीय/द्विपावर्श्वीय ग्रैव पर्शुका सहित प्रभाण्य तंत्रिका वैज्ञानिक या परिसंचरण कमी

(viii) कॉब पद्धति द्वारा मापे जाने पर 15 डिग्री से अधिक पार्श्वकुब्जता

(ix) डीजेनरेटिव डिस्क रोग

(x) एक से अधिक स्तर पर श्मोर्ल पर्व की मौजूदगी

(xi) शीर्षधर पश्चकपाल और शीर्षधर अक्षक विषमताएं

(xii) ग्रैव, अभिपृष्ठ या कटि मेरूदण्ड में किसी भी स्तर पर अर्ध कशेरूका तथा/अथवा अपूर्ण रोध (संयुक्त) तथा ग्रैव, अभिपृष्ठ या कटि मेरूदण्ड में एक से अधिक स्तर पर पूर्ण कशेरूका रोध.

(xiii) सभी स्तरों पर एकपार्श्वीय त्रिकास्थि संयोजन अथवा कटि कशेरूका भवन (पूर्ण या अपूर्ण) तथा द्विपार्श्वीय अपूर्ण त्रिकास्थि संयोजन अथवा कटि कशेरूका भवन.

(xiv) विशेषज्ञ द्वारा विचार की गई कोई अन्य असामान्यता.

(छ) हल्का काईफोसिस या लोडोसिस जहां विरूपता मुश्किल से दिखाई देती है जहां दर्द की या हरकत में रुकावट की शिकायत नहीं है, स्वीकृति में बाधा नहीं बनेगा.

(ज) दिखाई पड़ने वाले स्कोलिओसिस के या अन्य किसी तरह की असामान्यता या मेरूदण्ड की विरूपता का जो मामूली से अधिक हो-संदेह होने पर मेरूदण्ड का उपयुक्त एक्स-रे लिया जाना है और परीक्षार्थी को विशेषज्ञ की सलाह हेतु प्रस्तुत करना है.

(झ) एक्स-रे परीक्षा के बाद पाई गई-निम्नलिखित अवस्थाएं थल सेना में प्रवेश हेतु अयोग्यता का कारण मानी जाएगी.

1. मेरूदण्ड की ग्रैन्यूलोमेंट्स बीमारी
2. आर्थराइटिडीस/स्पोन्डिलोसिस
3. कावपद्धति से यथामापित स्कोलियोसिस जो 15 डिग्री से अधिक हो (थल सेना के लिए 10 डिग्री)
4. मामूली से ज्यादा काइफोसिस/लोडोसिस
5. स्पेण्डिलोसथेसिस/स्पेण्डिलिससिस/स्पेण्डियलोलिसिस
6. एरनिएटिड न्यूक्लियस, पलपोसस
7. कशेरूक का संपीड़न विभंग
8. श्वैरमेन की बीमारी
9. प्रदर्शनीय तंत्रकीय या परिसंचारी अभाव के साथ ग्रेव पर्शुका
10. एक से अधिक स्तर पर श्मोले के नोड की उपस्थिति
11. शीर्षघरानुकपाल (अटलांटो-आक्सीपीटल) तथा अटलांटों अक्षीय असंगतियां
12. 'एक पक्षीय अथवा द्विपक्षीय अपूर्ण स्कारलाइजेशन'
13. पूर्णतः सेक्रीलाइज होने की स्थिति में एसवी 1 तथा एलवी 5 को छोड़कर अन्य स्पाइना बाइफिडा
14. विशेषज्ञ द्वारा मानी गई कोई अन्य अपसामान्यता.

(ञ) उम्मीदवार मानसिक विकृति या दौरे पड़ने का पिछला रोगी नहीं होना चाहिए.

(ट) उम्मीदवार सामान्य रूप से सुन सकें. उम्मीदवार को इस योग्य होना चाहिए कि वह शांत कमरे में प्रत्येक कान से 610 सें.मी. की दूरी से जोर की कानाफूसी सुन सकें. कर्ण नासिका की पिछली या अब की बीमारी का कोई प्रमाण न हो. वायु सेना के लिए श्रव्यतामितिक परीक्षण किये जाएंगे. 250 एच. जैड, 8000 एच.जैड के बीच की आवर्तियों में श्रव्यतामितिक सुनने की कमी 20 डेसिबल से अधिक नहीं हो. वाणी में किसी प्रकार की हकलाहट नहीं होनी चाहिए.

(ठ) हृदय या रक्त वाहिकाओं के संबंध में कोई क्रियात्मक या आंगिक रोग नहीं होना चाहिए. रक्त दाब सामान्य हो.

(ड) जिगर या तिल्ली बढ़ी हुई न हो. उदर के आंतरिक अंग की कोई बीमारी होने पर उम्मीदवार अस्वीकृत कर दिया जाएगा.

(ढ) यदि किसी उम्मीदवार को हर्निया है और उसकी शल्य चिकित्सा न की गई हो तो वह उम्मीदवार अनुपयुक्त होगा. ऐसे मामले में जहां हर्निया की शल्य-क्रिया की गई हो, पाठ्यक्रम आरंभ होने से पहले अंतिम चिकित्सीय परीक्षण के पहले कम से कम छः महीने बीत गये हों.

(ण) हाइड्रोसिल, वेरिकोसिल या पाइल्स का रोग नहीं होना चाहिए.

(त) मूत्र की परीक्षा की जाएगी और यदि इसमें कोई असमानता मिलती है तो इस पर उम्मीदवार अस्वीकृत हो जाएगा.

(थ) अशक्तता लाने या आकृति बिगाड़ने वाले चर्म का ऐसा रोग होने पर उम्मीदवार अस्वीकृत कर दिया जाएगा.

(द) उम्मीदवार को दूर दृष्टि चार्ट को ऐनक लगाकर या ऐनक हटाकर अच्छी आंख में 6/6 तथा खराब आंख में 6/9 की दृष्टि पढ़ने में समर्थ होना चाहिए. मायोपिया 2.5 डी. तथा हायपरमेट्रोपिया 3.5 डी (एस्टिगमेटिज्म सहित) से अधिक नहीं होना चाहिए. यह जानने के लिए कि आंख में कोई रोग तो नहीं है आंख की आंतरिक परीक्षा औपथलमेस्कोप से की जाएगी. उम्मीदवार के दोनों नेत्रों की दृष्टि अच्छी होनी चाहिए. वर्ण दृष्टि का मानक सी.पी. स्थल सेना के लिए सीपी III होगा. उम्मीदवार में लाल व हरे रंगों को पहचानने की क्षमता होनी चाहिए. उम्मीदवारों को इस आशय का प्रमाणपत्र देना होगा कि उसे या

इसके परिवार के किसी सदस्य को जन्मजात रतौंधी आने का रोग नहीं हुआ है.

जिन उम्मीदवारों ने दृष्टि की तीक्ष्णता में सुधार करने के लिए रेडियल केरीटोटोमी करवाई हो या जिनके पास से इसे करवाने का प्रमाण मिलेगा उन्हें सभी तीनों सेवाओं से स्थाई रूप से बहिष्कृत कर दिया जाएगा. जिन उम्मीदवारों ने वर्तन दोष (रिफरेक्टिव एरर) को ठीक करवाने के लिए लेसिक सर्जरी करवाई हुई है, वे रक्षा सेवाओं के लिए स्वीकार्य नहीं होंगे.

**नौसेना उम्मीदवारों की दृष्टि मानक :**

| | | |
|---|---|---|
| बिना चश्मे के असंशोधित | 6/6 | 6/9 |
| चश्मे के साथ संशोधित | 6/6 | 6/6 |
| निकट दृष्टि की सीमा | - | 0.75 |
| दूर दृष्टि की सीमा | +1.5 | |
| दूरबीन दृष्टि | 111 | |
| कलर प्रिसेप्शन की सीमा | 1 | |

**वायु सेना के लिए दृष्टि मानक**

प्रायः ऐनक पहनने वाले उम्मीदवार वायु सेना हेतु पात्र नहीं हैं. न्यूनतम दूरस्थ दृष्टि 6/6 एक आंख में तथा 6/9 दूसरी आंख में, हाइपरमेट्रोपिया के लिए केवल 6/6 तक सही किए जाने योग्य. वर्ण दृष्टि दोष सीपी-I हाइपरमेट्रोपिया :+2.0 डीएसपीएच प्रत्यक्ष निकट दृष्टिता - शून्य नेत्र अपवर्तनमानपीय निकटदृष्टिता : -0.5 किसी भी अनुमेय याम्योत्तम में एस्टिग्मेटिज्म :+0.75 डीसीवाई एल (+2.0 के अंदर डी-मैक्स)

मैड्डोक्स रोड परीक्षण

| | | |
|---|---|---|
| (i) 6 मीटर पर- | एक्सोफोरिया | - 6 प्रिज्म डी |
| | एसोफोरिया | - 6 प्रिज्म डी |
| | हाइपर | - 1 प्रिज्म डी |
| | हाइपो | - 1 प्रिज्म डी |
| (ii) 33 सें.मी. पर- | एक्सोफोरिया | - 16 प्रिज्म डी |
| | एसोफोरिया | - 6 प्रिज्म डी |
| | हाइपर | - 1 प्रिज्म डी |
| | हाइपो | - 1 प्रिज्म डी |

हस्त - त्रिविमदर्शी - सभी बीएसवी ग्रेड्स

अभिसरण - 10 सें.मी. तक के लिए

दूर तथा निकट के लिए कवर परीक्षण

पार्श्वीय अपसरण/अभिसरण

शीघ्र तथा पूर्व उपलब्धि

सीटू में रेडियल केरेटोटोमी, प्रकाश अपवर्तन केरेटोटोमी/लेजर

अपवर्तन संबंधी दोषों को सही कराने हेतु की गई केरेटोमिल्यूसिस (पीआरके/लेसिक) शल्य चिकित्सा वायुसेना दायित्वों के लिए अनुमत नहीं हैं.

आईओएल रोप सहित या उसके बिना मोतिया बिन्दु की शल्य चिकित्सा कराने वाले उम्मीदवारों को भी अयोग्य घोषित किया जाएगा.

**द्विनेत्री दृष्टि** - अच्छी द्विनेत्री दृष्टि होनी चाहिए (उत्तम आयाम तथा गहराई सहित संयोजन तथा स्टीरियोप्सिस)

जिन उम्मीदवारों की लेसिक शल्य चिकित्सा हुई है, उन्हें भारतीय वायु सेना की उड़ान शाखा में नियुक्ति हेतु योग्य नहीं माना जाएगा.

(ध) यू.एस.जी. उदर जांच की जाएगी तथा किसी प्रकार की जन्मगत संरचनात्मक असामान्यता या उदर के अंगों का रोग पाए जाने पर सशस्त्र सेना से अस्वीकृत किया जा सकता है.

(न) उम्मीदवार के पर्याप्त संख्या में कुदरती व मजबूत दांत होने चाहिए. कम से कम 14 दांत बिन्दु वाला उम्मीदवार स्वीकार्य है. जब 32 दांत होते हैं तब कुल 22 दांत बिन्दु होते हैं.

उम्मीदवार को तीव्र पायरिया का रोग नहीं होना चाहिए. (प) वायुसेना के उम्मीदवारों के लिये रूटीन ईसीजी तथा ईईजी सामान्य सीमा में होने जरूरी हैं.

(फ) 'शारीरिक उपयुक्तता' प्रतिशत उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि नीचे दी गई क्रियाओं के दैनिक पालन के द्वारा वे अपना शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बनाए रखें :

(क) 15 मिनट में 2.5 कि.मी. की तेज दौड़

(ख) उछल कूद

(ग) दण्ड-बैठक (प्रत्येक कम से कम बीस-बीस बार)

(घ) ठोढ़ी को ऊंचाई तक छूना (कम से कम आठ बार)

(ङ) 3 से 4 मीटर रस्सी पर चढ़ना

## परिशिष्ट-V

## सेवा आदि का संक्षिप्त विवरण

1. अकादमी में भर्ती होने से पूर्व माता-पिता या संरक्षक को निम्नलिखित प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे.

(क) इस आशय का प्रमाण-पत्र कि वह यह समझता है कि किसी प्रशिक्षण के दौरान या उसके परिणामस्वरूप यदि कोई चोट लग जाये या उपर निर्दिष्ट किसी कारण या अन्यथा आवश्यक किसी सर्जिकल ऑपरेशन या संवेदनाहरण दवाओं के परिणामस्वरूप उसमें कोई शारीरिक अशक्तता आ जाने या उसकी मृत्यु होने जाने पर वह या उसके वैध उत्तराधिकारी को सरकार के विरुद्ध किसी मुआवजे या अन्य प्रकार की राहत का दावा करने का हक न होगा.

(ख) इस आशय का बंधपत्र कि, यदि उम्मीदवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से इस आधार पर बर्खास्त या निकाला या वापस किया गया कि उसने उक्त राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश लेने के लिए अपने आवेदन-प्रपत्र में जानबूझ कर गलत विवरण दिया अथवा महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाया अथवा उसे उक्त राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से अनुशासनिक आधार पर बर्खास्त या निकाला अथवा वापस किया गया अथवा उक्त राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान विवाह के कारण अथवा किसी ऐसे कारण से जो कैडेट के नियंत्रण में है, वह अपने प्रशिक्षण की अवधि पूरी नहीं करता अथवा वह कैडेट, ऊपर बताए गये के अनुसार किसी कमीशन को स्वीकार नहीं करता तो गारंटीकर्ता तथा कैडेट अलग-अलग तथा सयुक्त रूप से तत्काल सरकार को वह रोकड़ राशि देने के लिए बाध्य होंगे जो सरकार नियत करेगी. किंतु यह राशि उस व्यय से अधिक नहीं होगी जो सरकार ने कैडेट के प्रशिक्षण के दौरान उस पर खर्च की है तथा कैडेट द्वारा सरकार से प्राप्त किए गए वेतन तथा भत्ते सहित सारी राशि पर ब्याज भी लगेगा जिसकी दर सरकार द्वारा दिये गये ऋण पर लगने वाली ब्याज दर, जो उस समय लागू है, के समान होगी.

2. आवास, पुस्तकें, वर्दी, रहने तथा चिकित्सा उपचार सहित प्रशिक्षण का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। तथापि, कैडेट के माता-पिता या संरक्षक को अपना निजी खर्च वहन करना अपेक्षित होगा। सामान्यतः यह व्यय 3,000.00 रुपए प्रति माह से अधिक नहीं होना चाहिए। यदि किसी कैडेट के माता-पिता या संरक्षक इस व्यय को भी पूरी तरह या आंशिक रूप से वहन करने की स्थिति में नहीं हैं, तो ऐसे कैडेटों के माता-पिता या संरक्षक जिनकी मासिक आय 21,000/- रुपए प्रतिमाह से कम है, के मामले में सरकार द्वारा प्रशिक्षण की अवधि के दौरान 1,000.00 रुपए प्रतिमाह की वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है। जिन कैडेट्स के माता-पिता या संरक्षक की मासिक आय 21,000/- रुपए प्रतिमाह से अधिक है, वे वित्तीय सहायता के पात्र नहीं होंगे। यदि एक से अधिक पुत्र/वार्ड (प्रतिपाल्य) एनडीए, आईएमए, ओटी, तथा नौसेना और वायु सेना की संगत प्रशिक्षण प्रतिस्थापना में साथ.साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तो वे दोनों ही वित्तीय सहायता के लिए पात्र होंगे।

3. अकादमी में प्रशिक्षण के लिए अंतिम रूप से चुने गये उम्मीदवारों को आने पर कमांडेंट, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पास निम्नलिखित राशि जमा करनी होगी.

| | |
|---|---|
| (क) प्रतिमास ₹ 1500 की दर से पांच महीनें का जेब खर्च | ₹ 7500.00 |
| (ख) कपड़ों एवं उपस्कर की मदों के लिए | ₹ 17865.00 |
| (ग) सेना समूह बीमा निधि | ₹ 4250.00 |
| (घ) प्रथम सत्र के दौरान अनुषंगिक व्यय | ₹ 7516.00 |
| **योग** | **₹ 37131.00** |

यदि उम्मीदवार के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी मिल जाती है, तो उपर्युक्त उल्लिखित राशि में से निम्नलिखित राशि वापिस लौटा दी जाएगी.

(क) प्रतिमाह रु. 400.00 की दर रु. 2000.00 से पांच माह के लिए पॉकेट भत्ता (सरकारी वित्तीय सहायता के अनुरूप)

(ख) कपड़ों एवं उपस्कर की मदों रु. 13935.00 के लिए

**4. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में निम्नलिखित छात्रवृत्तियां/वित्तीय सहायता उपलब्ध हैं :**

**(1) परशुराम भाऊ पटवर्धन छात्रवृत्ति :** यह छात्रवृत्ति, पासिंग आउट पाठ्यक्रम के अंतर्गत अकादमिक क्षेत्र में समग्रतः प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कैडेट को प्रदान की जाती है। एक बारगी छात्रवृत्ति की राशि 5000/- रु. है।

**(2) कर्नल कैंडिल फेंक मेमोरियल छात्रवृत्ति :** यह ₹ 360 प्रति वर्ष की छात्रवृत्ति उस मराठा कैडेट को दी जाएगी जो भूतपूर्व सैनिक का पुत्र है. यह छात्रवृत्ति सरकार से प्राप्त होने वाली किसी वित्तिय सहायता के अतिरिक्त होती है.

(3) **कौर सिंह मेमोरियल छात्रवृत्ति :** दो छात्रवृत्तियां उन दो कैडेटों को प्रदान की जाती हैं जिन्हें बिहार के उम्मीदवारों में उच्चतर स्थान प्राप्त हो. प्रत्येक छात्रवृत्ति ₹ 37 प्रति मास की होगी तथा अधिकतम 4 वर्ष के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला में प्रशिक्षण के दौरान तथा उसके बाद भारतीय सेना अकादमी, देहरादून तथा वायु सेना फ्लाइंग कॉलेज तथा भारतीय नौ सेना अकादमी, इझीमाला में जहां कैडेट को प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, प्रशिक्षण पूर्ण करने पर भेजा जाएगा, दी जाती रहेगी. छात्रवृत्ति तभी मिलती रहेगी जब कैडेट उपर्युक्त संस्थाओं में अच्छी प्रगति करता रहे.

**(4) असम सरकार छात्रवृत्ति :** दो छात्रवृत्तियां असम के कैडेटों को प्रदान की जाएंगी. प्रत्येक छात्रवृत्ति ₹ 30 प्रति मास की रहेगी तथा जब तक छात्र राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में रहेगा उसे मिलती रहेगी. छात्रवृत्ति असम के दो सर्वोत्तम कैडेटों को उनके माता-पिता की आय पर ध्यान दिये बिना प्रदान की जाएगी. जिन कैडेटों को यह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, उन्हें सरकार की ओर से अन्य वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी.

**(5) उत्तर प्रदेश सरकार छात्रवृत्तियां :** दो छात्रवृत्तियां ₹ 30 प्रति मास की तथा ₹ 400 की परिधान वृत्ति उत्तर प्रदेश सरकार के दो कैडेटों की योग्यता तथा आय के आधार पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में संतोषजनक प्रगति करने पर 3 वर्ष के लिए दी जाएगी. जिन कैडेटों को ये छात्रवृत्तियां मिलेंगी उन्हें अन्य प्रकार की वित्तीय सहायता सरकार से नहीं मिलेंगी.

**(6) केरल सरकार छात्रवृत्ति :** पूरे वर्ष के लिए ₹ 480 की एक योग्यता छात्रवृत्ति रा.र. अकादमी में प्रशिक्षण की पूरी अवधि के लिए केरल राज्य द्वारा उस कैडेट को दी जाती है जो केरल राज्य का अधिवासी निवासी है और जो रा.र. अकादमी हेतु अखिल भारतीय सं.लो.से.आ. की प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर लेता है भले ही उसने वह परीक्षा राष्ट्रीय भारतीय सेना कॉलेज से या भारत भर में किसी सैनिक स्कूल से उत्तीर्ण की हो. ऐसा करते समय कैडेट के पिता/संरक्षक की आर्थिक स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है.

**(7) बिहारी लाल मंदाकिनी पुरस्कार :** यह ₹ 500 का नकद पुरस्कार सर्वोत्तम बंगाली लड़के को अकादमी से प्रत्येक कोर्स के लिए मिलता है, आवेदन पत्र कमांडेंट, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से मिलते हैं.

**(8) उड़ीसा सरकार छात्रवृत्तियां :** तीन **छात्रवृत्तियां** - एक थल सेना, एक नौ सेना तथा एक वायु सेना के कैडेट के लिए प्रत्येक ₹ 80 प्रतिमास के हिसाब से उड़ीसा सरकार द्वारा उन कैडेटों को दी जाएगी जो उड़ीसा राज्य के स्थायी निवासी हैं. इनमें से दो छात्रवृत्तियां कैडेटों की योग्यता तथा आय साधन के आधार पर दी जाएगी जिनके माता-पिता या अभिभावक की आय ₹ 5000 प्रति वर्ष से अधिक न हो तथा तीसरी छात्रवृत्ति बिना उसके माता-पिता या अभिभावकों की आय को ध्यान में रखते हुए सर्वोत्तम कैडेट को दी जाएगी.

| (9) | राज्य सरकार | राशि | पात्रता |
|---|---|---|---|
| | पश्चिम बंगाल * आय<br>प्रारंभिक एकमुश्त अनुदान<br>प्रति सत्र छात्रवृत्ति<br>*आय समूह सारणी<br>निम्न - 9000/- रुपये प्रतिमाह तक<br>मध्य - 9001/- रुपये से 18000/- प्रति माह तक<br>उच्च - 18000/- रुपये से प्रति माह से अधिक | निम्न मध्यम उच्च<br>5000/- 3750/- 2500/-<br>1800/- 1350/- 900/- | (i) कैडेट भारतीय नागरिक होना चाहिए और कैडेट और/अथवा उसके माता-पिता पश्चिम बंगाल राज्य के स्थायी निवासी होने चाहिएं अथवा उनका स्थायी निवास स्थान पश्चिम बंगाल होना चाहिए.<br>(ii) कैडेट को मैरिट पर प्राप्त होने वाली छात्रवृत्ति अथवा वजीफे के सिवाय भारत सरकार और/अथवा राज्य सरकार अथवा किसी अन्य प्राधिकरण से कोई अन्य वित्तीय सहायता/अनुदान प्राप्त नहीं होता है. |
| (10) | गोवा | 1000/- रुपये प्रति माह प्रशिक्षण की अवधि के दौरान, (अधिकतम 24 माह अथवा कोर्स की अवधि के दौरान, जो भी कम हो) और 12000/- रुपये का एकबारगी वर्दी भत्ता. | (i) कैडेट के माता-पिता/अभिभावक की आय की सीमा 15,000/- रुपये प्रति माह (1,80,000/- रुपये प्रति वर्ष) से अधिक नहीं होनी चाहिए.<br>(ii) अजा/अजजा/अपिव से संबंधित की आय सीमा 37500/- रुपये प्रति माह (4,50,000/-) प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.<br>(iii) वे किसी भी अन्य स्रोत से वित्तीय सहायता/छात्रवृत्ति/निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त न कर रहे हों. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (11) | नागालैंड | 1,00,000/- रुपये एकबारगी भुगतान | नागालैंड राज्य का अधिवासी होना चाहिए. |
| (12) | मणिपुर | 1,00,000/- रुपये एकबारगी भुगतान | मणिपुर राज्य का अधिवासी होना चाहिए. |
| (13) | अरूणाचल | प्रदेश छात्रवृत्ति<br>1000/- रुपये प्रति माह<br>एकबारगी वर्दी भत्ता<br>12,000/- रुपये | अरुणाचल प्रदेश राज्य का अधिवासी होना चाहिए. |
| (14) | गुजरात | छात्रवृत्ति 6000/- रुपये प्रति वर्ष | गुजरात के सेवारत/भूतपूर्व सैनिक मूल/अधिवासी सैनिक (भूतपूर्व/सेवारत अधिकारी सहित) के आश्रित/अधिवासी को. |
| (15) | **उत्तराखंड**<br>(क) उत्तराखंड के अधिवासी एनडीए कैडेटों हेतु 250/- रु. प्रतिमाह की जेब खर्च राशि ऐसे कैडेटों के पिता/संरक्षक को प्रदान की जाती है (पूर्व-सैनिक/विधवा के मामले में संबंधित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के माध्यम से)।<br>(ख) उत्तराखंड के अधिवासी एनडीए कैडेटों के पिता/संरक्षक को उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी के माध्यम से 50,000/- रु. का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाता है। | | |
| (16) | पंजाब | 1,00,000/- रुपये एकबारगी भुगतान | पंजाब राज्य का अधिवासी होना चाहिए. |
| (17) | राज्य सरकार, सिक्किम | सभी अधिकारी प्रवेश योजनाओं के लिए 1.5 लाख रु. | सभी अधिकारी प्रवेश योजनाओं के लिए सिक्किम के सफल उम्मीदवारों हेतु पुरस्कार. |
| (18) | **उड़ान अधिकारी अनुज नांचल स्मारक छात्रवृत्ति.** छठे सत्र में समग्रतः द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले वायु सेना कैडेट को 1500/- रु. (एकबारगी भुगतान)। | | |
| (19) | **पाइलट अधिकारी गुरमीत सिंह बेदी स्मारक छात्रवृत्ति** . पायलट अधिकारी गुरमीत सिंह बेदी स्मारक छात्रवृत्ति। छठें सत्र में पासिंग आउट के समय समग्रतः सर्वश्रेष्ठ वायु सेना कैडेट को 1500/- रु. (एकबारगी भुगतान)। | | |

**(20) हिमाचल प्रदेश सरकार छात्रवृत्ति :** हिमाचल प्रदेश के कैडेटों को 4 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाएंगी. प्रशिक्षण के प्रथम दो वर्षों के लिए छात्रवृत्तियां 30 रुपये प्रतिमास तथा प्रशिक्षण के तीसरे वर्ष के लिए 40 रुपये प्रतिमास मिलेगा. यह छात्रवृत्ति उन कैडेटों को मिलेगी जिनके माता-पिता की मासिक आय 500 रुपये प्रतिमास से कम होगी. जो कैडेट सरकार से वित्तीय सहायता ले रहा है उसे छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी.

**(21) तमिलनाडु सरकार की छात्रवृत्ति :** तमिलनाडु सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रति कोर्स ₹ 30 प्रतिमास की एक छात्रवृत्ति तथा साथ में ₹ 400 सज्जा भत्ता (कैडेट के प्रशिक्षण की पूरी अवधि के दौरान केवल एक बार) देना शुरू किया है जो उस कैडेट को दिया जाएगा जो तमिललाडु राज्य का हो तथा जिसके अभिभावक/संरक्षक की मासिक आय ₹ 500 से अधिक न हो. पात्र कैडेट अपना आवेदन कमांडेंट, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी को, वहां पहुंचने पर प्रस्तुत कर सकते हैं.

**(22) कर्नाटक सरकार की छात्रवृत्तियां :** कर्नाटक सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश पाने वाले कर्नाटक राज्य के कैडेटों को छात्रवृत्तियां प्रदान की हैं। छात्रवृत्ति की राशि 1000/- रु. (एक हजार रुपए) प्रतिमाह और वर्दी (आउटफिट) भत्ते की राशि प्रथम सत्र में 12000/- रु. होगी।

**(23) एलबर्ट एक्का छात्रवृत्ति :** बिहार सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में ₹ 50/- प्रतिमास की 25 योग्यता छात्रवृत्तियां राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में छः समयावधि के पूरे समय के वास्ते एक बार और ₹ 650/- वस्त्र तथा उपस्कर के वास्ते देना शुरू किया है. जिस कैडेट को उपर्युक्त योग्यता छात्रवृत्ति मिलती है वह सरकार से कोई अन्य छात्रवृत्ति या वित्तीय सहायता का पात्र नहीं होगा. पात्र कैडेट राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में आने पर कमांडेंट को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं.

**(24) फ्लाइंग आफिसर डीवी पिंटू स्मारक छात्रवृत्ति :** ग्रुप कैप्टन एम. वशिष्ठ ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में वरीयताक्रम में प्रथम तीन स्थान पाने वाले कैडेटों को पहला समेस्टर पूरा करने पर दूसरे सत्र के समाप्त होने तक, एक सत्र के लिए ₹ 125/- प्रतिमाह की दर से तीन छात्रवृत्तियां प्रारंभ की है सरकारी वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले कैडेट उपर्युक्त छात्रवृत्ति पाने के हकदार नहीं होंगे. पात्र कैडेट प्रशिक्षण पर पहुंचने के बाद कमांडेंट, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी को अपना आवेदन पत्र भेज सकते हैं.

**(25) महाराष्ट्र राज्य के भूतपूर्व सैनिकों के वार्डों को वित्तीय सहायता**

महाराष्ट्र के भूतपूर्व सैन्य अधिकारियों/सैनिकों के जो वार्ड एनडीए में कैडेट के तौर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें एकमुश्त प्रोत्साहन के रूप में 50,000/- रुपए दिए जाएंगे।

कैडेटों के माता-पिता/संरक्षकों को अकादमी से प्राप्त प्रमाण-पत्र के साथ अपने आवेदन पत्र को संबंधित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। छात्रवृत्तियों पर लागू निबंधन और शर्तें कमांडेंट, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला, पुणे -411023 से प्राप्त की जा सकती हैं।

**(26) एनडीए में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हरियाणा के अधिवासी उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता।**

हरियाणा राज्य सरकार ने एनडीए/आईएमए/ओटीए तथा राष्ट्रीय स्तर की अन्य रक्षा अकादमियों में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले हरियाणा राज्य के अधिवासी प्रत्येक व्यक्ति को 1,00,000/- रुपए (एक लाख रुपए) के नगद पुरस्कार की घोषणा की है।

**(27) एनडीए में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे संघ शासित क्षेत्र चंडीगढ़ के अधिवासी कैडेटों को प्रोत्साहन।**

चंडीगढ़ प्रशासन ने उन कैडेटों को 1,00,000/- रुपए (एक लाख रुपए) की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु योजना प्रारंभ की है जो संघ शासित क्षेत्र चंडीगढ़ के निवासी हैं तथा जिन्होंने एनडीए में प्रवेश लिया है।

5. चुने हुए उम्मीदवारों के अकादमी में आने के बाद तत्काल उनके लिए निम्नलिखित विषयों में एक प्रारंभिक परीक्षा होगी.

(क) अंग्रेजी

(ख) गणित

(ग) विज्ञान

(घ) हिन्दी

(क), (ख) तथा (ग) के लिए परीक्षा का स्तर, भारतीय विश्वविद्यालय या हायर सेकेंडरी शिक्षा बोर्ड की हायर सेकेंडरी परीक्षा के स्तर से ऊंचा नहीं होगा.

(घ) पर लिखित विषय की परीक्षा में यह जांचा जायेगा कि उम्मीदवार को अकादमी में भर्ती होने के समय हिन्दी का कितना ज्ञान है. अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि प्रतियोगिता परीक्षा के उपरांत अध्ययन के लिए उदासीन न हो जाएं.

**प्रशिक्षण :**

6. तीनों सेनाओं अर्थात् थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के लिए चुने गए उम्मीदवारों को 3 वर्ष के लिए शैक्षिक तथा शारीरिक दोनों प्रकार का प्रारंभिक प्रशिक्षण राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में दिया जाता है जो एक सर्व सेना संस्था है. पहले ढाई वर्ष का प्रशिक्षण तीनों सेनाओं के लिए समान है. सफल होने पर कैडेटों को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा बीएससी/बीएससी (कम्प्यूटर)/बीए डिग्री प्रदान की जायेगी.

नौसेना अकादमी के लिए चयनित उम्मीदवारों को भारतीय नौसेना अकादमी, इझीमाला में 4 वर्ष की अवधि के लिए शैक्षिक तथा शारीरिक दोनों प्रकार का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जाएगा. 10+2 कैडेट एंट्री स्कीम को भारतीय नौसेना अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त करने (पासिंग आउट) पर बी.टेक डिग्री प्रदान की जाएगी.

7. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में पास होने के बाद थल सेना कैडेट भारतीय सेना अकादमी, देहरादून में, नौ सेना कैडेट, भारतीय नौसेना अकादमी इझीमाला में और वायु सेना कैडेट, ए.एफ.ए. हैदराबाद जाएंगे.

8. भारतीय सेना अकादमी में सेना कैडेटों को 'जैन्टलमैन कैडेट' कहा जाता है और उन्हें एक वर्ष तक कड़ा प्रशिक्षण दिया जाता है. ताकि वे इन्फ्रेन्ट्री के उप यूनिटों का नेतृत्व करने योग्य अफसर बन सकें. प्रशिक्षण सफलता से पूरा करने के बाद जैन्टलमैन कैडेटों को उनके शेप वन (shape-एक) शारीरिक दृष्टि से योग्य होने पर लेफ्टिनेंट के पद पर स्थायी कमीशन दिया जाता है.

9. नौ सेना कैडेटों के राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में पास होने पर उन्हें नौ सेना का कार्यपालक शाखा के लिए चुना जाता है, भारतीय नौसेना अकादमी इझीमाला में एक वर्ष की अवधि के लिए और आगे प्रशिक्षण दिया जाता है जिसके सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उन्हें उप लेफ्टिनेंट के रैंक में पदोन्नत किया जाता है.

10. वायु सेना कैडेटों को हवाई उड़ान का डेढ़ वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है. तथापि उन्हें एक वर्ष का प्रशिक्षण पूरा होने पर अनन्तिम रूप से फ्लाइंग अफसर के रूप में कमीशन प्रदान किया जाता है. उनके बाद छः महीने का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर उन्हें एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर स्थायी रूप से कमीशन अफसर के रूप में समाहित कर दिया जाता है.

**सेवा की शर्तें**

11. सेना अधिकारी एवं वायु सेना व नौ सेना के समकक्ष रैंक.

**(i) कैडेट प्रशिक्षण हेतु नियत वृत्तिका**

जैन्टलमैन कैडेट, सेवा अकादमियों अर्थात भारतीय सैन्य अकादमी तथा अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, की पूरी प्रशिक्षण अवधि के दौरान ₹ 21,000/- प्रति माह (15,600/- रुपये पे बैंड के वेतन के रूप में तथा ₹ 5,400/- का ग्रेड पे) की वृत्तिका पाने के हकदार होंगे.

**(ii) वेतन**

| **(क) रैंक** | **पे बैंड (₹)** |
|---|---|
| लेफ्टिनेंट से मेजर | 15,600-39,100 (पे बैंड-3) |
| लेफ्टिनेंट कर्नल से मेजर जनरल | ₹ 37,400-67,000 (पे बैंड-4) |
| लेफ्टिनेंट एचएजी जनरल मान* | 67,000 (वार्षिक वेतन वृद्धि @ 3%) - 79,000 |
| एचएजी+ | 75,500 (वार्षिक वेतन मान वृद्धि (@3%) - 80,000 |

(*लेफ्टिनेंट जनरल के कुल संख्या के 1/3 पर लागू होगी.)

वीसीओएएस/सेना 80,000 (नियत) कमांडर/लैफ्टिनेंट जनरल (एनएफएसजी)

सीओएएस 90,000 (नियत)

(ख) वेतन के अतिरिक्त ग्रेड पे भी निम्नानुसार दी जाएगी :-

| | |
|---|---|
| लैफ्टिनेंट | ₹ 5,400/- |
| कैप्टेन | ₹ 6,100/- |
| मेजर | ₹ 6,600/- |
| लैफ्टिनेंट कर्नल | ₹ 8,000/- |
| कर्नल | ₹ 8,700/- |
| ब्रिगेडियर | ₹ 8,900/- |
| मेजर जनरल | ₹ 10,000/- |

**(ग) लैफ्टिनेंट से ब्रिगेडियर तक से रैंक के अधिकारियों को सेना सेवा वेतन (एमएसपी) के रूप में 6,000/- ₹ प्रति माह की एक नियत धनराशि भी देय है.**

(iii) योग्यता वेतन तथा अनुदान अधिकारियों की उनकी योग्यता के आधार पर विशेष निर्धारित योग्यता होने पर ₹ 6000/-, 9000/-, 15000/- या 20000/- ₹ का एकमुश्त योग्यता अनुदान देय है सेना उड़ान कोर में कार्यरत सेना वायुयान चालकों (पायलटों) को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर नीचे दिए अनुसार योग्यता वेतन देय हैं :

(i) मास्टर उड़ान अनुदेशक - ₹ 500/- प्रतिमाह

(ii) वरिष्ठ उड़ान अनुदेशक, श्रेणी-I - ₹ 400/- प्रतिमाह

(iii) वरिष्ठ उड़ान अनुदेशक, श्रेणी-II - ₹ 280/- प्रतिमाह.

(iv) मास्टर ग्रीन कार्ड धारक वायुयान चालक - ₹ 400/- प्रतिमाह.

(v) ग्रीन कार्ड धारक वायुयान चालक - ₹ 280/-प्रतिमाह.

सेना उड़ान कोर में कार्यरत सेना वायुयान चाल. कों (पायलटों) को नीचे दिए गए अनुसार उड़ान भत्ता देय है :

| | |
|---|---|
| (क) ब्रिगेडियर तथा ऊपर | ₹ 10,500/- |
| (ख) मेजर से कर्नल | ₹ 14,000/- |
| (ग) कैप्टन | ₹ 11,000/- |
| (घ) लैफ्टिनेंट | ₹ 9,000/- |

इस समय एक अधिकारी वेतन के अलावा निम्नलिखित भत्ते प्राप्त करता हैं :

(क) महंगाई भत्ता सिविल राजपत्रित अधिकारियों पर समय-समय पर लागू होने वाली समान दरों से और उन्हीं शर्तों के अधीन स्वीकार्य होगा.

(ख) ₹ 400/- प्रति माह के दर से किट रख रखाव भत्ता.

(शेष पृष्ठ 40 पर )

(पृष्ठ 39 का शेष )

(ग) तैनाती के क्षेत्र एवं रैंक के आधार पर कार्यस्थल क्षेत्रों में तैनात अधिकारी ₹ 6780/- से ₹ 8400/- प्रतिमाह की दर से प्रतिपूरक अति सक्रिय कार्यस्थल क्षेत्र भत्ता ₹ 4200/- से ₹ 5200/- प्रतिमाह की दर से प्रतिपूरक कार्यस्थल क्षेत्र भत्ता तथा ₹ 1600/- से ₹ 2000/- प्रतिमाह की दर से प्रतिपूरक संशोधित कार्यस्थल क्षेत्र भत्ता के लिए पात्र होंगे.

(घ) प्रतिपूरक कार्यस्थल क्षेत्र भत्ते के अतिरिक्त अधिकारियों को 9000 फीट और उससे अधिक की ऊंचाई पर स्थित क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों को ₹ 1060/- प्रतिमाह से ₹ 11,200/- प्रतिमाह तक की रेंज में हाई एल्टीट्यूड भत्ते के पात्र होंगे जो अधिकारी के रैंक और तैनाती के स्थान पर निर्भर करेगा.

(ङ) परिधान भत्ता : एक समय किट के लिए ₹ 14,000/- की दर से आरंभिक भत्ता और प्रति तीन वर्षों के लिए ₹ 3,000/-

(च) परिवहन भत्ता : अधिकारियों को ए-1/ए वर्ग के शहरों में परिवहन भत्ता ₹ 3200/- + उस पर महंगाई भत्ता प्रतिमाह तथा अन्य स्थानों पर ₹ 1600/-, उस पर महंगाई भत्ता दिया जाएगा. रक्षा बलों के लिए निर्दिष्ट भत्तों के मामले में, इन भत्तों की दरों को 50% से आगे बढ़ाया गया है क्योंकि मंहगाई भत्ता 100% से ऊपर चला गया है.

**12. (क)** सेना सामूहिक बीमा राशि एक अनिवार्य सामूहिक योजना है जो कैडेटों, जिनमें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के नौसेना और वायु सेना कैडेट शामिल हैं द्वारा कमीशन-पूर्व प्रशिक्षण आरंभ करने की तारीख से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षण पूरा होने तक तीन वर्ष के लिए एक बार में रु. 4250/- की अग्रिम एकमुश्त अप्रतिदेय राशि की अदायगी पर ₹ 10 लाख के लिए बीमा कवर प्रदान करती है. पदोन्नति के मामले में, ऐसा होते ही प्रत्येक पदोन्नति अवधि के लिए ₹ 770/- की अतिरिक्त बीमा राशि का भुगतान करना होगा. विकलांगता के कारण जिन्हें चिकित्सीय आधार पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से बाहर कर दिया जाता है. उन मामलों में 100 प्रतिशत विकलांगता के लिए बीमाकृत राशि के 50 प्रतिशत तक का लाभ दिया जाता है अर्थात 100 प्रतिशत विकलांगता के लिए 5 लाख रु. जो कि 20 प्रतिशत विकलांगता के लिए एक लाख रु. तक आनुपातिक रूप से कम हो जाता है. प्रशिक्षण के प्रारम्भिक वर्षों के दौरान 20 प्रतिशत से कम विकलांगता के कारण बाहर किए जाने वाले कैडेटों को 50,000/- का अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा और प्रशिक्षण के अंतिम वर्ष के दौरान 20 प्रतिशत से कम विकलांगता के कारण अशक्त ठहराए जाने पर बाहर किए गए कैडेटों को 1 लाख रु. का अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा. मदि. रापान, नशे की लत तथा भर्ती से पहले हुए रोगों से उत्पन्न विकलांगता के लिए विकलांगता लाभ और अनुग्रह अनुदान देय नहीं होंगे. इसके अतिरिक्त, अनुशासनिक आधार अथवा अवांछनीय माने जाने अथवा स्वेच्छा से अकादमी छोड़ने वाले कैंटेड भी विकलांगता लाभ और अनुग्रह अनुदान के लिए पात्र नहीं होंगे.

**(ख) बीमाः** भारतीय सैनिक अकादमी में वजीफा (स्टाइपेंड) प्राप्त कर रहे जैंटलमैन कैडेटों का नियमित अधिकारियों पर यथा लागू मुख्य एजीआई योजना के अनुसार पहली सितंबर 2013 से 5000/- रु. मासिक योगदान सहित 50 लाख रु. के लिए बीमा किया जाता है. विकलांगता के कारण जिन्हें चिकित्सीय आधार पर भारतीय सैनिक अकादमी से बाहर कर दिया जाता है, उन मामलों में 100 प्रतिशत विकलांगता के लिए बीमाकृत राशि के 50 प्रतिशत का लाभ दिया जाता है अर्थात 100 प्रतिशत विकलांगता के लिए 25 लाख रु. के लिए बीमा किया जाएगा. जो 20 प्रतिशत विकलांगता के लिए 5 लाख रु. तक अनुपातिक रूप से कम हो जाता है और तथापि, 20 प्रतिशत से कम विकलांगता के लिए 50000/- रु. के अनुग्रह अनुदान का भुगतान किया जाएगा. मदिरापान, नशे की लत तथा भर्ती से पहले हुए रोगों से उत्पन्न विकलांगता के लिए विकलांगता लाभ और अनुग्रह देय नहीं होंगे. इसके अतिरिक्त, अनुशासनिक आधार अथवा अवांछनीय माने जाने अथवा स्वेच्छा से अकादमी छोड़ने वाले कैंडेट भी विकलांगतता लाभ और अनुग्रह अनुदान के लिए पात्र नहीं होंगे.

### 13. प्रोन्नति के अवसर

| क्र. सं. | सेना | नौसेना | वायु सेना | मूल पदोन्नति के लिए अपेक्षित न्यूनतम संगणनीय कमीशन प्राप्त सेवा |
|---|---|---|---|---|
| (क) | लेफ्टिनेंट | सब लैफ्टिनेंट | फ्लाइंग ऑफिसर | कमीशन प्राप्त होने पर |
| (ख) | कैप्टन | लैफ्टिनेंट | फ्लाईट लैफ्टिनेंट | 02 वर्ष |
| (ग) | मेजर | लैफ्टिनेंट कमांडर | स्क्वॉड्रन लीडर | 06 वर्ष |
| (घ) | लेफ्टिनेंट कर्नल | कमांडर | विंग कमांडर | 13 वर्ष |
| (ङ.) | कर्नल (चयन) | कैप्टन (चयन) | ग्रुप कैप्टन (चयन) | 15 वर्ष |
| (च) | कर्नल (समयमान) | कैप्टन (समयमान) | ग्रुप कैप्टन (समयमान) | 26 वर्ष |
| (छ) | ब्रिगेडियर | कोमोडोर | एयर कोमोडोर | चयन के अधार पर |
| (ज) | मेजर जनरल | रियर एडमिरल | एयर वाइस मार्शल | |
| (झ) | लैफ्टिनेंट जनरल | वाइस एडमिरल | एयर मार्शल | |
| (ञ) | जनरल | एडमिरल | एयर चीफ मार्शल | |

**14. सेवा निवृत्ति लाभ**

पेंशन, उपदान और ग्रेच्युटी अवार्ड समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार स्वीकार्य होंगे.

**15. छुट्टी**

समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार छुट्टी स्वीकार होगी.

डीएवीपी 55104/14/0020/1516 रो.स. 12/75

# केंद्रीय वायु सैनिक चयन बोर्ड
# वायु सेना स्टेशन, नारायणा बरार स्क्वायर

**दिल्ली छावनी, नई दिल्ली-110010 में सिविलियन ग्रुप 'सी' पदों की भर्ती**

1. केंद्रीय वायु सैनिक चयन बोर्ड वायु सेना स्टेशन नारायणा बरार स्क्वायर, दिल्ली छावनी, नई दिल्ली-110010 के अध्यक्ष निम्नलिखित पदों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करते हैं:-

| क्र. सं. | पदों के नाम और वेतनमान | योग्यता व अनुभव | वर्ग | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | भूतपूर्व सैनिक | |
| क) | **हिंदी टाइपिस्ट** रु. 5200-20200+ 1900 (ग्रेड वेतन) (पे बैंड-1) आयु 18 से 27 वर्ष | **अनिवार्य:-** (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या इसके समकक्ष (ii) कंप्यूटर पर हिंदी टंकण 30 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति. तद्नुसार 10500 कुंजी डिप्रेशन प्रति घंटा/ 9000 कुंजी डिप्रेशन प्रति घंटा औसतन 5 कुंजी डिप्रेशन प्रति शब्द के लिए (**टिप्पणी:-** टंकण परीक्षा केवल कंप्यूटर पर ली जायेगी) | 01 | - | - | - | - | 01 |
| ख) | **अधीक्षक (स्टोर)** रु. 5200-20200+ 2400 (ग्रेड वेतन) (पे बैंड-1) आयु 18 से 25 वर्ष | **अनिवार्य:-** (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या इसके समकक्ष **वांछनीय:** सरकारी या प्राइवेट क्षेत्र में प्रतिष्ठित स्टोर में लेखा रखने और स्टोर संभालने का अनुभव | 01 | - | - | - | - | 01 |
| | | कुल | 02 | - | - | - | - | 02 |

**टिप्पणी :-** ऊपर दर्शायी गयी रिक्तियों में कमी और बढ़ोतरी हो सकती है.

**2. आयु में छूट :-** ऊपरी आयु सीमा में पात्र श्रेणी के आवेदकों को नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार छूट दी जाएगी:-

(क) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति- शून्य

(ख) अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)- शून्य

(ग) भूतपूर्व सैनिक - थल सेना, नौसेना और वायु सेना में दी गयी सेवा में 03 वर्ष की सेवा जोड़कर.

अन्य पात्र श्रेणियों के लिए आयु में छूट समय-समय पर सरकार द्वारा जारी निर्देशों/आदेशों के अनुसार उपलब्ध होंगे. उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि आयु सीमा निर्धारण की निर्णायक तिथि होगी.

**3. सामान्य निर्देश:** (क) किसी पूर्व सूचना के बिना रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन/बदलाव किया जा सकता है. (ख) उपर्युक्त पद समस्त भारत सेवा दायित्व वाले होंगे. (ग) शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाणपत्र अंकतालिका सहित/अनुभव/जन्मतिथि प्रमाणपत्र की स्व-अनुप्रमाणित की गयी फोटोकॉपियों के साथ आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा में नीचे दिए गए नमूने के अनुसार प्रस्तुत किए जाने चाहिएं और सक्षम प्राधिकारी आदि द्वारा जारी किए गए जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो) को स्वीकार नहीं किया जाएगा. आवेदन के साथ मूल प्रमाणपत्रों को संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है.(घ) आवेदन '**अध्यक्ष, केंद्रीय वायु सैनिक चयन बोर्ड वायु सेना स्टेशन नारायणा, बरार स्क्वायर, दिल्ली छावनी, नई दिल्ली-110010**' के पते पर भेजे जाएं. (च) जिस पद के लिए आप आवेदन कर रहे हैं, उसे आवेदन में अंतर्विष्ट लिफाफे के शीर्ष दाएं कोने पर स्पष्ट रूप से लिखा जाये. (छ) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन से **30 दिनों के भीतर** होगी. (ज) आवेदन के साथ रु. 5/- के डाक टिकट चिपकाकर स्वपता लिखित एक लिफाफा संलग्न किया जाए. (झ) आवेदन केवल साधारण डाक द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे. कोई भी आवेदन रजिस्टर्ड डाक द्वारा/कार्यालय के गेट पर/दस्ती द्वारा/स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

(ट) इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से पहले प्राप्त आवेदनों पर और अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा. (ठ) आवेदन को अपूर्ण और फॉरमेट के अनुरूप न पाए जाने पर बोर्ड द्वारा कोई सूचना दिए बिना निरस्त किया जा सकता है. (ड) उम्मीदवार जिसका आवेदन समय पर प्राप्त हुआ है और सही ढंग से भरा हुआ है/संवीक्षा के दौरान सभी पहलुओं में योग्य है, उसे परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. (ढ) केवल बेसिक चयन के मापदंड पूरा करने पर ही व्यक्ति परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने हेतु हकदार नहीं होता. रिक्तियों की संख्या अधिक होने पर केवल चयनित उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. यदि आवेदनों की अंतिम तिथि से **45 दिनों** के अंदर उम्मीदवारों को कोई भी पत्र प्राप्त नहीं होता तो यह समझा जाये कि उसके आवेदन को निरस्त कर दिया गया है और उसका नाम चयनित सूची में रखे गए उम्मीदवारों में नहीं है तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा. (त) उम्मीदवार यह ध्यान दें कि अगर भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उसने कोई गलत जाली सूचना दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, तो उसकी उम्मीदवारी शीघ्र रद्द कर दी जाएगी और वह भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत आपराधिक आरोपों के लिए उत्तरदायी होगा. (थ) हिंदी टंकक और अधीक्षक (स्टोर) के पद के लिए चार पेपर होंगे:- सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी भाषा, संख्यात्मक योग्यता और सामान्य जागरूकता. (द) अंग्रेजी प्रश्नपत्र को छोड़कर बाकी प्रश्न पत्र द्विभाषी होंगे, ताकि उनके उत्तर हिंदी में दिए जा सकें. (ध) उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए स्वयं का हार्ड बोर्ड लाना होगा. (न) परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार के यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता देय नहीं होंगे. (प) सरकारी/अर्द्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में सेवारत आवेदकों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए. (फ) किसी भी प्रतिवेदन/सिफारिश से उम्मीदवारों की उम्मीदवारी अयोग्य हो सकती है.

**टिप्पणी:** उपर्युक्त पदों को आवेदन करने के लिए आवश्यकताओं को पूरा करने पर महिला उम्मीदवारों को कार्मिक मंत्रालय, डीओपी और प्रशिक्षण का ज्ञा. सं. 13018/4/2009-स्था. (एल) दिनांक 08 जुलाई 09 में उल्लिखित महिलाओं हेतु उपलब्ध लाभ लेने की अनुमति है.

**अध्यक्ष**
**केंद्रीय वायु सैनिक चयन बोर्ड**
**बरार स्क्वायर, दिल्ली छावनी**
**नई दिल्ली-110010**

**केंद्रीय वायु सैनिक चयन बोर्ड, वासे में ......................................पद के लिए आवेदन**

1. आवेदित पद का नाम :
2. उम्मीदवार का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :
3. पिता का नाम :
4. जन्मतिथि (स्व-अनुप्रमाणित जन्मतिथि की प्रति संलग्न करें) :
5. आवेदन की प्राप्ति की निर्धारित अंतिम तिथि के अनुसार आयु: .........वर्ष ..........मास .........दिवस
6. पत्राचार के लिए पता :

गृह संख्या ..............................................................
गली/गांव ..............................................................
पोस्ट/ऑफिस ..................................जिला .............
राज्य ................................पिनकोड .......................

[स्व-अनुप्रमाणित फोटो चिपकाएं]

7. श्रेणी (सामान्य/अपिव/अजा/अजजा/भूतपूर्व सैनिक)
(अपिव/अजा/अजजा/भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में इसका स्व-अनुप्रमाणित प्रमाणपत्र संलग्न करें):
8. शैक्षिक योग्यता : ...................(कक्षा 12वीं/स्नातक, जो भी लागू हो, शिक्षा प्रमाणपत्र और अंक तालिका की स्व-अनुप्रमाणित प्रति अनुलग्न करें)
9. अन्य कोई योग्यता/अनुभव :
10. तकनीकी प्रशिक्षण/अनुभव :
11. निवास स्थान ...........................(स्व-अनुप्रमाणित प्रति संलग्न करें)
12. क्या आपने अपना नाम किसी रोजगार कार्यालय में रजिस्टर्ड कराया है-हां/नहीं, यदि हां, तो रजिस्ट्रेशन नं ....... और रोज़गार कार्यालय का नाम ................ उल्लिखित करें.
13. मैं यह प्रमाणित करता/करती हूं कि मैं मेरे द्वारा उपरोक्त प्रस्तुत सूचना मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में सही है. किसी भी तथ्य के गलत पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी कोई सूचना दिए बिना रद्द की जा सकती है.

**दिनांक :** **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**केवल सरकारी रिकॉर्ड के लिए**

1. प्राप्ति की तिथि :
2. स्वीकृत/अस्वीकृत :
3. अस्वीकृत करने के कारण: कम आयु/अधिक आयु/अपूर्ण दस्तावेज/अन्य कोई कारण है तो उसका उल्लेख किया जाये
4. सूची संख्या ..........................परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि ...................

डीएवीपी 10801/11/0012/1516 रो.स. 12/32

# भाकृअप- केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान
# सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा)

**विज्ञापन सं. सीआईआरबी/ईस्ट/2015/1**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअप) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सीआईआरबी, हिसार (हरियाणा) स्थित निम्नलिखित तकनीकी पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| क्र. सं. | पद का नाम/ ग्रेड/ वर्ग/ तैनाती का स्थान | पे बैंड/ वेतनमान और ग्रेड पे | रिक्तियों की सं. और आरक्षण स्थिति | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1. | टी-6 (वरि. तकनीकी अधिकारी)/ वर्ग III (फील्ड/फार्म टेक्निशियन)सीआईआरबी, हिसार(हरियाणा) | पीबी-3/ रु.15600-39100/- + ग्रेड पे रु. 5400/- | 01 पद अपिव - 01 | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से पशु चिकित्सा औषधि या पशु पुनर्उत्पादन, गाइनेकोलॉजी और आब्सटेट्रिक्स में एमवीएससी या समकक्ष |

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि विज्ञापन (रोज़गार समाचार में) के प्रकाशन की तिथि से **30 दिन** होगी और अंडमान और निकोबार आइलैण्ड, लक्षद्वीप, मिनीकाय और अमीनदीवी आइलैण्ड, पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों/ संघ शासित क्षेत्रों, ज. एवं क. राज्य का लद्दाख प्रभाग, सिक्किम, पांगी, चंबा का उप प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीती जिले से डाक द्वारा आवेदनों के लिए, अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन होगी.

**आयु सीमा, उम्मीदवारों को सामान्य अनुदेश और अतिरिक्त पत्राचार के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट (www.cirb.res.in) देखें.**

रो.स. 12/47 **कार्यालय प्रधान**

भारत सरकार

# जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय

## केंद्रीय भू-जल बोर्ड

### मध्य क्षेत्र-एनएस बिल्डिंग, सिविल लाइंस नागपुर-440001 (एमएस)

केंद्रीय भू-जल बोर्ड में स्टाफ कार चालक (ग्रेड-II) के ग्रुप -सी के निम्नलिखित अस्थायी किंतु नियमित होने की संभावना वाले पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित हैं. पात्रता और अन्य विवरण निम्नलिखित हैं:-

| क्र.सं. | पदों का विवरण | पदों का वर्णन |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | स्टाफ कार चालक (ग्रेड-II) |
| 2. | रिक्तियों की सं. | 5 (अना-2, अजा-1, अपिव-2) |
| 3. | वेतनमान | पे बैंड-I वेतनमान 5200-20200 रुपये, के साथ ग्रेड पे 2400 रुपये |
| 4. | वर्गीकरण | सामान्य केंद्रीय सेवा ग्रुप -सी (गैर राजपत्रित, मंत्रालीय) |
| 5. | पात्रता | **(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक अथवा समकक्ष;**<br>(ii) भारी वाहनों के लिए चालक लाइसेंस धारण करते हों<br>**(iii) भारी वाहनों को चलाने का आठ (8) वर्ष का अनुभव, और**<br>(iv) मोटर की प्रणाली का ज्ञान |
| 6. | उम्र सीमा | **35 वर्ष से कम**<br>(अजा के लिए 5 वर्ष और अपिव के लिए 3 वर्ष की छूट मान्य है. सरकारी कर्मचारियों के मामले में सामान्य उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष की उम्र तक और अनुसूचित जातियों के उम्मीदवारों के लिए 45 वर्ष की उम्र तक छूट है, जो समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देशों अथवा आदेशों के अनुसार लागू हैं)<br>**नोट (1):** भारत में रहने वाले उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तिथि उम्र सीमा के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि होगी (न कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर राज्य का लद्दाख डिवीजन, हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले और चंबा जिले के पांगी सब-डिवीजन, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप के लिए निर्धारित अंतिम तिथि)<br>**नोट (2):** नियोजनालय के माध्यम से भर्ती के मामले में उम्र सीमा के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि वह अंतिम तिथि होगी, जब तक नियोजनालय को नाम दाखिल करने के लिए कहा गया है. |
| 7. | पदस्थापन का स्थान | भारत में कहीं भी |
| 8. | परीवीक्षा की अवधि | दो (2) वर्ष |
| 9. | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि | रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिनों के भीतर** |

**उपरोक्त जरूरतों को पूरा करने वाले इच्छुक और भारत में कहीं भी सेवा करने के लिए तैयार उम्मीदवार समाचार पत्रों/रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर निर्धारित आवेदन प्रारूप में अपना आवेदन 'क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय भू-जल बोर्ड, मध्य क्षेत्र नया सचिवालय भवन, सिविल लाइंस नागपुर-440001' के पास भेजें.** आवेदन वाले लिफाफे के ऊपरी हिस्से पर **'स्टाफ कार चालक (ग्रेड-II) के पद के लिए आवेदन'** का उल्लेख करें. शैक्षिक योग्यता/नियोजन संबंधी जानकारी छिपाने पर अयोग्य घोषित किया जाएगा. ऐसे आवेदन जो अधूरे/अपठनीय/बिना हस्ताक्षर वाले अथवा आवश्यक कागजात के बिना अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किए जाएंगे अथवा जिसमें किसी अन्य रूप में कमी पायी जाएगी, उन्हें रद्द कर दिया जाएगा.

केवल न्यूनतम निर्धारित योग्यता और अनुभव रखने से ही कोई उम्मीदवार साक्षात्कार में बुलाये जाने के लिए पात्र नहीं हो जाता है. एक जांच समिति इन पदों के लिए प्राप्त किए गए सभी आवेदनों की छंटनी करेगी और केवल इस प्रकार चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार में बुलाया जाएगा. जांच समिति का निर्णय अंतिम होगा और इसके बारे में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा. साक्षात्कारर की सही-सही तिथि और उसके समय के बारे में चयनित उम्मीदवारों को अलग से सूचित किया जाएगा. आवेदन की प्राप्ति में डाक संबंधी देरी के लिए यह विभाग उत्तरदायी नहीं होगा. केंद्रीय/राज्य/ सार्वजनिक उपक्रम में नियोजित उम्मीदवार अपना आवेदन समुचित माध्यम से दाखिल करें और नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र संलग्न करें.

क्षेत्रीय निदेशक के पास बिना कारण बताये रिक्तियों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.

(डी. सुब्बा राव)
क्षेत्रीय निदेशक

डीएवीपी 45103/11/0004/1516 रो.स. 12/95

---

भारत सरकार

# रक्षा मंत्रालय

## संयुक्त सचिव (टीआरजी) व सीएओ कार्यालय

रिक्ति परिपत्र

नीचे दिए विवरण के अनुसार सशस्त्र सेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय में निम्नलिखित रिक्ति भरी जानी है:-

**पद का नाम, वेतनमान और वर्गीकरण: निदेशक (राजभाषा) ग्रेड-I ग्रुप 'ए' राजपत्रित, वेतन बैंड-4 (रु. 37400-67000) ग्रेड वेतन : रु. 8700/-**

**रिक्तियों की संख्या : 01**

**भर्ती का तरीका : प्रतिनियुक्ति (अल्प कालिक संविदा सहित) आधार पर.**

**पात्रता शर्तें और योग्यता : प्रतिनियुक्ति (अल्प कालिक संविदा सहित)**

केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या अर्द्ध सरकारी या सांविधिक या स्वायत्त संगठनों के अधिकारी जो :-

(क)(i) मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर समदृश पद धारण किए हुए है; **या**

(ii) मूल काडर या विभाग में पीबी - 3 (15600-39100) ग्रेड वेतन रु. 7600/- में नियमित आधार पर उस नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा; **और**

(ख) निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता और अनुभव धारक हो.

**अनिवार्य** : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर डिग्री या डिग्री स्तर पर विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी में समकक्ष; **या**

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर डिग्री या डिग्री स्तर पर विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में समकक्ष या

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर डिग्री या डिग्री स्तर पर विषय के रूप में अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम से किसी भी विषय में समकक्ष; **या**

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर डिग्री या अंग्रेजी माध्यम से किसी भी विषय में समकक्ष और डिग्री स्तर पर विषय के रूप में हिंदी;

**अनुभव :** हिन्दी में शब्दावली (पारिभाषिक कार्य) का प्रयोग करने और अंग्रेजी से हिन्दी या हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य, अच्छा हो कि तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य का, में पांच वर्ष का अनुभव; **या**

हिन्दी और अंग्रेजी में पढ़ाने या हिन्दी या अंग्रेजी में अनुसंधान में पांच वर्ष का अनुभव.

**वांछनीय :** (i) संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित भाषाओं में से किसी एक भाषा के मान्यताप्राप्त बोर्ड के मैट्रिक के स्तर का ज्ञान होना, हिन्दी के अलावा.

(ii) किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से हिन्दी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद में डिग्री या डिप्लोमा.

3. फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचार करने के लिए पात्र नहीं होंगे. उसी तरह, प्रतिनियुक्त पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार के लिए पात्र नहीं होंगे.

4. केन्द्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इन ग्रेडों की नियुक्ति से ठीक पहले किसी अन्य बाह्य-काडर में धारित पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि को मिलाकर सेवा की निदेशक (राजभाषा) के ग्रेड में प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्प कालिक संविदा सहित) सामान्यतः तीन (03) वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

5. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति और बाद में उसके संशोधन, यदि कोई है, डीओपी एंड टी ओएम सं. 6/8/2009 ईएसटीटी (वेतन II) तिथि 17 जून 2010 द्वारा शासित होंगे.

6. यह अनुरोध किया जाता है कि संलग्न प्रारूप में आवेदनों (दूसरी प्रति) के साथ पिछले 05 वर्षों के लिए एसीआर की फोटो प्रतियां (अवर सचिव के ओहदे से ऊपर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित) या पूर्ण और अद्यतन सीआर डॉजियर और

---

# राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र: एनपीटीआई कॉम्प्लेक्स, दाखींगांव, काहिलिपाड़ा, गुवाहाटी-781019 (असम),
टेली: 0361-2381346, फैक्स: 2381329, वेबसाइट: www.nptiguwahati.com

**ताप बिजली संयंत्र अभियंत्रण में 52 सप्ताह के डिप्लोमा-पश्चात**

**पाठ्यक्रम (2015-16) के छठे बैच की घोषणा**

## प्रवेश सूचना

**आपको यह पाठ्यक्रम क्यों करना चाहिए?:** विद्युत क्षेत्र निरंतर विकासमान है. भारतीय विद्युत अधिनियम में संशोधन से बिजली के उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी के अवसर खुले हैं. इससे विद्युत सेवाओं के क्षेत्र में प्रशिक्षित विद्युत कार्मिकों की मांग में और भी बढ़ोतरी हुई है.

इस पाठ्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य तकनीकी दृष्टि से प्रशिक्षित कार्मिकों का ऐसा पूल तैयार करना है, जिसका इस्तेमाल विद्युतीय क्षेत्र में भर्ती के लिए आसानी से किया जा सके. यह पाठ्यक्रम डिप्लोमा इंजीनियरों का मूल्य-संवर्द्धन करता है.

इस पाठ्यक्रम को करके डिप्लोमा इंजीनियर विभिन्न बिजली कंपनियों में रोज़गार के व्यापक एवं विविध अवसर प्राप्त कर सकते हैं.

**पाठ्यक्रम के बारे में:** यह एक बेजोड़ रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रम है. पाठ्यक्रम की विषय-सामग्री में सीईए विनियम, 2010 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ताप विद्युत संयंत्रों के पूर्ण प्रचालन और रखरखाव को शामिल किया गया है.

**पात्रता:** किसी मान्यताप्राप्त तकनीकी बोर्ड से मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स में तीन वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण स्नातक अभियंता पात्र नहीं हैं.

**आयु सीमा:** कोई आयु सीमा नहीं होगी.

**प्रवेश के लिए चयन संबंधी मानदंड:** डिप्लोमा परीक्षा में प्राप्तांक अंकों के आधार पर दाखिला दिया जायेगा.

**सीटों की संख्या:** 60 (केवल साठ), 25 प्रतिशत सीटें प्रायोजित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं. अजा, अजजा, अपिव (गैर-क्रीमी लेयर) और शा.वि. श्रेणी के उम्मीदवारों को आरक्षण भारत सरकार के नियमों के अनुसार दिया जायेगा. प्रायोजित श्रेणी में सीटें खाली रहने की स्थिति में उन्हें गैर प्रायोजित उम्मीदवारों से भरा जाएगा.

**शुल्क:** विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत निम्नांकित अनुसार शुल्क लिया जायेगा.

| क्र. सं. | विवरण | राशि (भारतीय रुपया) | सेवा कर की दर | भुगतान का तरीका (सेवा कर सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पाठ्यक्रम शुल्क (गैर-प्रायोजित श्रेणी) | 1,45,000/- | 14 प्रतिशत | तीन किश्तों में भुगतान. प्रवेश के समय पहली किश्त-52741 रुपये, दूसरी किश्त 94705 रुपये (30.11.2015 तक भुगतान करना होगा) और तीसरी किश्त 79705 रुपये (26.02.16 तक भुगतान करना होगा). प्रवेश के समय भुगतान के लिए शुल्क संबंधी विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है. |
| 02 | पाठ्यक्रम शुल्क (प्रायोजित श्रेणी) | 2,20,000/- | 14 प्रतिशत | एकल किश्त में भुगतान योग्य. प्रवेश के समय 295741 रुपये का भुगतान करना होगा. प्रवेश के समय भुगतान के लिए शुल्क संबंधी विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है. |
| 03 | प्रतिभूति जमाराशि | 2000/- | - | रिफंड योग्य प्रवेश के समय भुगतान योग्य |
| 04 | वाहन शुल्क | 3600/- | 5.60 प्रतिशत | एक बारगी भुगतान प्रवेश के समय |
| 05 | इंटरनेट शुल्क | 600/- | (14 प्रतिशत की दर से) | एक बारगी भुगतान प्रवेश के समय |
| 06 | आवास शुल्क | 2,500/- प्रतिमाह प्रति विद्यार्थी | - | प्रवेश के दौरान 15000 रुपये की पहली किश्त, पहले सेमेस्टर के बाद 15000 रुपये दूसरी किश्त |
| 07 | भोजन शुल्क | 2,600/- प्रतिमाह प्रति विद्यार्थी (*) | 8.40 प्रतिशत की दर से | रु. 8455/- तीन महीने के लिए संस्थान के कार्यालय में अग्रिम जमा कराने होंगे. |
| 08 | नियुक्ति शुल्क | 7,500/- | (14 प्रतिशत की दर से) | नियुक्ति के बाद भुगतान योग्य. |

***संशोधन होने की संभावना है**

**आवेदन कैसे करें:** निम्नांकित प्रारूप में अंग्रेजी में टंकित आवेदन (अथवा) वेबसाइट **www.nptiguwahiti.com** से डाउनलोड आवेदन प्रपत्र **''एनपीटीआई, नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट-एनईआर''** के पक्ष में जारी और गुवाहाटी में भुगतान योग्य 285 रुपये (250 रुपये + 14 प्रतिशत सेवाकर) के डिमांड ड्राफ्ट और पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ के साथ भेजे जा सकते हैं, जो **20.07.2015** तक संस्थान प्रमुख के पास पहुंच जाने चाहिएं. शुल्क ईसीएस के द्वारा भी भेजा जा सकता है. वेबसाइट पर ईसीएस संबंधी विवरण उपलब्ध है. वेबसाइट **www.nptiguwahati.com** से आवेदन प्रारूप प्राप्त किया जा सकता है अथवा उम्मीदवार पासपोर्ट आकार की दो फोटो के साथ सादे कागज पर अंग्रेजी में आवेदन दाखिल कर सकते हैं.

**आवेदन प्रपत्र:**

1. नाम, 2. पिता का नाम, 3. जन्मतिथि, 4. लिंग, 5 राष्ट्रीयता, 6. श्रेणी (सामा./अजा/अजजा/अपवि/शावि), 7. डाक का पता, 8. फोन/मोबाइल नम्बर और ई-मेल, 9. शैक्षिक विषय/धारा, बोर्ड/विश्वविद्यालय, उत्तीर्ण करने का वर्ष, प्राप्तांक प्रतिशत, 10. अनुभव, 11. प्रायोजित/गैर-प्रायोजित (यदि प्रायोजित हों तो नियोक्ता से प्रायोजन प्रमाणपत्र संलग्न करें), 12. आवेदन शुल्क का ब्यौरा, 13. हस्ताक्षर. कृपया आइटम नं. 9, 10 और 11 (यदि अजा/अजजा/अपिव/शावि से संबद्ध हों) के संदर्भ में प्रमाणपत्र की साक्ष्यांकित प्रति संलग्न करें.

| महत्वपूर्ण तारीखें : | पत्र-व्यवहार के लिए पता | कार्यक्रम निदेशक |
|---|---|---|
| आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख: **20/07/2015**<br>योग्यता सूची प्रदर्शित करने की तारीख: **22/07/2015**<br>काउंसलिंग और दाखिले की तारीख: **21/08/2015**<br>पाठ्यक्रम प्रारंभ होने की तारीख: **24/08/2015** | **संस्थान प्रमुख नेशलन पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनईआर),**<br>एनपीटीआई कॉम्प्लेक्स, दाखींगांव, काहिलिपाड़ा, गुवाहाटी-781019 (असम) | **श्री विक्रम बरूआ** सहायक प्रोफेसर<br>फोन: 0361-2381204, एक्स्टेंशन 2023<br>ई-मेल: bikram.baruah1983@gmail.com<br>**मोबाइल:** +91-8876250083 |

**50 वर्षों से विद्युत क्षेत्र की सेवा में**

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं / Save Energy for Benefit of Self and Nation**

रो.स. 12/62

---

सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र (उपसचिव के ओहदे से ऊपर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित) रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिन के अंदर** इस कार्यालय में पहुंच जाने चाहिएं, ये आवेदन उन अधिकारियों के होने चाहिएं जिन्हें चयन की प्रक्रिया में कार्यमुक्त किया जा सकता है. **देर से प्राप्त आवेदन या एसीआर, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, काडर प्रमाणपत्र और सतर्कता अनापत्ति के बिना प्राप्त आवेदन या अन्य किसी तरह अपूर्ण पाए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.** आवेदन अग्रेषित करते समय, काडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा यह सत्यापित और प्रमाणित किया जाए कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विवरण सही हैं और यह कि अधिकारी के खिलाफ कोई भी अनुशासनिक/ सतर्कता मामला लंबित अथवा अवेक्षित नहीं हैं. **काडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा एक अलग प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करना अपेक्षित है कि अधिकारी की ईमानदारी और सत्यनिष्ठा संतोषजनक है और पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई भी बड़ा छोटा दंड नहीं लगाया गया है.**

7. आत्मवृत प्रारूप और नौकरी वर्णन/ नौकरी अपेक्षा हमारी वेबसाइट **www.caomod.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है.

**नोट: उम्मीदवार जिन्होंने पद के लिए एक बार आवेदन कर दिया है उन्हें अपनी उम्मीदवारी वापिस लेने की अनुमति नहीं होगी.**

(जेड एस कोइरेंग)
उप निदेशक/ भर्ती-1
संयुक्त सचिव (टीआरजी) एंड सीएओ हेतु

फाइल सं. : ए/49804/डी-2/सीएओ/आर-1

डीएवीपी 10107/11/0001/1516 रो.स. 12/57

(पृष्ठ 42 का शेष )

**भरे हुए आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति दस्तावेजों की प्रतियों के साथ महानिदेशक, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के हक में 500 रुपये के डिमांड ड्राफ्ट सहित दिनांक 6.7.2015 तक या इससे पहले इस कार्यालय को पहुंच जाना चाहिए.**

(iii) केंद्र/राज्य सरकार के विभागों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकार द्वारा वित्त पोषित अनुसंधान एजेंसियों में कार्यरत कर्मचारी अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अग्रेषित करें. आवेदन पत्र की अग्रिम प्रति पर इस शर्त पर विचार किया जाएगा कि उम्मीदवार साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता का 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करेगा.

(iv) देरी से प्राप्त होने वाले/अधूरे आवेदनों तथा या शुल्क रहित आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा. चयन या भर्ती के संबंध में **उम्मीदवारों द्वारा उनकी ओर से किसी प्रकार का संपर्क करना या राजनीतिक या बाहरी प्रभाव डालना अयोग्यता मानी जाएगी.** डाक के कारण आवेदन पत्र की प्राप्ति में हुई देरी के लिए परिषद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

**उम्मीदवारों के लिए महत्त्वपूर्ण अनुदेश:**

**(i) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/22/93-स्था. (एससीटी) तथा दिनांक 09.03.2004 और 14.10.2008 के संशोधित कार्यालय ज्ञापन सं. 36033/03/ 2004-स्था. (आरइएस) में उल्लिखित आयु में छूट के उद्देश्य के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणपत्र का अर्थ है 'अन्य पिछड़े वर्ग का व्यक्ति जो क्रीमीलेयर का नहीं है'. आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि को ही अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों की स्थिति की गणना की तिथि को माना जाएगा तथा यह भी माना जाएगा कि उम्मीदवार गणना की तिथि को क्रीमीलेयर में नहीं आता है. उम्मीदवार सरकारी नौकरी के लिए निर्धारित प्रपत्र में अन्य पिछड़े वर्ग से संबंधित प्रमाणपत्र तथा निम्नलिखित घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करें. अतः अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवार आयु में छूट लेने के लिए वैध एवं अद्यतन अन्य पिछड़े वर्ग का प्रमाणपत्र दें जिसमें स्पष्ट रूप से 'क्रीमीलेयर से बाहर है' लिखा होना चाहिए.**

**घोषणा पत्र**

**(केवल अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए)**

मैं .......पुत्र/पुत्री श्री .......निवासी-गांव/कस्बा/ शहर .........जिला.......राज्य.......यह घोषणा करता/करती हूं कि मैं.......समुदाय से संबद्ध हूं जो कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/22/93-स्था. (एससीटी) में दिए गए आदेशों के अनुसार नौकरी में आरक्षण के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग में मान्य है. यह भी घोषणा करता हूं कि मैं दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में अनुसूची के कॉलम 3 और दिनांक 27.05.2013 के संशोधित कार्यालय ज्ञापन संख्या 360/35/1/2013-स्था. (आरक्षण) में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमीलेयर) से संबंधित नहीं हूं.

(ii) चूंकि पात्रता वाले सभी आवेदनों के विवरणों और लिखित परीक्षा के समय अन्य पहलुओं की जांच करना संभव नहीं है अतः आवेदन पत्र केवल प्रावधिक रूप में स्वीकार किये जाएंगे. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस पद के लिए निर्धारित अपेक्षित अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, आयु आदि की जांच कर लें तथा वे स्वयं यह संतुष्टी कर लें कि उनके आवेदन करने/चयन से पहले इस पद की पात्रता रखते हैं. यद्यपि आवेदन पत्र के साथ समर्थित दस्तावेजों की प्रतियां भी भेजी जानी हैं. समीक्षा/जांच करते समय आवेदन में किये गये किसी भी दावे का प्रमाण नहीं मिलता है तो ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा. तथा परिषद का निर्णय अंतिम होगा.

**महत्त्वपूर्णः** आवेदक निर्धारित आवेदन-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर और लिफाफे पर साफ-साफ अक्षरों में **विज्ञापन सं. और आवेदित पद का नाम** अवश्य लिखें.

**डीएवीपी 17152/11/0001/1516**

रो.स. 12/30

---

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

Kalakshetra

# कला क्षेत्र फाउंडेशन

**(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)**

**तिरुवंमियूर, चेन्नई 600041**

योग्य उम्मीदवारों से कलाक्षेत्र फाउंडेशन में निम्नलिखित पद हेतु आवेदन आमंत्रित हैं.

**I. फोरमैन** - क्राफ्ट शिक्षा व अनुसंधान केन्द्र-ग्रुप ''सी'' पद; **वेतनमान - पीबी 1 - रु. 5200-20200 + ग्रेड वेतन - रु. 2400**; पद की संख्या - एक - अनारक्षित श्रेणी, आयु सीमा: **35 वर्ष** (छूट मौजूद भारत सरकार के नियमानुसार लागू है)

**शैक्षिक योग्यता और अनुभवः** (1) कक्षा X पास (2) रेशम और सूती साड़ियों की बुनाई में प्रशिक्षण (3) एक सहकारिता बुनाई सोसायटी में 5 वर्ष का अनुभव (4) विभिन्न पैटर्न और डिज़ाइन को पेश करने में बुनकरों का मार्गदर्शन करने में सक्षम होना विशेष रूप से रेशम की साड़ियों में.

**II. स्वीपर** - केन्द्रीय कार्यालय - ग्रुप 'सी' पद; **वेतनमान - पीबी 1 - रु. 5200-20200 + ग्रेड वेतन रु. 1800**; पद की संख्या - एक - अनारक्षित श्रेणी, आयु सीमाः **25 वर्ष** (छूट मौजूद भारत सरकार के नियमानुसार लागू है)

**शैक्षिक योग्यता और अनुभव :** (1) कक्षा VIII पास (2) सुरक्षा कार्य में अनुभव. **वांछनीयः** (3) भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी.

इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदनों के साथ शंसापत्र जैसे योग्यता, आयु प्रमाण, भारत सरकार के प्रारूप अनुसार सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र, अनुभव इत्यादि की प्रतियां निम्नलिखित पते पर शुक्रवार, **31 जुलाई, 2015** को या उससे पहले पहुंच जानी चाहिएं.

**निदेशक**
**कला क्षेत्र फाउंडेशन**
**तिरुवंमियूर, चेन्नई 600041**

रो.स. 12/52

---

dfc डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

## डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि.

(रेल मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उपक्रम)

**वॉक-इन-इंटरव्यू (प्रवेश साक्षात्कार)**

**विज्ञापन सं. 07/2015**

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (डीएफसीसीआईएल) भारत सरकार, रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत शिड्यूल ''ए'' का सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। यह अवसंरचना के क्षेत्र में एक बहुत ही महत्वाकांक्षी एवं वृहद परियोजना है, जो कि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और स्वर्णिम चतुर्भुज के साथ उच्च गति के रेल फ्रेट कोरीडोर के निर्माण के लिए स्थापित की गई है। प्रथम चरण में दो डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर्स मुंबई–दिल्ली (पश्चिमी डीएफसी) और दिल्ली–कोलकाता (पूर्वी डीएफसी) का निर्माण शामिल है।

कंपनी केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों, केन्द्र सरकार के अंतर्गत (सी एंड ए जी द्वारा लेखा परीक्षण किए जाने वाले) आने वाले अधीनस्थ, संलग्न कार्यालयों और आटोनॉमिस निकायों, केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों, संयुक्त वेंचर्स अथवा केन्द्र और राज्य सरकार के बीच कम से कम 50 प्रतिशत स्टेक के साथ किसी अन्य रूप में कार्यरत संगठनों, में कार्यरत **नियमित अधिकारियों से तत्काल समावेशन के आधार पर** नियुक्ति हेतु अपने कॉर्पोरेट कार्यालय नई दिल्ली में निम्नलिखित नियमित पदों के लिए आवेदनों को आमंत्रित करता है।

**पद का नाम:** कार्यकारी निदेशक (एचआर)

**आयु:** अधिकतम आयु 55 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए

**वेतनमान:** ई–9 (रू. 62000–80000)

**योग्यता मानदंड: अनिवार्य:** (ए) डीपीई निर्धारित ई8 ग्रेड में एवं न्यूनतम 4 वर्ष की अवधि के लिए (रु. 51300–73000) के आईडीए पे स्केल पर नियमित आधार पर कार्यरत अथवा न्यूनतम 4 वर्ष की अवधि के लिए पीबी–4 (रु. 37400–67000)+ग्रेड पे रु. 10000 में नियमित आधार पर कार्यरत। (बी) प्रबन्धकीय क्षमता में न्यूनतम 20 वर्ष की अवधि के लिए एचआर मामलों का संचालन किया होना चाहिए। (सी) अधिकारी के पास विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि पर न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा शेष होनी चाहिए। **बांछनीय** (ए) एचआर में एमबीए अथवा पीजी डिप्लोमा।

**चयन प्रक्रिया:** योग्य और शार्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों का चयन पिछले चार वर्षों की एपीएआर के आंकलन और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा । चार वर्षों की एपीएआर के बिना अभ्यर्थी को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नही दी जाएगी।

**आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थी अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में डीएफसीसीआईएल की वेबसाइट **www.dfccil.gov.in** से डाउनलोड करके उचित माध्यम से भेजें।

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.dfcc.gov.in** देखें।

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि:** रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन तक।

रो.स.12/91

---

**भारत सरकार**

# पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**क्षेत्रीय कार्यालय (सेज) चेन्नै**

**(तदर्थ-प्रतिनियुक्ति आधार पर रिक्त पदों को भरना)**

प्रतिनियुक्ति पर केंद्र/राज्य सरकार के अधिकारियों से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के चेन्नै स्थित क्षेत्रीय कार्यालय (साउथ ईस्टर्न ज़ोन) में निम्नलिखित नए सृजित हुए पदों को भरे जाने का प्रस्ताव है. इस विज्ञापन के प्रकाशन के **45 दिन के भीतर** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुभाग अधिकारी | - | 1 पद (वेतनमान रु. 9300-34800 + जीपी 4600) |
| 2. | निजी सचिव (वरि. पीए) | - | 1 पद (वेतनमान रु. 9300-34800 + जीपी 4600) |
| 3. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | - | 1 पद (वेतनमान रु. 9300-34800 + जीपी 4600) |
| 4. | सहायक | - | 2 पद (वेतनमान रु. 9300-34800 + जीपी 4200) |
| 5. | आशुलिपिक ग्रेड 'डी' | - | 3 पद (वेतनमान रु. 5200-20200 + जीपी 2400) |
| 6. | उच्च श्रेणी लिपिक | - | 1 पद (वेतनमान रु. 5200-20200 + जीपी 2400) |
| 7. | निम्न श्रेणी लिपिक | - | 2 पद (वेतनमान रु 5200-20200 + जीपी 1900) |
| 8. | स्टाफ कार ड्राइवर | - | 1 पद (वेतनमान रु. 5200-20200 + जीपी 1900) |
| 9. | बहु कार्य स्टाफ | - | 3 पद (वेतनमान रु. 5200-20200 + जीपी 1800) |

पदों के विवरण, अपेक्षित योग्यताएं, निबंधन और शर्तें, प्रतिनियुक्ति की अवधि, आयु सीमा, आवेदन कैसे करें और अंतिम तिथि आदि के लिए कृपया एमओईएफ एवं सीसीज के होम पेज में विज्ञापन की वेबसाइट **www.moef.nic.in (www.moef.nic.in/tenders-advertisements/filling-post-regional-officesouth-eastern-zone-ad-hocdeputation)**. का अवलोकन करें.

**(डॉ. के गणेश कुमार)**
**डीसीएफ (सी) और कार्यालय प्रधान**

**डीएवीपी 13101/11/0006/1516**

**रो.स.12/109**

---

KAP

# कर्नाटका ऐंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का एक उद्यम)**

**निर्माण भवन, डॉ. राजकुमार मार्ग, प्रथम खंड, राजाजीनगर, बंगलोर-560010**
**दूरभाषः 08023571590, फैक्सः 091 (080) 23371350, वेबसाइटः www.kaplindia.com**

**हम, एक व्यावसायिक रूप से प्रबंधित फार्मास्यूटिकल्स कंपनी, डब्ल्यूएचओ जीएमपी सहित आईएसओ 9001:2008/आईएसओ 14001:2004 प्रमाणन के साथ प्रत्यायित, भर्ती करना चाहते हैं:**

**1. व्यावसायिक सेवा प्रतिनिधि [पीएसआर]**
पद की सं. : 18 (आरक्षित : अजा-02, अजजा-01 अपिव-04 तथा अना-11)

| क्र. | राज्य | मुख्यालय | पद की सं. |
|---|---|---|---|
| 01 | कर्नाटक | बंगलोर | 01 |
| | | मैसूर | 01 |
| 02 | तमिलनाडु | चेन्नई | 03 |
| 03 | आंध्र प्रदेश | तिरुपति | 01 |
| | | विजयवाड़ा | 01 |
| | | विशाखापटनम् | 01 |
| 04 | तेलंगाना | हैदराबाद | 01 |
| 05 | महाराष्ट्र | पुणे | 02 |
| 06 | मध्य प्रदेश | गुना | 01 |
| 07 | छत्तीसगढ़ | रायपुर | 01 |
| | | बिलासपुर | 01 |
| 08 | गुजरात | वडोदरा | 02 |
| | | मेहसाणा | 01 |
| 09 | राजस्थान | श्री गंगानगर | 01 |

**2. एग्रोवेट सेवा प्रतिनिधि [एवीआर]**
पद की सं. : 16 (आरक्षित : अजा-02, अजजा-01, अपिव-04 तथा अना-09)

| क्र. | राज्य | मुख्यालय | पद की सं. |
|---|---|---|---|
| 01 | आंध्र प्रदेश | नेल्लोर | 01 |
| 02 | बिहार | पटना | 01 |
| | | मधुबनी | 01 |
| | | छपरा | 01 |
| 03 | गुजरात | सुरेन्द्र नगर/ हिम्मत नगर | 01 |
| | | मेहसाणा | 01 |
| | | जूनागढ़ | 01 |
| 04 | हरियाणा | हिसार | 01 |
| 05 | केरल | कोल्लम | 01 |
| 06 | कर्नाटक | हुबली | 01 |
| | | बीजापुर | 01 |
| | | मंड्या | 01 |
| | | उडुपी | 01 |
| 07 | मध्यप्रदेश | सतना | 01 |
| 08 | महाराष्ट्र | धुले | 01 |
| 09 | पंजाब | मोहाली | 01 |

क- **पीएसआर**- पद हेतु उम्मीदवारों को किसी भी विधा में स्नातक होना चाहिए. फार्मा उत्पादों के विक्रय में अनुभवधारी उम्मीदवारों को अधिमान दिया जायेगा. सामान्य उम्मीदवारों हेतु आयु लगभग 26 वर्ष (अजा/ अजजा उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष तथा अपिव उम्मीदवारों हेतु 3 वर्ष की रियायत) हम परिवीक्षा अवधि के दौरान रु. 10000/- प्रतिमाह का समेकित वेतन + या.भ./ दै.भ. तथा प्रोत्साहन राशि ऑफर करते हैं और सेवा के स्थायीकरण के पश्चात वेतन लगभग रु. 17000/- प्रतिमाह+ याभ/दैभ एवं प्रोत्साहन राशि होगा.

ख- **एवीआर** पद के लिए उम्मीदवारों को किसी भी विधा में स्नातक होना चाहिए. पशु-चिकित्सा/ कृषि उत्पादों के विक्रय में अनुभवी उम्मीदवारों को अधिमान दिया जायेगा. सामान्य उम्मीदवारों हेतु आयु लगभग 26 वर्ष (अजा/ अजजा उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष तथा अपिव उम्मीदवारों हेतु 3 वर्ष की रियायत). हम परिवीक्षा अवधि के दौरान रु.10000/- प्रतिमाह का समेकित वेतन+ या.भ./दै.भ. तथा प्रोत्साहन राशि ऑफर करते हैं और सेवा के स्थायीकरण के पश्चात वेतन लगभग रु. 17000/- प्रतिमाह + या.भ./ दै.भ. एवं प्रोत्साहन राशि होगा. उपरोक्त पदों के लिए असाधारण रूप से सुपात्र उम्मीदवारों हेतु पात्रता मानदंड में रियायत पर विचार किया जा सकता है.उम्मीदवार हमारी वेबसाइटः **www.kaplindia.com** से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं.

उपरोक्त पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को लिफाफे के शीर्ष पर ''मुख्यालय ..................... के लिए पद .................. हेतु आवेदनपत्र'' अंकित करना चाहिए.

सरकारी विभाग/ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने आवेदनपत्र उचित माध्यम से प्रस्तुत करना होगा/ अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

उपरोक्त पदों के लिए अपेक्षायें पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार अपने विधिवत भरे गये आवेदनपत्र इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **15 दिनों के अंदर** महाप्रबंधक मा.सं.वि. के पास, हमारी **वेबसाइट www.kaplindia.com** में उपलब्ध आरूप के अनुसार सुसंगत शंसापत्रों के साथ भेज सकते हैं.

रो.स. 12/87

---

# दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय

**(केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के अधीन स्थापित)**

**पहले बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम 2014 के अधीन परिवर्तित**

**पटना परिसर : बी आई टी परिसर, पीओ : बी.वी. कॉलेज**
**पटना-800014 (बिहार)**

**गया परिसर : मकान नं. 16/13, वार्ड नं. 9 ए, न्यू 38 एरिया, बिहार, गया - 823001 (बिहार), फोन : 0612-2784114/115**

**विज्ञापन सं. : सीयूबी/विज्ञा./26/2015 दिनांक 07/06/2015**

**(गैर-शिक्षण पद)**

**रजिस्ट्रार-ग्रुप 'ए'** पद (सीधी/प्रतिनियुक्ति के आधार पर) पर नियुक्ति हेतु अर्ह भारतीय नागरिकों से निर्दिष्ट प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं.

विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रारूप हमारी वेबसाइट : **www.cub.ac.in**.पर उपलब्ध है. विधिवत रूप से भरे गए आवेदन पत्र हर तरह से पूर्ण **07 जुलाई 2015** तक उप- रजिस्ट्रार (अतिरिक्त प्रभार), **दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, बीआईटी परिसर, पीओ : बीवी कॉलेज, पटना-800014 के कार्यालय में पहुंच जाने चाहिएं.**

रो. स. 12/69

उप रजिस्ट्रार (अति प्रभार)

# रक्षा मंत्रालय

## आयुध भण्डार अलीपुर, कोलकाता-700 027
## आयुध भण्डार कोलकाता में 04 अधीक्षक (स्टोर) की भर्ती
### भर्ती सूचना सं. 01/2015

1. वेतन बैंड रु. 5200-20200+ग्रेड वेतन रु.2400/- और केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को यथा देय अन्य भत्तों के साथ निम्नलिखित पदों के लिये पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं.

| क्र. सं. | पद का नाम, श्रेणी | वेतनमान | न्यूनतम अनिवार्य अर्हता | श्रेणियां | | | कुल रिक्तियां | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना | अजा | अपिव | | |
| 01 | अधीक्षक (स्टोर) | रु. 5200-20200+ ग्रेड वेतन 2400+भत्ते | **अनिवार्य**<br>(क) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय क्षेत्र में स्नातक अथवा किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से सामग्री प्रबंधन में डिप्लोमा अथवा किसी भी विषय क्षेत्र में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा.<br>**वांछनीय**<br>(ख) हिंदी/अंग्रेजी का ज्ञान.<br>(ग) लिखित परीक्षा और साक्षात्कार उत्तीर्ण करना चाहिये.<br>(घ) कम्प्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान हो क्योंकि यूनिट में इन्वेंटरी मैनेजमेंट पूर्णतः ऑटोमेटिड है. | 02 | 01 | 01 | 04 | |

2. उपरोक्त पद फील्ड सेवा सहित अखिल भारतीय सेवा दायित्व के विषयाधीन हैं.
3. आयु सीमा और इसमें छूट

| क्र.सं. | श्रेणी | आयु सीमा | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|
| 01 | अना | 18 वर्ष से 27 वर्ष | केंद्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों अथवा आदेशों के अनुरूप सरकारी कर्मचारियों के लिये 40 वर्ष तक शिथिलनीय और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मामले में आगे वर्ष के लिये छूट. |
| 02 | अपिव | 18 वर्ष से 30 वर्ष | |
| 03 | अजा | 18 वर्ष से 32 वर्ष | |

4. आवेदन प्रपत्र (भाग-I, II) और केवल अपिव उम्मीदवारों के लिये भाग- III लिफाफे में अच्छी तरह से सील करके आवेदित पद के तहत वर्णित पते पर साधारण/पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के जरिये **कमांडेंट, आयुध भण्डार, अलीपुर, कोलकाता-27 के पास इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर** पहुंच जाना चाहिये. आवेदन प्रपत्र फुलस्केप ए-4 आकार के कागज पर टंकित होना चाहिये. व्यक्तिगत तौर पर आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा. इस विज्ञापन सूचना के प्रकाशन की तिथि से **21 दिन** बाद अर्थात बंद होने की तिथि के उपरांत किसी आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा. एक लिफाफे में केवल एक आवेदन होना चाहिये. उम्मीदवारों को आवेदन पत्र भेजते समय लिफाफे पर ''.............**पद के लिये आवेदन-पत्र**'' लिखना चाहिये. पद के लिये आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को उस श्रेणी का भी उल्लेख करना चाहिये जिससे वे संबंधित हैं, अर्थात अनारक्षित (सामा.)/अजा/अपिव आदि. जिस लिफाफे में आवेदन-पत्र भेजा जाये उसके ऊपर साफ अक्षरों में ''**अनारक्षित (सामा)/अजा/अपिव**'' लिखा जाना चाहिये. आवेदन पत्र के संदर्भ में समाचार पत्र का नाम साथ में तिथि का उल्लेख किया जायेगा.

5. आवेदन प्राप्ति की अँतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **21 दिन** है.

6. आयु सीमा के निर्धारण की निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्ति बंद होने की तिथि होगी.

7. आवेदन-पत्र के साथ राजपत्रित अधिकारी से विधिवत सत्यापित निम्नलिखित दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियां संलग्न की जानी चाहियें:-

(क) श्रेणी 1 राजपत्रित अधिकारी से विधिवत सत्यापित पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ एक आवेदन पत्र पर दाईं तरफ कोने में और एक पावती कार्ड पर चिपकाएं,

(ख) श्रेणी 1 राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियां आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिये:-

1) शिक्षा अर्हता प्रमाणपत्र 2) जन्म तिथि प्रमाणपत्र 3) जाति प्रमाणपत्र, जहां कहीं लागू है.

(ग) 25 रु. की डाकटिकट चिपकाया हुआ स्वयं का पता लिखा लिफाफा

**टिप्पणी 1:** केंद्रीय सरकार के सिविलियन कर्मचारियों को अपने नियोक्ता/कार्यालय से ''अनापत्ति प्रमाणपत्र'' अवश्य प्रस्तुत करना चाहिये अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी.

8. अपूर्ण/अपात्र आवेदन अवैध माने जायेंगे और उम्मीदवार को कोई सूचना दिये बगैर नामंजूर कर दिये जायेंगे. लिखित परीक्षा के लिये केवल पात्र उम्मीदवारों को बुलाया जायेगा.

9. लिखित परीक्षा के लिये पद की एक श्रेणी के लिये उम्मीदवार की संख्या घटाने के लिये आवेदनों की अनिवार्य अर्हता के लिये परीक्षा में प्राप्तांक प्रतिशतता के आधार पर आवेदनों की स्क्रीनिंग की जायेगी. आवेदकों की संख्या के अनुरूप एक बेंचमार्क प्रतिशतता निर्धारित की जायेगी. अतिरिक्त/उच्चतर अर्हता के लिये (भर्ती नियमों में निर्धारित के अलावा) कोई अधिमान नहीं दिया जायेगा. बेंचमार्क को पूरा करने वाले सभी उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जायेगी. कमांडेंट, आयुध भण्डार, अलीपुर कोलकाता के पास किसी भी पद के लिये न्यूनतम निर्धारित अनिवार्य अर्हता में प्राप्तांक प्रतिशतता की कट आफ निर्धारित करते हुए किसी भी पद के लिये आवेदनों की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है.

10. यह स्पष्ट किया जाता है कि बुनियादी अनिवार्य अर्हता पूरी करने मात्र से कोई व्यक्ति परीक्षा/साक्षात्कार के लिये बुलाये जाने का स्वतः पात्र नहीं हो जायेगा. चयन मैरिट के आधार पर किया जायेगा. नियुक्ति प्राधिकारी का चयन/अस्वीकृति के संबंध में निर्णय अँतिम होगा. यह भी स्पष्ट किया जाता है कि पदों/रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और एनएसी की उपलब्धता पर बढ़ाई/घटाई जा सकती है और प्रशासनिक कारणों से किसी भी चरण में कमांडेंट द्वारा भर्ती प्रक्रिया को रद्द/निलंबित/समाप्त किया जा सकता है.

11. लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के लिये प्रश्नपत्र द्विभाषी अर्थात अंग्रेजी और हिंदी में निम्नानुसार होंगेः -

| विषय | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य बुद्धिमत्ता और रिजनिंग | 25 | 25 | 2 घण्टे | |
| संख्यात्मक अभिरूचि | 25 | 25 | | |
| सामान्य अंग्रेजी | 50 | 50 | | |
| सामान्य जागरूकता | 50 | 50 | | |

12. किसी भी रूप में सिफारिश को उम्मीदवार की अयोग्यता माना जायेगा. किसी पूछताछ अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

13. कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं है. प्रत्येक परीक्षा की अवधि 02 से 05 दिन अथवा अधिक होगी. उम्मीदवार परीक्षा/साक्षात्कार के दौरान ठहरने/खाने पीने के लिये अपनी स्वयं की व्यवस्था करेंगे.

14. यह स्पष्ट किया जाता है कि परीक्षा और साक्षात्कार की तिथि और समय के बारे में अलग से डाक से सूचित किया जायेगा. परीक्षा/साक्षात्कार आयुध भंडार, अलीपुर, कोलकाता-27 में पावती कार्ड/बुलावा पत्र में वर्णित तिथियों को आयोजित किया जायेगा. नजदीकी रेलवे स्टेशन-हावड़ा/सियालदाह और बस स्टॉप-मोमिनपुर (कोलकाता) है.

15. उम्मीदवारों के पास परीक्षा और साक्षात्कार के समय सभी मूल प्रमाणपत्र/दस्तावेज और पावती पर्ची/बुलावा पत्र होना चाहिये.

16. यह भण्डार परीक्षाओं के दौरान उम्मीदवारों को किसी तरह की हानि/नुकसान/चोट/कैजुअल्टी के लिये किसी प्रकार की प्रतिपूर्ति के लिये जिम्मेदार अथवा देनदार नहीं होगा.

17. यदि आवेदक को बुलावा पत्र प्राप्त नहीं होता है तो यह संभावना है कि उनके आवेदन को किन्हीं कारणों जैसे कि आवेदन प्राप्त नहीं होना/देरी से प्राप्त/अस्वीकृत अथवा डाक में गुम होना आदि के लिये नामंजूर कर दिया गया है और इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा. यह कार्यालय डाक में किसी देरी अथवा डिलीवरी डिफॉल्ट के लिये जिम्मेदार नहीं होगा.

18. चयनित उम्मीदवार दो वर्ष के लिये परिवीक्षा पर होंगे. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति, जन्म तिथि/जाति प्रमाणपत्र और चिकित्सा फिटनेस जांच के साथ शिक्षा प्रमाणपत्रों/संबंधित नागरिक प्राधिकारी से चरित्र एवं पूर्ववृत्त के सत्यापन की संतोषजनक रिपोर्ट मिलने पर की जायेगी.

**19. अपात्रता मानदंड :-**

(क) आवेदन पत्र में झूठे दस्तावेज/सूचना अथवा अपूर्ण सूचना होना.
(ख) आवेदक के स्थान पर परीक्षा में कोई अन्य व्यक्ति उपस्थित होना
(ग) आवेदन पत्र अधूरा भरा जाना
(घ) आवेदक द्वारा समान पद के लिये दो अथवा अधिक आवेदन भरा जाना
(ङ) बाहर से कोई अन्य दबाव अथवा आवेदन की स्वीकृति के लिये गलत प्रक्रिया का प्रयोग
(च) विधिवत सत्यापित हाल का फोटोग्राफ चिपकाये बगैर और साथ में प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न किये बगैर (शिक्षा प्रमाणपत्र/जन्म तिथि दर्शाते हुए) और जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू है) के बगैर अथवा यदि आवेदक उक्त पैरा 2 में यथा वर्णित आयु के निर्धारण के लिये तिथि को अधिक आयु का पाया जाता है तो आवेदन पत्र को नामंजूर कर दिया जायेगा और साक्षात्कार/परीक्षा के लिये बुलाया नहीं जायेगा.
(छ) उम्मीदवार को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिये कि कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाये अथवा गलत न भरा जाये. सही प्रकार से नहीं भरे गये आवेदनों को नामंजूर कर दिया जायेगा और इसकी अस्वीकृति की जिम्मेदारी उम्मीदवार की स्वयं की होगी. डिपो प्रशासन ऐसी अस्वीकृति के बाद किसी दावे पर विचार नहीं करेगा.
(ज) ऐसा कोई व्यक्ति उक्त पद के लिये नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह अथवा विवाह अनुबंध किया है जिसका जीवनसाथी जीवित है अथवा जीवन साथी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह अथवा विवाह अनुबंध किया है.

20. इस विज्ञापन में दी गई शर्तें एवं निबंधन परिवर्तन के विषयाधीन हैं. अतः इन्हें केवल सामान्य दिशानिर्देश समझा जायेगा.
21. भर्ती में कोई विवाद का निपटारा केवल कोलकाता की अदालत के कार्याधिकार क्षेत्र में किया जायेगा.

### भाग-I
### आयुध भण्डार, अलीपुर, कोलकाता में भर्ती के लिये आवेदन-पत्र

सेवा में
कमांडेंट, आयुध भण्डार
अलीपुर, कोलकाता-27
पिन-900285, मार्फत 99 एपीओ
संदर्भ.........

**राजपत्रित अधिकारी से विधिवत सत्यापित हाल का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकायें (स्टैपल न करें)**

1. आवेदित पद
2. पूरा नाम (साफ अक्षरों में)
3. पिता का नाम
4. जन्म तिथि (जन्म प्रमाणपत्र की विधिवत सत्यापित प्रति संलग्न करें)
5. आवेदन प्राप्ति के लिये निर्धारित अँतिम तिथि को आयुः वर्ष माह दिन
6. (क) स्थाई पता आवास नं./गली/गांव ..........
डाकघर .......... जिला ..........
राज्य ..........पिनकोड ..........
(ख) पत्राचार के लिये पताः आवास नं./गली/गांव ..........
डाकघर .......... जिला ..........
राज्य .......... पिनकोड ..........
7. शैक्षणिक अर्हता का विवरण (विधिवत सत्यापित शिक्षा प्रमाणपत्र संलग्न करें)
8. **जातिः** सामा/अपिव/अजा (अजा/अपिव के मामले में प्रमाणपत्र संलग्न करें)
9. **आवेदित श्रेणीः** सामा/अजा/अपिव
10. कोई अन्य अर्हता (अकादमिक/तकनीकी प्रशिक्षण/अनुभव).......
11. क्या किसी रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत हैं (हां/नहीं)
(यदि हां तो पंजीकरण सं. का उल्लेख करें और रोज़गार कार्यालय का नाम)

**घोषणा**

(क) मैं घोषणा करता हूं कि मेरे खिलाफ भारत में किसी भी अदालत में कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है. मैं यह भी घोषणा करता हूं कि आवेदन-पत्र में दी गई सूचना मेरी अच्छी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है. यदि मेरे द्वारा दिया गया विवरण किसी भी चरण में झूठा पाया गया तो मेरी सेवाएं बगैर सूचना दिये समाप्त कर दी जायेंगी.
(ख) मैं भारत में किसी भी स्थिति के अधीन कार्य करने की सहमति देता हूं. मैं एतद्द्वारा भर्ती की सभी शर्तें एवं निबंधन को स्वीकार करता हूं.

**स्थान**
**तिथि** **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**संलग्नकों की सूची**

**टिप्पणीः** मूल प्रमाणपत्र संलग्न नहीं किये जाने हैं, केवल फोटोप्रतियां अपेक्षित हैं. आवेदन-पत्र के साथ, जहां कहीं उम्मीदवार बुलावा पत्र को मंगवाना चाहते हैं, 25/- रु. की डाक टिकट चिपकाया हुआ स्वयं का पता लिखा एक लिफाफा भेजा जाना चाहिये.

**केवल कार्यालय रिकॉर्ड हेतु**

1. आवेदन प्राप्ति की तिथि
2. स्वीकृत/अस्वीकृत
3. अस्वीकृति के लिये कारणः कम आयु/अधिक आयु/अपूर्ण दस्तावेज/कोई अन्य कारण, विनिर्दिष्ट करें
4. सूचकांक नं.................परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि.............

### भाग-II
### पावती पर्ची/बुलावा पत्र
### (उम्मीदवार द्वारा भरा जाना है)

**राजपत्रित अधिकारी से विधिवत सत्यापित हाल का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकायें (स्टैपल न करें)**

पद..............
1. नाम
2. पिता का नाम
3. पत्राचार के लिये पता, आवास नं./गली/गांव
डाकघर................... जिला............. राज्य............. पिन कोड.................
4. यह बुलावा पत्र .........पद के लिये है.
5. श्रेणी, जिससे संबंधित हैं

**शपथ/घोषणा**

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होना मेरे स्वयं के हित/जोखिम पर है. मैं परीक्षा/साक्षात्कार के दौरान कोई शारीरिक अथवा मानसिक आघात/मृत्यु होने पर प्रतिपूर्ति के दावे के लिये किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराऊंगा.

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**केवल कार्यालय प्रयोग हेतु**

6. पंजी. सं./सूचकांक सं.
7. परीक्षा की तिथि
8. परीक्षा का समय
9. परीक्षा/साक्षात्कार का स्थानः आयुध भण्डार, अलीपुर, कोलकाता-27

**टिप्पणीः** 1. उम्मीदवारों को परीक्षा की तिथि को प्रमाणपत्रों/शंसापत्रों की सभी मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी.
2. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिये पेन, पेन्सिल, इरेजर, क्लिप बोर्ड और लेखन सामग्री लेकर आना चाहिये.

**(नियंत्रण अधिकारी के हस्ताक्षर, साथ में मोहर)**

### भाग-III
### (केवल अपिव श्रेणी उम्मीदवारों के लिये)
**घोषणा**

मैं .............................. पुत्र/पुत्री श्री .............................. निवासी गांव/नगर/शहर ..............................
जिला ..........................राज्य ..........................एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मैं ..............................
समुदाय (अपनी उप जाति का उल्लेख करें) से संबंधित हूं जिसकी पहचान भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय के दिनांक 08 सितंबर 1993 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93स्था. (एससीटी) के अनुसार एक पिछड़े वर्ग के रूप में सरकारी सेवा में आरक्षण देने के उद्देश्य से की गई है. मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैं दिनांक 08 सितंबर 1993 के ऊपर संदर्भित कार्यालय ज्ञापन के बाद के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-स्था.(आरक्षण) दिनांक 09 मार्च 2004 की अनुसूची के कॉलम 03 में दर्शाये गए व्यक्तियों/वर्गों (संपन्न वर्गों) से संबंधित नहीं हूं.

**स्थानः** **आवेदक के हस्ताक्षर**
**तिथिः** **उम्मीदवार का नाम**
डीएवीपी 10202/11/0033/1516 रो.स. 12/74

# सैनिक स्कूल बालाचडी, जामनगर (गुजरात)

**(अंग्रेजी माध्यम आवासीय स्कूल, सीबीएसई द्वारा मान्यताप्राप्त)**
**(रक्षा मंत्रालय के अधीन)**
**रिक्त पद**

| क्र. सं. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | वांछनीय |
|---|---|---|---|
6. क्या आप पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक तथा अन्य योग्यता शर्तों को पूरा करते हैं (यदि कोई योग्यता ऐसी है जो निर्दिष्ट नियमों के समतुल्य है तो उसके प्राधिकारी का उल्लेख करें.

**योग्यता/आवश्यक अनुभव** **योग्यता/अधिकारी द्वारा धारित अनुभव**

**अनिवार्य:** 1) 2) 3)

**ऐच्छिक:** 1) 2)

7. कृपया स्पष्ट करें कि ऊपर आपके द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार आप पद की शर्तों को पूरा करते हैं अथवा नहीं:
8. क्रमानुसार रोज़गार का विवरण दें. यदि नीचे दिया गया स्थान पर्याप्त नहीं है तो अपने हस्ताक्षर से भलीभांति सत्यापित किए गए एक अन्य कागज़ पर विवरण दें.

| कार्यालय/संस्थान | धारित पद | से | तक | वेतनमान तथा मूल वेतन | कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|

9. वर्तमान रोज़गार की प्रकृति जैसे तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्ध स्थायी अथवा **स्थायी:**
10. यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधारित है तो कृपया उल्लेख करें:

**क.** आरंभिक नियुक्ति की तिथि: **ख.** प्रतिनियुक्ति/अनुबंध की अवधि: **ग.** संरक्षक कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं:

11. वर्तमान रोज़गार के संबंध में कोई अतिरिक्त विवरण: कृपया उल्लेख करें:

**क.** केंद्र सरकार **ख.** राज्य सरकार **ग.** विश्वविद्यालय **घ.** सरकारी उपक्रम **ड.** स्वायत्त संगठन **च.** अन्य

12. कृपया उल्लेख करें कि क्या आप इसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड में हैं या फीडर टू फीडर ग्रेड में हैं:
13. क्या आप संशोधित वेतनमान में कार्यरत हैं? यदि हां तो उस तिथि का उल्लेख करें जब से संशोधन किया गया है तथा पूर्व संशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें:
14. प्रतिमाह कुल प्राप्त किया जाने वाला कुल वेतनमान:
15. अतिरिक्त जानकारी, यदि है तो, जिसे आप पद के लिए अपनी योग्यता के समर्थन में देना चाहें ( इसमें आप अन्य बातों के अतिरिक्त उल्लेख कर सकते हैं: 1) अतिरिक्त अकादमिक योग्यता 2) व्यवसायिक प्रशिक्षण 3) रिक्ति सर्कुलर/विज्ञापन में निर्दिष्ट कार्यानुभव के अतिरिक्त कोई अनुभव) (सूचना: एक अलग कागज़ संलग्न करें यदि दिया गया स्थान पर्याप्त नहीं है तो)
16. क्या आप अजा/अजजा से संबंधित
17. टिप्पणी:

(यहां उम्मीदवार उल्लेख कर सकते हैं: 1) शोध प्रकाशन तथा रिपोर्ट तथा विशेष रिपोर्ट 2) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/कार्यालयी प्रशंसा 3) व्यवसायिक निकायों/संस्थानों/समूहों से संबद्धता 4) कोई अन्य जानकारी

(सूचना: यदि दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग कागज़ संलग्न करें)

**तिथि:**

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर:**
**पता:**

**प्रति हस्ताक्षर**
**(मोहर के साथ नियोक्ता)**

**परिशिष्ट 3**

यह प्रमाणित किया जाता है कि

1. राष्ट्रीय बचत संस्थान में क्षेत्रीय अधिकारी(वरिष्ठ) के पद पर भर्ती के लिए आवेदन के परिशिष्ट 2 में श्री/श्रीमति/कुमारी/कुमार.......................................द्वारा दिया गया विवरण सही है.
2. श्री/श्रीमति/कुमारी/कुमार.......................................की सत्यनिष्ठा संदेह से परे प्रमाणित की जाती है.
3. उम्मीदवार के विरुद्ध कोई सर्तकता संबंधी मामला नहीं चल रहा है/न ही विचारित है
4. पिछले 10 वर्ष के दौरान उम्मीदवार के विरुद्ध कोई छोटा/बड़ा जुर्माना नहीं लगाया गया है.
5. सक्षम प्राधिकारी से काडर क्लीयरेंस प्राप्त कर ली गई है. श्री/श्रीमति/कुमारी/कुमार.......................................को सेवामुक्त करने में हमें कोई आपत्ति नहीं है यदि उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय बचत संस्थान में क्षेत्रीय अधिकारी (वरिष्ठ) के तौर पर हो जाती है.
6. उम्मीदवार का आवेदन भेजने के बाद यदि उम्मीदवार के विरुद्ध कोई सतर्कता अथवा अनुशासन संबंधी कार्यवाही की जाती है तो राष्ट्रीय बचत संस्थान को जल्द से जल्द इस संबंध में जानकारी दी जानी चाहिए.
7. उम्मीदवार की पिछले पांच वर्षों की एपीएआर/एसीआर की सत्यापित (प्रत्येक पृष्ठ) प्रतियां संलग्न हैं.
8. श्री/श्रीमति/कुमारी/कुमार....................................... के चयन होने के पश्चात राष्ट्रीय बचत संस्थान में क्षेत्रीय अधिकारी(वरिष्ठ) के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति की अवधि के दौरान उम्मीदवार को अपने नियमित पद..............................को बनाए रखने की अनुमति है.(यदि उम्मीदवार पर प्रतिनियुक्ति के लिए विचार किया गया हो)

(जो लागू नहीं हो उसे काट दें)

**दिनांक:**
**स्थान:**

**अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर.........................**
**नाम तथा पदनाम.........................**
**अधिकृत अधिकारी का पूरा पता**
**तथा दूरभाष/फैक्स.........................**

रो.स. 12/36

---

ncbs national centre for biological sciences

# राष्ट्रीय जैविकीय विज्ञान केन्द्र

टाटा आधारभूत अनुसंधान संस्थान
जीकेवीके डाकघर, बेल्लारी रोड,
बंगलौर-560065, फोन नं.: + 91-80-23666332/23666335

## विज्ञापन सं. 04/2015

## अशक्त व्यक्तियों (अश.व्य.) के लिए विशेष भर्ती अभियान

राष्ट्रीय जैविकीय विज्ञान केन्द्र (एनसीबीएस) टाटा आधारभूत अनुसंधान संस्थान (टीआईएफआर) परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के संरक्षण में एक प्रमुख अनुसंधान केन्द्र है, जो एनसीबीएस, बंगलौर में निम्नलिखित पदों के लिए अशक्त व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदनपत्र आमंत्रित करता है:-

**1. प्रशासनिक अधिकारी ''ग''-1 (एक) पद लोकोमोटर विकलांगता या सेरेबल पल्सी से प्रभावित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित**

**योग्यता एवं अनुभव:**

**अनिवार्य:** 1. 60% अंकों के साथ स्नातक.
2. निजी कम्प्यूटर के उपयोग तथा उसके अनुप्रयोग का ज्ञान.
3. पीबी: 2 ग्रेड वेतन 4200/4600/4800 स्तर या समकक्ष ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा.
4. प्रबंधन में डिप्लोमा.

**वांछनीय:**
1. प्रबंधन में स्नातकोत्तर/मास्टर डिग्री.
2. प्रशासनिक एवं संस्थापना मामलों अर्थात भारत सरकार के नियमों एवं पद्धतियों और संस्थापना तथा सेवा मामलों में उनके अनुप्रयोग में अनुभव.
3. सेवा अनुबंध का प्रबंधन, मजदूरी विधियों का ज्ञान.

**वेतनमान:** पी.बी. 3 रु. 15600-39100/ग्रेड वेतन रु. 5400/- **(कु.मा.प.:) रु. 57846/-)**

**आयु-सीमा: (1.1.2015 को) :** 45 वर्ष से कम (अजा/अजजा के लिए 50 वर्ष तथा अपिव के लिए 48 वर्ष).

**II कनिष्ठ प्रणाली प्रशासक:- 1 (एक) पद निम्न दृष्टि वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षित.**

**योग्यता एवं अनुभव:**

**अनिवार्य: I.** एसएससी/एचएससी इंजीनियरी (कम्प्यूटर) में डिप्लोमा तथा 60% अंक
2. किसी प्रख्यात संगठन में 0-2 (दो) वर्ष का अनुभव.

**वांछनीय:**
1. लैम्प सर्वर के संस्थापन एवं कन्फीगरेशन सहित वेब डिज़ाइन में अनुभव.
2. रूटर्स, स्विचिंग उपकरणों तथा सॉफ्टवेयर संस्थापनाओं सहित कम्प्यूटर हार्डवेयर कन्फीगरिंग में व्यावहारिक अनुभव. वेब प्रौद्योगिकी तथा वेब कन्टेंट प्रबंधन प्रणाली में व्यापक ज्ञान.

**वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन:** पीबी-2: रु. 9300-34800/ ग्रेड वेतन-रु. 4200/- **(कु.मा.प.- रु. 36213/-)**

**आयु-सीमा:** 1.1.2015 को 33 वर्ष (अजा/अजजा के लिए 38 वर्ष और अपिव के लिए 36 वर्ष.)

अशक्त व्यक्तियों के रूप में रियायत/लाभ के लिए पात्र होने हेतु न्यूनतम विकलांगता 40% निर्धारित की गई है. उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें जिसमें विकलांगता की प्रकृति एवं सीमा का उल्लेख हो.

पद बंगलौर में धार्य है किन्तु बंबई में संस्थान के मुख्यालय या किसी अन्य फील्ड केन्द्र में स्थानांतरित किया जा सकता है. सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवार **उचित माध्यम से** आवेदन करें. आयु अ.जा./अ.ज.जा./अपिव/भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए संस्थान के नियमानुसार शिथिलनीय है. केवल साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को ही परिणाम की सूचना दी जाएगी तथा किसी प्रकार का कोई अंतरिम पत्रव्यवहार स्वीकार नहीं किया जाएगा.

नियुक्ति कार्य ग्रहण करने की तारीख से प्रारंभ में पांच (5) वर्ष की अवधि के लिए होगी जिसमें एक (1) वर्ष परिवीक्षा अवधि होगी. चयनित उम्मीदवारों को कार्य तत्काल ग्रहण करना होगा. संस्थान आवेदनपत्र रद्द या स्वीकार करने, परीक्षा/साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को सीमित संख्या में बुलाने, निम्न पद देने या पद को अपने विवेकानुसार नहीं भरने का अधिकार रखता है. असाधारण ट्रैक रिकार्ड तथा संबंधित क्षेत्र में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को उच्च प्रारंभिक वेतन देने पर विचार किया जा सकता है.

उम्मीदवार निम्नलिखित लिंक के माध्यम से **ऑनलाइन** आवेदन करें:- **http://ncbs.res.in/staff_positions.**

**जो उम्मीदवार हमारी विज्ञापन सं. : 1/2015 के संदर्भ में पहले आवेदन कर चुके हैं वे पुनः आवेदन नहीं करें.**

**ऑनलाइन आवेदनपत्र स्वीकार करने की अंतिम तारीख : 04 जुलाई, 2015**

रो.स. 12/53 **प्रशासनिक अधिकारी**

# नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी जमशेदपुर

(एमएचआरडी, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व की एक संस्था)

विज्ञा. सं.: एनआईटीजेएसआर/आरईजी/ तिथि: 05/06/2015

## तकनीकी सहायकों/कनिष्ठ अभियंताओं हेतु तात्कालिक साक्षात्कार

विभाग प्रयोगशालाओं के सभी उपकरणों के प्रचालन और रख-रखाव और प्रयोगों और अनुसंधान गतिविधियां आयोजित करने में संकाय सदस्यों की सहायता करने हेतु समेकित मेहनताना रु. 25,000/- प्रति माह के साथ एक वर्ष (पूर्णतः अस्थायी) के लिए संविदा आधार पर संस्थान के विभिन्न विभागों में तकनीकी सहायकों के पद हेतु अकादमिक संस्थानों, आर एंड डी प्रयोगशालाओं और उद्योग से पात्र और अनुभवी तकनीकी कार्मिक/वृत्तिकों से आवेदन आमंत्रित हैं. संस्थान के इलैक्ट्रिकल और विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं के मॉनीटरन और रख-रखाव हेतु रुपये 25,000/-प्रति माह के समेकित मेहनताना के साथ एक वर्ष (पूर्णतः अस्थायी) के लिए संविदा आधार पर संस्थान के लिए योजना और विकास प्रभाग में कनिष्ठ अभियंता (इलैक्ट्रिकल कार्य) और कनिष्ठ अभियंता सिविल कार्य) के पद हेतु अवसंरचना उद्योग से पात्र और अनुभवी तकनीकी कार्मिक से भी आवेदन आमंत्रित हैं. तात्कालिक साक्षात्कार का विवरण नीचे दिया गया है.

| विशेषज्ञता/क्षेत्र | रिपोर्टिंग विभाग | तिथि और समय |
|---|---|---|
| मैकेनिकल इंजीनियरी | मैकेनिकल इंजीनियरी | 04/07/2015 |
| मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरी | मैन्यूफैक्चरिंग इंजीनियरी | सुबह 9 बजे |
| मेटालर्जिकल और सामग्री इंजीनियरी | मेटालर्जिकल और सामग्री इंजीनियरी | |
| इलैक्ट्रिकल और इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियरी | इलैक्ट्रिकल और इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियरी | 05/07/2015 |
| इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरी | इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरी | सुबह नौ बजे |
| भौतिकी | भौतिकी | |
| कम्प्यूटर एप्लीकेशन | कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 06/07/2015 |
| कम्प्यूटर विज्ञान एंड इंजीनियरी | कम्प्यूटर विज्ञान एंड इंजीनियरी | सुबह नौ बजे |
| रसायन शास्त्र | रसायन शास्त्र | |
| सिविल इंजीनियरी | सिविल इंजीनियरी | |
| सिविल कार्य (कनिष्ठ अभियंता) | सिविल इंजीनियरी | 07/07/2015 |
| इलैक्ट्रिकल कार्य (कनिष्ठ अभियंता) | इलैक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरी | सुबह 9 बजे |

शैक्षिक योग्यताएं, आयु और पात्रता इत्यादि के विवरण के लिए हमारे संस्थान की वेबसाइट **www.nitjsr.ac.in** देंखे.

रो.स. 12/94 पंजीयक (आई/सी)

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

अंसारी नगर, नई दिल्ली-110608

प्रवेश सूचना सं.-08/2015

## एम्स, नई दिल्ली में सैशन जुलाई 2015 हेतु वरिष्ठ स्थानिक/वरिष्ठ निदर्शक के पद की भर्ती.

भारत सरकार निवास योजना के अनुसार, 3 वर्ष तक की अधिकतम अवधि के लिए वरिष्ठ स्थानिक/वरिष्ठ निदर्शक के सावधिक पद हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं. इन पदों में सम्मिलित हैं - मौजूद रिक्त पद, अजा, अजजा, अपिव की पहले नहीं भरी गई रिक्तियां और वो पद जो 01.06.2015 से 31.12.2015 के बीच खाली रहने की संभावना है. पद का विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है.

### परीक्षा का तरीका

**कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) ऑनलाइन परीक्षा का तरीका एम्स के विवेक पर बदल सकता है.**

### आवेदन हेतु ऑनलाइन पंजीकरण

शुरूआत होने की तिथिः **11 जून, 2015** अंतिम तिथिः **30 जून, 2015 (शाम 5 बजे)**

### प्रवेश परीक्षा की तिथि

12 जुलाई, 2015 (रविवार) दिल्ली/एनसीआर में

**महत्वपूर्ण** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे दिशा-निर्देश, विस्तृत अनुदेश और ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन हेतु वेबसाइट **-www.aiimsexams.org** देखें

परीक्षा सहायक नियंत्रक

डीएवीपी 17112/11/0028/1516 रो.स.12/98

# संघ लोक सेवा आयोग

## भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2015


### शुद्धिपत्र

यह भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2015 हेतु इम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार दिनांक 23 मई, 2015 में प्रकाशित संघ लोक सेवा आयोग की विज्ञापन संख्या 10/2015-भा.व.से. के संदर्भ में है. यह सूचित किया जाता है कि परीक्षा के नोटिस के परिशिष्ट-I (i) **परीक्षा की योजना के अंतर्गत परिशिष्ट-I, खंड-I** के नीचे दी गई टिप्पणी-I और (ii) परिशिष्ट-I, खंड-II, प्रधान परीक्षा, सामान्य के नीचे दी गई मद 4 को निम्नानुसार पढ़ा जाए:

| के लिए | पढ़ा जाए |
|---|---|
| **टिप्पणी-I**: चूंकि सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा के लिए समान उम्मीदवार हो सकते हैं, इसलिए सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के माध्यम के समान स्क्रीनिंग परीक्षण के बाद, सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा और भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा देने के लिए पात्र उम्मीदवारों की अलग-अलग सूचियां तैयार की जाएंगी. ये सूचियां, सिविल सेवा परीक्षा तथा भारतीय वन सेवा परीक्षा के माध्यम से भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या के अनुसार आयोग द्वारा सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के सामान्य अध्ययन पेपर-II में यथा निर्धारित न्यूनतम 33% अर्हक अंक प्राप्त करने के मानदंड के आधार पर तैयार की जाएंगी. | **टिप्पणी-I**: चूंकि सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा के लिए समान उम्मीदवार हो सकते हैं, इसलिए सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के माध्यम के समान स्क्रीनिंग परीक्षण के बाद, सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा और भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा देने के लिए पात्र उम्मीदवारों की अलग-अलग सूचियां तैयार की जाएंगी. ये सूचियां, सिविल सेवा परीक्षा तथा भारतीय वन सेवा परीक्षा के माध्यम से भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या के अनुसार आयोग द्वारा सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के सामान्य अध्ययन पेपर-II **और सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के सामान्य अध्ययन पेपर- I के कुल अर्हक अंकों में** यथानिर्धारित न्यूनतम 33% अर्हक अंक प्राप्त करने के मानदंड के आधार पर तैयार की जाएंगी. |
| 4. उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र के उत्तर स्वयं लिखने चाहिएं. किसी भी परिस्थिति में उन्हें उत्तर लिखने के लिए स्क्राइब की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी. तथापि, अल्प दृष्टि वाले उम्मीदवारों (न्यूनतम 40% तक अक्षमता) को लेखन सहायता (स्क्राइब) की सहायता से परीक्षा में उत्तर लिखने की अनुमति होगी. अल्प दृष्टि वाले उम्मीदवारों को प्रति घंटे बीस मिनट की दर से प्रति पेपर चालीस मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा. प्रत्येक पेपर दो घंटे की अवधि का होगा. | 4. उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र के उत्तर स्वयं लिखने चाहिएं. किसी भी परिस्थिति में उन्हें उत्तर लिखने के लिए स्क्राइब की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी. तथापि, अल्प दृष्टि वाले उम्मीदवारों (न्यूनतम 40% तक अक्षमता) को लेखन सहायता (स्क्राइब) की सहायता से परीक्षा में उत्तर लिखने की अनुमति होगी. अल्प दृष्टि वाले उम्मीदवारों को प्रति घंटे बीस मिनट की दर से प्रति पेपर साठ मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा. प्रत्येक पेपर तीन घंटे की अवधि का होगा. |

(संजय महर्षि)
संयुक्त सचिव (परीक्षा)
संघ लोक सेवा आयोग

डीएवीपी 55104/14/0021/1516 रो.स. 12/105




## किरन-आईपीआर महिला वैज्ञानिक योजना (डब्ल्यूओएस-सी) के 8वें बैच हेतु आवेदन आमंत्रित

''किरन-आईपीआर (डब्ल्यूओएस-सी)'', विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की एक योजना महिला वैज्ञानिकों के लिए, पेटेंट फैसिलिटेटिंग सेन्टर (पीएफसी) ऑफ टैक्नोलॉजी इंफोर्मेशन, फोरकास्टिंग एंड एसेसमेंट काउंसिल (टीआईएफएसी) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है. योजना का लक्ष्य विज्ञान/इंजीनियरी/औषधि या बौद्धिक सम्पदा अधिकार, (आईपीआर) क्षेत्र के संबंधित क्षेत्रों और उनके प्रबंधन में योग्यता रखने वाली महिला वैज्ञानिकों को एक वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षित करना और अंत में महिला वैज्ञानिकों का एक पूल तैयार करना जो भारत में बौद्धिक सम्पदा को बनाने, रक्षा करने और प्रबंधन करने में सक्षम होगा.

**चयन और प्रशिक्षण प्रक्रिया:** चयन अखिल भारत परीक्षा और साक्षात्कार के द्वारा होगा. प्रशिक्षण में नई दिल्ली के आईपीआर में 1 से 2 महीने का तीव्र अभिसंस्करण कार्यक्रम शामिल है. उम्मीदवारों को व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु दिल्ली, पुणे, चेन्नई और खड़गपुर के समन्वयन केन्द्रों में और उसके चारों ओर इंटर्न के रूप में नियुक्त किया जाएगा.

**वृत्तिका:** प्रशिक्षण के दौरान एमएससी/बीटेक/एमबीबीएस/बीफार्म या समकक्ष के लिए रुपये 20,000/- प्रतिमाह और पी एचडी /एमटेक/ एमवीएससी/एमफार्म या समकक्ष के लिए 30,000/-रुपये प्रतिमाह.

**पात्रता:** अनिवार्य (1) राष्ट्रीय नागरिकता के साथ महिलाएं (2) आयु-न्यूनतम 27 वर्ष; अधिकतम 01/06/2015 के अनुसार 45 वर्ष (3) न्यूनतम योग्यताः विज्ञान में स्नातकोत्तर, इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी में स्नातक या समकक्ष. वांछनीयः (1) कम्प्यूटरीकृत डाटाबेस संभालने, कलेक्शन, कोलेशन, विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करने में प्रवीणता (2) रसायन शास्त्र, ड्रग, फूड एंड फार्मा, कम्प्यूटर एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी,, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड बायोमेडिकल इंजीनियरी विषय क्षेत्रों में योग्यता. जीवन विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी, मैकेनिकल, उत्पादन और उद्योग इंजीनियरी को प्राथमिकता दी जाएगी.

**आवेदन कैसे करें:** (i) आवेदन वेबसाइट **www.dst.gov.in/www.tifac.org.in/www.pfc.org.in** पर केवल ऑनलाइन मोड द्वारा जमा होने चाहिए ; (ii) किसी अन्य रूप में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा. ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथिः **19 जुलाई, 2015**

**पेटेंट फैसिलिटेटिंग सेन्टर- टीआईएफएसी विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी)**

डीएवीपी 36114/11/0003/1516 रो.स. 12/56

सं.17-14/2015-एम-I

भारत सरकार

# संस्कृति मंत्रालय

### शास्त्री भवन, नई दिल्ली

**विषय:** संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली में समेकित पद्धति {प्रतिनियुक्ति (अल्प-अवधि संविदा सहित) जमा पदोन्नति} द्वारा उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) के पद को भरे जाने के संबंध में.

संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एक अधीनस्थ कार्यालय राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली में समेकित पद्धति {प्रतिनियुक्ति (अल्प-अवधि संविदा सहित) जमा पदोन्नति} द्वारा वेतन बैंड 3: रु. 15600-39100 + ग्रेड वेतन रु. 7600 में उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त), साधारण केंद्रीय सेवा समूह 'क' राजपत्रित लिपिक वर्गीय के एक पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**2. कार्य विवरण**

संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, जो समकालीन चित्रकला के संपन्न और अद्वितीय संकलन के साथ भारत का एक शीर्ष संग्रहालय है, को नई दिल्ली में उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) के पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों की तलाश है. पदधारी प्रशासन, वित्त एवं सतर्कता, वार्षिक बजट की तैयारी, फील्ड इकाइयों को निधियों का आबंटन, व्यय की निगरानी एवं नियंत्रण, सभी कार्मिक मामले अर्थात् भर्ती, पदोन्नति, भर्ती नियमों का संशोधन, पेंशन मामले, लेखा परीक्षा आपत्तियों/पैरा आदि की निकासी से संबंधित सभी मामलों के लिए जिम्मेवार होगा.

**3. पात्रता**

केन्द्रीय या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या स्वायत्त निकायों या सांविधिक संगठनों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या अर्द्ध-सरकारी निकायों के अंतर्गत वे अधिकारी:-

(क)(i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या

(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन बैंड-3,15600-39100/- रु. और 6600/- रु. के ग्रेड-वेतन या समतुल्य के पद पर नियमित आधार पर अपनी नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की हो; **और**

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव रखते हों :-

**आवश्यक:**

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से बैचलर डिग्री; **और**

(ii)अनुभागीय प्रमुख/विभागीय प्रमुख के स्तर पर प्रशासनिक, स्थापना, सतर्कता और वित्त कार्य से संबंधित सभी मामलों की देख-रेख करने संबंधी न्यूनतम दस वर्षों का अनुभव होना चाहिए.

**वांछनीय**

मास्टर ऑफ कॉमर्स या मास्टर ऑफ आर्ट (अर्थशास्त्र) या व्यापार प्रशासन में स्नातकोत्तर या व्यापार अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर या लोकप्रशासन में स्नातकोत्तर या कॉस्ट या चार्टर्ड अकाउंटेंट.

**नोट 1:** प्रतिनियुक्ति (अल्प अवधि संविदा सहित) की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार या उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्प अवधि संविदा सहित) की अवधि शामिल है, सामान्यतया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**नोट 2:** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**नोट 3:** प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए किसी अधिकारी द्वारा 01 जनवरी, 2006 (वह तिथि जबसे छठें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिश के आधार पर संशोधित वेतन ढ़ांचा लागू किया गया) से पहले नियमित आधार पर की सेवा को आयोग की सिफारिश के आधार पर विस्तारित समतुल्य ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा, केवल उन मामलों को छोड़कर जहां सामान्य ग्रेड वेतन या वेतनमान के साथ एक ग्रेड में एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमानों का विलय किया गया है और जहां यह लाभ केवल उन्हें दिया जाएगा, जिसके लिए वह ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के लिए सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है.

**नोट 4:** अपने ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ वेतन बैंड-3, रु. 15600-39100 जमा ग्रेड वेतन रु. 6600/- में विभागीय सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) पर भी बाहरी व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा. यदि पद पर नियुक्ति के लिए उसका चयन हो जाता है तो पद को पदोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा.

4. नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र (संलग्नक) में सतर्कता अनापत्ति, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, काडर अनापत्ति, पिछले दस वर्षों के लिए बड़ा/छोटा दंड विवरण सहित अधिकारियों, जिन्हें चयन की स्थिति में कार्यमुक्त किया जा सके, के पूर्ण अद्यतन एसीआर डोजियर (पिछले पांच वर्षों के) के साथ निर्धारित प्रपत्र में दो प्रतियों में आवेदन रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **45 दिनों के भीतर** उचित माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को पहुंच जाना चाहिए. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या अन्यथा अपूर्ण पाए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और इसे निरस्त माना जाएगा.

(ए.एन. मिश्रा)
अवर सचिव, भारत सरकार
टेली.नं. 23388169
कमरा सं. 209-डी विंग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली - 110115

**नोटः पात्रता शर्तें, शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव के संबंध में ब्योरे, आवेदन प्रपत्र आदि मंत्रालय के वेबसाइट www.indiaculture.gov.in पर भी उपलब्ध हैं.**

(शेष पृष्ठ 55 पर)

## युवाओं के लिये योग...

(पृष्ठ 1 का शेष)

### आसन:

आसन योग की मुद्राएं हैं जो धीमी गति में संचालित की जाती हैं. इन्हें सरल और आरामदायक अभ्यासों के तौर पर देखा जा सकता है जिनकी मस्तिष्क से नियमित निगरानी की आवश्यकता होती है. वे शरीर पर मस्तिष्क के नियंत्रण का विकास करती हैं और शरीर के लचीलेपन को बढ़ाती हैं. कुल मिलाकर करीब हजार आसन हैं लेकिन इनमें 84 मुख्य आसन माने जाते हैं और दूसरे मुख्य आसनों के प्रकारान्तर हैं. इन आसनों को विशेषज्ञ के निर्देशन में सीखना होता है जिसे गुरु कहा जाता है. आसनों से रक्तचाप कम किया जा सकता है, मधुमेह पर नियंत्रण किया जा सकता है, वजन को कम किया जा सकता है और हृदय की स्थिति में सुधार किया जा सकता है. मैं खाली पेट रोज़ाना आधे घण्टे के लिये आसन करने की सिफारिश करता हूं.

### प्राणायाम:

प्राणायाम एक विशेष प्रकार की श्वास क्रिया है जिसमें मस्तिष्क को आराम मिलता है और शरीर में पूरी ऊर्जा का संचार होता है. सबसे लोकप्रिय अनुलोम विलोम प्राणायाम है – जिसमें नाक के अलग-अलग हिस्से से बारी-बारी से लंबे सांस लिये जाते हैं. भास्त्रिका और कपालभाति भी विभिन्न स्थितियों के लिये महत्वपूर्ण प्राणायाम हैं. रोज़ाना पांच से दस मिनट प्राणायाम किये जाने चाहिये.

### ध्यान:

ध्यान योग का सबसे महत्वपूर्ण और उन्नत भाग है- जो मन पर नियंत्रण में मदद करता है और शरीर-मन की जटिलता को कम करता है. इसकी शुरूआत प्रत्याहार (बलिदान अथवा त्याग करना) से होती है और ध्यान (एकाग्रचित्ता)- का अंत बहुत ही अग्रिम चरण में समाधि (ध्यान में चरमसीमा) में जाकर होता है. बुनियादी तौर पर ध्यान के चार कदम होते हैं.

ध्यान लगाने का पहला कदम आरामदायक स्थिति में रीढ़ को सीधा रखते हुए बैठना है – और मस्तिष्क में आने वाली सभी उत्तेजनाओं को रोकने की कोशिश करना है. यह आंखें बंद करके, कानों में किसी भी तरह की आवाज को जाने से रोककर, कोई भी चीज को नहीं सूंघकर, किसी भी चीज को न छूकर और किसी भी तरह के स्वाद की अनुभूति को रोकते हुए (मुंह में कोई भी वस्तु न डालते हुए) किया जाता है. इससे मन को शांति मिलती है. दूसरा कदम शांत मन से शरीर के प्रत्येक भाग को शांत रखने की कोशिश करना होता है. तीसरा कदम मन में पूर्व के किसी विचार (स्मृति), वर्तमान (चिंतन) और भविष्य (कल्पना) को आने से रोकना है और संबंधित विचारों की एक श्रृंखला बनाना है. यह सबसे कठिन भाग है. इसे हासिल करने के लिये चौथा कदम अपेक्षित होता है – जो कि किसी ''विषय'' पर लगातार ध्यान केंद्रित करके रखना है. विषय भिन्न-भिन्न हो सकते हैं जो कि चिंतन के उद्देश्य पर निर्भर करता है – यह कोई वस्तु, आवाज, रंग, श्वासक्रिया अथवा विचार हो सकता है.

मंत्र, ओम्, कुंडालिनि, शब्द, आकाश (नीला आकाश), रंग, जप, शरीर अंग, बर्फ की चोटी, भजन, श्वास, समुद्री तरंगें, ईश्वर की मूर्ति, लैम्प, आत्मा, परमात्मा/सर्वोच्च, मोमबत्ती, औरा, व्यक्तित्व, सूर्य, चंद्रमा, शून्य, घना जंगल आदि ध्यान के विभिन्न विषय हो सकते हैं.

### योग एवं हृदय रोग

भारत में आज हृदय रोग सबसे बड़ा मृत्यु का कारण है और यह युवाओं में आम होता जा रहा है. चिकित्सा के ज्ञान के साथ योग इसे फैलने से रोक सकता है. यह पहले ही प्रमाणित हो चुका है कि योग आधारित जीवनचर्या से उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मोटापे के साथ-साथ हृदय रोग पर अंकुश लगाया जा सकता है.

**लेखक हृदय संबंधी देखभाल और जीवनचर्या के विशेषज्ञ हैं. वे एम्स, नई दिल्ली में पूर्व परामर्शदाता और निदेशक, साओल हार्ट सेंटर के निदेशक हैं. (वेबसाइट: www.saaol.com)**

## कॅरिअर के रूप में...

(पृष्ठ 1 का शेष)

से किया गया ध्यान मस्तिष्क के विद्युत कार्य द्वारा इसे शुद्ध करता है, अंतरिक्ष घटक को सक्रिय करता है. योग सम्पूर्ण स्वास्थ्य में सहायता करता है. ब्लेसिंग्स मस्तिष्क में डोटामाइन प्रणाली को सक्रिय करते हैं.

स्वस्थता एक सही शारीरिक मानसिक संतुलन तथा शरीर, मस्तिष्क एवं आत्मा के बीच सामंजस्य की स्थिति है. योग निम्नलिखित शुद्धिकरण के माध्यम से सम्पूर्ण स्वास्थ्य लाता है: देह शुद्धि, नाड़ी शुद्धि, प्राण शुद्धि, उत्त शुद्धि तथा आत्मा शुद्धि. योग स्वास्थ्य विज्ञान है. स्वास्थ्य स्थिर होता है और स्वस्थ रहने तथा स्वस्थता की अधिकतम संभावना को प्राप्त करने के प्रयास हैं. स्वस्थता और फिटनेस, पोषण, आध्यात्मिक, धूम्रपान समापन दबाव प्रबंधन, द्रव्य दुर्व्यसन नियंत्रण, पर्यावरण-समर्थन तथा स्वास्थ्य को नियमित करती है. योग-आत्म-समझ की खोज तथा उसे बेहतर बनाने का एक मार्ग हो सकता है, यह सच्चे स्वास्थ्य एवं सम्पूर्ण स्वस्थता प्राप्त करने में सहायता करता है.

भारतीयों की स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक और आशंकापूर्ण हैं. प्रत्येक दस सेकेण्ड में एक व्यक्ति अस्थमा से प्रभावित होता है. प्रत्येक 30 सेकेण्ड में एक व्यक्ति कैंसर से प्रभावित होता है. प्रत्येक तीन मिनट में दो व्यक्ति टी.बी. से मरते हैं; प्रत्येक दो मिनट में 3 व्यक्तियों की मृत्यु धूम्रपान के कारण होती है. प्रत्येक 5 मिनट में एक व्यक्ति की मृत्यु सड़क दुर्घटना के कारण होती है; प्रत्येक छह मिनट में एक व्यक्ति आत्म-हत्या करता है; 6-7 करोड़ व्यक्ति मधुमेह से पीड़ित हैं; 7 करोड़ व्यक्ति लाइलाज रोगों से ग्रसित हैं; 12 करोड़ भारतीय गुर्दे की समस्याओं से प्रभावित हैं; 4500 भारतीय प्रतिदिन स्ट्रोक से ग्रसित होते हैं; 14 करोड़ व्यक्ति मोटे हैं; 18 करोड़ व्यक्तियों को गठिया रोग है; 46 % युवा दम्पत्तियां बांझपन से प्रभावित हैं. भारतीय महिलाओं की स्वास्थ्य-स्थिति की समीक्षा गंभीरता के साथ करनी होगी. लगभग 60,000 महिलाएं प्रति वर्ष गर्भावस्था में मरती हैं 90% भ्रूण क्षति 30 वर्ष तक की आयु की महिलाओं में होती है. 90% महिलाएं अनियमित रजोधर्म से पीड़ित हैं. जंक फूड खाने से बालिकाएं 7 वर्ष में वयः संधि से ग्रसित होती हैं, रजोनिवृत्ति महिलाओं को 20 वर्ष की आयु में प्रभावित करने लगती है, 40% महिलाओं को डिम्बाशय की समस्याएं हैं; 15% महिलाएं नशीले धूम्रपान के व्यसन से ग्रसित हैं, 35% महिलाएं 30 वर्ष की आयु में थाइरॉइड की समस्या से पीड़ित होने लगती हैं. 1.21 करोड़ भारतीय महिलाएं धूम्रपान करती हैं; 28% महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना होती है; 70% कार्यशील महिलाएं स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं. भारत में 90 करोड़ से भी अधिक व्यक्ति किसी न किसी रोग से ग्रस्त हैं. 50% रोगों पर स्वयं नियंत्रण किया जा सकता है. 65 वर्ष की आयु से पहले होने वाली 83% मृत्यु को रोका जा सकता है.

भारतीयों की फिटनेस स्थिति भी अच्छी नहीं है. 85% व्यक्ति स्थानबद्ध जीते हैं; 43% बच्चों में फिटनेस नहीं होती, 35% बच्चे फेफड़ों की समस्या से ग्रस्त होते हैं; 60% बच्चों में मूल मूवमेंट कौशल नहीं होता; 84% किशोर कोई शारीरिक कसरत नहीं करते; केवल 19% भारतीय ही शारीरिक कसरत करते हैं और वह भी यदा-कदा. योरोपीय व्यक्तियों की तुलना में हमारे फेफड़ों की दक्षता 30% कमजोर है; आज बच्चों का स्वास्थ्य उनके अभिभावकों के बचपन के स्वास्थ्य की तुलना में कमजोर है; यदि किसी व्यक्ति की चाल 400 मीटर ट्रैक 6 मिनट का अधिक है (या) यदि कोई व्यक्ति एक मील 24 मिनट या अधिक समय में पूरी करता है तो उसे अपने स्वास्थ्य, फिटनेस तथा स्वास्थ्यता में सुधार लाना होगा.

**कॅरिअर के अवसर:**

हमारे समाज में योग, स्वास्थ्य फिटनेस, निरोग तथा सम्पूर्ण स्वस्थता में व्यापक जागरूकता, रुचि तथा प्रेरणा के साथ विस्तार ने योग्य युवा विशेषज्ञों के लिए कॅरिअर के अनेक अवसर खोल दिए हैं.

प्रतिभावान व्यक्ति परफोर्मर विशेष रूप से व्यावसायिक योगी के रूप में कॅरिअर तलाश सकते हैं. योग अध्यापन तथा प्रशिक्षण में योग्य व्यक्तियों की बढ़ती हुई आवश्यकता के संदर्भ में, साधारण स्तर, माध्यमिक स्तर पर तथा उच्च शिक्षा में अवसर उपलब्ध हैं. कुछ कॉलेज तथा विश्वविद्यालय योग में अधिस्नातक, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डॉक्टरल स्तर पर कार्यक्रम चलाते हैं. सफल पी.एच.डी. धारी व्यक्ति योग अनुसंधान में भी कॅरिअर प्रारंभ कर सकता है. अच्छे स्वास्थ्य, निरोग काया फिटनेस तथा सम्पूर्ण स्वस्थता को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक योग केन्द्रों, समाज सदनों, रिसोर्ट्स अपार्टमेंट्स, सशस्त्र बलों तथा सेवा-संगठनों में योग अध्यापन के अवसर विद्यमान हैं.

योगाभ्यास निवारक, आरोग्यकर और पुनः स्वास्थ्य, अत्यधिक सरल और वैज्ञानिक हैं और इनका कोई प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ता ''स्वयं में उपचार बल'' योग्य थैरेपी का दर्शन है. कृष्णमाचारियर के अनुसार, योग सर्जरी रहित उपचार है. योगी नाथमुनी के अनुसर सभी रोग प्राणायाम से ठीक किए जा सकते हैं. योग ऊर्जा- मस्तिष्क शरीर औषधि है. योगाभ्यास शरीर से जीव-विष तथा नाड़ी एवं चक्र में ऊर्जा ब्लॉकिज को हटाता है; मानव शरीर में ऊर्जा ब्लॉकिज को खोलता है. योगाभ्यास मानव शरीर में सभी प्रणालियों को सक्रिय करता है. दबाव पर नियंत्रण रखता है; योगथैरेपी का उद्देश्य शांति एवं प्रशांति की स्थिति को प्राप्त करना है. औषधि क्लीनिक, थैरेपी क्लीनिक तथा अस्पतालों में भी रोज़गार के अवसर उपलब्ध हैं.

योग एक बड़े व्यवसाय में विकसित हुआ है. योग साथ ही साथ फैशनेबल भी है, आत्मोन्नति के लिए कार्बनिक, द्रव्य, उपयुक्त रंग वाले रिसाइकिल्ड पहनावे, योग के लिए स्किनलेस टॉवल, चटाई से लेकर मेडिटेशन कुशन बीड्स, गाग्स, योग दस्ताने, जूते, बैंगल्स, चक्र ब्रेसलेट, बेग आदि चलन में हैं. कोई भी व्यक्ति कुंडलिनी योग कैत्री सॉय सिल्क ब्लाउज, योग टी-शर्ट, शांति योग पैंट, कॉटन तथा ट्यूनिक रैप तथा राजस्थानी सारोंग जैसे वस्त्र चुन सकता है योग सामग्री व्यवसाय के विकास से योग प्रबंध तथा विक्रय में प्रशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता भी बढ़ी है, प्रबंधकीय पद व्यावसायिक संगठनों में भी पाए जा सकते हैं, खेल संगठनों क्लबों आदि में कॅरिअर पर व्यापक ध्यान रहा है.

मीडिया का, विशेष रूप से योग के संबंध में, विकास अपूर्व तथा ज्ञान वर्धक रहा है, योग-मीडिया में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति कोई भी कॅरिअर चुन सकता है. इन कॅरिअर में योग प्रसारण, योग-लेखन, योग पत्रकारिता, योग फोटोग्राफी तथा योग-सूचना शामिल हैं.

योग पोषण भी रोज़गार की संभावनाओं का एक अन्य क्षेत्र है. यह मस्तिष्क में ज्योति, शुद्धता शांति, नैतिकता तथा प्रशांतता लाता है और शरीर को प्रशमित तथा पोषित करता है.

निम्न कोटि का भोजन शरीर को विकृत करता है और ट्रिमेथिलेमाइन घटक शरीर से अधिक मात्रा में उत्सर्जित होती है; इससे शारीरिक निष्क्रियता की तुलना में स्वास्थ्य अधिक खराब होता है. सात्विक आहार खाद्य क्षमता को नियंत्रित करने वाले एक हार्मोन, लैप्टिन को व्यवस्थित करता है.

योग ऑफिशिएटिंग तथा योग विधि योग से संबंधी दो ऐसे अन्य कॅरिअर हैं जो योग्य व्यक्तियों के लिए आकर्षित हो सकते हैं.

फिटनेस तथा स्वास्थ्य संबंधी कॅरिअर में रोज़गार के इच्छुक योग प्रशिक्षक स्वास्थ्य, प्रबंधन, मनोविज्ञान तथा नेचुरोपैथी, आयुर्वेद, एक्यूपंक्चर आदि जैसी पारम्परिक औषधि प्रणालियों में अतिरिक्त पाठ्यक्रम पूरा करके अपनी रोज़गार संभावनाओं को बढ़ा सकते हैं.

फिटनेस-स्वास्थ्य-थैरेपी- वेलनेस कॅरिअर में योग्य योग प्रशिक्षकों के अवसर भविष्य में न केवल भारत में बल्कि विदेश में भी बढ़ते रहेंगे. वासयोग्य विश्व के विस्तारशील क्षेत्र, संचार में विकास तथा अन्य प्रौद्योगिकीय विकास योग में भावी कॅरिअर पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे.

हमें उपयुक्त नेतृत्व पदों तथा डिलीवरी प्रणाली में सुधार लाने की आवश्यकता है.

योग में कॅरिअर के उज्ज्वल अवसर हैं, किंतु केवल योग के शुभचिंतक ही बता सकते हैं कि समाज कल्याण में यह कितना लाभप्रद है.

''केवल वही जीवन सार्थक है जो दूसरों के लिए जिया जाता है'' - **अलबर्ट आइनस्टाइन**

**लेखक तमिलनाडु शारीरिक शिक्षा एवं खेल विश्वविद्यालय, मेलाक्कोट्टैयूर (डाकघर) चेन्नै-600127 में योग विभाग में प्रोफेसर तथा अध्यक्ष हैं.**

**ई-मेल: relangovantnpesu@yahoo.co.in**

(पृष्ठ 54 का शेष )

**संलग्नक**

**जीवन-वृत्त प्रपत्र**

1. आवेदक का नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में)
2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में)
3. डाक का पता (टेलीफोन नं. और ईमेल पता के साथ)
4. शैक्षिक अर्हताएं

**अनिवार्य**

**वांछनीय**

5. क्या अजा/अजजा से संबंधित हैं
6. वर्तमान पद एवं वेतनमान (अंतिम आहरित सहित)
7. कालक्रम में नियोजन के ब्यौरे दें. यदि नीचे दी गई जगह अपर्याप्त हो, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा अधिप्रमाणित अलग कागज लगाएं.

(i) कार्यालय/संस्थान/संगठन
(ii) धारित पद
(iii) कब से
(iv) कब तक
(v) वेतनमान और मूल वेतन
(vi) कार्य की प्रकृति

8. वर्तमान नियोजन की प्रकृति अर्थात् तदर्थ या अस्थायी या स्थायी :
9. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति आधार पर धारित है, तो कृपया उल्लेख करें:

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख
(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि
(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आप संबंधित हैं. :

10. वर्तमान नियोजन संबंधी अन्य ब्यौरे:
कृपया उल्लेख करें कि निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत कार्य करते हैं
(क) केंद्र सरकार (ख) राज्य सरकार (ग) स्वायत्त संगठन
(घ) सरकारी उपक्रम (ङ) विश्वविद्यालय
11. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, पिछले संशोधन, के लागू होने की तारीख दें और संशोधन पूर्व के वेतनमान का भी उल्लेख करें :
12. पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में कोई अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसका आप उल्लेख करना चाहेंगे. यदि जगह पर्याप्त नहीं है तो अलग कागज लगाएं.:
13. अभ्युक्ति, यदि कोई हो

**अभ्यर्थी का हस्ताक्षर**
**पता..................**
**दिनांक....................**

**नियोक्ता द्वारा अग्रेषण नोट**

**प्रमाणित किया जाता है कि**

(i) उपर्युक्त प्रपत्र में दी गई सूचना आवेदकों के सेवा रिकॉर्ड के अनुसार ठीक है.
(ii) आवेदक सर्तकता की दृष्टि से पाक-साफ है.
(iii) आवेदक की सत्यनिष्ठा संदेहोपरि है.
(iv) पिछले 10 वर्ष के दौरान आवेदक पर कोई बड़ा/छोटा दंड नहीं लगाया गया है.
(v) आवेदक के काडर नियंत्रण प्राधिकारी ने उपर्युक्त पद के लिए आवेदन करने हेतु अपनी अनापत्ति दे दी है.
(vi) अधिकारी का पिछले पांच का एसीआर डोजियर (कम से कम अवर सचिव, भारत सरकार के स्तर के अधिकारी द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत सत्यापित) आवेदन के साथ संलग्न है.

**रो.स. 12/18** **(नियोक्ता की ओर से प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के मोहर के साथ हस्ताक्षर)**

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल-एसडब्ल्यू-1/4100/2015-17 यू (सी) 107/2015-17 पूर्व शुल्क के बिना डाक में डालने की अनुमति आर.एन.आई. 28729/76 एन.डी.पी.एस.ओ. नई दिल्ली 20/22.06.2015 (₹ 8) प्रकाशन तिथि : 18.06.2015

श्रीनगर, लेह, कालिमपोंग, इम्फाल, दीमापुर, अगरतला, दुलियाजॉन, करीमगंज, छाबुआ, दीफू, डिब्रूगढ़, तेजपुर, हेल्लाकांडी, मरियानी, जोरहाट, शिलांग, डिगबोई, सिल्चर तथा पोर्टब्लेयर के लिए विमान सेवा 20 पैसे अतिरिक्त



# योग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार के उपाय

**डॉ. ईश्वर एन. आचार्य और डॉ. राजीव रस्तोगी**

**भारत सरकार की पहल:**
योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रणालियों के महत्व को देखते हुए भारत सरकार ने दो संगठनों की स्थापना की है, जिनमें से केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन), नई दिल्ली को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास का कार्य सौंपा गया है; जबकि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली को योग के क्षेत्र में विकास का कार्य दिया गया है. ये दोनों भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त निकाय हैं. इन संगठनों ने देश में योग को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक उपाय किए हैं.

**सीसीआरवाईएन (केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति अनुसंधान परिषद) की प्रमुख गतिविधियां:**
सीसीआरवाईएन का बुनियादी उद्देश्य योग और प्राकृतिक चिकित्सा में वैज्ञानिक ढंग से अनुसंधान के लक्ष्य और पद्धतियों का निर्धारण करना है. यह परिषद योग और प्राकृतिक चिकित्सा में शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और अन्य कार्यक्रमों का संचालन भी करती है. इन प्रणालियों को प्रोत्साहित करने के लिए सीसीआरवाईएन द्वारा चलाई जा रही कुछ प्रमुख गतिविधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

**(क) केंद्रीय अनुसंधान संस्थान की स्थापना:** परिषद ने देश में योग और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए, इन प्रणालियों में अनुसंधान और विकास की जरूरत महसूस करते हुए अनेक उपाय शुरू किए हैं. इनमें विभिन्न बीमारियों के बारे में गहन क्लिनिकल अनुसंधान शुरू करने हेतु केंद्रीय अनुसंधान संस्थानों की स्थापना शामिल है. ऐसे दो केंद्रीय अनुसंधान संस्थानों में से एक कर्नाटक और एक हरियाणा में निर्माणाधीन है. एक अन्य अनुसंधान संस्थान का निर्माण भुवनेश्वर में शीघ्र शुरू किया जाएगा. दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में एक केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ने पहले ही काम करना शुरू कर दिया है, जहां रोगियों के लिए ओपीडी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका इस्तेमाल लोगों द्वारा किया जा रहा है.

**(ख) 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाना:** हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने करीब 177 देशों के समर्थन के साथ 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने की घोषणा की. आयुष मंत्रालय ने सीसीआरवाईएन को यह कार्य सौंपा कि वह सभी जिलों में ऐसे सरकारी संगठनों/स्वयं सेवी संगठनों की पहचान करे, जो 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने के उपलक्ष्य में 21.05.2015 से 21.06.2015 के दौरान एक महीने की अवधि में निःशुल्क योग शिविरों का आयोजन कर सके, ताकि आम लोगों को योग के बारे में जागरूक बनाने और योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों को प्रोत्साहित किया जा सके. यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक शुरू किया गया. इसके साथ ही परिषद ने



जनहित में और 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने के लिए दिल्ली और एनसीआर में 21.05.2015 से 21.06.2015 तक एक महीने की अवधि में करीब सौ स्थानों पर योग कक्षाएं भी शुरू कीं.

**(ग) स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं:** परिषद दिल्ली के प्रमुख सरकारी अस्पतालों और हरियाणा में रोहतक के स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के लिए 8 ओपीडी यानी बहिरंग रोगी विभागों का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है, जहां आम लोगों के लिए निःशुल्क योग कक्षाएं आयोजित की जाती हैं. परिषद के मुख्यालय, और एम्स आदि सहित विभिन्न स्थानों पर भी योग कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं. 2015-16 के दौरान कुछ और ओपीडी शुरू किए जाएंगे.

**(घ) अनुसंधान अध्ययन:** परिषद प्रमुख अनुसंधान संगठनों को अनुसंधान संचालन के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है ताकि विभिन्न प्रकार की जीवन शैलीगत बीमारियों के उपचार में इन प्रणालियों की भूमिका सिद्ध की जा सके. अभी तक ऐसे 40 (चालीस) अध्ययन पूरे किए जा चुके हैं.

**(ङ) अनुसंधान के नतीजों का सम्प्रेषण:** परिषद की वित्तीय सहायता से प्रमुख अनुसंधान संगठनों द्वारा किए जाने वाले विभिन्न अनुसंधान अध्ययनों का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए उनके नतीजों के सम्प्रेषण के लिए परिषद अनुसंधान मोनोग्राफ प्रकाशित करती है. अभी तक ऐसे 12 मोनोग्राफ प्रकाशित किए जा चुके हैं.

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

**(च) पीएच.डी स्कॉलरों के लिए फैलोशिप:** परिषद योग और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों में पीएच.डी करने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए पीएच.डी स्कॉलरशिप भी प्रदान करती है.

**(छ) योग स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम और प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम:** योग और प्राकृतिक चिकित्सा दोनों के लिए एक-एक महीने की अवधि के ये कार्यक्रम हाल ही में शुरू किए गए हैं. इनका लक्ष्य प्रतिभागियों को स्वास्थ्य देखभाल में इन पद्धतियों के महत्व की बुनियादी जानकारी प्रदान करना है.

**(ज) प्रकाशन:** परिषद लोगों के लाभ के लिए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी मानक सूचना शिक्षा संचार (आईईसी) सामग्री हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में प्रकाशित करती है साथ ही योग और प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में 15 से अधिक मानक पुस्तकें प्रकाशित की गई हैं. तत्संबंधी सीडीज़ भी जारी की गई हैं जो अत्यंत लोकप्रिय हैं.

**(झ) आरोग्य स्वास्थ्य मेलों/प्रदर्शनियों में भागीदारी:** परिषद आयुष मंत्रालय द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में सार्वजनिक हित के लिए स्वास्थ्य देखभाल में इन प्रणालियों के फायदे उजागर करने के लिए आयोजित किए जाने वाले आरोग्य स्वास्थ्य मेलों/प्रदर्शनियों में भी हिस्सा लेती है.

**(ञ) अन्य देशों में आयोजित प्रदर्शनी/स्वास्थ्य मेलों में हिस्सेदारी:** परिषद आयुष मंत्रालय द्वारा अन्य देशों में आयोजित प्रदर्शनियों/स्वास्थ्य मेलों में भी हिस्सा लेती है, जिनमें लाइव योग प्रदर्शन लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र होता है.

**(ट) प्रस्तावित योजनाएं:** परिषद स्वयं की एक अनुसंधान पत्रिका का प्रकाशन शुरू करने पर विचार कर रही है और व्यापक अनुसंधान कार्य प्रारंभ करने के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान केंद्रों की स्थापना के साथ मधुमेह के खिलाफ एक राष्ट्रीय अभियान प्रारंभ करने की योजना बना रही है. लोगों में योग को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे इन उपायों के अलावा अन्य राज्य सरकारों ने भी योग को प्रोत्साहित करने के उपाय शुरू किए हैं, जिनमें स्कूल पाठ्यक्रम में योग को शामिल करना, स्कूलों में योग शिक्षक नियुक्त करना और अन्य उपाय शामिल हैं. कुछ राज्य योग और प्राकृतिक चिकित्सा के स्वयं के संस्थान स्थापित करने की भी योजना बना रहे हैं. मानव संसाधन विकास मंत्रालय कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाते हुए विद्यार्थियों में योग और उसके फायदों को प्रचारित और प्रोत्साहित कर रहा है. आयुष मंत्रालय एक स्वस्थ जीवन शैली के रूप में योग को अपनाने को बढ़ावा दे रहा है ताकि विभिन्न जीवन शैलीगत बीमारियों से छुटकारा पाया जा सके. मंत्रालय आने वाले दिनों में कई नए कार्यक्रम प्रारंभ करने पर भी विचार कर रहा है.

**(डॉ. ईश्वर एन. आचार्य, केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में निदेशक और डॉ. राजीव रस्तोगी, सहायक निदेशक (प्राकृतिक चिकित्सा) हैं.**
**ई-मेल ccryn.goi@gmail.com)**

## न्यूज़ डाइजेस्ट

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की बांग्लादेश यात्रा के दौरान भारत ने बांग्लादेश के लिए दो अरब अमरीकी डॉलर की नई ऋण व्यवस्था की. दोनों देशों ने तीस्ता और फेनी नदी जल बंटवारे के मुद्दों के 'निष्पक्ष समाधान' का भरोसा जताया. दोनों देशों ने 22 समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए. इनमें समुद्री सुरक्षा और मानव तस्करी तथा जाली भारतीय मुद्रा की रोकथाम में सहयोग का समझौता भी शामिल था. इस यात्रा की मुख्य विशेषता भूमि सीमा समझौते (एलबीए) से संबंधित दस्तावेज का आदान प्रदान थी, जिससे 41 वर्ष पुराने सीमा विवाद का निपटारा करने के लिए क्षेत्रों के आदान प्रदान का मार्ग प्रशस्त होगा.
- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएनसीजी) और नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) ने गंगा नदी में प्रदूषण कम करने और नदी के संरक्षण के लिए युवाओं की दीर्घावधि भागीदारी कायम करने के बारे में पांच वर्ष के एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए. सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता पैदा करने, लोगों तक पहुंच कायम करने संबंधी गतिविधियों, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता को बढ़ावा देने और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में शौचालयों के निर्माण, लोगों को नदी में उत्सर्जित सामग्री डालने से रोकने, तैरता हुआ कचरा हटाने, जैव कृषि और स्वच्छ गांवों को बढ़ावा देने जैसी गतिविधियों में भागीदार बनाना है.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल (बीबीआईएन) मोटरवाहन समझौते पर हस्ताक्षर करने का अनुमोदन कर दिया है. यह समझौता सार्क मोटरवाहन समझौते के समान होगा, जिसका लक्ष्य बीबीआईएन देशों में यात्री वाहनों, निजी वाहनों और माल ढुलाई वाहनों के यातायात को नियमित करना है. समझौते का लक्ष्य बीबीआईएन उप-क्षेत्र में सुरक्षित, पर्यावरण की दृष्टि से उपयुक्त और आर्थिक दृष्टि से किफायती सड़क परिवहन को बढ़ावा देना है. इसके अंतर्गत क्षेत्रीय एकीकरण के लिए एक संस्थागत व्यवस्था बनाने में प्रत्येक सदस्य राष्ट्र की सहायता करने की भी व्यवस्था है. बीबीआईएन समझौता सदस्य देशों को यात्रियों और सामान की परस्पर आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगा जिससे क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा.
- भारत और नीदरलैंड्स ने नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री श्री मार्क रुत्ते की भारत यात्रा के दौरान नई दिल्ली में चेचक-खसरा टीका विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. 'मेक इन इंडिया' पहल के अंतर्गत हस्ताक्षरित इस समझौता ज्ञापन से भारत इम्यूनोलॉजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स कारपोरेशन लिमिटेड (बीआईबीसीओएल) चोला, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश स्थित अपने प्लांट में टीका विकसित कर सकेगी. यह कंपनी भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र प्रतिष्ठान है.
- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में पारिवारिक शौचालयों के निर्माण कार्यक्रम के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए शहरी विकास मंत्रालय ने लाभार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान की है. ऑनलाइन व्यवस्था के जरिए शौचालयों के फोटोग्राफ पोस्ट किए जाएंगे ताकि निर्माण कार्य की प्रगति पर निगरानी रखी जा सके. शहरी विकास मंत्रालय ने इसके लिए इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत कॉमन सर्विसिज कारपोरेशन (सीएससी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- हरियाणा के जींद, करनाल जिले और उत्तर प्रदेश का मुजफ्फरनगर जिला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल किया गया है. इस आशय का फैसला नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरबीपी) की 35वीं बैठक में किया गया.
- व्यस्तता के समय दबाव कम करने के लिए रेलवे ने तत्काल टिकटों की आरक्षण बुकिंग वातानुकूलित श्रेणी में पूर्वाह्न 10 बजे से 11 बजे तक और गैर-वातानुकूलित श्रेणी के लिए पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ करने का निर्णय किया.

### विंडो विज्ञापन के बारे में नोटिस

दूर-दराज के क्षेत्रों सहित देश के सभी भागों में बेरोजगार युवाओं को नौकरियों/प्रशिक्षण/ शैक्षिक अवसरों से संबंधित जानकारी प्रदान करना रोज़गार समाचार का लक्ष्य रहा है.
सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विज्ञापनदाताओं से अनुरोध है कि वे एम्प्लॉयमेंट न्यूज/ रोज़गार समाचार में प्रकाशन के लिए विस्तृत विज्ञापन भेजें, जिनमें पदों की संख्या, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आवेदन करने की पद्धति आदि के बारे में जानकारी हो, ताकि आवेदकों को सम्बद्ध रिक्तियों के बारे में पूरी जानकारी मिल सके. आधे-अधूरे या अस्पष्ट विज्ञापन रोज़गार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज में प्रकाशन के लिए स्वीकार नहीं किए जायेंगे.

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

### सूचना

सभी विज्ञापनदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के समय पर प्रकाशन हेतु अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी विज्ञापन उपलब्ध कराएं.

- संपादक

## रोज़गार समाचार

| | | |
|---|---|---|
| **पुष्पेंदर कौर** (महाप्रबंधक एवं मुख्य संपादक) | ई-मेल-महाप्रबंधक एवं मुख्य संपादक director.employmentnews@gmail.com | |
| **डॉ. ममता रानी** (संपादक) | विज्ञापन : enewsadvt@yahoo.com | |
| **हसन जिया** (वरिष्ठ संपादक) | संपादकीय : | : 26163055 |
| **अयिनीडि वेंकटप्पय्या** (संपादक विज्ञापन) | विज्ञापन | : 26104284 |
| **दिव्यांशु कुमार** (संपादक) | टेलीफैक्स | : 26193012 |
| **वी. के. मीणा** ( संयुक्त निदेशक) (उत्पादन) | वितरण | : 26107405 |
| **संदीप निगम** (उत्पादन अधिकारी) | टैलीफैक्स | : 26175516 |
| **पी.के. मंडल** (वरिष्ठ कलाकार) | प्रोडक्शन | : 26177529 |
| **के.पी. मणिलाल** (लेखा अधिकारी) | लेखा (विज्ञापन) | : 26193179 |
| **जगदीश चंद्र जायसवाल** (व्यापार कार्यपालक) (वितरण) | लेखा (वितरण) | : 26182079 |

प्रतिष्ठित संदर्भ ग्रंथ इंडिया
(क्रमशः अंग्रेजी और हिन्दी में)
अब प्रमुख ई-वाणिज्यिक मंचों पर




ई-बुक

के रूप में उपलब्ध है.
गुगल प्ले और फ्लिपकार्ट के जरिए
इस ग्रंथ को हासिल करें




प्रकाशन विभाग

प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के लिए **डॉ. साधना राउत,** अपर महानिदेशक द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित और प्रिंटिंग प्रेस अमर उजाला पब्लिकेशन लिमिटेड, सी-21 व 22, सेक्टर-59, नोएडा-201301 में मुद्रित, रोज़गार समाचार (सूचना और प्रसारण मंत्रालय) ईस्ट ब्लाक-IV, लेवल-5, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066 द्वारा प्रकाशित, संपादकः डॉ. ममता रानी